तेषां चरित्रं गुणगणमनोहरं सम्यक् दर्शनादिहेतुभूतं वक्ष्ये समासेन सुगुरुक्रमायातं यथाश्रुतं यथामति पूर्वसूरिविनिर्मित-चरितानुसारेण च शिष्टाचारसमाचरणार्थं "मंगलादियुक्तं शास्त्रं श्रोता श्रोतुं प्रवर्त्तते" इति न्यायात् फलादिकमभिधाय पुण्य-पवित्रं चरित्रं पितामहानां प्रस्तूयते—

॥ तत्रादौ भूमिका ॥

तिहां प्रथमचरित्रके आदिमें स्वाभाविक लोकभाषामें भूमिका लिखतें हैं ॥

इह तिर्य्यक् लोक इत्यादि ॥

अहो भव्यो यह रत्नप्रभा पृथ्वी एक लाख अने ८० हजारयोजन जाडी और एक राज[1]प्रमाणे लांबी और पोहोली है ॥

---

१ टिप्पणी—राजकाप्रमाण सौधर्म देवलोकसें नांखाहूवा लोहका गोला ६ महिनोंमें जितने क्षेत्रकूं उल्लंघे उतने क्षेत्रकूं १ राजकहतें हैं ॥ और इस रत्नप्रभा पृथ्वीके ऊपर १८ सो योजन उंचाइ मे १ राज लांबा और चोडा गोल आकारवाला कांइक विशेषाधिकत्रिगुणी परिधि जिस्की ऐसा यह तिरछा लोक है इस्के विषे गोलाकृतिवाला पृथ्वीमंडल है उस पृथवीमंडलमे सर्व धर्म कर्मोंका निदानभूत और महापुरुषोंके चरणकमलोंकरके पवित्र और सर्व १ राजप्रमाणे पृथवीमें सारभूत और वलयाकृति ४५ लाख योजन लांबा पोहोला

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अने एक क्रोड ४२ लाख ३० हजार २०० उगणपचास योजनकी परिधि है और १७ सो २१ योजन ऊंचो और २२०० दस योजन मूलमें और चारसो २४ योजन शिखरके ऊपर विस्तार-वाला और जांबूनद लाल सुवर्णमय और ४ सिद्धायतन कूटों करके सहित और साक्षात् अढाइदीपकी पृथवीकी रक्षाके लिये जगति समान अर्थात् कोटके सदृश ऐसा मानुषोत्तर नाम वृत्ताकार पर्वत करके वेष्टित है और ५ प्रकारके चरजोतिषी देवोंकी मर्यादा करनेवाला और सर्व १३ सो ५७ पर्वतों करके सहित और २१ सो ४३ कूटों करके सहित और १६० विजय ५ मेरु २० गजदंतागिरि ८० वखारा पर्वत ६० अंतर नदीयों करके भरतादि ४५ क्षेत्रों करके जंबू आदि १० वृक्ष ३० महाद्रह सर्व ८० द्रह महानदी ४५० सर्व ७२ लाख ८० हजार नदियों करके सहित और धातकी खंड और आधेपुष्करावर्त्तदीपके मध्यभागमे दक्षण और उत्तर दिशामें दक्षणोत्तर लांबा सर्व ४ ईक्षुकार पर्वत लालसोने मय है इस कारणसें धातकीखंड और पुष्करावर्त्तदीपके २-२ खंड पूर्व-पश्चिम विभागसे है और २० वन और २० वनमुख करके सहित मागधादि ५ सो १० तीर्थ और ६ सो ८० श्रेणियों और २० वृत्ताकार वैताढ्य और १७० दीर्घ वैताढ्य करके सहित दशसो कंचनगिरि और चित्रविचित्रयमक शमक २० पर्वतों करके सुशोभित और दोयसमुद्र और अढाइदीप ४ महापाताल-कलशा और ७८८४ लघुपातालकलशा-हेमवंत और शिखरी पर्वत संबंधि ८ दाढाके ऊपर ७-७ दीप है सर्व ५६ अंतर द्वीप, ३०

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अकर्म भूमि, १५ कर्म भूमि करके युक्त और भी अनेक सास्वता पदार्थ कुंड जगति वनसंड दरवाजा परिधि अंतर वगैरे सहित और रात्रिदिनका जो विभाग उस करके सहित और तीर्थंकर चक्रवर्त्ती प्रतिवासुदेव वासुदेव बलदेव नारद रुद्र गणधर केवली चरमशरीरी १४ पूर्वधारी स्वस्वगुणों करके भावितात्मा युगप्रधान आचार्य उपाध्याय साधु आदिक अनेक पुरुषोंके होनेकी मर्यादा करनेवाला और सर्व मनुष्योंका जन्ममरणादि कालकी मर्यादा करनेवाला और १ राजप्रमाणे सर्व पृथ्वी रूपी स्त्रीके ललाटमें तिलक समान सर्वोत्तम समय नामका क्षेत्र है ॥ इस समय क्षेत्रका ३ नाम है तथा हि मनुष्यक्षेत्र अढाइदीप समयक्षेत्र इस समय क्षेत्रमे ३० अकर्म भूमि ५६ अंतरदीप १५ कर्म भूमि यह १०१ क्षेत्र है इन क्षेत्रोंमे अवस्थित अनवस्थित २ प्रकारका काल है उसमे ३० अकर्म भूमि ५६ अंतरदीप ५ महाविदेह इन ९१ क्षेत्रोंमें अवस्थित काल है हेमवत ऐरण्यवत हरिवर्ष रम्यक् देवकुरु उत्तरकुरु और अंतर दीप और महाविदेह नामक क्षेत्रोंमें अनुक्रमसें अवसर्पणी संज्ञक-कालके प्रथम ४ आरोंके सदृश सदा अवस्थित नित्यकाल है ५६ अंतरदीपोंमे उत्तरते ३ आरेसदृशसदा अवस्थित नित्यकाल है ८०० धनुष देहमान एकांतर आहार ६४ पांशलि गुणयासी ७९ दिन अपत्य पालना करतें है और ५ भरत ५ ऐरावत यह १० क्षेत्रोंमें सदा अनवस्थित १०-१० कोडाकोड सागरका उत्सर्पणी अवसर्पणी भेदसें १ प्रकारका काल है और उत्सर्पणी कालका ६ आरा अवसर्पणी कालका ६ आरा एवं १२ आरामयि

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२० कोडा कोड सागर प्रमाणे काल है उसकुं १ कालचक्र करके कहेतें हैं ऐसा कालचक्र अतीत कालमें अनंता हूवा और अनागत कालमें अनंता होगा यह प्रसंगसैं कहा अब प्रकृत अधिकारका आश्रय करतें हैं और भरतादिक १० क्षत्रोंमें दरेक उत्सर्पणी तथा अवसर्पणी कालमें व्यवहारनीति राजनीति धर्मनीति क्षत्रिय ब्राह्मण वैश्य शूद्र ४ वर्णोंकी तथा चतुर्विध संघकी उत्पत्ति और २४ तीर्थंकर १२ चक्रवर्त्ती ९ वासुदेव ९ बलदेव ९ प्रतिहरि ११ रुद्र याने महादेव ९ नारद गणधर १४ पूर्वधारी मनपर्यवज्ञानी अवधिज्ञानी केवली चरमशरीरी सत्ता सत्तीयों आचार्य उपाध्याय साधु युगप्रधानाचार्य संवेगपक्षी श्रावक वगेरे अनेक महापुरुष हूवा करतें हैं और उत्सर्पणी कालके ६ आरोंमे पुण्य प्रकृति दानादि धर्म शरीर संस्थान संघयण बल आयु आदिक सर्व शुभ भाव वर्द्धमान होवे हैं अवसर्पणी कालके ६ आरोंमे पुण्य प्रकृत्यादिक हीयमान सर्व शुभ भाव हूवा करतें हैं और उत्सर्पणी अवसर्पणी के दुषमदुषमादि और सुषमसुषमादि छ छ आरोंका स्वरूप और पूर्वोक्त पदार्थोंका विशेष वर्णन शास्त्रांतरसें जाणना इहां ग्रंथ गौरवके भयसें नहिं लिखाहै अब वर्त्तमान इस अवसर्पणी कालमें सर्वोत्तम सनातन जैनधर्म की उर्पत्ति जगदीश्वर श्रीऋषभादिक २४ तीर्थंकरोंसें है इसलिये श्रीऋषभादि महापुरुषोंका संक्षिप्तपणें स्वरूप इहां लिखतें है।

१ टिप्पणी—भावार्थ—यह भाव है कि पांच महाविदेह क्षेत्रोंमें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ अब ५२ बोल गर्भितश्री–ऋषभदेवजीका अधिकार लिख्यते ॥

इक्ष्वाकु भूमीके विषै, श्रीनाभिनामें, सातमा कुलकर हुवा जिसके मरुदेवी नामें पट्टराणी हुई, तिसकी कूखमें, सर्वार्थसिद्ध विमानथकी चवके, मिति आषाढ वदि ४ के दिन, भगवान उत्पन्न भए तब मरुदेवी मातायें, वृषभकों आदलेके, अग्निशिखा पर्यंत, १४ स्वप्ना प्रगटपणें मुखमें प्रवेश करता देखा सो इस प्रमाणे १४ स्वप्नोंका नाम लिखतें हैं, तंजाहा–गय–वसह–सिंह–अभिसेअ–दाम–ससि–दिणयरं–झयं पउमसर–सागर–विमाण भवण–रयणुच्चय सिहिंच ॥ वृषभ गज सिंह श्रीदेवता पुष्पमाला युग्म चंद्रमा सूरज इंद्रध्वज पूर्णकलश पद्मसरोवर क्षीरसमुद्र देवविमान भवन

सुदर्शनविजय मंदर अचल विद्युन्मालि इन ५ मेरु आश्रित १६० विजय हैं इन क्षेत्रोंमे जैनधर्मादि भाव प्रायेंकरके अनादि अनंत है और भरतादिक १० क्षेत्रोंमे जैन धर्म पुण्यप्रभाव धर्मप्रणेता श्रीतीर्थंकरादिक सर्व अनियत भाव सादि सांत होतें हैं और भरतादि १० क्षेत्रोंमें जो जो अनियत भाव नियत भाव है सो सर्व अनादि अनंत जाणना और इन सिवाय जो क्षेत्र हैं उनोंमे सर्व भाव प्रायेंकरके अनादि अनंत भांगेमे हैं यह जगत्स्थितिस्वभाव अनादिसें है अनंत कालतक रहेगा एसा लोक स्वभाव है और जीव पुद्गल पुण्य पापके कारणसें इस जगतमे विचित्रता देखणे में आवे है परंतु १४ रज्वात्मक इस लोकका कोइ कर्त्ता नहिं अनादि लोकानुभावसें हि वणा हूवा है यह निसंदेह है

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रत्नराशि अग्निशिखा, यह १४ स्वप्न देखा, और गर्भके प्रभावसें उत्तम उत्तम जो जो डोहला, मरुदेवी माताकों उत्पन्नहुवा, सो इंद्र आयके पूर्ण किया पीछे सर्व दिशायें सुभिख्य समें, मिति चैत्रवदि ८ के दिन, उत्तराषाढा नक्षत्रके विषे, भगवानका जन्म हुवा उसी वखत, रुचक नामकाद्वीप उसके मध्यभागे वलयाकारगोल ८४ हजार योजन ऊंचो और (१००००) दसहजार २२ योजन मूलमे, और (४०००) चार हजारने २४ योजन शिखरऊपर विस्तार है तद् यथा—

बहुसंख, विगप्पे, रुयगदीव, उचत्ति सहस्स चुलसीई,
नर नग सम रुयगो पुण, वित्थरि सयठाण सहसंको २५९
तस्स सिहरंमि चउदिसि, बीयसहस्स इगिगु चउत्थि अट्ठऽट्ठ,
विदिसि चउ इय चत्ता, दिसि कुमरि कूड सहस्सुचा २६०

अवतरण—रुचकद्वीपके संख्याका घणा विकल्प भेद है ८४ हजार योजन उंचो है' और मानुषोत्तर पर्वत सदृश रुचक पर्वत है, विस्तारमे सो अंकके स्थानमें, हजारका अंक जाणना, २५९, और रुचक द्वीप संख्या विकल्प मूल पाठ देतें है, दोकोडी सहस्साइं, छचेवसयाइं इक्कवीसाइ, चउयालसयसहस्साइ, विखंभो कुंडलोदीवो, १, दसकोडी सहस्साइं, चत्तारिसयाइं पंचसीयाइ' बावत्तरिंचलक्खा,, विक्खंभोरुयगदीवस्स,, २,, यह द्वीपपन्नतिकीनिर्युक्तिमांहें कुंडलद्वीप और रुचकद्वीपको विष्कंभ कह्यो है,, १, जंबुधायई पुक्खर, वारुणी खीर घय खोय नंदी सरा, संख अरुण रूणवाय कुंडल, संखरुयगभुयग कुस कुंचा, ।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

११ ए संघयणीकी गाथाके अनुसारे ११ मो कुंडल द्वीप और १३ मो रुचकद्वीप, २, तिपडोयारातहारुणाईया,, इसप्रमाणसें एक नामका ३ नामहोणसें १० मो कुंडलद्वीप आवे है, और २१ मोरुचकद्वीप है, ३ विकल्प, जंबूदीवे लवणे, धायइ कालोय पुक्खरे वरुणे, खीर घय खोय नंदी, अरुणवरे कुंडले रुयगे, यह ४ विकल्प है,, पूर्वोक्त ४ संख्याके विकल्पोंकरके विराजमान रुचकपर्वत है,, उस रुचकपर्वतके शिखरकेविषे' पूर्वादिक ४ दिशाकेविषे, २ हजार योजन जांहांपर होवे है, वहां १–१ कूट है, और चोथा ४ हजारके विषे, पूर्वादि ४ दिशामें, ८–८ कूट है, यह कूट दिशाकुमारीका जाणना,, और ९ मुं सिद्ध कूट है,, तथा विदिशाके विषे जे ४ कूट है,, सो १ हजार योजन मूलमें विस्तार है,, और १ हजार योजन उंचा है,, शिखर ऊपर ५०० योजनका विस्तार है,, एसर्व ४० कूटके विषे रुचकवासिनी, दिसिकुमरीके तांदिशिके विषे जे कुमरीवसे है,, उणोंका नाम इस प्रमाणे है,, १७ नंदोत्तरा १८ नंदा १९ सुनंदा २० नंदवर्द्धनी २१ विजया २२ वैजयंती २३ जयंती २४ अपराजिता यह ८ पूर्व रुचकके विषेवसे है, २५ समाचारा २६ सुप्रदत्ता २७ सुप्रबुद्धा २८ यशोधरा २९ लक्ष्मीवती ३० शेषवती ३१ चित्रगुप्ता ३२ वसुंधरा यह ८ दक्षिण रुचकके विषेवसे है,, ३३ इलादेवी ३४ सुरादेवी ३५ पृथ्वी ३६ पद्मावती ३७ एकनाशा ३८ अनवमिका ३९ भद्रा ४० अशोका यह ८ पश्चिम रुचकके विषेवसे है, ४१ अलंबुसा ४२ मिश्रकेशी ४३ पुंडरीका ४४ वारुणी ४५ हासा ४६ सर्व प्रभा

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

४७ श्री ४८ ह्री यह ८ उत्तर रुचकके विषेवसे है,, ४९ चित्रा ५० चित्रनाशा ५१ तेजा ५२ सुदामिनी यह ४ विदिशाके रुचकमेवसे है,, ५३ रूपा ५४ रूपांतिका ५५ सुरूपा ५६ रूपवती यह ४ मध्यरुचकके विषेवसे है,, इयचत्ताकेतां, यह सर्व ४० दिशाकुमारी रुचक नामा पर्वतके ऊपर रहे हैं,, ओर पहिली १६ दिशा कुमारी मेरुके हेठे–ऊपर अधोलोक और उर्ध्वलोकमे रहे है, उणोकानाम यह है, १ भोगंकरा २ भोगवती ३ सुभोगा ४ भोगमालिनी ५ सुवत्सा ६ वत्समित्रा ७ पुष्पमाला ८ अनंदिता यह ८ अधोलोकवासीनी है, और मेरुपर्वतके पास गजदंता पर्वत है, उणोके नीचे भवनोंमे वसे है ।

तद् यथा—

अहोलोगवासिणीउं, दिसाकुमारीउं ।
अट्ठ एएसिं, हिट्ठा चिट्ठंति, भवणेसु ॥

१२८ यह गाथा सुगम है, ९ मेघंकरी १० मेघवती ११ सुमेघा १२ मेघमालिनी १३ सुवत्सा १४ वत्समित्रा १५ बलाका १६ वारिषेणा, यह ८ ऊर्ध्वलोकवासीनी है, मेरुपर्वतके ऊपर नंदन नामा वन है, उसमे ८ दिशाकुमारीका कूट है उणोंके ऊपर भवनोंमेवसे है, तद् यथा, नवरं भवण पासायंतरट्ठ दिसिकुमरि-कूडावि, १२२, अवतरण–जिनभवन और प्रासादके ८ आंतरोंमें ८ दिशाकुमारीका कूट है, सौमनसवनसें नंदनवनमें इतना विशेष है, १२२ यह सर्व ५६ दिक्कुमारी देव्यां आयके, सूतिका जन्मोच्छव किया, पीछे उसीवखत रात्रिकों १ अच्युतेंद्र २ प्राण-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तेंद्र ३ सहस्रारेंद्र ४ शुक्रेंद्र ५ लांतकेंद्र ६ ब्रह्मेंद्र ७ माहेंद्र ८ सनत्कुमारेंद्र ९ ईशानेंद्र १० सौधर्मेंद्र ११ बलींद्र १२ चमरेंद्र १३ भूतानेंद्र १४ वेणुदालींद्र १५ हरिस्सहेंद्र १६ अग्निमाणवेंद्र १७ विसिष्टेंद्र १८ जलप्रभेंद्र १९ मितवाहनेंद्र २० प्रभंजनेंद्र २१ महाघोषेंद्र २२ धरणेंद्र २३ वेणुदेवेंद्र २४ हरिकांतेद्र २५ अग्निशिखेंद्र २६ पूर्णेंद्र २७ जलकांतेंद्र २८ अमितगतींद्र २९ वेलंबेंद्र ३० घोषेंद्र ३१ चंद्रेंद्र ३२ सूर्येंद्र ३३ कालेंद्र ३४ महाकालेंद्र ३५ सरूपेंद्र ३६ प्रतिरूपेंद्र ३७ पूर्णभद्रेंद्र ३८ माणिभद्रेंद्र ३९ भीमेंद्र ४० महाभीमेंद्र ४१ किंनरेंद्र ४२ किंपुरुषेंद्र ४३ सत्पुरुषेंद्र ४४ महापुरुषेंद्र ४५ अतिकायेंद्र ४६ महाकायेंद्र ४७ गीतरतींद्र ४८ गीतयशेंद्र ४९ सन्निहितेंद्र ५० सामानिकेंद्र ५१ धात्रेंद्र ५२ विधात्रेंद्र ५३ ऋषींद्र ५४ ऋषिपालेंद्र ५५ ईश्वरेंद्र ५६ महेश्वरेंद्र ५७ सुवत्सेंद्र ५८ विशालेंद्र ५९ हास्येंद्र ६० हास्यरतींद्र ६१ श्वेतेंद्र ६२ महाश्वेतेंद्र ६३ पतकेंद्र ६४ पतकपतींद्र इन ६४ इंद्रोंका आसन कंपायमान हुवा, तव अवधिज्ञानसें प्रथम भगवानका जन्म हुवा जाणके जन्मोत्सव करनेकों, मेरुपर्वत ऊपर आए, जिसमे पहिला सौधर्मेंद्र भगवानकी माताके पासे आयके, मंगलीकके अर्थ माताके पासे, भगवानके समान, दूसरा प्रतिबिंब रखके, भगवानकों मेरुगिरिके ऊपर लेगया ५ रूपसें उहां वडे उच्छवसें स्नात्रकरायके अष्टद्रव्यसें, पूजाकरके, अगाडी ३२ बद्ध नाटक करके, भगवानकों, पीछा माताके पासें लायके स्थापन किया, क्रोडों सोनइयां की तथा और वस्त्र धान्य हिरण्यादिककी वर्षाकरके

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नाभि राजाका घर भरदिया पीछे सर्व इंद्र आठमा नंदीश्वर द्वीप जायके अट्ठाहि उच्छव करके, अपनें २ स्थान गए । (फेर) नाभि राजानें दश दिनपर्यंत जन्मके उच्छव किये (उस वखत) युगलिया लोक कुछभी जाणते नहीं थे (इसवास्ते) सोधर्म इन्द्रनें, बहुतसे देवता देव्योकों भगवानकेपास रखदिये (सो) सर्व व्यवहार वताते करते रहे ॥ (पीछे) ११ में दिन, कल्पवृक्षोंका दिया हुवा, नानाप्रकारका भोजन, सर्व युगलियाकों जिमायके, नाभि राजायें, रिषभ कुमर नाम स्थापन किया । नाम स्थापनका ये हेतू है (कि) भगवानकी दोनुंसाथलोंमें वृषभका लांछन था। (दूसरो) मरुदेवी मातानें, चवदै स्वप्नाके प्रथम स्वप्नेंमें, वृषभ देखा था (इससेती) रिषभ कुमर नाम स्थापन किया ॥ बाल अवस्थामें श्रीऋषभदेवकों जब भूख लगती थी (तब) अपनें हाथका अंगूठा, मुखमे लेकें चूसलेते थे । उस अंगुठेमें, इन्द्रनें अमृतसंचार कर दिया था। जब ऋषभदेवजी बडे हुए (तब) देवता उनकों कल्पवृक्षोंके फलल्याकर देते थे। वे फल खाते थे। जब ऋषभदेव, कुछन्यून एक वर्षके हुए (तब) इन्द्र आया। खाली हाथसें स्वामिके पास न जाना। इस्सें इक्षुदंड हाथमें लेके आया (उसवखत) श्रीऋषभदेव कुमर, नाभि कुलकरकी गोदीमें बैठे थे। तब भगवानकी दृष्टि इक्षुदंडपर पडी। तब इन्द्रनें कहा (कि) हे भगवन् इक्षु भक्षण करोगे (तब) श्रीऋषभदेव कुमरनें हाथ पसार्या। तब इन्द्रने, ऋषभदेव कुमारके, इक्षुकी इच्छा उत्पन्न होणेसें, भगवान्का इक्ष्वाकु कुल स्थापन करा (यांसे इक्ष्वाकु

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वंशकी उत्पत्ति भई) और श्रीऋषभदेवजीके वंशवालोनें, काश वनस्पति विशेषका रस पीया (इसवास्ते) काश्यपगोत्र प्रसिद्ध हुवा ॥ श्रीऋषभदेवजीके, जिस जिस वयमें जो जो काम उचितथा, सो सर्व इन्द्रनें आयके करा (यह) अनादिकालसें, जो जो इन्द्र होते आये है उन सबका येही आचार है। कि प्रथम भगवान्‌के वयोचित सर्व काम करना ॥

(इस अवसरमें) एक लडकी, एक लडका, अर्थात् स्त्री और पुरुष रूप जोडा बालअवस्थामें, तालवृक्षके हेठे खेलते थे। उहां तालके फल गिरनेंसें लडका मरगया (तब) लडकीकुं नाभिकुलकरकूं लायके सोंपी (तब) उसनें ऋषभदेवके विवाह योग्य जाणके, यतनसें अपणेपास रक्खी। तिसका नाम सुनंदा था (और) दूसरी ऋषभदेवकेसाथ जन्मी थी। उसका नाम सुमंगला था। इस दोनोंकेसाथ ऋषभदेव बाल्यावस्थामें खेलते हुए, यौवनवयमें प्राप्त हुए। (तब) इन्द्रनें विवाहका प्रारंभ करा। आगे युगलीयांके समयमें विवाहविधि नहीं थी। (इसवास्ते) यह विवाहमें, पुरुषके कृत्य तो सर्व इन्द्रनें करे (और) स्त्रीयोंकी तरफसे सर्व कृत्य इन्द्राणीनें करे (तबसें) विवाहविधि सर्व जगत्‌मे प्रचलित भया। तब ऋषभदेव दोनों भार्यांकेसाथ संसारिक विषयसुख भोगवतां, छलाख पूर्ववर्ष व्यतीत भए (तब) सुमंगला राणीके, भरत (और) ब्राह्मी, यह युगल जन्मा। (तथा) सुनंदाके बाहुबली (और) सुंदरी यह युगल जन्मा। पीछेसें सुनंदाके तो और कोइ पुत्रपुत्री नहिं हुवे (परंतु) सुमंगला देवीके उगणपचास (४९) जोडे पुत्रोंहीके हुवे। यह सब मिलकर सो (१००) पुत्र (और) दो पुत्रियों भई ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ अब सो पुत्रोंके नाम लिखते हैं ॥

१ भरत । २ बाहुबली । ३ श्रीमस्तक । ४ श्रीपुत्रांगारक । ५ श्रीमल्लिदेव । ६ अंगज्योति । ७ मलयदेव । ८ भार्गवतार्थ । ९ बंगदेव । १० वसुदेव । ११ मगधनाथ । १२ मानवर्त्तिक । १३ मानयुक्ति । १४ वैदर्भदेव । १५ वनवासनाथ । १६ महीपक । १७ धर्मराष्ट्र । १८ मायकदेव । १९ आसक । २० दंडक । २१ कलिंग । २२ ईषकदेव । २३ पुरुषदेव । २४ अकल । २५ भोगदेव । २६ वीर्यभोग । २७ गणनाथ । २८ तीर्णनाथ । २९ अंबुदपति । ३० आयुर्वीर्य । ३१ नायक । ३२ काक्षिक । ३३ आनर्त्तक । ३४ सारिक । ३५ ग्रहपति । ३६ करदेव । ३७ कच्छनाथ । ३८ सुराष्ट्र । ३९ नर्मद । ४० सारस्वत । ४१ तापसदेव । ४२ कुरु । ४३ जंगल । ४४ पंचाल । ४५ शूरसेन । ४६ पुटदेव । ४७ कालिंगदेव । ४८ काशीकुमार । ४९ कौशल्य । ५० भद्रकाश । ५१ विकाशक । ५२ त्रिगर्त्तक । ५३ आवर्ष ५४ सालु । ५५ मत्स्यदेव । ५६ कुलियक । ५७ मुषकदेव । ५८ वाल्हीक । ५९ कांबोज । ६० मृडुनाथ । ६१ सांद्रक । ६२ आत्रेय । ६३ यवन । ६४ आभीर । ६५ वानदेव । ६६ वानस । ६७ कैकेय । ६८ सिंधु । ६९ सोवीर । ७० गंधार । ७१ काष्टदेव । ७२ तोषक । ७३ शौरक । ७४ भारद्वाज । ७५ शूरसेन । ७६ प्रस्थान । ७७ कर्णक । ७८ त्रिपुरनाथ । ७९ अवंतिनाथ । ८० चेदीपति । ८१ विष्कंभ । ८२ नैषध । ८३ दशार्णनाथ । ८४ कुसुमवर्ण । ८५ भूपालदेव । ८६ पालप्रभु । ८७ कुशल । ८८ पद्म । ८९ महापद्म । ९० विनिद्र ।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

९१ । विकेश । ९२ वैदेह । ९३ कच्छपति । ९४ भद्रदेव । ९५ वज्रदेव । ९६ सांद्रभद्र । ९७ सेतज । ९८ वत्सनाथ । ९९ अंग-देव । १०० नरोत्तम (यह) श्रीऋषभदेवजीके १०० पुत्रोंका नाम कहा ॥

॥ अथ राज्याभिषेक, विनीता नगरी अधिकारः ॥

(इस अवसरमें) जीवोंके कषाय प्रबल होजानेसें । पूर्वोक्त हकारादि तीनों दंडनीतिका, लोक भय नहिं करनें लगे (इस अवसरमें) लोकोंनें सर्वसें अधिक, ज्ञानादि गुणों करके संयुक्त, श्रीऋषभदेवकों जानके, युगललोक, श्रीऋभदेवकों कहते हुए । (कि) अब सर्व लोक दंडका भय नहि करते हैं । (तब) मति १ । श्रुति २ । अरु । अवधि ३ । यह ज्ञानकरके युक्त (ऐसे) आदिकुमर युगलियोंकुं कहते हुए (कि) जो राजा होता है (सो) दंडकर्त्ता है । फेर उसकी आज्ञा कोई उल्लंघन नहिं कर सकता है । ऐसे वचन सुनकर, वे युगलिये बोले (कि) ऐसा राजा हमारेभी होना चाहिये । (तब) आदिकुमर बोले । जो तुमारी इछा ऐसी है (तो) नाभि कुलकरसें याचना करो । (तब) तिनोंने नाभिकुलकरसें वीनती करके (तथा) आज्ञा लेके, आदिकुमरकुं राज्याभिषेक करणेके लिये,—गंगाका जल लेनेंकुं गए (इस समें) सौधर्मइंद्रका आसन कंपमान हुवा । तब अवधि ज्ञानसें, राज्याभिषेकका अवसर जानके, बहुतसे देवता देवीयोंके संग सौधर्मेंद्र आके, श्रीआदिकुमरका राज्याभिषेक, संपूर्ण विधिसंयुक्त, महोत्सवके साथ करा । (जिसवखत) छत्र, मुकुट, कुंडलादिक,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आभरण सहित, रत्नजडित सिंहासनपर बेठे हैं । उस्समय, वे युगल लोक, कमलके पत्तोंमें जल लेके आये । (वहां) वस्त्राभरण सहित सिंहासनपर बेठे देखके, अंगूठेपर जलाभिषेक किया (तब) इंद्रनें विचारा (कि) यह युगल लोक बडे विनयवान है । ऐसा जानके वैश्रमण नामा देवकुं आज्ञादीवी (कि) आदिराजाके (तथा) इस विनीत पुरुषोंके, रहनेके योग्य, विनीता नामसें, १ नगरी स्थापित करो (तब) वैश्रमण देवनें, गढ, मढ, प्रोल, प्राकारादिक, संयुक्त, वर्णन योग्य, १२ योजन, ४८ कोसमें लंबी ९ योजन चवडी नगरी वसाई । जिसके मध्य भागमें २१ भूमिकाका मकान श्रीआदि राजाके रहने योग्य बनाया (और) सर्व भाई बेटांके योग्य, सात सात भूमिये मकान (और) दूसरोंके योग्य, तीन २ भूमिये मकान बनाये । इसका विस्तार संबंध, सेत्रुंज महात्म्यसें जाण लेना (अब) आदि राजा, चतुरंगिणी सेनाकेवास्ते प्रथमबोहोतसे । हाथी, घोडे, गाय, भेंशे, प्रमुख, उपयोगी जानवरोंकुं, वनसें मंगायके संग्रह करे (और) च्यार वंशकी स्थापना करी । उग्र १ । भोग २ । राजन्य ३ । क्षत्रिय ४ । जिसकुं कोटवालकी पदवी दीवी (सो) उग्र दंडके करनेसें, उग्रवंशी कहलाये १ (तथा) जिसकुं आदि राजानें, गुरुतुल्य वडे करके माने, तिससें वो भोगवंशी कहलाए २ (तथा) आदि राजाके, स्वजनसंबंधि मित्रादिकके, राजन्य वंश कहलाए ३ (और) प्रजागणके सर्व क्षत्री वंश कहलाए ४ (अब युगलियोंके आहारकी विधि कहते हैं) हीन कालके प्रभावसें, कल्पवृक्ष

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

फल देनेसें रह गए। तब लोक, और वृक्षोंके, कंद मूल पत्र फल फूल खाने लगे। केईक इक्षुका रस पीने लगे (तथा) सतरे जातिका कच्चा अन्न खाने लगे (परंतु) कितनेक दिनोंतक कच्चा अन्न उनकों जीर्ण न होनेसें, ऋषभदेवजीनें उनकों कहा (कि) तुम हाथोंसे मसलके, तूंतडा दूर करके, खाओ (फेर) कितनेक दिनों पीछें, वैसेभी पाचन न होने लगा। तब अनेक भांतसें कच्चा अन्न खानेकी विधि बताई। तोभी काल दोषसें अन्न पाचन न होनें लगा (इस अवसरमें) जंगलोंमे वांसादिक घसनेसें अग्नी उत्पन्न हुवा। पहली कितनेक कालतक अग्नि विछेदथा (क्युं कि) एकांत स्निग्ध कालमें (और) एकांत रुक्ष कालमें, अग्नी किसी वस्तूसें उत्पन्न नहिं होसक्ती है (कदाचित्) कोई देवता विदेह क्षेत्रसें अग्नीकों लेभी आते (तोभी) इहां तत्काल बुझ जाता था (इसवास्ते) पहले अग्नीसें पकाके खानेका उपदेश नहिं दिया (पीछे) तिस अग्नीकों तृणादि दाह कर्त्ता देखके, अपूर्व रत्न जानके पकडने लगे। जब हाथ जले, तब भयसें आदि राजाकूं आयके कहा (और) अपणा हाथ जला हुवा देखाया (तब) आदि राजानें अग्नी ले आनेका, और फल फूल पकायके खानेका विधि बताया। फेर आप हाथीपर बेठे हुवे वनमें आये। युगलियोंकेपास लीली मट्टी मंगायके, हस्तीपर बेठे हुवे सबके सामने एक हांडी बनायके दीवी (और) कहा कि, इसकुं अग्नीमें रखके पकावो। हांडी पकके तैयार भई (तब) उसमें धान्यका, जलका प्रमाण, रांध-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नेका सर्व विधि वताया। जिसके हाथसें मट्टी मंगाई। और हांडी पकवाई (जिससें) कुंभकार कर्म प्रगट हुवा। इससेती कुंभकारकुं, प्रजापति (तथा) पर्याप्ति कहते हैं (फेर) सनें सनें, सर्व आहार पकाके खानेका विधि प्रगट हो गया (औरभी) संपूर्ण कर्म, कला मात्र, अपना पुत्रादिक प्रजा गणकुं वताई। आदि राजाके उपदेशसें, पांच मूल शिल्प (अर्थात्) कारीगर वने। कुंभकार १। लोहकार २। चित्रकार ३। तंतुकार वस्त्र वणनेंवाले ४। नापित ५। (इस) एकेक शिल्पका, अवांतर २० वीस भेद रहें हैं। (इससें) सब मिलके १०० भेद शिल्पके प्रसिद्ध हुवे (तथा) कर्षण कर्म, खेती आदिक करणा। (तथा) वाणिज्य कर्म, व्यापारादिक करनेंकी रीति, तिससें धन उपार्जन करणा। धनका ममत्व करना। धनकों शुभ क्षेत्रादिकमें लगाना (इ-त्यादि) संपूर्ण जगत् प्रसिद्ध कर्म बताये। (प्रथम) मट्टीके संचयोंमें, अहरण हथोडी प्रमुख बनाये (पीछे) उससें उपयोगी काम लायक सर्व वस्तु बनाई गई॥ (और) भरतादि प्रजा लोकोंको बहोत्तर कला सिखलाई (तथा) स्त्रियोंकों चोसठ कला सिखलाई (इन सर्व कलाके नाममात्र लिखते हैं)॥

॥ पुरुषोंकी ७२ कलाका नाम ॥

१ लिखनेंकी कला। २ पढनेंकी कला। ३ गणितकला। ४ गीतकला। ५ नृत्य। ६ ताल बजाना। ७ पटह बजाना। ८ मृदंग बजाना। ९ वीणा बजाना। १० वंशपरीक्षा। ११ भेरीपरीक्षा। १२ गजशिक्षा। १३ तुरंगशिक्षा। १४ धातु-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाद । १५ दृष्टिवाद । १६ मंत्रवाद । १७ बलिपलितविनाश । १८ रत्नपरीक्षा । १९ नारीपरीक्षा । २० नरपरीक्षा । २१ छंद-बंधन । २२ तर्कजल्पन । २३ नीतिविचार । २४ तत्वविचार । २५ कविशक्ति । २६ ज्योतिष शास्त्रका ज्ञान । २७ वैद्यक । २८ षट्भाषा । २९ योगाभ्यास । ३० रसायणविधि । ३१ अंजन-विधि । ३२ अठारह प्रकार की लिपि । ३३ स्वप्नलक्षण । ३४ इंद्रजालदर्शन । ३५ खेती करणी । ३६ वाणिज्य करणा । ३७ राजाकी सेवा । ३८ शकुनविचार । ३९ वायुस्थंभन । ४० अग्नि-स्थंभन । ४१ मेघवृष्टि । ४२ विलेपन विधि । ४३ मर्दनविधि । ४४ ऊर्द्धगमन । ४५ घटबंधन । ४६ घटभ्रमण । ४७ पत्र छेदन । ४८ मर्मभेदन । ४९ फलाकर्षण । ५० जलाकर्षण । ५१ लोका-चार । ५२ लोकरंजन । ५३ अफल वृक्षोंकों सफल करणा । ५४ खड्गबंधन । ५५ छुरीबंधन । ५६ मुद्राविधि । ५७ लोहज्ञान । ५८ दांतसमारण । ५९ काललक्षण । ६० चित्रकरण । ६१ बाहुयुद्ध । ६२ मुष्टियुद्ध । ६३ दंडयुद्ध । ६४ दृष्टियुद्ध । ६५ खड्ग-युद्ध । ६६ वाग्युद्ध । ६७ गारुडविद्या । ६८ सर्पदमन । ६९ भूतदमन । ७० योग, सो द्रव्यानुयोग अक्षरानुयोग, व्याकर्ण, औषधानुयोग, ७१ वर्षज्ञान, ७२ नाममाला ॥

॥ स्त्रीयोंकी ६४ कलाका नाम ॥

१ नृत्यकला । २ औचित्यकला । ३ चित्रकला । ४ वादित्र ५ मंत्र । ६ तंत्र । ७ ज्ञान । ८ विज्ञान । ९ दंभ । १० जलस्थंभ । ११ गीतगान । १२ तालमान । १३ मेघवृष्टि । १४ फलाकृष्टि ।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१५ आरामारोपण। १६ आकारगोपन। १७ धर्मविचार। १८ शकुनविचार। १९ क्रियाकल्पन। २० संस्कृतजल्पन। २१ प्रसादनीति। २२ धर्मनीति। २३ वाणिवृद्धि। २४ स्वर्णसिद्धि। २५ तैलसुरभिकरण। २६ लीलासंचरण। २७ गजतुरंगपरिक्षा। २८ स्त्रीपुरुषके लक्षण। २९ कामक्रिया। ३० अष्टादश लिपि परिच्छेद। ३१ तत्कालबुद्धि। ३२ वस्तुसिद्धि। ३३ वैद्यक-क्रिया। ३४ सुवर्णरत्नभेद। ३५ घटभ्रम। ३६ सारपरिश्रम। ३७ अंजनयोग। ३८ चूर्णयोग। ३९ हस्तलाघव। ४० वचन-पाटव। ४१ भोज्यविधि। ४२ वाणिज्यविधि। ४३ काव्यशक्ति। ४४ व्याकरण। ४५ शालिखंडन। ४६ मुखमंडन। ४७ कथा-कथन। ४८ कुसुमगुंथन। ४९ वरवेष। ५० सकल भाषा विशेष। ५१ अभिधान परिज्ञान। ५२ आभरण पहरण। ५३ भृत्योपचार। ५४ गृहाचार। ५५ शाठ्यकरण। ५६ परनिराकरण। ५७ धा-न्यरंधन। ५८ केशबंधन। ५९ वीणादिनाद। ६० वितंडावाद। ६१ अंकविचार। ६२ लोकव्यवहार। ६३ अंत्याक्षरिका। ६४ प्रश्नप्रहेलिका॥ यह स्त्रीकी ६४ कला कही॥

अबकी सर्व संसारीक कला पूर्वोक्त कलायोंका प्रकारभूत है (इसवास्ते) सर्व कला इनहीके अंतर्भाव है (जैसें) प्रथम लिपि कला के १८ भेद दक्षिण हाथसें ब्राह्मी पुत्रीकों सिखाया। तिसके नाम कहते हैं॥ १ हंस लिपि। २ भूत लिपि। ३ यक्ष लिपि। ४ राक्षसी लिपि। ५ यावनी लिपि। ६ तुरकी लिपि। ७ किरी लिपि। ८ द्रावडी लिपि। ९ सैंधवी लिपि। १० मालवी लिपि।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

११ नडी लिपि । १२ नागरी लिपि । १३ लाटी लिपि । १४ पारसी लिपि । १५ अनिमित्ती लिपि । १६ चाणकी लिपि । १७ मूलदेवी लिपि । १८ उड्डी लिपि ॥ (यह) अठारह प्रकारकी ब्राह्मी लिपि, देश विशेषके भेदसें, अनेक तरहकी हो गई । (जैसेंकी) १ लाटी । २ चौडी । ३ डाहली । ४ कानडी । ५ गौर्जरी । ६ सोरठी । ७ मरहठी । ८ कौंकणी । ९ खुरासाणी । १० मागधी । ११ सिंहली । १२ हाडी । १३ कीरी । १४ हम्मीरी । १५ परतीरी । १६ मसी । १७ मालवी । १८ महायोधी । (इत्यादि) लिपि सिखाई (तथा) सुंदरी पुत्रीकों वाम हाथसें अंक विद्या सिखाई । (और) जो जगतमें प्रचलित कला है । जिनोंसे कार्य सिद्ध होते हैं । (वे सर्व) श्रीऋषभदेवनें प्रवर्त्ताई है । तिसमें कितनीक कला, कई वार लुप्त हो जाती है । फिर समय पाकर प्रगटभी हो जाती है (परंतु) नवीन कला, वा विद्या, कोइभी उत्पन्न नहिं होती है । जो कला व्यवहार, श्रीऋषभदेवजीनें चलाया है । उसका विस्तार, सर्व आवश्यक सूत्रसें देख लेना ॥

श्री आदिराजायें, भरतकेसाथ ब्राह्मी जन्मी थी । तिसका विवाह तो, बाहुबलीकेसाथ किया (और) बाहुबलीकेसाथ, जो सुंदरी जन्मी थी । उसका विवाह भरतके साथ कर दिया । तबसें माता पिताकी दीवी हुई कन्याका विवाह प्रचलित हुवा । (इससें) पहले एक उदरके उत्पन्न हुवे, भाई बहिनके संबंध होता था (वो) दूर किया ॥ (तब) लोकभी इसीतरे विवाह

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करनें लगे (और) विवाहका विधि, सर्व आदिराजाके विवाहसमें, इंद्र, इंद्राणियोनें करा था। उसीमुजब करनें लगे ॥ श्री आदिराजाने बहुत कालतक राज्य किया। संपूर्ण राज्यनीतीसें, प्रजाके अर्थ, सबतरेके सुख उत्पन्न किये। (इस हेतुसें) श्रीऋषभदेव स्वामीकों सर्व जगत्स्थितिका कर्त्ता, जैनी लोक मानते हैं (दूसरे मतवाले) जो ईश्वरकी करी सृष्टी मानतेहें। (वेभी) ईश्वर, आदीश्वर, जगदीश्वर, योगीश्वर, जगत्का कर्त्ता, ब्रह्मा आदि, विष्णु आदि, योगी आदि, भगवान् आदि अर्हत, आदि तीर्थंकर, प्रथम बुद्ध, महादेव (इत्यादि) जो नाम ओर महिमा गाते हें (वे सर्व) श्री ऋषभदेवजीकेही गुणानुवाद हैं (और) कोई सृष्टीका कर्त्ता नही है ॥ सर्व जगत्का व्यवहार चलाकर शेषमें भरतपुत्रकुं, विनीता नगरीका राज्य दीया ॥ बाहुबली पुत्रकुं, तक्षशिला नगरीका राज्य दीया ॥ शेष ९८ पुत्रोंको उनोंके नामसें, जूदे २ देश वसायके राज्य दीये (जबसें) अंग, बंग, कलिंगादि देशोंके नाम प्रसिद्ध हुवे। (और) सर्व गोत्रियोंकुंभी, यथायोग्य आजीविकाके विभाग कर दिये (इससमें) नव लोकांतिक देवताने भगवानकुं दीक्षाका अवसर जनाया। भगवान् आप अपणे ज्ञानसें दीक्षाका अवसर जानते हैं (तथापि) लोकांतिक देवोंका यहहीज जीत व्यवहार है (पीछे) संवत्सरी दान देके, चैत्र वदि ८ के दिन, मच्छ, कच्छ, प्रमुख ४ हजार सामंत पुरुषोंकेसाथ दीक्षा ग्रहण करी। दीक्षाका महोत्सव सर्व, ६४ इंद्रोंनें मिलके करा (तब) भगवान्कुं चोथा मनपर्यव ज्ञान उत्पन्न

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भया। दीक्षा लिये वाद, १ वर्षतक शुद्ध आहार साधूके लेनें योग्य नहिं मिला। जहां भगवान् जावै (वहां) हाथी, घोडे, आभूषण, कन्या, इत्यादिक बहुतसे भेट करे। (परंतु) शुद्ध आहार देनेकी विधि कोइ नही जानें (क्यूं कि) आगे कोइ भिक्षाचर देखा नही था॥ और भगवान् उस्समय त्यागी थे (इसवास्ते) आहार विगर कोइभी पदार्थ ग्रहण करा नहिं। (पीछे) १ वरषके वाद, वैशाख सुदि ३ कुं, हथनापुर आये। (तहां) श्री ऋषभदेव स्वामीका पडपौत्र, श्रेयांसकुमरनें जातिस्मरण ज्ञानके वलसें, भगवानकुं इक्षुरसका पारणा कराया। उस वखतमें, ५ दिव्य देवतानें प्रगट करे। साढा १२ क्रोड सोनइयांकी वरषा करी। श्रेयांसका जश तीन भवनमें फेला। तब लोकोंनें आयके पूछा (कि) तुमने ऋषभदेव स्वामीकुं भिक्षार्थी केसेंजाने। तब श्रेयांस कुमरनें आपणे (अरु) ऋषभदेव स्वामीकेसाथ, ८ भवोंका संबंध कह्या (इससेती) भगवानकुं साधु मुद्रामें देखके, मेरेकुं जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न भया। तिनसें ८ भवोंका संबंध, तथा भिक्षार्थीपणा जाना॥ इसका विस्तार सर्व आवश्यक सूत्रसें जाण लेना॥ जब भगवानकुं एक वर्षतक शुद्ध आहार न मिला (तब) मच्छ, कच्छ प्रमुख ४ हजार पुरुष, जो साथमें दीक्षा लीवी थी (सो) भूखसें पीडित हुवे थके, वनमे गंगाके दोनूं किनारे, तापशपणा धारके, कंद मूल फल फूल खाते हुवे रहनें लगे (और) श्री ऋषभदेवस्वामीका ध्यान जप आदि, ब्रह्मादि शब्दोंसे करनें लगे (इहांसे) तापशादिककी

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उत्पत्ति हुई ॥ (जब) श्रेयांस कुमरनें आहार दिया । उस दिनसें सब लोक साधूकूं शुद्ध आहार देनेकी विधि जाननें लगे ॥

॥ अब विद्याधरोंकी उत्पत्ति कहते है ॥

श्री ऋषभदेवस्वामी दीक्षा लियांकेबाद, १ हजार वर्षतक, देशोंमे छद्मस्थपणें विचरते रहे। तिस अवस्थामें। कच्छ (और) महाकच्छके बेटे । नमि, और विनमीने, आकर, भगवान्‌की बहुत सेवा भक्ति करी (तब) धरणेंद्र संतुष्टमान होके, ४८ हजार पठित सिद्धविद्या उनकुं देकर, वेताढ्यगिरीकी, दक्षिण और उत्तर, यह दोनूं श्रेणीका राज्य दीया । (तब) तिनके वंशी सब विद्याधर कहलाए (इनही) विद्याधरोंके संतानमें रावण, कुंभकर्ण, बालि, सुग्रीव, हनूमानादि, सर्व विद्याधर भए हें ॥

(एकदा) छद्मस्थ अवस्थामें भगवान् विहारकर्त्ते, तक्षशिला नगरी गए। वहां बाहिर, बागमें काउसग्ग करके खडे रहे। यह खबर उहांके राजा, बाहुबलजीकुं हुई । (तब) बाहुबलीनें मनमें विचार करा। कि प्रभातसमें बडे आडंबरके साथ, पिता श्री ऋषभदेवजीकुं वांदनेकुं जाउंगा ॥ जब प्रभातसमें, वडे आडं-बरसें वांदनेकुं गया (तो) वहां भगवानकुं न देखा। वनमालीसें सुना (कि) भगवान् तो, सूर्य उगतेही विहार कर गए (तब) बाहुबली बहुत उदास हुयके, जहां भगवान्‌काउसग्ग मुद्रामें ऊभे थे । उसजगे कानूंमे अंगुली घालकें (बाबा आदम, बाबा आदम) ऐसे ऊंचे स्वरसें पुकारके, उसी चरनूंके ठिकाने, रत्न मई

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

थुंभ बनाके, धर्मचक्र तीर्थ स्थापितकरा। (यह) धर्मचक्र तीर्थ विक्रम राजाके राज्यतक तो रहा (पीछे) म्लेच्छादिकके बहुतसे प्रचारसें, धर्मचक्र तीर्थ, ऐसा नाम तो नष्ट भया (और) यवन लोकोंने उसका नाम, मक्का, ऐसा प्रसिद्ध करा (और) अवलसें तो यवनादिकभी, मद्यमांसादिक अभक्ष नहिं खाते थे । यवनोंके मतमेंभी, नसादिक अभक्ष खाना नहि कहा है (तथापि) जो केइ खाते है। सो धर्मसें विरुद्ध है॥ और श्रीऋषभदेव स्वामी। जिन २ देशोंमे विचरे। वहांका लोकतो प्रायें सरलस्वभावी दयावंत हुवे (और) भगवान् जिनदेशोंमे न गए (अरु) जिनूनें भगवानके दर्शन नहिं करे (वो) सर्व म्लेच्छ, अनार्य, निर्दयी, हो गए। अनेक अपनी कल्पनाके मत माननें लगे। उनका व्यवहार औरतरहका हो गया॥

(इस कारणसें) सर्व वरणोंका (तथा) सर्व मत मतांतरका (तथा) सर्व वैद्यक, ज्योतिष, मंत्र, तंत्रादिक, संपूर्ण कलाकौशल्यका मूल उत्पत्तिकारण, श्रीऋषभदेवस्वामी भए ॥ (जब) श्रीऋषभदेवस्वामीकुं चारित्र लियेवाद, १ हजार वर्ष व्यतीत भए (तब) विहार करके विनीता नगरीके पुरिमताल नामा वागमें आये (जिसकुं) इस्समय प्रयागजी कहते है (उहां) वड वृक्षके नीचे, तेलेकी तपस्यायुक्त, मिति फाल्गुन वदि ११ के दिन, प्रथम प्रहरमें, संपूर्ण लोकालोकप्रकाशक, केवलग्यान, केवलदर्शन, उत्पन्न हुवा (उसीवखत) ६४ इंद्र। भुवनपति, व्यंतर, ज्योतिषी, वैमानिकके देवगण, सर्व आयके समवसरनकी रचना करी॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ अब समवसरनका किंचित स्वरूप लि० ॥

प्रथम भुवनपति, वायुकुमारदेवता, १ योजन पृथ्वीका कचरादिक दूरकरके शुद्ध करे (तदनंतर) भुवनपति मेघकुमार नामें देवता १ योजन पृथ्वीपर सुगंधि जलकी वर्षा करे (तदनंतर) व्यंतर देवता उसी पृथ्वीपर गोडे प्रमाण सुगंधि पुष्पोंकी वर्षा करे (पीछे) व्यंतरदेव पुष्पोंके ऊपर, वनस्पतिकुं बाधा रहित, १ योजनमें, रत्नोंकी पीठका बनावे । इस पीठकाके ऊपर, भुवनपति देवता, रूपेमई गढ, सुवर्णमई कांगरांकी रचना करे ॥ तिसके च्यारुंदिशे, ४ दरवाजा । छत्र, चामर, तोरण, ८ मंगलीक, धूपघटी (प्रमुख) वर्णनसहित करे (तिसके अंदर) ज्योतिषी (देवता) रत्नमई कांगरायुक्त, सुवर्णमई कोट, ४ दरवाजासहित करे । (तिसके अंदर) वैमानिक देवता, मणि रत्नमई कांगरासहित, रत्नमई कोट ४ दरवाजासहित करे ॥ दरवाजाका वर्णन पूर्ववत् जाण लेना, (अब) इसकोटके मध्यमें, रत्नोंमई १ पीठका बनावें । तिसके ऊपर मध्यभागमें १ रत्नमई स्थटक, वृक्षका थांणा बनावै । तिसके ऊपर, छत्र चामरादि विभूति सहित अशोकवृक्षकी रचनाकरै जिस अशोकवृक्षके नीचे, रत्नजडित सुवर्णमई ४ दिशे ४ सिंहासन स्थापना करे । तिसऊपर, तीन छत्र (अरु) दोनुं तरफ चामर रहे । (और) इसी तरह वणावसहित भगवान्‌के बैठनेके लिये, स्वर्णरत्नमई मध्यकोटके बीचमें देवछंदेकी रचना करे । ऐसा वर्णन सहित समोसरणमें, भगवान् श्रीऋषभदेवस्वामी पूर्वके दरवाजैसै प्रवेशकरके, चैत्य वृक्षके चौत-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रफ, प्रदक्षिणाभूत फिरते हुवे, नमस्तीर्थाय, ऐसा वचन बोलके पूर्वाभिमुख बैठे (शेष) तीन दिशाके सिंहासनपर, भगवानूके समान, प्रतिबिंब व्यंतर इंद्र, स्थापित करे (परंतु) भगवानके अतिशयसें (और) देवानुभावसें चारे दिशासें आनेवाले लोकोंकूं, साक्षात् ऋषभदेव स्वामी, सन्मुख बैठे, उपदेश देते मालुमहूवे (जब) चार मुखसें धर्मोपदेश देते देखके, लोकोंनें ऋषभदेव स्वामीकुं, चतुर्मुख ब्रह्मा, ऐसे नामसें केनें लगे (धनंजयकोशमेंभी, ऋषभदेव स्वामीका नाम ब्रह्मा लिखा है) जबीसें भगवानका नाम, ब्रह्मा प्रसिद्ध हुवा ॥

(जब) श्री ऋषभदेव स्वामीने केवल ज्ञान उत्पन्न हुवा सुना (तब) भरत चक्रवर्ति राजा परिवार सहित, वंदन नमस्कार करनेकूं, और धर्मोपदेश सुणनेकूं, आते, रस्तेमें हाथीपर बैठी ऊई, मरुदेवी माता, समवसरण, छत्र चामरादि, अपनें पुत्रका अतिशय देखतेही शुद्ध भावसें केवल ज्ञान पायके, मोक्षकुं प्राप्त भई (तब) भरत राजा, हर्ष शोच सहित समवसरणमें आया। वहां भगवानूके मुखसें धर्मोपदेश सुनके, भरत राजाके ५०० पुत्र, और ७०० पोतूंने दीक्षा ग्रहण करी (तथा) ऋषभ देव स्वामीकी पुत्री, ब्राह्मी प्रमुख, अनेक स्त्रीयोंने दीक्षा ग्रहण करी (इनूंमे) भरत राजाके, वडे पुत्रका नाम, ऋषभसेन पुंडरीक था (वो) भगवानके प्रथम गणधर ऊवा (यह) पुंडरीक गणधर, शत्रुंजय पर्वतउपर अंतमें मोक्षगया (इससें) शत्रुंजय तीर्थका नाम पुंडरीक गिरि प्रसिद्ध भया (इसी मुजब) शत्रुंजय तीर्थके अनेक नाम हूये (बोहोतसे)

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्त्री, पुरुषोंने, देशविरति श्रावक धर्म अंगीकार करा (इस तरह) साधु, साधवी, श्रावक, श्राविकारूप चतुर्विध संघ स्थापित करा। आगे कितनेकवरसोसें विछेद हुवा थका, इहांसें फिर, साधु श्रावक धर्म प्रवर्त्तन हुवा (इस समयमें) परिव्राजक सांख्य मत-वालूंकी उत्पत्ति भई

॥ अब सांख्यमतका स्वरूप लिखते हें ॥

भरतजीके ५०० पुत्रोंने दीक्षा लीथी (उसमे) एकको नाम मरीची था (सो) साधुपना पालना महाकठिन देखकै, नवीन मन कल्पित वेष धारन करा (क्यूं कि) पीछा गृहवास करनेमें तो, अपनी हीनता जानके, आजीविका चलानेके लिये मत स्थापित कीया॥ इस रीतिसें अपना व्यवहार वनाया (कि) साधु तो, मन-दंड, वचनदंड कायदंड, इन तीनों दंडोसे रहित है (और) में तो इन तीनों दंडो करके संयुक्त हुं। इसवास्ते मुजकों त्रिदंड रखना चाहिये (दूसरा) साधू तो द्रव्य अरु भाव करके मुंडित है। सो लोच कर्त्ते है (अरु) में तो द्रव्य मुंडित हुं (इसवास्ते) मुझे उस्तरे पाछनेसें मस्तक मुंडवाना चाहिये। शिखाभी रखनी चाहियै (तीसरा) साधु तो पंचमहा व्रत पालते हें (अरु) मेरे तो सदा स्थूल जीवकी हिंसाका त्याग रहो॥ (चौथा) साधु तो निःकंचन है (अर्थात्) परिग्रह रहित है। अरु मुझकों एक पवित्रिकादि रखनी चाहिये। (पांचमा) साधु तो शीलसें सुगंधित है। अरुमें ऐसा नही हुं (इसवास्ते मुझे चंदनादि सुगंधि लेनी ठीक है (छठा) साधु तो मोह रहित है (अरु) में मोह संयुक्त हुं। इसवास्ते मुझे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मोहाच्छादितकों छत्री रखनी चाहियै (सातमा) साधू जूते रहित है। मुजकों पगोंमे खडावुं प्रमुख चाहियै (आठमा) साधू तो निर्मल है। इसवास्ते उनके शुक्लांबर है (अरु) में तो क्रोध मान माया अरु लोभ, इन च्यारों कषायों करकें मेला हुं (इस वास्ते) मुजे कषायला वस्त्र, (अर्थात्) गेरुसें रंगे हुवे भगमे वस्त्र रखने चाहिये (नवमा) साधु तो सचित्त जलके त्यागी है। (इस वास्ते) में छाणके सचित्त जल पीउंगा। स्नानभी करुंगा। (इस तरे) स्थूल मृषावादादिकसें निवृत्त हुवा। इस प्रकारसें मरीचिने स्वमतसें अपणी आजीविकाकेवास्ते लिंग वनाया। यही लिंग परि- व्राजकोंका उत्पन्न भया। यह मरीचि इस भेषसें भगवान्‌केसाथ विचरता रहा (तब) लोक इसका साधुवोंसे विसदृश लिंग देखके पूछा (तब) मरीचि, साधुका धर्म यथार्थ वतायके कहा (कि) ऐसा कठिन धर्म, मेरेसें पला नही (तव) मेंनें यह लिंग धारण किया है। यह मरीचि समोसरणके बाहिर प्रदेशमें बैठा रहताथा (उहां) जो कोई इसकेपास उपदेश सुनताथा, उसकूं यथार्थ धर्मसें प्रतिबोध देके, भीतर भगवान्‌केपास भेजदेताथा (पीछे) एक दासमें मरीचि रोगाग्रस्त हुवा। तब विचार कीया (कि) में कुलिंगी हुं। इसवास्ते साधू लोक तो मेरी वेयावच्च नहिं करते हैं (और) मुझे कराणीभी युक्त नही है। इससें अबके शरीर अच्छा होनेसे, मेरे लायक कोइ शिष्य करुंगा (जब) मरीचि अच्छा हुवा। पीछे थोडा दिनके वाद, एक कपिल नामे राजपुत्र, मरीच केपास धर्म सुणनेकूं आया (तब) मरीचनें यथार्थ साधु धर्मका

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्वरूप वर्णन कीया। तब कपिल बोला (कि) साधू धर्म उत्तम है (तो) तुमने ऐसा भेष काहेकूं धारणकरा। तब मरीचि बोला (कि) साधु धर्म मेरेसें पल नही सका। इससें मेंनें यह लिंग स्वमतिकल्पित धारण कीया है। (इस सेती) तुम भगवान्के पास जायके दीक्षा ग्रहण करो। तब कपिल राजपुत्र समवसरणकेभीतर गया (वहां) श्री ऋषभ देव स्वामीकों, छत्र चामरादि सिंहासन युक्त राज्यलीला भोगवता देखके, पीछा मरीचिकेपास आयके केनेलगा (कि) श्री ऋषभदेव स्वामी तो राज्यलीला सुख भोगवते हें। इसवास्ते उसका धर्म तो मुजकूं रुचे नही। अब तेरेपास कुछ धर्म है, या नही। तब मरीचिने जाना (कि) यह भारि कर्मा जीवहै। मेराही शिष्य होने योग्य है। इस लोभसें मरीचिने कहा वहांभी धर्म है। और मेरेपासभी देशे धर्म है। (तव) कपिल मरीचकेपास दीक्षा लेके शिष्य हुवा (शरिषाः शरिषेण रच्यंते इति वचनात्)॥ यह सांख्य मतके प्रवर्त्तक, कपिल मुनिकि उत्पत्ति कही॥ (उस्समय) मरीचिके तथा कपिलकेपास कोईभी उसके धर्मसंबंधी पुस्तक नही था॥ निःकेवल जो कुछ आचार मरीचिने वताया उस प्रकारे कपिल कर्त्ता रहा॥ (और) मरीचिने, शिष्यके लोभसें मेरे पासभी किंचित् धर्म है (ऐसे) उत्सूत्र भाषणेसें एक कोटाकोटि सागरोपमलग जन्म मरण करके, अंतमे २४मा तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी हुवा उस मरीचिके काल करे पीछे, कपिल मरीचिके वताया यथार्थ ज्ञानशून्य आचारमें चलता रहा। उस कपिलमुनीके आसुरी नामे शिष्य हुवा। और भी बहोतसे शिष्य हुए

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(जिनकुं) पुस्तकशून्य,आचारमात्र,ज्ञान वतलाया। शिष्यूंके ऊपर बहुतसा प्रेम रखता थका, कपिल मुनि, शेषमें काल करके, ५ मा ब्रह्म देवलोकमें देवता हुवा। उत्पत्तिके अनंतर, तत्काल अवधि ज्ञानसें देखा। कि मेनें परभवमें क्या दान पुन्य करा है। तब पूर्व भव देखनेसें, अपणा आसुरी शिष्यकूं ग्रंथज्ञानशून्य देखा। तब विचार कीया। की मेरा शिष्य कुछ जानता नही है (इसवास्ते) में इस कुं कुछ तत्वोपदेश करुं। ऐसा विचार करके, कपिल देव आकाशमें, पंचवर्णा मंडलमें रहकर, तत्वज्ञानका उपदेश कर्त्ता भया। अव्यक्तसें व्यक्त प्रगट होता है (इत्यादि) धर्मका स्वरूप आकासवानीसें सुनके, आसुरीनें तिस अवसरमें, षष्टि तंत्र, प्रमुख अनेक ग्रंथ वनाये (फेर) इसकी संप्रदायमें एक संख नामा आचार्य हुवा। (तबसें) इस मतका सांख्यण साताप्त हुवा सांख्य परिव्राजक संन्यासियोंके लिंगका, आचारादिकका मूल, यह मरीचि हुवा। एक जैन मतके विगर सब मतोंकी जड, इसकूं समजना चाहिये ॥

॥ अब जैन पंडित ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति लि० ॥

(जिस दिन) श्री ऋषभदेव स्वामीकूं केवल ज्ञान उत्पन्न हुवा। उसी वखत भरत राजाके, आयुधशालमें हजार देवाधिष्टित चक्ररत्न उत्पन्न हुवा। दोनू तरफका वधाईदार साथमें आया। उन दोनुंकूं वधाई देके धर्मकूं मोटा जानके, प्रथम केवल ज्ञानका उच्छव करके पीछे चक्ररत्नका उच्छव करा (औरभी) हजार हजार देवाधिष्ठित १३ रत्न उत्पन्न भया। इस १४ रत्नोंके

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संयोगसें, भरत क्षेत्रके, छउं खंडमें, अपनी आज्ञा मनाई (इस वास्ते) इसका नाम, भरतखंड, ऐसा प्रसिद्ध हुवा ॥ (जब) छखंड साधके, भरत पीछा विनीता नगरीमें आया । (तथापि) चक्ररत्न आयुधशालामें प्रवेश करे नहिं (जब) अपणे ९९ भाइयां कूं अपणी आज्ञा मनाणेके लिये दूत भेजा । (तब) बाहुबलजी विगर ९८ भाइयांने विचार किया (कि) राज्य तो हमकूं, पिता ऋषभदेव स्वामी देगए हैं (तो) इस भरत की आज्ञा कैसें माने । चलो, अब पिताकूं पुछें । जो पिता आज्ञा देवेगा सो करेगें । ऐसा विचारके भगवान्केपास गए (तब) ऋषभदेव स्वामीनें उनके मनका अभिप्राय जानके, ऐसा उपदेश करा । जिनसें ९८ भाइयोंनें दीक्षा ग्रहण करी । सब झगडे छोड दीये (और) बाहुबलजी दूतके मुख सें सुनके, बहुतसे क्रोधमें आयके युद्धकी त्यारी करी (तब) भरतजीभी चढके आये । दोनूंके आपसमें बडा युद्ध हुवा ॥ भरत तो चक्रवर्त्ती था (और) बाहुबलजी बहोत बल पराक्रमका धरनेवाला था । इसवास्ते बाहुबली युद्धमें हारा नहिं । चक्ररत्न, गोत्रपर चले नहिं । इसवास्ते भरतजी जीतसके नहीं (शेषमें) बाहुबलजी आपसें समझके दीक्षा ग्रहण करी । तब लोकोंमे भरतजीकी अपकीर्ति भई (पीछे) भरतजीभी अपणा सब भाईयोंकूं दीक्षालीवी सुनके, चित्तमें उदास होके, उनोंकूं राजी करणेकेलिये, भोजन करानेकों, पकवानोंके गाडे भरायके, भगवान्के, समोसरणमें आया (और) केनें लगा, कि अपने भाइयोंकूं भोजनकरायके, मेरा अपराधकुं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

माफ कराउंगा (तब) भगवान् श्री ऋषभदेवस्वामी कहनें लगे (कि यह) आहार, साधुवोंके लेनें योग्य नहिं (तब) भरतजी मनमे उदास होके केनें लगे (कि) यह आहार किसकूं देउं (तब) भगवाननें कहा, जो तेरेसें गुणोंमें अधिक होय, ऐसे वृद्धश्रावक साधर्मीयांकूं भोजन करावे । तो तुजको पूर्ण लाभ होवे तब भरतजीनें बहुत गुणवान् श्रावकोंकूं वो भोजनजिमाया (और) उन श्रावकोंकूं ऐसा कह दीया (कि) तुह्म सब जने मिलकर सदैव मेरे इहां भोजन कर लियां करो । (औरभी) जो खरच तुमारे चहीये (सो) मेरे भंडारसें लेलीयां करो ॥ (और) वाणिज्यादिक सर्व काम छोडके, स्वाध्याय करनेमें, पढानेंमें, भगवान्को धरम प्रवर्त्तन करनेमें, सदाकाल सावधान रहो (और) मेरे महिलूंकेपास रहते हुवे मेरेकूंभि ऐसे वचन सुनाते रहो । (जितो भवान् वर्द्धते भयं । तस्मात् माहन माहन) तब जो वृद्धश्रावक भरतजीके कहनेसें सब काम छोडके निःकेवल धरमकार्य करणेमें उद्यमवंतभए (तबसें) जैनी पंडित, वृद्धश्रावकोंकी उत्पत्ति भई । श्री अनुयोगद्वारजी सूत्रमेंभि, जैनी पंडित श्रावकोंका नाम, वुड्ढसावया ऐसा लिखाहै, यह वृद्धश्रावक भरतजीके महिलोंकेपास बैठे हुवे (जितो भवान्) इस पूर्वोक्त वचनकूं सदाकाल उच्चारन कर्त्तेरहे । (और) भरतजी तो सदा काल भोगविलासमें मग्न रहते थे (तथापि) वृद्धश्रावकोंका वचन सुनके, मनमें चिंतवन करनें लगे । कि मुझकुं किसनें जीताहै । तब सरन हुवा । कि मेरेकुं । क्रोध, मान, माया, लोभ, कषायादिकसें, मोहराजा जीतरयाहै

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(इससेती) हूं संसारमें मग्न होयरह्यो हूं । मेरे भाइयादिक सर्व धन्य है । जिनोनें राज्य छोडके चारित्र ग्रहण कीया है। इत्यादिक धर्मकी वार्त्ता स्मरण करनेसें, दिलमें वैराग्य उत्पन्न होता था (और) वृद्ध श्रावक, वेरवेर, माहन माहन, पूर्वोक्त वचन कहनेसें, लोक सर्व, उन वृद्धश्रावकांकूं, माहन ऐसे नामसें कहने लगे (तबसें) यह जैनी ब्राह्मण उत्पन्न भए । प्राकृत भाषामें ब्राह्मणकूं माहन नामसें लिखा है । प्राकृत व्याकरणसें, ब्राह्मण शब्द, बंभण (अरु) माहन, इस दोय नामसें सिद्ध होता है । ऐसे श्रावक माहन भोजन करनेवाले, दिन २ बहुतवधे । तब रसोईदार भरतजीकुं कहा । कि इनोंमें श्रावककी, वा अन्य पुरुषकी, क्या मालम पडे । तब जितने श्रावक थे । उनकुं बुलायके सर्वकी परीक्षा करी । श्रावक जानके भरतजीनें उनोंके शरीरमें, कांकणी रत्नसें तीन २ रेखाका चिन्ह कीया (इससें) जिनोपवीत धारनकी रीति प्रशिद्ध भई ॥ (पीछे) भरतजीका बेटा सूर्ययशा हुवा । जिसके संतानवाले, भरतक्षेत्रमें, सूर्यवंशी कहे जाते हैं (अरु) बाहुबलीका बडा पुत्र, चंद्रयशा था (तिसके) संतानवाले, चंद्रवंशी कहे जाते हैं । श्रीऋषभदेवजीके कुरुनामे पुत्रके संतानवाले सर्व कुरुवंशी कहे जाते हैं । (जिनमें) कौरव, पांडव हुये हैं (जब) भरतका बेटा. सूर्ययशा सिंहासनपर बेठा था । तब तिसकेपास कांकणी रत्न नहिं था (क्यों कि) कांकणीरत्न चक्रवर्त्ति शिवाय और किसीकेपास नहिं होता है । (इसवास्ते) सूर्ययशा राजानें, ब्राह्मण श्रावकांके गलेमें, सुवर्णमय जिनोपवीत

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करवा दीया । तथा भोजन प्रमुख सर्व भरतमहाराजकीतरे देते रहे (जब) सूर्यजशाका बेटा, महा यश, गद्दीपर बेठा (तब) तिसने रूपेके जिनोपवीत बनवा दीया । आगे तिनके संतानोंने पंचरंगे रेशमी पट्टसूत्रमय जिनोपवीत बनाते रहे । इस पीछे सादे सूतके बनाये गये । यह जिनोपवीतकी उत्पत्ति कही ॥

॥ अब चार वेदोंकी उत्पत्ति लिखते हैं ॥

जब भरतजीनें, ब्राह्मणोकूं बहुतसा मान्या पूज्या (तब) दूसरे भी लोक ब्राह्मणाकूं दानादिक देनें लगे (और) धर्मकृत्य सर्व उनीकेपास सीखनें लगे । तथा करानें लगे (तब) भरत चक्रवर्त्तिनें, ऋषभदेवस्वामी के वचनानुसारे, तिन ब्राह्मणूंके, स्वाध्याय करनेंकेवास्ते, श्री भगवान् ऋषभ देवस्वामीकी स्तवनागर्भित, (और) पूजा, प्रतिष्ठादि, श्रावक धर्मका, संपूर्ण स्वरूप गर्भित, ८ कर्म, ७ नय, ४ निक्षेपा, ९ तत्व, क्षेत्र प्रमाणादिक गर्भित, बहुत मंत्रयुक्त ४ वेद रचे (तिनके यह नाम) १ संसार दर्शन वेद । २ संस्थापना परामर्शन वेद । ३ तत्वावबोधन वेद । ४ विद्या प्रबोध वेद । इन च्यारोंमें, सर्व नय वस्तूके कथन संयुक्त तिन ब्राह्मणांकों पढाये । भरत के ८ पाटतक तो, ब्राह्मणोंकी भक्ति भरतजीकी तरे करते रहे । (पीछे) प्रजा भी ब्राह्मणांकों भोजन करानें लगी (तबसें) सर्व जगे ब्राह्मण पूजनीक समजे गये । इस पीछे (आठमा) तीर्थंकर, श्री चंद्रप्रभ स्वामीके वखततक, सर्व ब्राह्मण जैनधर्मी श्रावक रहे (अरु) सुविधि भगवानूके पीछे, कितनाक काल व्यतीतभये, इस भरतखंडमें,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जैन धर्म (अर्थात्) चतुर्विधसंघ, और सर्वशास्त्र विच्छेद हो गये। (तब) तिन ब्राह्मणा भासोंकों लोक पूछनें लगे। (कि) धर्मका स्वरूप हमकों बतलावो। तब तिनोंने जो मनमें माना। (और) अपणा जिसमें लाभ देखा सो धर्म बतलाया। अनेक तरहके ग्रंथ बनाते रहे (जब दशमा) श्री सीतलनाथ अरिहंत हुए। तिनोंने जब फेर जैनधर्म प्रगट करा (तथापि) कितनेक ब्राह्मणभासोंने न माना स्वकपोल कल्पित मतहीका कदाग्रहरका (जबसें) अन्य मति ब्राह्मण भए (और) उलटे जिन धर्मके साधुवांके द्वेषी बन गए (इसी तरे) ८ भगवानके ७ अंतर कालमें जिनधर्म विच्छेद होता रहा (इससें) बहुत मिथ्या धर्म वढता गया ॥ (यदुक्तं आगमे) सिरिभरहचक्कवट्टी। आयरियवेयाण विस्सुउप्पत्ती। माहण पढणत्थमिणं। कहियं सुहझाण विवहारं ॥ १ ॥ जिणतित्थे वुच्छिन्ने। मिच्छत्ते माहणेहिं ते ठविया। अस्संजयाण पूआ। अप्पाणंकाहियातेहिं ॥ २ ॥ (इत्यादि) ॥ (फेर) कितनेक काल पीछे, याज्ञवल्क्य, सुलसा, पिप्पलाद, अरु पर्वत, प्रमुख ब्राह्मणाभासोनें, धनके लोभसें, तिन वेदोंमें जीवहिंसा प्रमुख प्ररूपणा करके उलट पुलट कर डारे। जैन धर्मका नामभी वेदांमेंसे निकाल दीया। बलकी अन्योक्ति करके (दैत्यदस्युवेदबाह्य) इत्यादिनामोंसे, साधुआंकी निंदा गर्भित, १ ऋग्। २ यजु। ३ साम। ४ अथर्वण, ये ४ नाम कल्पन कर दीये। (यही वात) बृहदारण्य उपनिषदके भाष्यमें लिखा है (कि) यज्ञोंका कहनेवाला सो

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यज्ञवल्क्य । तिसका पुत्र याज्ञवल्क्य । इस कहनेसेंभी यही प्रतीत होता हे। जो यज्ञोंकी रीति, प्राय याज्ञवल्क्यसेंही चली हे (तथा) ब्राह्मण लोकांके शास्त्रमेंभी लिखा है (कि) याज्ञवल्क्यनें पूर्वली ब्रह्मविद्या वमके, सूर्यपासे, नवीन ब्रह्मविद्या सीखके प्रचलित करी (इस्से) यही अनुमान निकलता है (जो) याज्ञवल्क्यनें, प्राचीन वेद छोडके नवीन वेद बनाये । (इस्सें) वर्त्तमान ४ वेद (और) जीवहिंसायुक्त यज्ञकी उत्पत्ति, प्रायः याज्ञवल्क्यादिकोंसें हुई संभव है ॥

(तथा) श्री तेसठ शलाका पुरुष चरित्र ग्रंथमें, आठमें पर्व के दूसरे सर्गमें, ऐसा लिखा है (कि) काशपुरीमें, दो सन्यासणियां रहती थीं, तिसमें एकका नाम सुलसा था (अरु) दूसरीका नाम सुभद्रा था, (यह) दोनूंही वेद अरु वेदांगोंकी जानकार थी। (तिस) दोनुं बहिनोंनें बहुतसे वादियोंको वादमें जीते। (इस अवसरमें) याज्ञवल्क्य परिव्राजक, तिनके साथ वाद करनेंकों आया, आपसमें ऐसी प्रतिज्ञा करी (कि) जो हार जावै। वो जीतनेंवालेकी सेवा करै। (तब) याज्ञवल्क्यनें, सुलसाकों वादमें जीतके, अपनी सेवा करनेंवाली बनाई ॥ सुलसाभी रात दिन याज्ञवल्क्यकी सेवा करनें लगी। (अरु) दोनुं युवान थे, इससें कामातुर होके, आपसमें भोगविलास करनें लग गए। (सच्च है) कि अग्निकेपास, घी रहनेंसें पिघलैईगा (तथा) घी, घास, फूस, मिलनेंसें, अग्नि वधैईगा (निदान) दोनुं काम क्रीडामें मग्न होकर, काशपुरीके निकट, कुटीमें वास

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करते थे (तब) याज्ञवल्क्य, सुलसाके पुत्र उत्पन्न भया (तब) लोकोंके उपहासके भयसें, उस लडकेकों, पींपलके वृक्ष नीचे छोडकर, दोनुं भागके कहाइं चले गए ॥ (यह वृत्तांत) सुलसाकी बहन, सुभद्रानें सुना । (तब) तिस बालककेपास आई (जब) बालककों देखा (तो) पींपलका फल स्वयमेव मुखमें पडा हुवा चबोल रहा हे (तब) तिसका नामभी पिप्पलाद रक्खा । (और) तिसकों अपनें स्थानमें ले जाके यत्नसें पाला (अरु) वेदादि शास्त्र पढाए (तब) पिप्पलाद बडा बुद्धिमान् हुवा । बहुत वादियोंका अभिमान दूर किया (पीछे) तिस पिप्पलादकेसाथ सुलसा (और) याज्ञवल्क्य, यह दोनुं वाद करनेंकों आए (तब) तिस पिप्पलादनें दोनुंकों वादमें जीत लिया (और) सुभद्रा मासीके कहनेंसें जान गया (कि) यह दोनुं मेरा माता, पिता है ॥ और मुझे जन्मतेकों निर्दयी होकर छोड गये थे (इससें) बहुत क्रोधमें आया (तब) याज्ञवल्क्य (अरु) सुलसाके आगे । मातृमेध, पितृमेध, यज्ञोंकों युक्तियोंसें स्थापन करके, मातृपितृमेधमें, सुलसा याज्ञवल्क्यकों मारके होम करा (यह) पिप्पलाद, मीमांसक मतका मुख्य आचार्य हुआ ॥ इसका वातली नामें शिष्य हुवा (तबसें) जीव हिंसा संयुक्त यज्ञ प्रचलित हुए (इससें) याज्ञवल्क्यके वेद बनानेंमें कुछभी संका नहीं (क्यों कि) वेदमें लिखा है (याज्ञवल्केति होवाच) अर्थात् याज्ञवल्क्य ऐसें कहता हुवा (तथा) वेदमें जो साखा है, वे वेदकर्त्ता मुनियोंकेही सब वंस हें (इसी तरे) श्री आवश्यकजी मूल

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सूत्रमें लिखा है (कि) जीव हिंसा संयुक्त, जो वेद है (सो) सुलसा (अरु) याज्ञवल्क्यादिकोंनें बनाये हैं (और) कितनीक उपनिषदोंमें पिप्पलादकाभी नाम है (तथा) और मुनियोंकाभी कितनेक जगेमें नाम है । जमदग्नि, काश्यपतो वेदोंमें खुद नामसें लिखे हें । फेर वेदोंकें नवीन होनेंमें कुछ संका नहीं ॥ (इस पीछे) महाकाल असुरके सहायसें, पर्वतनें, बहुत जीव हिंसा संयुक्त वेद प्रचलित किये हैं। उसका विशेषअधिकार आवश्यक सूत्र, तेसठ शलाका चरित्रादिकमें लिखा है। उहांसें देख लेना (यह) जैन ब्राह्मण, जैन वेद, (तथा) प्रसंगसें, अन्यमत वेदोत्पत्ति कही ॥ (अब) श्री ऋषभदेवस्वामीके परिवारकी संख्या कहते हें ॥ भगवान् श्री ऋषभदेव स्वामीके सर्व चोरासीहजार (८४०००) साधु हुए (जिसमें) पुंडरीकजी प्रमुख ८४ गणधर हुए ॥ ब्राह्मीजी प्रमुख तीनलाख (३०००००) साध्वी हुई ॥ बीसहजार छसो (२०६००) बेक्रिय लब्धिधारक हुए ॥ बारेहजार छसै पन्नास (१२६५०) वादी विरुद धारक हुए ॥ नवहजार (९०००) अवधिग्यानी हुए ॥ वीसहजार (२००००) केवल ग्यानी हुए बाराहजार साढासातसे (१२७५०) मनपर्यव ग्यानी हुए ॥ च्यारहजार साढासातसे (४७५०) चौदे पूर्वधारी हुए ॥ ३ लाख ५० हजार (३५००००) श्रावक हुए ॥ ५ लाख ५४ हजार (५५४०००) श्रावकण्यां (इत्यादि) बहुतसे जीवोंका उद्धार करके, अंतसमें कैलास पर्वतके ऊपर ६ उपवास तप करके संयुक्त, अनशन किया। पद्माशन मुद्रायें, आ-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२९०० वेक्रियलब्धिवंत भये ॥ १४०० वादी विरुद धारक भये ॥ २२०० अवधिज्ञानी भये ॥ १७५० मनपर्यव ज्ञानी भये ॥ २२०० केवलज्ञानी भये ॥ ६६८ चवदे पूर्वधारी हुये ॥ १ लाख ८३ हजार श्रावक भये ॥ ३७०००० श्राविका हुई, इत्यादिक बहुतसे जीवोंका उद्धार करके, अंतसमें समेतसिखरजी पर्वतऊपर, ५०० साधुवोंकेसाथ १ मासका अनशन कीया। काउसग्ग मुद्राइं, आत्मगुणके ध्यानसें, सर्वकर्मोकों खपायके, मिति फागुणसुदि १२ के दिन, ५५ हजार वर्षको आयुष्यमान पूरो करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्ति भये। शासनदेव कुबेरयक्ष। शासनदेवी धरणप्रिया। देवगण। अश्वयोनि। मेषराशि। अंतरमान ५४०००००० वर्ष, सम्यक्तपायेवाद तीसरे भवमें मोक्ष गया ॥

॥ इति १९ मा श्री मल्लिनाथस्वामी अधिकारः ॥ १९ ॥

॥ अथ २० मा श्री मुनिसुव्रतस्वामी अधिकारः ॥

राजगृही नामा नगरीमें, हरिवंशी, सुमित्र नामें राजा हुवा (तिसके) पद्मावती नामें पट्टराणी भई। जिसकी कूखमें, अपराजित नामा अनुत्तर विमानसें चवके, मिति श्रावण सुदि १५ के दिन, भगवान् उत्पन्न भया। तब मातायें गजादि अग्नि शिखापर्यंत, १४ स्वप्ना प्रगटपणें मुखमें प्रवेश कर्त्ता हुवा देखा, पीछे सर्व दिशा सुभिक्षसमें, ज्येष्ट वदि ८ के दिन, श्रवण नक्षत्रे, जन्म कल्याणक हुवा (उस वखत) ५६ दिशा कुमारीयों मिलके, सूतिका महोच्छव कीया (पीछे) ६४ इंद्र, मेरु पर्वतपर भगवान् कों ले जायके, जन्म महोच्छव कीया। तिस

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पीछे, सुमित्र राजायें १० दिवसपर्यंत, वडो जन्म महोच्छव करके, सर्व न्याती गोती प्रजागणकों मनसा भोजन करायके, सर्वके, सन्मुख, मुनिसुव्रत कुमर नाम स्थापन कीया। (नाम स्थापनका यह हेतु हे) कि भगवान् गर्भमें स्थित हुवा, तब माता मुनिकी तरे, भले व्रतवाली होती भई (इस हेतुसें) मुनिसुव्रत नाम दीया। कच्छपके लंछनयुक्त। श्यामवर्ण, शरीर प्रमाण २० धनुष हुवा। ३ ज्ञान सहित, महा तेजस्वी, १००८ लक्षणालंकृत, भोगावली कर्म निर्जरार्थे, विवाह करके, क्रमसें राज्यपद धारण कीया। पीछे अवसर आये, लोकांतिक वचनसें, मिति फागुण शुदि १२ के दिन, राजगृही नगरीमें, छठ तप करके, चंपेका वृक्षके नीचे, १००० पुरुषोंकेसाथ, दीक्षा ग्रहण करी (उस वखत) चोथो मनपर्यव ज्ञान उत्पन्न भयो। प्रथम छठ को पारणो, ब्रह्मदत्तके घरे, परमान्न क्षीरसें हुवा। ११ मास छद्मस्थपणें विहार करके, फिर राजगृही नगरीमें आये। वहां छठ तप सहित, फागुण वदि १२ के दिन, लोकालोक प्रकाशक, केवल, ज्ञान उत्पन्न हुवा (उस वखत) चतुर्निकाय देवगणका कीया हुवा समोसरणमें, १२ परिषदाके सन्मुख, भगवान् धर्मोपदेश देके, चतुर्विध संघकी स्थापना करी। भगवानके ३० हजार सर्व साधु भये (जिसमें) मल्लि प्रमुख १८ गणधर हुये पुष्पवती प्रमुख ५० हजार सर्व साध्वी भई॥ २००० वैक्रिय लब्धिवंत भये॥ १२०० वादी विरुद् धारक भये॥ १८०० अवधि ज्ञानी भये॥ १५०० मनपर्यव ज्ञानी भये॥ १८०० केव-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लज्ञानी भये ॥ ५०० चवदे पूर्वधारी भये ॥ १ लाख ७२ हजार श्रावक भये ॥ ३ लाख ५० हजार श्राविका भई (इत्यादिक) बहुतसे जीवोंका उद्धार करके, अंतसमें समेत शिखरजी पर्वतऊपर, १००० साधुवोंके साथ, १ मासका अनशन कीया॥ काउसग्ग मुद्राइं, आत्मगुणके ध्यानसें, सर्व कर्मोंको खपायके, मिति ज्येष्ट वदि ९ के दिन, ३० हजार वर्षको आयुष्य मान पूरो करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्ति भये। शासनदेव वरुण यक्ष। शासनदेवी नरदत्ता । देवगण । वानर योनि मकर राशि। अंतरमान ६ लाख वर्ष। सम्यक्त पायेवाद, तीसरे भवमें मोक्षगये॥ इणोकेवारे रामचंद्र लक्ष्मण ८ मां वलदेव वासुदेव रावणप्रति वासुदेव हुवा॥

॥इति५५ बोल गर्भित २० माश्री मुनि सुव्रतस्वामी अधिकारः२०॥

॥ अथ २१ मा श्री नमिनाथस्वामी अधिकारः ॥

मथुरा नामा नगरीमें इक्ष्वाकुवंशी, विजय नामा राजा हुवा तिसके वप्रा नामें पट्टराणी भई। जिसकी कूखमें, प्राणत नामा देव लोकसें चवके, मिति आशोज सुदि १५ के दिन, भगवान् उत्पन्न भया। (तब) मातायें गजादि अग्नि शिखापर्यंत, १४ स्वप्ना प्रगटपणें मुखमें प्रवेश कर्त्ता हुवा देखा (पीछे) सर्व दिशा सुभिक्षसमें, मिति श्रावण वदि ८ के दिन, अश्विनी नक्षत्रे जन्मकल्याणक हुवा (उसीवखत) ५६ दिशा कुमारीयों मिलके, सूतिका महोच्छव कीया (पीछे) ६४ इंद्र मेरु पर्वतपर भगवानकों ले जायके जन्म महोच्छव कीया (तिस पीछे) विजय

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

राजायें १० दिवसपर्यंत मोटो जन्म महोच्छव करके, सर्व न्याती गोती प्रजा गणकों मनसा भोजन करायके, सर्वके सन्मुख, श्री नमीनाथकुमर नाम स्थापन कीया (नाम स्थापनका यह हेतु हे कि) भगवान् माताके गर्भमें आये, तब वैरी राजायोंनेभी नमस्कार करा (इस कारणसें) नमी कुमर नाम दीया। कमलका लंछनयुक्त। पीतवर्ण। शरीरका प्रमाण १५ धनुष हुवा। ३ ज्ञान सहित, महा तेजस्वी. १००८ लक्षणालंकृत, भोगावली कर्म निर्जरार्थे, विवाह करके, राज्यपद धारन किया। पीछे अवसर आये, लोकांतिक देवताके वचनसें, मिति आषाढ वदि ९ के दिन, मथुरा नगरीमें छठ तप करके, १ हजार पुरुषोंकेसाथ, बकुल वृक्षके नीचे, दीक्षा ग्रहण करी। उस वखत चोथो मन पर्यव ज्ञान उत्पन्न भयो। प्रथम छठको पारणो, दिन्न कुमारके घरे, परमान्न क्षीरसें हुवो। ६ मास छद्मस्थपणें विहार करके फिर मथुरा नगरीमें आये। वहां छठतप सहित, मिगसर सुदि ११ के दिन, लोकालोक प्रकाशक, केवल ज्ञान उत्पन्न हुवा (उसवखत) चतुर्निकायदेवगणका कीया हुवा समोसरणमें, १२ परिषदाके सन्मुख भगवान् धर्मोपदेश देके चतुर्विध संघकी स्थापना करी। भगवान्के २० हजार सर्व साधु भये (जिसमें) शुभप्रमुख १७ गणधर हुये। अनिला प्रमुख ४१ हजार सर्व साध्वी भई ॥ ५००० वैक्रियलब्धिवंत भये ॥ १००० वादी विरुद्ध धारक भये ॥ १६०० अवधि ज्ञानी भये १२५० मनपर्यव ज्ञानी भये ॥ १६०० केवल ज्ञानीभये ॥ ४५० चवदे पूर्वधारीभये ॥ १ लाख ७० हजार श्रावक भये ॥ ३ लाख

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

४८ हजार श्राविका हुई (इत्यादिक) बहुतसे जीवोंका उद्धार करके, अंतसमें समेतशिखरजी पर्वतऊपर १००० साधुवोंके साथ १ मासका अनशनकीया । काउसग्ग मुद्राइं आत्मगुणके ध्यानसे, सर्व कर्मोंकों खपायके, मिति वैशाखवदि १० के दिन, १० हजार वर्षको आयुष्यमान पूरो करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्त भये । शासनदेव भृकुटीयक्ष शासनदेवी गंधारी । देवगण । अश्वयोनि । मेषराशि । अंतरमान ५००००० वर्ष, सम्यक्त पायेवाद तीसरेभवमें मोक्षगये ॥ इनोंके वारे हरिषेणनामा १० मा चक्रवर्त्ति हुवा ॥ और २१ मा (तथा) २२ मा तीर्थंकरके अंतरमें, ११ मा जयनामा चक्रवर्त्ति हुआ ॥ इति २१ मा श्री नमिनाथस्वामी अधिकार संपूर्णम् ॥

॥ अथ २२ मा श्री नेमिनाथस्वामी अधिकारः ।

सोरीपुरनामा नगरमें, हरिवंशी, समुद्रविजयनामें राजा हुवा तिसके शिवादेवी नामें पट्टराणी । जिसकी कूखमें, अपराजित-नामें देव लोकसें चवके, मिति कार्त्तिकवदि १२ के दिन, भग-वान् उत्पन्न भया । तब मातायें गजादि अग्निशिखापर्यंत १४ स्वप्ना प्रगटपणें मुखमें प्रवेशकर्त्ता देखा । पीछे सर्व दिशा सुभि-क्षसमें, मिति श्रावणसुदि, ५ के दिन, चित्रा नक्षत्रे, जन्मकल्याणक हुवा (उसीवखत) ५६ दिशा कुमारीयों मिलके सूतिका महो-च्छव कीया (पीछे) ६४ इंद्र मेरुपर्वतपर भगवानकों लेजायके जन्ममहोच्छव कीया । तिस पीछे समुद्रविजय राजायें १० दिन पर्यंत मोंटो जन्ममहोच्छव करके सर्व न्याती गोती प्रजागणकों

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मनसा भोजन कराके, सर्वके सन्मुख, श्री अरिष्टनेमि कुमर नाम स्थापन कीया (नाम स्थापनका यह हेतु है कि) भगवान् जब गर्भमें आया, तब मातानें अरिष्ट रत्नमय बडा नेमी (चक्रधारा) आकाशमें उत्पन्न स्वप्नमें देखा। तिस कारणसें अरिष्टनेमि नाम दिया। शंखके लंछनयुक्त, श्यामवर्ण, शरीरका प्रमाण १० धनुष हुवा। ३ ज्ञानसहित, महातेजस्वी, १००८ लक्षणालंकृत विवाहकिये विगर कुमारअवस्थामें रहै (पीछे) काकेका बेटा श्रीकृष्ण, तथा बलभद्रनें बहुत हठ करके, मनविगर राजीमतीके साथ विवाह ठहराया। जब जान लेके भगवान् सुसराके घरे तोरणकेपास आये। उहां मारणके निमत्त बहुतसे जानवर वाडा पींजरामें भरे हुवे देखे। तब दया करके सर्व जीवां कों बंधमेंसें छोडाए। और आप पीछा घिरके दिक्षा लेनेकों तैयार भए, फेर लोकांतिक देवताके वचनसें, मिति श्रावणसुदि ६ के दिन, द्वारका नगरीके बाहिर गिरनारपर्वतपर, छठ तप करके, वेडसवृ-क्षके नीचे, १००० पुरुषोंके साथ, दीक्षा ग्रहण करी (उसवखत) चोथो मनपर्यव ज्ञान उत्पन्न भयो। प्रथम छठको पारणो, वरदिन्नके घरे, परमान्नक्षीरसें हुवो। ५४ दिन छद्मस्थपणें विहार करके, फिर गिरनार पर्वतपर आये वहां अट्ठम तपसहित, आशोजवदि अमावसकेदिन, लोकालोक प्रकाशक केवलज्ञान उत्पन्नभया। उसवखत चतुर्निकाय देवगणका कीया भया समोसरणमें, १२ परिषदाके सन्मुख, भगवान धर्मोपदेश देके, चतुर्विध संघकी स्थापना करी। भगवानके १८ हजार सर्व साधुभये (जिसमें)

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वरदत्त प्रमुख १८ गणधर पदधारक हुये । यक्षणी प्रमुख ४० हजार सर्व साध्वी हुई ॥ १५०० वैक्रियलब्धिवंत भये ॥ ८०० वादीविरुद्पद धारक भये ॥ १५०० अवधि ज्ञानी भये ॥ १००० मनपर्यव ज्ञानी भये ॥ १५०० केवल ज्ञानी भये ॥ ४०० चवदे पूर्वधारी भये ॥ १ लाख ६४ हजार श्रावक भये ॥ ३ लाख ३६ हजार श्राविका भई (इत्यादिक बहुतसे जीवोंका उद्धार करके अंतसमें गिरनारजी पर्वतपर, ५३६ साधुवोंकेसाथ १ मासका अनशन कीया । पद्मासन मुद्राइं, आत्मगुणके ध्यानसें, सर्व कर्मांकूं खपायके, मिति आषाढ सुदि ८ के दिन १ हजार वर्षको आयुष्यमान पूरण करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्ति भये । शासनदेव गोमेध यक्ष । शासनदेवी अंबिका । राक्षस गण । महिष योनि । कन्या राशि । अंतरमान ८३ हजार ६ से ५० वर्ष, सम्यक्त पायेबाद नवमें भवमें मोक्ष गये ॥ इनोंके वारै, इनोंके चाचेका बेटा, श्रीकृष्ण नवमा वासुदेव, तथा बलभद्र बलदेव भया ॥ और बाईशमा भगवान पीछे, तेवीसमा भगवान पहले इस अंतरमें १२ मा ब्रह्मदत्त नामें चक्रवर्त्ति भया ॥ इति ॥

॥ अथ २३ मा श्री पार्श्वनाथस्वामी अधिकारः ॥

वणारसी नामा नगरीमें, इक्ष्वाकुवंशी, अश्वसेन नामे राजा हुवा । जिसके वामा देवीनामें पट्टराणी, जिसकी कूखमें, प्राणतनामा देवलोकसें चवके, मिति चैत्र वदि ४ के दिन, भगवान् उत्पन्न भये । तब मातायें, गजादि अग्निशिखा पर्यंत, १४ स्वप्न प्रगटपणें मुखमें प्रवेश कर्त्ता देखा । पीछे सर्व दिशा सुभिक्षसमें,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मिति पोष वदि १० के दिन, विशाखा नक्षत्रे जन्म कल्याणक हुवा। उसी वखत ५६ दिशा कुमारीयों मिलके सूतिका महोच्छव कीया। पीछे ६४ इंद्र, मेरु पर्वतपर भगवानकों ले जायके, जन्म महोच्छव कीया। तिस पीछे अश्वसेन राजायें १० दिवसपर्यंत मोटो महोच्छव करके, सर्व न्याती गोती प्रजागणकों, मनसा भोजन करायके सर्वके सन्मुख श्री पार्श्व कुमर नाम स्थापन कीया। नाम स्थापनाका यह हेतु है, कि भगवान जब गर्भमें आया, तब मातायें अंधारी रात्रीकों पासमें सर्प जाता हुवा देखा, इससें माता पितायें विचारा कि ए गर्भका प्रभाव है॥ इस कारणसें पार्श्वनाथ नाम दिया। सर्पका लंछनयुक्त, नीलवर्ण, शरीरका प्रमाण ९ हाथ हुवा। ३ ज्ञान सहित, महा तेजस्वी, १००८ लक्षणालंकृत, भोगावली कर्म निर्जरार्थे विवाह कीया। राज्यपद नहिं धारण करके, लोकांतिक देवताके वचनसें, मिति पोष वदि ११ के दिन, वणारसी नगरीमें, छठ तप करके, धातकी वृक्षके नीचे, ३०० पुरुषोंकेसाथ, दीक्षा ग्रहणकरी। उस वखत चोथो मनपर्यव ज्ञान उत्पन्न भयो। प्रथम छठको पारणो, धन्नाके घरे, परमान्न क्षीरसें हुवो। ८४ दिन छद्मस्थपणें विहार करके फिर वणारसी नगरीमें आये, वहां अट्ठम तपसहित, चैत्रवदि ४ के दिन, लोकालोक प्रकाशक केवल ज्ञान केवल दर्शन उत्पन्न भया। उस वखत, चतुर्निकाय देवगणका कीया हुवा, समोसरणमें, १२ परिषदाके सन्मुख, भगवान् धर्मोपदेश देके चतुर्विध संघकी स्थापना करी। भगवान्के १६ हजार सर्व साधु भये। जिसमें, आर्यदिन्न प्रमुख १० गणधर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पद धारक हुये । पुष्पचूडा प्रमुख ३८ हजार सर्व साध्वी भई ॥ ११०० वैक्रिय लब्धिवंत भये ॥ ६०० वादी विरुद पद धारक भये ॥ १००० अवधि ज्ञानी भये ॥ ७५० मनपर्यव ज्ञानी भये ॥ १००० केवल ज्ञानी भये ॥ ३५० चवदे पूर्वधारी भये ॥ एक लाख ६४ हजार श्रावक भये ॥ ३ लाख ३९ हजार, श्राविका भई ॥ इत्यादिक बहुतसे जीवोंका उद्धार करके, अंतसमें समेत शिखरजी पर्वतऊपर, १ मासका अनशन कीया । काउसग्ग मुद्राइं आत्मगुणके ध्यानसें, सर्व कर्मांकों खपायके, मिति श्रावण सुदि ८ के दिन, ३३ साधुवोंकेसाथ, १०० वर्षका आयुष्य मान पूरण करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्त भए ॥ शासनदेव पार्श्व यक्ष, शासनदेवी पद्मावती, राक्षस गण, मृग योनी, तुल राशि, अंतरमान २५० वर्ष, सम्यक्त पायेवाद १० में भवे मोक्ष गया ॥ इति २३ मा श्री पार्श्वनाथ स्वामीका ५५ बोल गर्भित अधिकारः ॥

॥ अथ २४ मा श्री वर्द्धमानस्वामी अधिकारः ॥

ब्राह्मण कुंडग्रामनामा नगरमें, कोडालश गोत्रका धरणहार ऋषभदत्त नामें ब्राह्मण हुवा, जिसके देवानंदानामें भार्या भई, जिसकी कूखमें प्राणतनामा देवलोकसें चवके, मिति आशाढ सुद ६ के दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रकेविषे भगवान् उत्पन्न भया। तब देवानंदा ब्राह्मणीयें चउदै स्वप्ना देखा (पीछे) सौधर्म इंद्र ब्राह्मणोंके कुलमें पूर्वकर्मकेयोग भगवान् कों उत्पन्न हुवा देखके, आश्चर्यभूत संबंध हुवा जानके, अपना आग्याकारी हरणेगमेषी देवताकों भेजा, सो हरणेगमेषी देवता आयके देवमाया करके

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देवानदाकी कूखसें भगवान्कों करसंपुटमें ग्रहण करके, क्षत्रियकुंड ग्रामानगरकेविषे, इक्ष्वाकुवंशी, सिद्धार्थनामें राजा, जिसके त्रिशला नामें पट्टराणी, जिसकी कूखमें मिति आशोजवद १३ के दिन अवतारण किया। और त्रिशला माताकी कूखसें पुत्रीकों अपहरण करके, देवानंदा ब्राह्मणीकी कूखमें संक्रामण किया। इसीतरे हरणेगमेपी देवता इंद्रकी आग्या करके अपने स्थानक गया (और) जिसवखत देवतानें देवानंदाकी कूखसें त्रिशला क्षत्रियाणीकी कूखमें संक्रामण किया, तब देवानंदायें तो अपना १४ स्वप्ना त्रिशला क्षत्रियाणीकेपास जाता हुवा देखा, और त्रिशला क्षत्रियाणीनें प्रगटपणें १४ स्वप्ना मुखमें प्रवेश होता देखा। पीछे सर्व दिशा सुभिक्षसमें, मिति चैत्र शुदि १३ के दिन, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रे, जन्म कल्याणक हुवा। उसी वखत, ५६ दिशा कुमारीयों मिलके सूतिकामहोच्छव कीया। पीछे ६४ इंद्र मेरु पर्वतपर भगवानकों ले जायके, जन्म महोच्छव कीया। तिस पीछे सिद्धार्थ राजायें १० दिवसपर्यंत मोटो महोच्छव करके, सर्व न्याती गोती प्रजागणकों, मनसा भोजन करायके, सर्वके सन्मुख, श्री वर्द्धमान कुमर नाम स्थापन कीया। नाम स्थापनका यह हेतु हे, कि जब भगवान् गर्भमें आया, तब सिद्धार्थ राजा धनसें राज्यसें परिवारसें बहुत वधता रहा, इससें वर्द्धमान कुमर नामदिया। तथा इंद्रादिक देवतावोंनें मेरु पर्वतपर भगवानका जन्म महोच्छव करनेंके समय अनंत वली देखके, महावीर नाम स्थापन किया॥ केशरीसिंह लंछन, पीतवर्ण, शरीरका प्रमाण ७ हाथ हुवा तीन

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ज्ञान सहित, महा तेजस्वी, १००८ लक्षणालंकृत, भोगावली कर्म निर्जरार्थे, विवाह कीया। राज्यपद धारण न किया। अवसर आये, लोकांतिक देवताके वचनसें, मिति मिगशर वदि १० के दिन, क्षत्रीकुंड नामा नगरमें, छठ तप करके, साल वृक्षके नीचे, एकाकीपणें दीक्षा ग्रहण करी, उस वखत चोथो मनपर्यव ज्ञान उत्पन्न भयो। प्रथम छठको पारणो, बहुल ब्राह्मणके घरे, परमान्न क्षीरसें हुवो। १२ वर्ष छद्मस्थपणें विहार करके, ऋजुवालका नदीपर आये, वहां छठ तप सहित, वैशाख सुदि १० के दिन, लोकालोक प्रकाशक, केवल ज्ञान उत्पन्न भया। उस वखत चतुर्निकाय देवगणका कीया भया समोसरणमें, देशना दीया ११ के दिन पावापूरिवाहिर १२ परिषदाके सन्मुख, भगवान् धर्मोपदेश देके, चतुर्विध संघकी स्थापना करी। भगवान्के सर्व साधु १४ हजार भये। जिसमें इंद्रभूति प्रमुख ११ गणधर पद धारक भये॥ चंदनबाला प्रमुख ३६००० सर्व साध्वी भई॥ ७०० वैक्रिय लब्धिवंत भये॥ ४०० वादी विरुद धारक भये॥ १३०० अवधि ज्ञानी भये॥ ५०० मनपर्यव ज्ञानी भये॥ ७०० केवल ज्ञानी भये॥ ३०० चवदे पूर्वधारी भये॥ १ लाख ५९ हजार श्रावक भये॥ ३ लाख १८००० श्राविका भई॥ इत्यादिक बहुतसे जीवोंका उद्धार करके, अंतसमें पावापुरी नगरीमें, छठ तपका अनशन कीया॥ पद्मासन मुद्राइं, आत्मगुणकेध्यानसें, सर्व कर्मांकों खपायके, मिति कार्त्तिकवदि अमावशके दिन, एकाकी,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

७२ वर्षका आयुष्यमान पूरण करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्त भये शासनदेव ब्रह्मशांति यक्ष । शासनदेवी सिद्धायिका । मानव गण । महिषयोनि । कन्या राशि । सम्यक्त पायेबाद २७ में भव मोक्ष गये श्री महावीरस्वामी मोक्ष गये पीछे, तीन वर्ष, साढी आठ महिना गए, चौथा आरा उतरा और पांचमा आरा सरू हुवा ॥

इति २४ श्री वर्द्धमान स्वामीका ५५ बोल गर्भित अधिकारः इसी तरै चोवीश भगवान्‌का नाम दृष्टांत कहा ॥ अब २४ भगवान्‌के, १२ चक्रवर्त्ति, ९ वासुदेव, ९ बलदेव, ९ प्रति वासुदेवादि बडे २ उत्तम पुरष मोक्षगामी राजादिक भए, जिन सर्वका नाम मात्र दृष्टांत इहां लिखतां हुं ॥

अथ १२ चक्रवर्त्ति अधिकारः ॥

॥ पहला श्री भरत चक्रवर्त्तिः ॥

विनीता नगरीमें प्रथम भगवान् श्री ऋषभदेव नामें राजा हुवा जिनोंके सुमंगला नामें राणी, जिसका पुत्र भरत नामें पहला चक्रवर्त्ति हुवा इनके ६४ हजार स्त्रीयों हुई, जिसमें मुख्य स्त्रीरत्न सुदामा नामें भई । जब चक्ररत्नादिक १४ रत्न उत्पन्न हुवा, तब इस भरत क्षेत्रके छ खंड में राज्य किया । अंतमें आरीसा महलमें, शुद्ध भावनासें केवलग्यान पायके चारित्र ग्रहण करके, ८४ पूर्व लाख वरषको आयुष्य पूरण करके मोक्षकों प्राप्त हुवा ॥ १ ॥ इति ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ दूसरा सगर चक्रवर्त्तिः ॥

अयोध्या नगरीमें, सुमित्र नामें राजा हुवा, जिसके जसवती नामें पट्टराणी, जिनके पुत्र सगर नामें दूसरा चक्रवर्त्ति हुवा। इनकै भद्रा नामें स्त्रीरत्न भई। जब चक्ररत्नादिक, १४ रत्न उत्पन्न हुए, तब भरत क्षेत्रके ६ खंडकों साधके राज्य किया। अंतमें चारित्र ग्रहण करकै ७२ पूर्व लाख वरषको आयुष्य पूरण करके, सिद्धि स्थानकों प्राप्त हुवा ॥

तीसरा मघवा नामें चक्रवर्त्तिः ॥

सावत्थी नगरीमें, समुद्रविजय नामें राजा, जिसके सुभद्रवती नामें पट्टराणी हुई, जिनके पुत्र मघवानामें तीसरा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके सुभद्रानामें स्त्रीरत्न हुई। अंतमें शुभभावसें चारित्र लेके सर्व पांच लाख वरषको आयुष्य पूरण करके देवलोकको प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ ३ ॥

॥ चोथा सनत्कुमारनामें चक्रवर्त्तिः ॥

हथनापुरनामा नगरमें, अश्वसेननामें राजा, जिसके सहदेवीनामें पट्टराणी, जिनकेपुत्र सनत्कुमार नामें चोथा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके जया नामें स्त्रीरत्न भई। ६ खंडका राज्य किया, अंतमें शुभभावसें चारित्र ग्रहण करके, तीन लाख वरषका आयुष्य पूर्ण करके देवलोकको प्राप्त हुवा ॥ इति ॥

॥ अथ पांचमा, श्री शांतिनाथ चक्रवर्त्तिः ॥

हथनापुरनामा नगरमें, विश्वसेननामें राजा, जिसके अचिरानामें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पट्टराणी, जिनकेपुत्र शोलमा भगवान्, पांचमां चक्रवर्त्ति श्री शांतिनाथ स्वामी हुवा, इनके विजयानामें स्त्रीरत्न भई, छ खंडका राज्य किया, अवसर आये चारित्र लेके केवल ग्यानपायके सर्व एक लाख वरषको आयुष्य पूरण करके सिद्धिस्थानकों प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ ५ ॥

॥ ६ ठा, श्री कुंथुनाथचक्रवर्त्तिः ॥

हथनापुरनामा नगरमें, सूरनामें राजा, जिसके श्रीनामें पट्टराणी जिनके पुत्र १७ मा भगवान्, छठा चक्रवर्त्ति श्री कुंथनाथस्वामी हुवा। इनके कन्हसीरीनामें स्त्रीरत्न हुई, छ खंडका राज्य किया। अवसर आये चारित्र लेके केवल ग्यान पायके, ८५ हजार वरषका आयुष्य पूरन करके मोक्षकों प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ ६ ॥

॥ ७ मा श्री अरनाथनामें चक्रवर्त्तिः ॥

हथनापुरनामा नगरमें, सुदर्शननामें राजा, जिसके देवीनामें पट्टराणी, जिनकेपुत्र १८ मा भगवान्, ७ मा चक्रवर्त्ति श्री अरनाथस्वाभी हुवा। इनके पदमश्रीनामें स्त्रीरत्न हुई। ६ खंडमें राज्य किया, अंतमें चारित्र लेके केवल ग्यान पायके ६० हजार वरषका आयुष्य पूरण करके मोक्षकों प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ ७ ॥

॥ ८ मा सुभूमनामें चक्रवर्त्तिः ॥

हथनापुरनामा नगरमें, कीर्त्तिवीर्यनामें राजा जिसके तारानामें पट्टराणी, जिनके पुत्र सुभूमनामें आठमा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके सूरश्रीनामें स्त्रीरत्न हुई। छ खंडका राज्य किया। अंतमें ३०

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हजार वरषका आयुष्य पूरण करके सातमी नरक पृथ्वीमें उत्पन्न हुवा ॥ इति ॥ ८ ॥

॥ ९ मा पद्मनामें चक्रवर्त्तिः ॥

वणारसी नामें नगरीमें, पद्मोत्तर नामा राजा, जिसके ज्वाला नामें पट्टराणी, जिसके पुत्र महापद्म नामें नवमा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके वसुंधरा नामें स्त्रीरत्न भई। अंतमें १९ हजार वरषको आयुष्य पूरण करके मोक्षकों प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ ९ ॥

॥ १० मा हरिषेण नामें चक्रवर्त्तिः ॥

कंपिलपुर नामा नगरमें, हरि नामें राजा, जिसके मेरा नामें पट्टराणी, जिनके पुत्र हरिषेण नामें दशमा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके देवी नामें स्त्रीरत्न भई। अंतमें दश हजार वरषको आयुष्य पूरण करके सिद्धि स्थानकों प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ १० ॥

११ मा, जय नामें चक्रवर्त्तिः ॥

राजगृही नामें नगरीमें, विजय नामें राजा, जिसके विप्रा नामें पट्टराणी, जिसके पुत्र जय नामें इग्यारमा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके वलच्छीनामें स्त्रीरत्न भई। अंतमें तीन हजार वरषको आयुष्य पूरण करके सिद्धि स्थानकों प्राप्त हुवा ॥ इति ॥ ११ ॥

१२ मा ब्रह्मदत्त नामें चक्रवर्त्तिः ॥

कंपिलपुर नामा नगरमें, ब्रह्म नामें राजा, जिसके चूलणी नामें पट्टराणी, जिसके पुत्र ब्रह्मदत्त नामें बारमा चक्रवर्त्ति हुवा। इनके कुरमती नामें स्त्रीरत्न भई। अंतमें ७ से वरषको आयुष्य

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पूरण करके सातमी नरक पृथ्वीमें नारकी पणें उत्पन्न हुवा ॥ इति ॥ १२ ॥

॥ १२ चक्रवर्त्ति समानशुद्धी अधिकारः ॥

ये १२ चक्रवर्त्ति काश्यपगोत्रमें हुये, इन सर्वका कंचनसमान शरीरकावर्ण हुवा। इस भरतक्षेत्रका ६ खंडमें राज्य किया। नवनिधान १४ रत्न, १६ हजार यक्ष, ३२ हजार मुगट बद्धराजा, ६४ हजार अंतेउरी, एकेक राणीसाथे दोदो वरांगना होय, तब एक लाख ५२ हजार वरांगना, ८४ लाख हाथी, ८४ लाख घोडा, ८४ लाख रथ, ९६ कोटि प्यादा। ३२ हजार नाटक, ३२ हजार बडादेश, ३२ हजार वेलाउल। १४ हजार जलपंथ। २१ हजार सन्निवेस। १६ हजार राजधानी ५६ अंतरद्वीप। ९९ हजार द्रोणमुख। ९६ कोटि ग्राम। ४९ हजार उद्यान। १८ हजार श्रेणि प्रश्रेणी। ८० हजार पंडित। ७ कोडि कौटंबिक। १६ हजार आगर। ३२ कोडि कुल। १४ हजार महामंत्रवी, १४ हजार बुद्धिनिधान। १६ हजार म्लेच्छराज्य। २४ हजार कर्पट। २४ हजार संबाधन। १६ हजार रत्नाकर। २४ हजार खेडा सुन्य। १६ हजार द्वीप। ४८ हजार पाटण। ५० कोडि दीवडिया। ८४ लाख महानिसाण। १० कोडि धजापताका। ३६ कोडि अंगमर्दक। ३६ कोडि आभरण धारक। ३६ कोडि सूपकार। तीन लाख भोजन थानक। एक कोडि गोकुल। तीन कोडि हल। ३६० सुथार। ९९ कोडि आडंबिक ९९ कोडि दासीदास। ९९ लाख अंगरक्षक। ९९ कोडि भोई। ९९ कोडि

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कावडिया । ९९ कोडि मल्लरिवा । ९९ कोडि थइयायत । ९९ कोडि पटतारक । ९९ कोडि मीठाबोला, १ कोडि ८० हजार रासभ । १२ कोडि सुखासण । ६० कोडि तंबोली, ५० कोडि पखालिया ॥ इत्यादि अनेक प्रकारकी शुद्धी सर्व चक्रवर्त्तिके समान होती है ॥ इति ॥

अथ नववासुदेव, बलदेवका दृष्टांत लि० ॥

॥ १ तृपृष्ट वासुदेवः १ अचल बलदेवः ॥

११ मा भगवान् श्री श्रेयांसनाथ स्वामीके वारे, शोभनपुरनामा नगरमें, प्रजापतिनामें राजा हुवा, जिसके मृगावतीनामें पट्टराणी, जिसकी कूखसें सातमादेवलोकसें आयके, ७ स्वप्नासूचित तृपृष्टनामें पुत्र हुवा ॥ और दूसरी भद्रानामें राणी, जिसकी कूखसें ४ स्वप्ना सूचित अचलनामें पुत्र हुवा । ये क्रमसें वधता थका अपना वैरी अश्वग्रीव प्रतिवासुदेवकों युद्धमें मारके, पहला वासुदेव हुवा । चक्रवर्तिसें आधा अर्थात् इस भरतक्षेत्रका तीन खंडमें राज्य किया । नीलेवर्ण, देहमान ८० धनुषका हुवा, अंतमें ८४ लाख वरषका आयुष्य पूरण करके तृपृष्ट वासुदेव सातमी नरक पृथ्वीमें गया । और बलदेवका उज्वलवर्ण, शरीर प्रमाण ८० धनुष हुवा, अंतमें भाईका मरण देख वैराग्यसें चारित्र ग्रहण किया, क्रमसें केवलज्ञान पायके ८५ लाख वरषका आयुष्य पूरण करके मोक्ष गया ॥ इति ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ द्विपृष्ट वासुदेवः, २ विजय बलदेवः ॥

१२ मा तीर्थंकरके बारे, द्वारामतीनामा नगरमें, वंभनामें राजा, जिसके ऊमानामें पट्टराणी, जिसकी कूखमें १० मा देवलोकसें आयके, ७ स्वप्ना सूचित, द्विपृष्टनामें पुत्र हुवा ॥ और दूसरी सुभद्रानामें राणी, जिसकी कूखसें ४ स्वप्ना सूचित विजय नामें पुत्र हुवा । ये क्रमसें युवान अवस्थाकों प्राप्त हुवा, तब अपना वैरी तारकनामें प्रतिवासुदेवकों मारके, दूसरा वासुदेव, बलदेव हुवा । तीन खंडमें राज्य किया, वासुदेवका नीला वर्ण, देहमान ७० धनुष हुवा । अंतमें ७२ लाख वरषका आयुष्य पूरण करके, छठी नरक पृथ्वीमें गया । और विजयबलदेवका उज्ञलवर्ण, शरीरप्रमाण ७० धनुष हुवा, अंतमें शुद्धभावसें चारित्र लेके केवलज्ञान पायके ७३ लाख वरषको आयुष्य पूरण करके मोक्षमें गया ॥ इति ॥

॥ ३ स्वयंभुः वासुदेवः ३ भद्र बलदेवः ॥

१३ मा तीर्थंकरके वारे, द्वारका नामा नगरीके विषे, रुद्र नामें राजा हुवा । जिसके पुहवी नामें पट्टराणी, जिसकी कूखसें, ६ ठा देवलोकसें आयके, ७ स्वप्ना सूचित स्वयंप्रभू नामें पुत्र हुवा । और सुप्रभा राणीके ४ स्वप्ना सूचित भद्र नामका पुत्र भया । ये क्रमसें युवान अवस्थाकों प्राप्त भया, तब अपना वैरी मेरुक नामें प्रति वासुदेवकों मारके, तीसरा वासुदेव बलदेव हुआ । इस भरत क्षेत्रके तीन खंडमें राज्य किया । वासुदेवका नीलावर्ण, देहमान ६० धनुष हुआ । अंतमें ६० लाख वरषका आयुष्य

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पूरण करके, छठी नरक पृथ्वीमें गया। और भद्र बलदेवका उज्ञल वर्ण, शरीरप्रमाण ६० धनुषभया, अंतमें चारित्र अंगीकार करके, केवल ग्यान पायके, सर्व ६५ लाख वरषको आयुष्य पूरण करके मोक्ष गया॥ इति तीसरा वासुदेव, बलदेव दृष्टांतम्॥

॥ अथ ४ मा पुरषोत्तम वासुदेवः, सुप्रभु बलदेवः॥

१४ मा तीर्थंकरके वारे, वारवई नामा नगरीमें, एक सोम नामें राजा हुआ। जिसके सीता नामें पट्टराणी, उसकी कूखसें ८ मा देव लोकसें आया हुवा, ७ स्वप्ना सूचित, पुरषोत्तम नामें पुत्र हुआ। और दुसरी सुदर्शना नामें राणी, जिसकी कूखसें ४ स्वप्ना सूचित सुप्रभु नामें पुत्र हुआ। ये जब युवान अवस्थाकों प्राप्त भया, तब अपना वैरी, मधु नामें प्रति वासुदेवकों मारके, चोथा वासुदेव, बलदेव, इस भरत क्षेत्रमें हुआ। तीन खंडमें अखंड राज्य किया। वासुदेवका नीलावर्ण, और शरीर प्रमाण ५० धनुषका हुवा। और अंतमें ३० लाख वरषको आयुष्य पूरण करके छठी पृथ्वीमें गया॥ और बलदेवका उज्ञलवर्ण शरीर प्रमाण ५० धनुष हुवा। अंतमें ५५ लाख वरषको आयुष्य पूरण करके मोक्ष गया॥ इति चोथा वासुदेव, बलदेव, प्रति वासुदेव, दृष्टांतम्॥

॥ अथ ५ मा पुरषसिंह वासुदेवः, सुदर्शन बलदेवः॥

१५ मा तीर्थंकरके वारे, अश्वपुरी नामा नगरीमें, शिव नामें राजा हुवा। जिसके अम्मा नामें पट्टराणी, उसकी कूखसें, चोथा देवलोकसें आया हुवा, ७ स्वप्ना सूचित, पुरषसिंह

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नामें पुत्र हुवा । और दूसरी विजया नामें राणी, जिसकी कूखसें ४ स्वप्ना सूचित, सुदर्शन नामें पुत्र हुवा । ये जब युवान अवस्थाकों प्राप्त हुवा । तब अपना वैरी निसुंभ नामा प्रतिवासुदेवकों मारके पांचमा वासुदेव, बलदेव इस भरत क्षेत्रमें भया । तीनखंडमें राज्यकिया इसमें वासुदेवका नीला वर्ण, शरीरप्रमाण ४५ धनुष हुवा, अंतमें १ लाख वरषका आयुष्य पूरण करके, छठी नरक पृथ्वीमें गया ॥ और बलदेवका उज्वलवर्ण, शरीर प्रमाण ४५ धनुष हुवा । अंतमें एक लाख ७० हजार वर्षको आयुष्य पूरण करके मौक्ष गया ॥ इति पांचमा वासुदेव, बलदेव, प्रति वासुदेव दृष्टांतम् ॥

अथ ६ पुरुषपुंडरीक वासु० आनंदबलदेवः ॥

अठारमा उगणीसमा तीर्थंकरके अंतरमें, चक्रपुरीनामा नगरीमें महाशिवनामें राजा, जिसके लक्ष्मीनामें पट्टराणी, उसकी कूखसें पांचमा देवलोकसें आया हुवा, सात स्वप्ना सूचित, पुरुष पुंडरीकनामें पुत्रहुवा । और दूसरी वैजयंतीनामें राणी, उसकी कूखसें, चार स्वप्ना सूचित आनंद नामें पुत्र हुवा । ये दोनुं जब युवान अवस्थाकों प्राप्त भये । तब अपना वैरी, बलीनामा छठा प्रतिवासुदेवकों मारके छठा वासुदेव बलदेव हुये । तीन खंडमें राज्य किया । इसमें वासुदेवका नीलावर्ण, शरीरप्रमाण २९ धनुष हुवा । अंतमें ६५ हजार वरषका आयुष्य पूरण करके, छठी नरक पृथ्वीमें गया और बलदेवका उज्वलवर्ण, शरीरप्रमाण २९ धनुष हुवा । अंतमें शुभभावसें चारित्र लेके, केवलग्यान

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पायके, सर्व ८५ हजार वरषका आयुष्य पूरण करके सिद्धिगतिमें गया ॥ इति छठा वासुदेव बलदेव दृष्टांतम् ॥

अथ ७ मा दत्त वासुदेवः नंदन बलदेवः ॥

१८ मा तीर्थंकरके वारे, वणारसीनामा नगरीमें, अग्निसिंहनामें राजा हुवा। जिसके सेसवतीनामें पट्टराणी, उसकी कूखसें, पहला देवलोकसें आया हुवा, सात स्वप्न सूचित दत्तनामें पुत्र हुवा। और दूसरी जयंती नामें राणी जिसकी कूखसें चार स्वप्न सूचित नंदननामें पुत्र हुआ, ये दोनुं जब युवान अवस्थाकों प्राप्त भये, तब अपना वैरी प्रह्लादनामा प्रतिवासुदेवकों चक्ररत्नसें मारके, सातमा वासुदेव बलदेव, हुये। तीन खंडमें राज्य किया ॥ इसमें वासुदेवका नीलावर्ण, सरीर २६ धनुष हुआ। अंतमें ५६ हजार वरषका आयुष्य पूरण करके, पांचमी नरकपृथ्वीमें गया ॥ और-नंदन बलदेव, अपना भाईका मरण देखके, वैराग्यसें चारित्र ग्रहण किया। क्रमसें केवल ग्यान पायके सर्व ६५ हजार वरषका आयुष्य पूरण करके मोक्ष गया इति सातमा वासुदेव बलदेव दृष्टांतम् ॥

॥ ८ मा लक्ष्मणवासुदेवः, रामचंद्र बलदेवः ॥

२० मा तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत स्वामीकेवारे, अयोध्यानामा नगरीमें, दशरथनामें राजा हुवा, जिसके सुमित्रानामें पट्टराणी, उसकी कूखसें तीसरा देवलोकसें आया हुवा, सात स्वप्न सूचित लक्ष्मणनामें पुत्र हुवा। और दूसरी अपराजिता नामें राणी जिसकी कूखसें चार स्वप्न सूचित रामचंद्र नामें पुत्र हुवा। ये दोनुं जब

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

युवान अवस्थाकों प्राप्त भये। तब शीताकों अपहरण करनेवाला, अपना वैरी, लंकाका राजा, रावण प्रतिवासुदेवकों मारके, आठमा वासुदेव बलदेव हुये। इस भरतक्षेत्रके ३ खंडमें राज्य किया, इसमें लक्षमण वासुदेवका नीलावर्ण, सरीर प्रमाण १६ धनुषका हुवा। अंतमें १२ हजार वरषका आयुष्य पूरण करके चोथी नरक पृथ्वीमें उत्पन्न भया। और रामचंद्र बलदेव, अपना भाईका मरण देखके, वैराग्यसें चारित्र ग्रहण किया। क्रमसें केवल ज्ञान पायके, सर्व १५ हजार वरषका आयुष्य पूरण करके, सिद्धगिरी पर्वत ऊपर मोक्ष गया॥ इसी रामचंद्रजीकों बहुतसे हिंदू लोक, अपना ईश्वरावतार मानते हैं॥ और रावणकों दशमुखवाला राक्षस कहते हें, तथा लोकीक रामायणमेंभी रावणके १० मुख लिखे हें, सो ठीक नहीं हें, क्योंकि मनुष्यके स्वाभाविकही दशमुख कदापि नहीं होसक्ते हें, पद्मचरित्रादिकमें लिखा हे, कि रावणके बडे बडेरोंकी परंपरासें, एक बडा नवमाणिकरत्नका हार चला आताथा, सो रावणनें बालावस्थासें अपने गलेमें पहनलिया था। और वे नौही माणक बहुत बडे थे। चार चार माणक दोनु स्कंध तरफ जडे हुये थे। एक बीचमेंथा, ऐसें नवमुख माणकमें नया दीखता था, और एक रावणका असली मुख था इसवास्ते दशमुखवाला रावण कहा जाता हे। और रावणके समयसेंही हिमालयके पहाडमें बद्रीनाथका तीर्थ उत्पन्न हुआ है। तिसकी उत्पत्ति जैन धर्मके शास्त्रोंसें ऐसे जानी जाती हे, कि यह असली पार्श्वनाथकी मूर्त्ति थी, तिसकाही नाम बद्रीनाथ रक्खागया है। इसका विशेष

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अधिकार देखना होय तो पद्मचरित्र ओर पार्श्वनाथचरित्रसें जाण लैना ॥ इति आठमा वासुदेव, बलदेव दृष्टांतम् ॥

॥ अथ ९ मा कृष्ण वासुदेवः, बलभद्र, बलदेवः,

२२ मा श्री नेमिनाथ भगवान्के वारे, शोरीपुर नामा नगरमें, समुद्रविजयजी नामें राजा, जिसका छोटा भाई वसुदेवजी हुवा, जिसके पूर्व नियाणेंके योगसें ७२ हजार स्त्रीयों हुई, जिसमें मुख्य देवकी नामें राणी, जिसकी कूखसें सातमा देवलोकसें आया हुवा सात स्वप्ना सूचित कृष्ण नामें पुत्र हुवा। और दूसरी रोहणी नामें राणी। जिसकी कूखसें चार स्वप्ना सूचित बलभद्र नामें पुत्र हुवा, इन दोनुंकों कंसके भयसें वसुदेवजीने अपना गोकुलमें, नंद गोवालियेके घरे, कितनेक वरष छिपे हुवे रक्खे। जब ये दोनुं युवानावस्थाकों प्राप्त भये। तब प्रथम तो अपना भाइयोंकों मारनेंवाला, कंसकों वैरी जानके मल्ल अखाडेमें आयके, कंसकों मारा, जब यादव लोक बहुतसे भयकों प्राप्त हुवे, कि कंसका सुसरा जरासिंध प्रति वासुदेव अभी सर्वमें मोटा राजा है, इससें कदाच यादवोंको क्षय नहिं कर देवै, इस भयसें शोरीपुर, तथा मथुरा नगरीसें, यादव सर्व निकल के पश्चिम समुद्रके किनारै जायके, उहां द्वारिका नगरी बसायके कितनेक वरष सुखसें रहा। पीछे जब जरासिंध अपनी सेना लेके युद्ध करनेंकों आया। तब कृष्ण बलभद्र युद्धमें जरासिंधप्रतिवासुदेवकों मारके, नवमा वासुदेव, बलदेव हुवा। इसमें वासुदेवका श्यामवर्ण, सरीरप्रमाण १० धनुष हुवा। ये, श्रीनेमिनाथस्वामीका

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बडा भक्त अविरति सम्यग् दृष्टि श्रावक हुवा। अंतमें सर्व एक हजार वरषका आयुष्य पूरण करके तीसरी नरक पृथ्वीमें उत्पन्न भया। और बलदेवका उज्जल वर्ण, सरीरप्रमाण १० धनुष हुवा। जब द्वारकानगरी, यादवोंका क्षय हुवा, और अपना भाई श्रीकृष्णका कौसंबवनमें जराकुमरके हाथसें मरण हुवा देखके, वैराग्यसें संसारको असार जाणके, शुद्धभावसें चारित्र ग्रहण किया। क्रमसें सोवर्ष चारित्र पालके, सर्व १२०० वरषको आयुष्य पूरण करके, पांचमा ब्रह्मदेवलोकमें देवतापणें उत्पन्न भया। आवती चौवीसीमें बारमा, चौदमा तीर्थंकरहोके दोनुं मोक्ष जावेंगे॥ ये कृष्ण, बलभद्र, जगतमें बहुत प्रसिद्ध है। क्योंकि बहुतसे लोक श्रीकृष्ण वासुदेवकों साक्षात् ईश्वर तथा ईश्वरका अवतार, जगत्का कर्त्ता मानते है। सो यह बात श्रीकृष्ण वासुदेवके जीते हुये न हुई, किंतु उनके मरे पीछे लोक कृष्ण वासुदेवकों ईश्वरावतार माननें लगे हें॥ तिसका हेतु श्री त्रेसठसलाका पुरष चरित्रमें ऐसें लिखा है। कि जब कृष्ण वासुदेवनें कौसंबवनमें शरीरछोडा, तब कालकरके तीसरी बालुकाप्रभा पृथ्वी (पातालमें) गये, और बलभद्रजी एकसौ वर्ष जेन दिक्षा पालके पांचमा ब्रह्मदेवलोकमें देव हुये, उहां अवधि ज्ञानसें अपना भाई श्रीकृष्णकों पातालमें तीसरी पृथ्वीमें देखा। तब भाईके स्नेहसें वैक्रिय शरीर बनाकर श्रीकृष्णकेपास पोंहचा और श्रीकृष्णसें आलिंगन करके कहा। कि में बलभद्र नामा तेरे पिछले जन्मका भाई हुं, में काल करके पांचमा

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देवलोकमें देवता हुआ हुं, और तेरे स्नेहसें इहां तेरेपास मिलनेंकों आया हुं, सोमें तेरे सुखवास्ते क्या काम करूं ॥ इतना कहकर जब बलभद्रजीनें आपनें हाथों ऊपर कृष्णजीकों लिया, तब कृष्णका शरीर पारेकी तरे हाथसें क्षरके भूमि ऊपर गिर पडा, फेर मिलकर संपूर्ण शरीर पूर्ववत् हो गया ॥ इसीतरे प्रथम आलिंगन करनेंसें, फेर विरतांत कहनेंसें, और हाथोंपर उठानेंसें जान लिया। कि यह मेरे पूर्व भवका अति वल्लभ बलभद्र भाई है तब श्रीकृष्णजीनें संभ्रमसें उठके नमस्कार करा। बलभद्रजीनें कहा, हे भाई, जो श्रीनेमिनाथ स्वामीनें कहा था। यह विषय सुख महा दुःखदाई है सो प्रत्यक्ष तुमकों प्राप्त हुआ। तुज कर्म नियंत्रितकों में स्वर्गमेंभी नहिं लेजा सक्ता हुं। परंतु तेरे स्नेहसें तेरेपास में रहा चाहता हुं तब कृष्णजीनें कहा, हे भ्राता तेरे रहनेंसेंभी मैनें करे हुये कर्मका फल तो मुझकों अवश्य भोगवनाही है। परंतु मुझकों इस दुःखसें वो दुःख बहुत अधिक है। जोमें द्वारिका, और सकल परिवारके दग्ध हो जानेसें, एकला कौशंबवनमें जरा कुमरके तीरसें मरा। और मेरे शत्रुवोकों सुख, तथा मेरे मित्रोंकों दुःख हुआ, जगत्में सर्व यदुवंशी बदनाम हुये, इसवास्ते हे भ्राता, तूं भरतखंडमें जाकर, चक्र, शारंग, शंख, गदाका धरनेंवाला, और पीला वस्त्र, तथा गरुड ध्वजाका धरनेवाला, ऐसा मेरा रूप बनाकर विमानमें बैठाकर लोकोंकों दिखलाव। तथा नीला वस्त्र हल मूशल शस्त्रका धरनेंवाला ऐसा रूपसें तूं विमानमें बैठके अपना

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सागीरूप सर्व जगे दिखलाकर लोकोंकों कहो, कि रामकृष्ण दोनुं हम अविनाशी पुरुष हैं। और स्वेच्छा बिहारी हैं। जब लोकोंकों यह सत्य प्रतीत हो जावेगा तब अपना सर्व अपयश दूर हो जावैगा। यह श्रीकृष्णजीका कहना सर्व श्री बलभद्रजीनें अंगीकार किया। और भरतखंडमें आकर कृष्ण, बलभद्र, दोनुंका रूप करके सर्व जगे विमानारूढ दिखलाया, और ऐसे कहनें लगा, कि अहोलोको तुम कृष्ण, बलभद्र, अर्थात् हमारे दोनोकी सुंदर प्रतिमा बनाकर, ईश्वरकी बुद्धीसें बडे आदरसें पूजो, क्यों कि हमही जगत्के रचनेंवाले, और स्थिति संहारके कर्त्ता हें, और हम अपनी इच्छासें स्वर्ग (वैकुंठसें) चले आते है। और द्वारिका हमनेंही रचीथी, तथा हमनेंही उसका संहार करा है, क्यों कि जब हम, वैकुंठमें जानेंकी इच्छा करते हें, तब अपना सर्व वंश द्वारिका सहित दग्ध करके चले जाते हें। हमारै उपरांत और कोई अन्य कर्त्ता, हर्त्ता, नही है। ऐसा बलभद्रजीका कहना सुनके प्राये केइ-ग्राम, नगरके लोक कृष्ण बलभद्रजीकीप्रतिमा सर्व जगे बनाकर पूजनें लगे, तब अपनी प्रतिमाकी भक्ति करनेंवालोंकों बलभद्र-जीनें बहुत धनादिक सुख देके आनंदित किए। इसवास्ते बहुतसे लोक हरिभक्त हो गए। जबसें भक्त हुये तबसें पुस्तकोंमें श्रीकृष्णजीको पूर्णब्रह्म परमात्मा ईश्वरादि नामोसें लिखाहे लोकिकमें श्रीकृष्ण होयेकों पांच हजार वरष कहते है, इससें क्या जानें जबसें बलभद्रजीनें कृष्णजीकी पूजा करवाई, तबसेंही लोकोंनें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कृष्णकों ईश्वरावतार माना होय, और उस समयकों पांच हजार वरष हुआ होय, तो इस वातकों पांच हजार वरष हुआ होगा ॥

इसी तरे ६३ तेसठ शिलाका पुरुषोंका दृष्टांत इहां नाममात्र लिखा है । इन सर्वका विस्तारसें संबंध देखना होय, तो श्री हेमाचार्यजी महाराजकृत तेसठ शलाका पुरषोंका चरित्रादिकसें देख लेना ॥

और जितनें कालमें २४ भगवान हुए हें, उतनें कालमें इग्यारै रुद्र हुए हें, जिनका किंचित संबंध लिखता हुं ॥

॥ अथ ११ रुद्र नाम, गति विचार लि० ॥

१ श्री ऋषभदेव स्वामीके वारे, महारुद्रपरणामका धरनेंवाला भीमबल नामें पहला रुद्र हुआ, अंतमें मरके सातमी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ २ श्री अजितनाथ स्वामीके वारे जितशत्रु नामें दूसरा रुद्र हुवा, सो अंतमें मरके सातमी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति २ ॥ ९ श्री सुविधिनाथ स्वामीके वारे, रुद्रबल नामें तीसरा रुद्र हुआ । अंतमें मरके छठी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ १० मा श्रीशीतलनाथ स्वामीके वारे, विश्वानर नामें चोथा रुद्र हुआ । अंतमें छठी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ ११ मा श्री श्रेयांशनाथ स्वामीके वारे, सुप्रतिष्ठनामें पांचमा रुद्र हुआ । अंतमें मरके छठी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ १२ मा श्री वासुपुज्य स्वामीके वारे, अचल नामें छठा रुद्र हुआ । अंतमें मरके छठी पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ १३ मा श्री विमलनाथ स्वामीके वारे, पुंडरीक नामें सातमा रुद्र हुआ । अंतमें मरके छठी नरक पृथ्वीमें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गया ॥ इति ॥ ७ ॥ १४ श्री अनंतनाथ स्वामीके वारे, अजितधर नामें आठमा रुद्र हुआ । अंतमें मरके पांचमी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ ८ ॥ १५ मा श्री धर्मनाथ स्वामीके वारे, अजितबल नामें नवमा रुद्र हुआ । अंतमें मरके चोथी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति ॥ १६ मा श्रीशांतिनाथ स्वामीके वारे, पेढाल नामें दशमा रुद्र हुआ । अंतमें मरके चोथी नरक पृथ्वीमें गया ॥ इति १० ॥ २४ मा भगवान् श्री महावीरस्वामीके वारे, सत्यकी नामें इग्यारमा रुद्र हुआ । अंतमें मरके तीसरी पृथ्वीमें गया ॥ ये इग्यारमा रुद्र लोकीकमें बहुत मान्यताकों प्राप्त हुआ थका है, इससें इनका इहां किंचित विस्तारसें दृष्टांत लिखते हैं ॥

॥ अथ ११ मा रुद्र सत्यकी दृष्टांत लि० ॥

बिशाला नगरीके, चेटक राजाकी छठी पुत्री सुज्येष्टा नामा कुमारी कन्यानें दिक्षा लीनीथी, अर्थात् जैन मतकी साध्वी हो गई थी, वो किसी अवसरमें उपाश्रयके अंदर सूर्यके सन्मुख आतापना लेती थी, इस अवसरमें पेढाल नामा परिव्राजक अर्थात् संन्यासी विद्यासिद्ध था, सो अपनी विद्या देनेंकेवास्ते पात्रपुरुषकों देखता था । और उसका विचार ऐसा था, कि यदि ब्रह्मचारणीका पुत्र होवे तो सुनाथ होवेगा । तब तिस संन्यासीनें, रात्रीमें सुज्येष्टाको, नग्नपणें शीतकी आतापना लेतीकों देखा, तब धुंध विद्यासें अंधकारमें अचेत करके उसकी योनीमें अपनें वीर्यका संचार करा, तिस अवसरमें सुज्येष्टाकों रुतु धर्म आगयाथा इसवास्ते गर्भ रह गया, तब साथकी साध्वीयोंमें गर्भकी चर्चा

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

होनें लगी, पीछे अतिशय ज्ञानीनें कहा कि, सुज्येष्टानें विषय भोग किसीसें नहीं करा, अरुतिस विद्याधरका सर्व वृत्तांत कहा- तब सर्वकी शंका दूर हो गई, पीछे जब सुज्येष्टाने पुत्र जन्मा, तब तिस लडकेकों श्रावकनें अपनें घरमें लेजाके पाला, तिसका नाम सत्यकी रक्खा, एकदा समय सत्यकी, साध्वीयोंके साथ श्री महा- बीर भगवान्के समवसरणमें गया, तिस अवसरमें एक कालसंदी- पक नामा विद्याधर श्री महाबीर स्वामीकों वंदना करके पूछनें लगा, कि मुझकों किससें भय है, तब भगवंत श्री महाबीर स्वामीनें कहा कि यह जो सत्यकी नामा लडका है, इससें तुझकों भय है। तब कालसंदीपक सत्यकीके पास गया, अवज्ञासें कहनें लगा, कि अरे तूं मुझकों मारेगा, ऐसें कहकर जोरावरीसें सत्य, कीकों अपनें पगोंमें गेरा, तब तिसके पिता पेढालनें सत्यकीका पालन करा, और अपनी सर्व विद्यायों सत्यकीकों देदई, पीछे जब सत्यकी महारोहणी विद्याका साधन करनें लगा, इस सत्य- कीका यह सातमा भव रोहणी विद्या साधनमें लगरहा था, रो- हणी विद्यानें इस सत्यकीके जीवकों पांच भवमें तो जीवसें मार गेरा, और छठे भवमें छे महिने शेष आयुके रहनेंसें, सत्यकीके जीवनें विद्याकी इच्छा न करी, परंतु इस सातमें भवमें तो तिस रोहणी विद्याकों साधनेका प्रारंभ करा तिसकी विधि लिखते हैं। अनाथ मृतक मनुष्यकों चितामें जलावे, और आले चमडेकों शरीर ऊपर लपेटके पगके वामें अंगुठेसें खडा होकर जहां लग वो चिताका काष्ट जले, तहां लग जाप करे, इस

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विधिसें सत्यकी विद्या साध रहा था । उहां कालसंदीपक विद्याधरभी आगया, और चितामें काष्ट प्रक्षेप करके सात दिन रात्रीतक अग्नि बुझनें न दीनी, तब सत्यकी इसीतरे सात दिन वामें अंगूठेसें खडा रहा, ऐसा सत्यकीका सत्य देखके रोंहणी आप प्रगट होकर काल संदीपककों कहनें लगी कि मत विघ्नकर– क्यों कि में इस सत्यकीके सिद्ध होनेंवाली हुं, इसवास्तेमें सिद्ध हो गई हुं, तब रोहणी देवीनें सत्यकीकों कहा, कि में तेरे शरीरमें किधरसें प्रवेश करुं, सत्यकीनें कहा मेरे मस्तकमें होकर प्रवेश कर, तब रोहणीनें मस्तकमें होकर प्रवेश करा तिस्सें मस्तकमें खड्डा पडगया, तब देवीने तुष्ट मान होकर तिस मस्तककी जगों तीसरे नेत्रका आकार बना दिया, तब तो सत्यकी तीन नेत्रवाला प्रसिद्ध हुआ, पीछे सत्यकीनें सोचा कि पेढालनें मेरी माता राजाकी कुमारी बेटी साध्वीकों विगाडा हे। ऐसाशोचकर अपनें पिता पेढालकों मार दिया, तब लोकोंनें सत्यकीका नाम रुद्र (भया-नक) रख दिया, क्यों कि जिसनें अपना पिताकों मार दिया उससें और भयानक कौन है ॥ पीछे सत्यकीनें विचारा कि काल संदीपक मेरा वैरी कहां है, जब सुना कालसंदीपक अमुक जगा में है, तब सत्यकी तिसके पास पोंहचा । फेर कालसंदीपक विद्याधर तहांसें भाग निकला, तोभी सत्यकी तिसके पीछे लगा, तब कालसंदीपक हेठै ऊपर भागता रहा, परंतु सत्यकीनें उसका पीछा न छोडा, फेर कालसंदीपकनें सत्यकीके भुलानेंवास्ते तीन नगर बनाये, तब सत्यकीनें विद्यासें तीनों नगरभी जला दीये,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तब कालसंदीपक दोडके पाताल कलशमें चला गया, सत्यकीनें तहां जाकर काल संदीपककों मार डाला, तिस पीछे सत्यकी विद्याधर चक्रवर्त्ति हुआ, तीन संध्यामें सर्व तीर्थंकरों कों वंदना करके नाटक करता हुआ, तब इंद्रनें सत्यकीका नाम महेश्वर दीया, तिस महेश्वरके दो शिष्य हुये, एक नंदीश्वर, दूसरा नांदिया, तिनमें नांदीया तो विद्यासें बैलका रूप बना लेता था, और तिस ऊपर महेश्वर चढके अनेक क्रीडा कूतूहल करता था, महेश्वर श्री महावीर भगवंतका अविरति सम्यग् दृष्टि श्रावक था, परंतु वडा भारी कामीथा, और ब्राह्मणों केसाथ उसके बडा भारी वैर हो गया था, इससें विद्याके बलसें सैकडों ब्राह्मणोंकी कुमारी कन्यायोंकों विषय सेवन करके विगाडा, और लोक तथा राजा प्रमुखकी बहु बेटियोंसें काम क्रीडा करनें लगा, परंतु उसकी विद्यायोंके भयसें उसें कोई कुछ कह सक्ता नहीं था, और जो कोई मनाभी करता था सो मारा जाता था, महेश्वरनें विद्यासें एक पुष्पक नामा विमान बनाया तिसमें बैठके जहां इच्छा होती तहां जाता था, ऐसें उसका काल व्यतीत होता था, एकदा प्रस्तावें महेश्वर उज्जयन नगरमें गया तहां चंडप्रद्योतनकी एक शिवानामा राणीकों छोडके, दूसरी सर्वराणीयोंके साथ विषयभोग करा, औरभी सर्व लोकोंके बहु बेटीयोंकों बिगाडना शरू करा तब चंडप्रद्योतन राजाकों बडी चिंता हुई, अरु विचारा कि कोई एसा उपाय करीयें कि जिस्सें इस महेश्वरका विनाश (मरणां) हो जावै। परंतु तिसकी विद्याके आगे किसीका कोई उपाय नहीं चलता था, पीछे तिस उज्जइन

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नगरमें एक उमा नामें वेश्या बडी रूपवंत रहती थी, उसका यह कौल था कि जो कोई इतना धन मुझे देवे, सो मेरेसें भोग करे, जो कोई उसके कहेमुजब धन देता था सो उसके पास जाता था। एक दिन महेश्वर उस वेश्याके घर गया, तब तिस उमा वेश्यानें महेश्वरके सन्मुख दो फूल करे, एक विकशा हुआ, दूसरा मिचा हुआ, तब महेश्वरनें विकशे फूलकी तर्फ हाथ पसारा, तब उमा वेश्यानें मिचा हुआ कमल महेश्वरके हाथमें दीया, और कहा कि यह कमल तेरे योग्य है, तब महेश्वरनें कहा क्यों यह कमल मेरे योग्य है ॥ तब उमानें कहा, इस मिचे हुए कमल समान कुमारी कन्या है सो तुझकों भोग करनेंवास्ते वल्लभ है ॥ और में खिले हुए फूल समान हुं, तब महेश्वरनें कहा तूंभी मेरेकों बहुत वल्लभ है, ऐसा कहकर भोग भोगनें लगा, और तिसकेही घरमें रहनें लगा, तिस उमाने महेश्वरकों अपने वशमें कर लीया, उमाका कहना महेश्वर उल्लंघन नहीं करसकता था, ऐसें जब कितनाक काल व्यतीत हुआ, तब चंडप्रद्योतनने उमाकों बुलायके उसकों बहुत धन, और आदर सन्मान देकर कहा, कि तूं महेश्वरसें यह पूछे कि ऐसाभी कोई काल है कि जिसकालमें तुमारेपास कोइभी विद्या नहीं रहती ॥ तब उमाने महेश्वरकों पूर्वोक्त रीतिसें पूछा, तब महेश्वरनें कहा कि जब में मैथुन सेवता हुं तब मेरेपास कोइभी विद्या नहीं रहती अर्थात् कोई विद्या चलती नहीं तब उमानें चंडप्रद्योतन राजाकों सर्व कथनसुना दीया, तब राजानें उमासें कहा कि जब महेश्वर तेरेसें भोग करैगा, तब हम उसकों

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मारेंगे, जब उंमानें कहा कि मुझकों मत मारना, तब चंडप्रद्योतननें कहा कि तुझकों नहीं मारेंगे ॥ पीछे चंडप्रद्योतननें अपने सुभटोकों छाना, उमाके घरमें छिपा रक्खा जब महेश्वर उमाके-साथ विषय सेवनमें मग्न होके दोनोंका शरीर परस्पर मिलके एक शरीरवत् हो गया, तब राजाके सुभटोनें दोनोंहीकों मार डाला और अपनें नगरका उपद्रव दूर करा, पीछे महेश्वरकी सर्व विद्यायोंनें उसके नंदीश्वर शिष्यकों अपना अधिष्ठाता बनाया, जब नंदीश्वरनें अपनें गुरुकों इस विटंबनासें मारा सुना, तब विद्यासें उज्जयन नगरके ऊपर शिला बनाई, और कहनें लगा कि हे मेरे दासो, अब तुम कहां जाओगे, में सबकों मा रुंगा, क्योंकि में सर्व शक्तिमान् ईश्वर हुं, किसीका मारामें मरता नहिं हुं में सदा अविनाशी हुं, यह सुनकर बहुतसे लोक डरे, सर्व लोक वीनती करके पगोंमें पडे, अरु कहने लगे, कि हमारा अपराध क्षमा करो, तब नंदीश्वरनें कहाकि, जो तुम उसी अवस्थामें अर्थात् उमाके भगमें महेश्वरका लिंग स्थापन करके पूजो तो में तुमकों जीता छोडुंगा, तब लोकोनें वैसाही बनाकर पूजा करी, पीछे नंदीश्वरनें इसी तरे प्राय केइ गाम नगरोंमें लोकोंको डरा डराके मंदर बनवाये, तिनमें पूर्वोक्त आकारे भगमें लिंगस्थापन कराके पूजा कराई ॥ यह श्रीमहावीर स्वामीका अविरति सम्यग् दृष्टी श्रावक, इग्यारमारुद्र सत्यकी महेश्वरका दृष्टांत कहा ॥ इसीतरे ६३ शलाका उत्तम पुरुषोंका इहां संक्षेप मात्र अधिकार कहा, विशेष अधिकार देखना होयतो, आवश्यक, कल्पसूत्र, त्रेशठ

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शलाका पुरुष चरित्र, आदिकमें देखलेना,, इतिश्री अंबिकामु खोद्भूत युगप्रधान पदेनोपबृंहित श्रीजंगमयुगप्रधानजिनदत्तसूरि-चरिते, युगप्रवरागम श्रीजिनकीर्त्तिरत्नसूरि शाखायां, युगप्रवर श्रीजिनकृपाचन्द्रसूरे, रंतेवासी श्रीमदानंदमुनिसंकलिते लोकभाषो-पनिबद्धे पं० जयमुनिसंस्कारिते भूमिकायां त्रिषष्ठि महापुरुष संक्षिप्त चरित्र वर्णनो नाम प्रथमः सर्गः ।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः

अथ द्वितीयः सर्गः ॥

तत्रादौ मंगलाचरणम् ॥

श्रीतीर्थेशगणेशान्, प्रणिपत्य सम्यग्, इन्द्रभूति प्रमुखानाम्, गणाधिपानाञ्च, चरित्रलेशं, स्वपरोपकृत्यै, विवृणोमि किंचित् ॥१॥ अथसम्प्रति एकादश श्रीवीरस्य गणाधिपाः, इन्द्रभूतिरग्निभूतिर्वायुभूतिश्च गौतमाः ॥ २ ॥ व्यक्तः सुधर्मा मंडितमौर्यपुत्रावकम्पितः अचलभ्राता मेतार्यः प्रभासश्च पृथक्कुलाः ॥ ३ ॥

अथ श्रीवीरनाथस्य, गणधरेष्वेकादशस्वपि, द्वयोर्द्वयोर्वाचनयोः, साम्यादासन् गणा नव ॥ ४ ॥ श्रीजम्ब्वादिसूरीणां, मोक्षमार्गविशुद्धये, चरित्रं कीर्तयिष्यामि, पवित्रं लोकभाषया ॥ ५ ॥ श्रीवैदेहं तीर्थपतिं, वन्दे विश्वगुणाकरं, श्रीसुधर्मं श्रीजम्बूं, निष्ठितार्थं समृद्धये ॥६॥ केवली चरमो जम्बू, अथ श्रीप्रभवप्रभुः' शय्यंभवो यशोभद्रः, संभूतिविजयस्ततः ॥७॥ भद्रबाहुः स्थूलिभद्रः, श्रुतकेवलिनो हि षट्, महागिरिसुहस्त्याद्या, वज्रान्ता दश पूर्विणः ॥ ८ ॥ श्लोकार्धेनाग्रे प्रयोजनं भावि ॥ स्मारं स्मारं श्रुतांगीं, कारंकारं गौरवे प्रणतिं च क्रमाच्चरित्रं सर्गे, द्वितीयके वच्मि श्रेयोर्थं ॥ ९ ॥

अब श्रीचौवीशमा भगवान श्रीमहावीर स्वामीसें लेकर आज पर्यंत पट्टपरंपरा, मूलसूरियोंका, अन्याचार्यादिकोंका किंचित् वृत्तांत लिखता हुं ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीमहावीर स्वामीके सर्व शिष्य साधुवर्ग १४ हजार हुए जिसमे मुख्य बडे शिष्य गणधरलब्धिकेधारक ११ गणधर हुवे, तिन ११ गणधरोंका नाम यहहै, इन्द्रभूति १ अग्निभूति २ वायुभूति ३ व्यक्तस्वामी ४ सुधर्मास्वामी ५ मंडितपुत्र ६ मौर्यपुत्र ७ अकंपित ८ अचलभ्राता ९ मैतार्य १० प्रभास ११ यह ११ गणधर सर्वाक्षरोंके संजोगकुं जाणनेवाले थे, और सर्व साध्वी आर्या चंदना प्रमुख ३६ हजार हुई, और शंख पुष्कली आनंद कामदेवादि सर्वश्रावक १ लाख ५९ हजार हुवे और सुलसा रेवती चेलणा जयंती आदि सर्वश्राविका ३ लाख १८ हजार हुइ और श्रेणिक कोणिक उदायन उदायी चेटक चंडप्रद्योतन नवमल्लकी नवलेछकी दशार्णभद्र महेश्वरादि देशव्रतधर समक्त्वव्रतधर बडे बडे अनेक राजालोक श्रीमहावीर स्वामीके लाखोंही सेवक हुवे ॥ ऐसे श्रीमहावीर भगवंत विक्रम संवतसें ४७० वर्ष पहिले पावापुरी नगरीमें हस्तिपाल राजाकी पुराणी राज सभामें ७२ वर्षका आयु भोगवके कार्त्तिक वदि अमावश्याकी रात्रिके पीछले प्रहरमें पद्मासन किये हुए वेदनीयादि चार कर्मकी सर्व उपाधि छोडके निर्वाण हुए (मोक्ष पहुंचे) तिस समयमें श्री गौतमस्वामी और श्रीसुधर्मास्वामी, यह दो बडे शिष्य जीते थे, शेष नव बडे शिष्य तो श्री महावीरस्वामीके जीते हुये ही एक मासका अनशन करके केवल ज्ञान पायके मोक्षचलेगये थे, यह इग्यारहही बडे शिष्य जातिके तो ब्राह्मण थे, चार वेद, और छ वेदांगादि सर्व शास्त्रोंके जानकार थे, इन इग्यारह पंडितों के चौमालीससै (४४००) विद्यार्थी थे ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इनोका संबंध अैसे है कि–जब भगवंत श्रीमहावीरस्वामीकों-केवलज्ञान हुआ, तिस अवसरमें मध्यपापा नगरीमें, सोमल नामा ब्राह्मणनें यज्ञ करनेंका आरंभ करा था, और सर्व ब्राह्मणोंमें श्रेष्ठ विद्वान जानकर इन पूर्वोक्त गौतमादि इग्यारैही उपाध्यायोकों बुलाया था ॥ तिस समय तिस यज्ञ पाडाके ईशान कूणमें महासेन नामा उद्यानमें, श्रीमहावीर भगवंतका समवसरण, रत्न सुवर्ण रौप्य-मय क्रमसें तीन गढसंयुक्त देवोंनें बनाया तिसके बीचमें बैठके भगवंत श्रीमहावीरस्वामी उपदेश करनें लगे, तब आकाश मार्गके रस्ते सैंकडों विमानोमें बैठे हुये चार प्रकारके देवताओ भगवंत श्री-महावीरस्वामीके दर्शनकों और उपदेश सुननेकों आते थे, तब तिनों यज्ञ करनेवाले ब्राह्मणोने जाना कि, यह देव सर्व हमारे करे हुये यज्ञ की आहुतीयों लेनें आये हैं, इतनेमें देवता तो यज्ञ पाडेकों छोडके भगवानके चरणोंमें जाकर हाजर हुये, तथा और लोकभी श्रीमहावीर भगवंतका दर्शन करकें और उपदेश सुनकें गौतमादि पंडितोंके आगें कहनें लगे, कि–आज इस नगरके बाहिर सर्वज्ञ सर्वदर्शी भगवान आये हैं, नतो उसके रूपकी कोई तारीफ कर सक्ता है, अरु न कोई उसके उपदेशसें संशय रहता है, और लाखों देवता जिनोके चरणोंकी सेवा करते हैं, इससें हमारे बडे भाग्योदय है, जो ऐसे सर्वज्ञ अरिहंत भगवंतका हमने दर्शन पाया, ऐसा जब गौतमजीनें सुना कि, सर्वज्ञ आया, तब मनमें ईर्षाकी अग्नि भडकी, अरु ऐसें कहने लगाकि—मेरेसें अधिक और सर्वज्ञ कौन है ? में आज इसका सर्वज्ञपणा उडा देता हुं ?

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इत्यादि गर्व संयुक्त भगवान् श्रीमहावीरस्वामीके पास पहुंचा, और भगवानकों चौतीस अतिशय संयुक्त देखा, तथा देवता, इंद्र, मनुष्योंसे परिवृत देखा, तब बोलने की शक्तिसें हीन हुआ, भगवंतके सन्मुख जाके खडा होगया, तब भगवंतने कहा कि—हे गौतम इंद्रभूति तूं आया, तब गौतमजीने मनमें विचारा कि, जो मेरा नामभी ये जानते हैं, तोभी मैं सर्व जगे प्रसिद्ध हूं मुझे कौन नहीं जानताहै इन्नें मेरा नाम लीया इस बातमें कुछ आश्चर्य और सर्वज्ञ इसकों नहीं मानता हूं, किंतु मेरे मनमें जो संशय है तिसकों दूर कर देवे तोमें इसकों सर्वज्ञ मानुं तब भगवंत नें कहा, हे गौतम । तेरे मनमें यह संशय है:—जीव है कि नहीं ? और यह संशय तेरेकों वेदोंकी परस्पर विरुद्ध श्रुतियोंसें हुवा हैं वो श्रुतियों यह है, सो कहते हैं ॥

"विज्ञानघनएवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्यसंज्ञास्तीतीत्यादि" इस्सें विरुद्ध यह श्रुति हैं—"सर्वैः अयमात्मा ज्ञानमय इत्यादि" इन श्रुतियोंका अर्थ जैसा तेरे मनमें भासन होता है, तैसाही प्रथम श्रुतिका अर्थ कहते हैं । नीलादि रूप होनेसें विज्ञानही चैतन्य है चैतन्य विशिष्ट जो नीलादि तिस्से जो घन सो विज्ञानघन, सो विज्ञानघन इन प्रत्यक्त परि-विद्यमान रूप पृथ्वी, अप्प, तेज, वायु, आकाश, इन पांच भूतों सें उत्पन्न होकर फेर तिनके साथही नाश होजाता है अर्थात् भूतों के नाश होनेसें उनके साथ विज्ञानघनकाभी नाश होजाता है, इस हेतुसें प्रेत्यसंज्ञा नही अर्थात् मरके फेर परलोक में और

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कोई नर नारक का जन्म नही होता, इस श्रुतिसें जीवकी नास्ती सिद्ध होती है, और दूसरी श्रुति कहती है कि—यह आत्मा ज्ञान मय अर्थात् ज्ञान स्वरूप है इस्से आत्माकी सिद्धी होती है, अब ये दोनों श्रुतियों परस्पर विरोधी होनेसें प्रमाण नही हो शक्ती है और बहुत परस्पर आत्माके स्वरूपमें विरोधी मत है, कोई कहता है कि—"एतावानेव पुरुषो, यावानिंद्रियगोचरः ॥ भद्रे वृकपदं पश्य, यद्वदंत्यबहुश्रुताः" ॥ १ ॥ यहभी एक आगम कहता है तथा "न रूपं भिक्षवः पुद्गलः" अर्थात् आत्मा अमूर्त्ति है, यहभी एक आगम कहता है, तथा "अकर्त्ता निर्गुणो भोक्ता आत्मा, अर्थः— अकर्त्ता सत्व, रज अरु तम, इन तीनों गुणोंसें सुख दुःखका भोगनेंवाला आत्मा है, यहभी एक आगम कहता है, अब इनमेंसें किसकों सच्चा और किसकों झूठा मानें परस्पर विरोधी होनेसें, सर्व तो कुछ सच्चे होही नही शक्ते हैं तथा युक्ति प्रमाणसेंभी मरके परलोक जानेवाला आत्मा सिद्ध नहीं होता है ऐसा हे गौतम तेरे मनमें संशय है, अब इसका उत्तर कहता हूं कि, तूं वेद पदोंका अर्थ नही जानता है इत्यादि कहके श्रीगौतमजीके संशयकों दूर करा, ये सर्व अधिकार मूलावश्यक और श्रीविशेषावश्यकसें जान लेना, मैनें ग्रन्थके भारी और गहन होजानेके सबबसें यहां नहीं लिखा क्योंकि सर्व इग्यारह गणधरोंके संशय दूर करनेंका कथनके चार हजार श्लोक है, पीछे जब गौतमजीका संशय दूर होगया, तब गौतमजी पांचसो अपनें विद्यार्थियोंके साथ दीक्षा लेके श्रीमहावीर भगवंत का प्रथम शिष्य हुवा ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इसीतरे इंद्रभूतिकों दीक्षित सुनके, दूसरा भाई अग्निभूति बडे अभिमानमें भरकर चला और कहने लगाकि, मेरे भाईकों इंद्रजालीयेनें छलसें जीतके अपना शिष्यबनालीया, तो में अभी उस इंद्रजालीयेकों जीतके अपने भाईकों पीछा लाता हूं इस विचारसें भगवंत श्रीमहावीरजीकेपास पहुंचा, जब भगवानकों देखा, तब सर्व आइ वाइ भूल गया मुखसें बोलनेंकीभी शक्ति न रही, और मनमें बडा अचंभा हूआ, क्योंकि ऐसा स्वरूप न उसने कभी सुना था और कभी देखा था, तब भगवाननें उसका नाम लीया, अग्निभूतिनें विचारा कि यह मेरा नामभी जानते है, अथवा मैं प्रसिद्ध हूं मुझे कौन नहीं जानता है, परंतु मेरे मनका संशयदूर करे तो मैं इसकों सर्वज्ञ मानुं, तब भगवंतनें कहा हे अग्निभूति तेरे मनमें यह संशय है कि कर्म है किंवा नहीं यह संशय तेरेकों विरुद्ध वेदपदोंसें हूआ है क्योंकि तूं वेद पदोंका अर्थ नहीं जानता है, वे वेदपद यह है—"पुरुषएवेदंग्निं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यं उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनाऽतिरोहति यदेजति यन्नेजति यद्दूरे यदु-अंतिके यदंतरस्य यदुत सर्वस्यास्य बाह्यत इत्यादि" इस्सें विरुद्ध यह श्रुति है—"पुण्यः पुण्येनेत्यादि" और इनका अर्थ तेरे मनमें ऐसा भासन होता है कि, पुरुष अर्थात् आत्मा, एव शब्द अवधारणके वास्ते है, सो अवधारण कर्म और प्रधानादिकोंके व्यवच्छेद वास्ते है, "इदं सर्वं" अर्थात् यह सर्व प्रत्यक्ष वर्त्तमान चेतन अचेतन वस्तु "ग्निं" यह वाक्यालंकारमें है यद्भूतं अर्थात् जो पीछे हूआ है और आगेकों होवेगा, जो मुक्ति तथा संसार सो सर्व पुरुष

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आत्मा ब्रह्मही है तथा उतशब्द अतिशब्दके अर्थमें है, और अपि-शब्द समुच्चय अर्थमें है अमृतत्वस्य अमरणभावका अर्थात् मोक्षका ईसानःप्रभुः अर्थात् स्वामी (मालक) है, यदिति यच्चेति च शब्दके लोप होनेसें यदिति बना इसका अर्थ जो अन्न करकें वृद्धिकों प्राप्त होता है, "यदेजति" जो चलता है ऐसे पशुआदिक और जो नहीं चलता है ऐसे पर्वतादिक और जो दूर है मेरु आदिक "यतुअं-तिके" उ शब्दअवधारणार्थमें है, जो समीप अर्थात् नेडे है सो सर्व पूर्वोक्त पदार्थ पुरुष अर्थात् ब्रह्मही है, इस श्रुतिसें कर्मका अभाव होता है अरु दूसरी श्रुतिसें तथा शास्त्रांतरोंसें कर्म सिद्ध होते है, तथा युक्तिसें कर्मसिद्ध होते नहीं क्योंकि अमूर्त्त आत्माकों मूर्त्ति कर्म लगते नहीं, इसवास्ते मैं नही जानता कि कर्म है वा नही यह संशय तेरे मनमें है, ऐसा कह कर भगवाननें वेदश्रुतियोंका अर्थ बराबर करके तिसका पूर्वपक्ष खंडन करा, सो विस्तारसें मूला-वश्यक तथा विशेषावश्यकसें जानलेना अग्निभूतिनेंभी गौतमवत् दीक्षा लीनी ॥ २ ॥

अग्निभूतिकी दीक्षा सुनके तीसरा वायुभूति आया, परंतु आगे दोनों भाईयोंके दीक्षा लेलेनेंसे इसकों विद्याका अभिमान कुछभी न रहा, मनमें विचार करा कि मैं जाकर भगवानकों वंदना (नम-स्कार) करुंगा ऐसा विचारके आया आकर भगवंतकों वंदना (नमस्कार) करा । तब भगवंतने कहा तेरे मनमें संशयतो है परंतु क्षोभसें तूं पूछ नही शक्ता है, संशय यह है कि जो जीव है सो देहही है और यह संशय तेरेकों विरुद्ध वेदपद श्रुतिसें हूआ है,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और तूं तिन वेदपदोंका अर्थ नहीं जानता है वे वेदपद ये है— "विज्ञानघन इत्यादि" पहिले गणधरकी श्रुति जाननी, इस्सें देहसें जीव (आत्मा) सिद्ध नहीं होता है, और इस श्रुतिसें विरुद्ध यह श्रुति है, (सत्येव लभ्यस्तपसा ह्येषब्रह्मचर्येण नित्यज्योतिर्मयो हि शुद्धोयं पश्यंति धीरायतयः संयतात्मान इत्यादि) इस श्रुतिसें देहसें भिन्न आत्मा सिद्ध होता है, इसवास्ते तुझकों संशय है, पीछे भगवानूनें यह सर्व दूर करा, तब तीसरा वायुभूतिनेंभी अपने पांच सौ विद्यार्थीयोंकेसाथ दीक्षा लीनी ॥ ३ ॥

वायुभूतिकी तरें शेष आठ गणधर क्रमसें आये, तिसमें चौथा व्यक्तजी आया, तिनके मनमें यह संशय था कि पांचभूत है कि नही ए संशय विरुद्ध श्रुतियोंसें हुआ, वे परस्पर विरुद्ध यह हैं— "स्वप्नोपमं वै सकलमित्येव ब्रह्मविधरंजसाविज्ञेयइत्यादीनि" तथा इससें विरुद्ध यह श्रुति है "द्यावापृथिवी जनयन् देवइत्यादि" तथा पृथिवीदेवता, आपोदेवता, इत्यादीनि इनका अर्थ तेरे मनमें ऐसा भासन होता है—अर्थ, स्वप्न सरीखा वैनिपात अवधारणार्थे संपूर्णजगत है "एष ब्रह्मविधि" अर्थात् यह परमार्थ प्रकार है, अंजसा सीधेन्यायसें जाननां योग्य है, यह श्रुति पंचभूतका अभाव कहती है, और श्रुतियों पांचभूतकी सत्ताकों कहती है इसवास्ते तेरेकों संशय है, तेरे मनमें यहभी है कि—युक्तिसें पांचभूत सिद्ध नहीं होते है, पीछे भगवाननें इसका पूर्वपक्ष खंडन करा वेद पदोंका यथार्थ अर्थ कहा, यह अधिकार उक्त ग्रंथोंसें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जान लेनां ॥ यह सुनकर चौथा व्यक्तजीनेंभी अपना पांचसै शिष्योंकेसाथ दीक्षा लीनी ॥ ४ ॥

तब पांचमां सुधर्मा नामा पंडित आया, इसकाभी उसीतरे सर्वाधिकार जानलेना यावत् तेरे मनमें यह संशय है कि मनुष्यादि सर्व जैसें इस भवमें है तैसेंही अगले जन्ममें होते है कि, मनुष्य कुछ और पशुआदिभी बन जाते है, यह संशय तेरेकों परस्पर विरुद्ध वेद श्रुतियोंसें हुआ है सो वेद श्रुतियों यह है—"पुरुषो वै पुरुषत्वमश्नुते पशवः पशुत्वं इत्यादीनि" यह श्रुति जैसा इस जन्ममें पुरुष स्त्री आदि है वे पर जन्ममेंभी ऐसेही होवेंगे, इस्से विरुद्ध यह श्रुति है "शृगालो वै एष जायते यः सपुरीषो दह्यत इत्यादि" इन सर्व श्रुतियोंका भगवानने अर्थ करके संशय दूर करा, तब अपनें पांचसे शिष्योंके साथ दीक्षा लीनी ॥ ५ ॥

तिस पीछे छट्ठा मंडित पुत्र आया तिसके मनमें यह संशय था, कि बंध मोक्ष है, वा नहीं है यह संशयभी विरुद्ध श्रुतियोंसे हुवा है, सो श्रुतियों यह है "स एष विगुणोविभुर्न बध्यते, संसरति वा न मुच्यते मोचयति वा ॥ एष बाह्यमभ्यंतरं वा वेदइत्यादीनि" इस श्रुतिका ऐसा अर्थ तेरे मनमें भासन होता है, "एष-अधिकृतजीवः" अर्थात् यह जीव जिसका अधिकार है "विगुण" अर्थात् सत्वादि गुण रहित सर्वगत सर्व व्यापक पुण्य पाप करकें इसकों बंध नहीं होता है, और संसारमें भ्रमण भी नहीं करता है, और कर्मोसें छूटताभी नहीं है, बंधके अभाव होनेसें दूसरोंको कर्मबंधसें छोडाताभी नहीं है, इस कहनेसें आत्मा अकर्त्ता है, सोई

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कहता है, यह पुरुष अपणी आत्मासें बाहिर महत् अहंकारादि और अभ्यंतर स्वरूप अपना जानता नही, क्योंकि जानना ज्ञानसें होता है, और ज्ञानजो है, सो प्रकृतिका धर्म है, और प्रकृति अचेतन है, बंध मोक्ष नही इस श्रुतिसें बंध मोक्षका अभाव सिद्ध होता है। अब इस्से विरुद्ध श्रुति यह है सो कहते हैं "नही वै शरीरस्य प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति अशरीरं वा वसंतं प्रियाप्रिये न स्पृशत इत्यादीनि" इसका अर्थ कहते है—सशरीरस्य, अर्थात् शरीर सहितकों सुख दुःखका अभाव कदापि नहीं होता है, तात्पर्य यह है कि संसारी जीव सुख दुःखसें रहित नहीं होता है, और अमूर्त्त आत्माकों कारणके अभावसें सुखदुःखस्पर्शनहीं कर शक्ते हैं, इस श्रुतिसें बंधमोक्षसिद्धहोते है, तथा तेरे मनमें यहभी वात है—कि युक्तिसेंभी बंधमोक्षसिद्धनहीं होते हैं इत्यादि संशय कहकर भगवान् तिसके पूर्वपक्षकों खंडन करके संशय दूर करा, तब मंडितपुत्र साढेतीनसौ विद्यार्थियोंके साथ दीक्षित भया ॥ ६ ॥

॥ ७ ॥ तिसके पीछे सातमा मोर्यपुत्र आया, तिसके मनमें यह संशय था कि—देवता है किंवा नही है यह संशय परस्पर विरुद्ध श्रुतियोंसें हुआ वो श्रुतियो यह है "सएषयज्ञायुधीयजमानोंजसास्वर्गलोकं गच्छति इत्यादि" श्रुतियो स्वर्ग तथा देवताओंकी सिद्धि करतीयों है, इससें विरुद्ध श्रुति यह है—अपामसोमं अमृता अभूम् अगमामज्योतिर्विंदामदेवान् ॥ किंनूनमस्मान्तृणवद्-रातिः किमुधूर्त्तिरमृतमर्त्यस्येत्यादीनि "तथा को जानाति मायोप-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मान् गीर्वाणानि इयंवरुणकुबेरादीन् इत्यादि"—इनका ऐसा अर्थ तेरे मनमें भासन होता है, कि—पाणीकों पीते हुये एतावता सोमलताकारस पीते हूये अमृत (अमरण) धर्मवाले हम हुये हैं ज्योति स्वर्ग और देवताकों हम नही जानते हैं तथा देवता हम हूये हैं, यहभी नहीं जानते देवता तृणेकी तरें हमारा क्या कर शक्ते है, यह श्रुति अभाव प्रतिपादन करती है, और यह भावकी प्रतिपादक है, "धूर्त्तिजराअमृत मर्त्यस्य" अमृतत्व प्राप्तपुरुषकों क्या कर सक्ती है। इन श्रुतियोंका यथार्थ अर्थ करकें, और तिसका पूर्वपक्ष खंडन करके भगवंतनें इनका संशय दूर करा, तब यहभी साढेतीनसो छात्रोंके साथ दीक्षित भया ॥ ७ ॥

॥ ८ ॥ तिस पीछे आठमाअकंपित आया उसके मनमेंभी वेदकी परस्पर विरुद्ध श्रुतियोंके पदोंसें, नरकवासी है कि नही। यह संशय उत्पन्न हूआथा, वो परस्पर विरुद्ध श्रुतियों लिखते हैं— "नारको वै एष जायते यः शूद्रान्नमश्नाति इत्यादि" इसका अर्थ— यह ब्राह्मण नारक होवेगा जो शूद्रका अन्न खाता है। इस श्रुतिसें नरक सिद्ध होता है, तथा "नह वै प्रेत्यनरके नारका संतीत्यादि" सुगमार्थः। इस श्रुतिसें नरकका अभाव सिद्ध होता है। इनका अर्थ करकें और पूर्वपक्ष खंडन करकें भगवाननें तिसका संशय दूर करा तब अकंपितनेंभी तीनसौ छात्रोंके साथ दीक्षा लीनी ॥ ८ ॥

॥ ९ ॥ तिस पीछे नवमा अचलभ्राता आया, तिसकोंभी परस्पर वेदकी विरुद्ध श्रुतियोंके पदोंसें, पुण्य पाप है कि नही। यह संशय था, सो वेद पद यह—"पुरुष एवेदंग्निं सर्वं इत्यादि" दूसरे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गणधरवत्, इस्सें विरुद्धपद है—"पुण्यं पुण्येन कर्मणा भवति, पापं पापेन कर्मणा भवति इत्यादि" इस्सें पुण्यपाप सिद्ध होते है, यह संशयभी भगवाननें दूर करा तब यहभी तीनसौ छात्रोंके साथ दीक्षित भया ॥ ९ ॥

॥ १० ॥ तिस पीछे दशमा मेतार्य आया उसकों भी वेदकी परस्पर विरुद्ध श्रुतियोंसें यह संशय हुवा था, कि परलोक है किंवा नही है वो श्रुतियों यह हैं—विज्ञानघन, इत्यादि प्रथम गणधरवत् अभाव कथन श्रुति जाननी" तथा "सर्वैः अयं आत्मा ज्ञानमय इत्यादि" परलोक भाव प्रतिपादक श्रुति जाननी। इनका तात्पर्य भगवाननें कहा, तब मेतार्यजीनें निःशंक होकें तीनसौ छात्रोंके साथ दीक्षा लीनी ॥ १० ॥

॥ ११ ॥ तिस पीछे इग्यारहमा प्रभास नामा उपाध्याय आया तिसके मनमेंभी वेद श्रुतियोंके परस्पर विरुद्ध होनेसें यह संशय था कि निर्वाण है कि नही है, वो श्रुतियों यह है—"जरामर्यं वा एतत्सर्वं यदग्निहोत्रं" इस्सें विरुद्ध श्रुति यह है–"द्वेब्रह्मणी वेदितव्ये परमपरं च तत्र परं सत्यं ज्ञानमनंतंब्रह्मेति" इनका यह अर्थ तेरी बुद्धिमें भासन होता है कि–अग्निहोत्र जो है सो जीव हिंसा संयुक्त है, और जरा मरणका कारण है, अरु वेदमें अग्निहोत्र निरंतर करणां कहा है, तब ऐसा कौनसा काल है, कि जिसमें मोक्ष जानेका कर्म करीयें, इसवास्ते आत्माकों मोक्ष (निर्वाण) कदापि नहीं हो शक्ता है, अरु दूसरी श्रुति मोक्ष प्राप्तिभी कहती है, इसवास्ते संशय हुआ है, इसका जब भगवाननें उत्तर देके निशंक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करा तब तीनसौ छात्रोंके साथ दीक्षा लीनी ११ ॥ इसीतरे श्रीमहावीर भगवंतके वैशाख शुदि इग्यारसके दिन मध्यपापानगरीके महासेन वनमे (४४००) शिष्य हुये, तिस पीछे राजपुत्र, श्रेष्ठिपुत्रादि, तथा राजपुत्री, श्रेष्टिपुत्री, राजाकी राणीयों आदिकनें दीक्षा लीनी। तथा जब भगवंत श्रीमहावीरजी पावापुरीमें मोक्ष गये, तिसीही रात्रिके प्रभातमें इंद्रभूति, अर्थात् गौतम गणधरकों केवल ज्ञान हुआ। तब इंद्रोंनें निर्वाण महोच्छव करके, ग्यानका उच्छव करा, और सुधर्मास्वामीजीकों श्रीमहावीर स्वामीजीका पट्टऊपर बैठाया। श्रीगौतमस्वामीजीकों पट्ट इसवास्ते न हुवा कि, केवलज्ञानी पुरुष कोई पाट ऊपर नहीं बैठता है, क्योंकि केवली तो जो पूछे उसका उत्तर अपनें ज्ञानसेंही देता है, परंतु ऐसा नहीं कहता है, कि मैं अमुक तीर्थंकरके कहनेसें कहता हुं, इसवास्ते केवलज्ञानी पाट ऊपर नहीं बैठता है, जेकर बैठे तो तीर्थंकरका शासन दूर हो जावे, यह कभी हो नहि शक्ता, जो अनादि रीतिकों केवली भंग करे, इसवास्ते श्रीगौतमस्वामीजी केवलज्ञानी था, इस्सें पट्टऊपर नही बैठे, और श्रीसुधर्मास्वामी बैठे ॥

श्री सुधर्मास्वामी पचास वर्ष तो गृहस्थावास (घरमें) रहे, और तीस वर्ष श्रीमहावीर भगवंतकी चरण सेवा करी, जब श्रीमहावीरस्वामी निर्वाण हुआ, तिस पीछे बारावर्ष तक छद्मस्थ रहे, और आठ वर्ष केवली रहे, क्योंकि श्रीमहावीरस्वामी मोक्षगयेके पीछे केवली होकर बारावर्ष श्रीगौतमस्वामीजी जीते रहे, और श्रीगौतमस्वामीजीके निर्वाण पीछे, श्रीसुधर्मास्वामीजीकों केवलज्ञान हुआ। केवली होकर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आठ वर्ष जीते रहे, श्रीसुधर्मास्वामीजीका सर्वायु एकसौ (१००) वर्षका था. सो श्रीमहावीरस्वामीजीके वीशवर्ष पीछे मोक्ष गये ॥१॥ श्रीसुधर्मास्वामीके पाट ऊपर, श्रीजंबूस्वामी बैठे । सो राजगृह नगरकावासी श्रीऋषभदत्त श्रेष्ठकी धारणी नामा स्त्रीनें जन्मेथे, निन्नानवे क्रोड सोनइये और आठ स्त्रीयोंकों छोडकर दीक्षा लेता भया, शोलेवर्ष गृहस्थ वासमें रहे, वीश वर्ष व्रतपर्याय, और चौमालीस वर्ष केवलपर्याय पालके श्रीमहावीरस्वामीके निर्वाणसै चौशठमें वर्ष पीछे मोक्ष गये ॥

यह श्रीजंबूस्वामीके पीछे भरतक्षेत्रमें दश बातें विच्छेद होगई तिसका नाम लिखते हैं:—१ मनःपर्यवज्ञान, २ परमावधि ज्ञान, ३ पुलाकलब्धि ४ आहारकशरीर, ५ क्षपकश्रेणि, ६ उपशमश्रेणि, ७ जिनकल्पिमुनिकी रीति, ८ परिहार विशुद्धिचारित्र, तथा सूक्ष्मसंपराय, और यथाख्यात यह तीन तरेंके संयम, ९ केवलज्ञान, १० मोक्ष होना, यह दश वस्तु विच्छेद हो गई, श्रीमहावीर भगवंतके केवली हुये पीछे जब चौदहवर्ष बीतेथे, तब जमाली नामा प्रथम निन्हव हुआ और सोलावर्ष पीछे तिष्य गुप्त नामा दूसरा निन्हव हुवा । श्रीजम्बूस्वामीका आयु असी वर्षका था ॥ २ ॥

॥ ३ ॥ जम्बूस्वामीके पाट ऊपर, प्रभवस्वामी बैठे । तिनकी उत्पत्ति ऐसें है, विंध्याचल पर्वतके पास जयपुर नामा पत्तन था, तिसका विंध्य नामा राजा था, तिसके दो पुत्र थे, एक बडा प्रभव, दूसरा छोटा प्रभु, विंध्यराजाने किसी कारणसें छोटे पुत्र प्रभुकों राज तिलक दे दीया, तब वडा बेटा प्रभव गुस्सें होकर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जयपुर पत्तनसें निकलकर, विंध्याचलकी विषम जगामें गाम वसाकर रहने लगा, और खात्रखनन, बंदिग्रहण रस्तेमें लूटनादि, अनेक तरेंकी चोरीयोंसें अपनें परिवारकी आजीविका करता था, एक दिन पांचसौ चोरोंकों लेकर राजगृह नगरमें जंबूजीके घरकों लूटनें आया, तहां जंबूस्वामीनें तिसकों प्रतिबोध करा, तब तिसनें पांचसौ चोरोंके साथ दिक्षा श्रीजंबूस्वामीजीके साथ लीनी. इत्यादि जंबूस्वामीजीका और प्रभवस्वामीजीका अधिकारजम्बूचरित्र, तथा परिशिष्टपर्वादिग्रंथोंसें जानलेना. प्रभवस्वामी तीसवर्ष गृहस्थ पर्याय, चौमालीश वर्ष व्रतपर्याय, तथा एकादश वर्ष युगप्रधान पदवी, सर्व पंचाशी वर्षकी आयुपूरी करके श्रीमहावीरस्वामीसें पचहत्तर वर्ष पीछे स्वर्ग गया ॥

४ श्रीप्रभवस्वामीके पाट ऊपर, श्रीशय्यंभव स्वामी बैठे, जिनोनें मनक साधुकेवास्ते दशवैकालिक सूत्र बनाया, तिनकी उत्पत्ति ऐसें है एकदा प्रस्तावें प्रभवस्वामीनें रात्रिमें विचार करा कि मैरे पाट ऊपर कौन बैठेगा, पीछे ज्ञान बलसें अपणे सर्वसंघमें पाट योग्य कोई न देखा, तब परदर्शनीयोंको ज्ञान बलसें देखनें लगा, तब राजगृह नगरमें शय्यंभवभट्टकों यज्ञकरते हुयेकों अपने पाट योग्य देखा, पीछे प्रभवस्वामी विहारकरकें, सपरिवारसें राजगृह नगरमें आये, उहां दो साधुओंकों आदेश दीया कि तुम यज्ञपाडेमें जाकर भिक्षाके वास्ते धर्म लाभ कहो, और यज्ञ करने वालोंकों ऐसे कहो—“अहोकष्टमहोकष्टं तत्वं विज्ञायते नहि” तब तिन साधुओंनें पूर्वोक्त गुरुका कहना सर्व

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कीया। जब ब्राह्मणोंनें "अहोकष्ट" इत्यादि सुना, और तिस यज्ञ वाडेमें शय्यंभव ब्राह्मणनें यज्ञ दीक्षा लीनी थी, तिसने यज्ञ वाडेके दरवाजेमें खडेथके, अहोकष्टं इत्यादि मुनियोंका कहना सुनके विचार करनें लगा, कि ऐसा उपशम प्रधान साधु होते हैं, इसवास्ते यह असत्य (झूठ) नही बोलते हैं, इस्सें मनमें संशय होगया, तब उपाध्यायकों पूछा कि तत्व क्या है, तब उपाध्यायनें कहा कि चार वेदमें जो कथन करा है सो तत्व है, क्योंकि वेदोंके शिवाय और कोई तत्त्व नहीं है, तब शय्यंभवनें कहा कि तू दक्षिणाके लोभसें मुझकों तत्व नहीं बतलाया है, क्योंकि राग द्वेष रहित, निर्मम, निःपरिग्रह, शांत, दांत, महांत मुनियों का कहनां झूठा नहीं होता है, और तूं मेरा गुरु नहीं तैनें तो जन्मसें इस जगत्कों ठगनाही सीखा है, इस वास्ते तूं शिक्षाके योग्य है, इसवास्ते यातो मुझे तत्व कह दे, नहीं तो तलवारसें तेरा शिर छेद करूंगा, ऐसें कहके जब मियानसें तलवार काढी, तब उपाध्यायनें प्राणांत कष्ट देखकें कहा हमारे वेदोंमेंभी ऐसें लिखा है और हमारी आम्नायभी यही है, जब हमारा कोई शिर छेद किया चाहे तब तत्व कहनां नहीं तो नहीं कहनां तिस वास्तेमें तुमकों तत्व कह देता हुं कि इस यज्ञ स्थंभ के हेठे अर्हतकी प्रतिमा स्थापन करी है, और नीचेही तिसकों प्रच्छन्न होकर पूजते हैं, तिसके प्रभावसें यज्ञके सर्व विघ्न दूर हो जाते हैं, जेकर यज्ञस्थंभके नीचे अर्हतकी प्रतिमा न राखें तो महातपा सिद्धपुत्र, और नारद, ये दोनों यज्ञकों विध्वंस कर देते

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हैं, पीछे उपाध्यायने यज्ञस्थंभ उखाडके अर्हतकी प्रतिमा दिखाई और कहा कि यह प्रतिमा जिस देवकी है, तिस अर्हतका कहा हुआ धर्म जीवदया रूप तत्व है, और यह जो वेद प्रतिपाद्य यज्ञ हैं वे सर्व हिंसात्मक रूप होनेसें विडंबना रूप है, परन्तु क्याकरें जेकर हम ऐसें न करें तो हमारी आजीविका नहीं चलती है, अब तूं तत्व जानले और मुझको छोड दे, अरु तूं परमार्हत होजा, क्योंकि मैंनें अपने पेटके वास्ते तुझको बहुत दिन बहकाया है, तब शय्यंभवने नमस्कार करके कहा तूं यथार्थ तत्वके कहनेसें सचा उपाध्याय है, ऐसा कह कर शय्यंभवने तुष्टमान होकर यज्ञकी सामग्री जो सुवर्णपात्रादि थे, वे सर्व उपाध्यायकों दे दीये, और प्रभवस्वामीके पास जाकर तत्व का स्वरूप पूछकर दीक्षा लेलीनी, शेष इनका वृत्तांत परिशिष्टपर्वादि ग्रंथसें जान लेना शय्यंभवस्वामी अठाईस वर्ष गृहस्थावास में रहे, इग्यारह वर्ष सामान्य साधु व्रतमें रहे, और तेवीस वर्ष युग-प्रधानाचार्य पदवीमें रहे, इसीतरें सर्वायु बाशठ वर्ष भोगवके श्रीमहावीर भगवंतके अठानवें वर्ष पीछे स्वर्ग गये ॥

५ श्रीशय्यंभवस्वामीके पाट ऊपर यशोभद्र स्वामी बैठे, सो बावीश वर्ष गृहस्थावासमें रहे, और चौदहवर्ष व्रतपर्यायमें रहे, अरु पचास वर्ष तक युगप्रधान पदवी में रहे, इसीतरें सर्वायु छासी वर्ष का भोगके श्रीमहावीरस्वामीसें (१४८) वर्ष पीछे स्वर्गमें गये ॥

६ श्रीयशोभद्रस्वामीके पाट ऊपर, श्री संभूतविजय स्वामी बैठे,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सो बैतालीस वर्ष तक गृहस्थ रहे, और चालीश वर्ष व्रत पर्याय में रहे, तथा आठ वर्ष युगप्रधान पद्वीमें रहे, सर्वायु नव्वे वर्ष भोगके स्वर्गमें गये, ॥ श्रीसंभूतविजयस्वामीके पाट ऊपर, श्री भद्रबाहुस्वामी बैठे सो भद्रबाहुस्वामीने, १ आवश्यक निर्युक्ति, २ दशवैकालिक निर्युक्ति, ३ उत्तराध्ययन निर्युक्ति, ४ आचारांगकी निर्युक्ति, ५ सूत्रकृदंग निर्युक्ति, ६ सूर्यप्रज्ञप्ति निर्युक्ति, ७ ऋषिभाषित निर्युक्ति, ८ कल्प निर्युक्ति, ९ व्यवहार निर्युक्ति, १० दशा निर्युक्ति, ये दशनिर्युक्तियो, और १ कल्प, २ व्यवहार, ३ दशाश्रुतस्कंध, यह नवमे पूर्वसें उद्धार करके बनाये, और एक बहुत बडा भद्रबाहु नामें संहिता ज्योतिष शास्त्र बनाया, उपसर्गहर स्तोत्र बनाया, जैनमतीयों ऊपर बहुत उपकार करा । इनही भद्रबाहुस्वामीजीका सगाभाई वराहमेहर हूआ, वो पहिले तो जैनमतका साधु हुवा था, फेर साधुपणा छोडके वराही संहिता बनाई और जो वराहमिहर विक्रमादित्यकी सभा का पंडित था, वो दूसरा वराहमिहर था, संहिता कारक वो नहीं हूआ, इसका सम्पूर्ण वृत्तांत परिशिष्टपर्वसें जानलेना, श्रीभद्रबाहुस्वामी गृहस्थावासमें पैंतालीश वर्ष रहे, सत्तरे वर्ष व्रतपर्याय, अरु चौदह वर्ष युगप्रधान, सर्व मिलकर छहत्तर वर्ष का आयु भोगके श्रीमहावीरस्वामीसें एकसौसित्तर (१७०) वर्ष पीछे स्वर्ग गए ॥

भद्रबाहु स्वामीके पाट ऊपर श्रीस्थूलभद्रस्वामी बैठे इनका बहुत वृत्तांत है सो परिशिष्टपर्वग्रन्थसें जान लेना, १ श्री

९ दत्तसूरि०

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रभवस्वामी, २ श्री सय्यंभवस्वामी, ३ श्री यशोभद्रस्वामी, ४ श्री संभूतविजयजी, ५ श्री भद्रबाहुस्वामी, ६ श्रीस्थूलभद्रस्वामी, यह छहों आचार्य चौदह पूर्वकेवेत्ता थे, श्रीस्थूलभद्रस्वामी तीस वर्ष गृहस्थावासमें रहे, चौवीस वर्ष व्रत पर्याय, अरु पैतालीस वर्ष युगप्रधान पद्वी, सर्वायु निन्नानवें वर्षका भोगके श्रीमहावीर-स्वामीके पीछे (२१५) वर्षे स्वर्ग गये, श्रीमहावीरस्वामीसें दोसौ चौदह वर्ष पीछे आषाढाचार्यके शिष्य तीसरे निन्हव हूये ॥

श्रीस्थूलभद्रस्वामी के वखत में नवनंदों का एकसौ पंचावन (१५५) वर्षका राज्य उछेद करकें चाणिक्य ब्राह्मणनें चंद्रगुप्त राजाकों राजसिंहासनऊपर बैठाया, और चंद्रगुप्तके संतानोनें एकसौ आठ वर्षतक राज्य कीया चंद्रगुप्त मोरपालका बेटा था, इसवास्ते चंद्रगुप्तका मौर्यवंश कहते हैं, यह चंद्रगुप्त जैनमत का धारक श्रावकराजा था, यह चंद्रगुप्त, तथा नवनंदका वृत्तांत देखना होवे, तदा परिशिष्ट पर्व, उत्तराध्ययनवृत्ति तथा आवश्यक वृत्तिसें देख लेनां ॥

श्री स्थूलभद्रस्वामीके पीछे ऊपरले चार पूर्व, प्रथम संहनन, प्रथम संस्थान व्यवछेद हो गये, तथा श्रीमहावीरस्वामीसें दोसौ वीस (२२०) वर्ष पीछे अश्वमित्र नामा चौथा क्षणिकवादि निन्हव हूआ, और श्रीस्थूलभद्रजी के समय में बारा वर्षका दुर्भिक्ष (काल) पडा, उस समयमें चंद्रगुप्तका राज था, तथा श्री महावीरस्वामीके पीछे (२२८) वर्ष व्यतीत हूए तब गंग नामा पांचमां निन्हव हुआ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इति श्रीखरतरगच्छे श्रीजिनकीर्त्तिरत्नसूरिशाखायां क्रमात्तत्परं-परायां वरीवृतति श्रीमज्जिनकृपाचन्द्रसूरयस्तेषामंतेवासी ज्येष्ठः समभवत्, विद्वच्छिरोमणिः श्रीमदानंदमुनिः तत् संगृहीते तस्याऽनुजेन उपाध्यायजयसागरेण संस्कारिते श्रीजंगमयुगप्रधानश्रीमज्जिनदत्तसूरीश्वरचरिते श्रीवीरप्रभोर्गणधरश्रुतकेवलि नाम संक्षिप्तचरित्रवर्णनो नाम द्वितीयसर्गः समाप्तः ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ तृतीयसर्गः ॥

तत्रादौ मंगलाचरणम् ॥

शिवरतो वरतोषवशान्ततो । मघवताऽघवतामति दूरगः । अमदनो मदनोदनकोविदः । शममलं मम लंभयताज्जिनः ॥ १ ॥ अविकलं विकलंकधियां सुखं । विदधतं दधतं जगदीशिता । अकलहं कलहंसगतिं श्रये । जिनवरं नवरंगतरंगितः ॥ २ ॥ वेल्लत्कल्याणवल्ली-विपिनघनमुचः स्वर्गगंगातरंग, च्छायादायादरोचिः-पटलधवलिताखंड-दिग्मंडलस्य । नम्रामर्त्यालिमौलिप्रसृतपरिमलोद्गारमंदारमालाभ्यर्च्यश्चंद्रप्रभस्य प्रभवतु भवतां भूतये पादपद्मः ॥ ३ ॥ दिनेशवद्ध्यानवरप्रतापैरनंतकालप्रचितं समंतात् । योऽशोषयत्कर्मविपाकपंकं, देवो मुदे वोऽस्तु स वर्द्धमानः ॥ ४ ॥ ऐंद्रश्रीकरपीडनविधिसिद्धं ध्वस्तकर्मशलभभरं । कल्याणसिद्धिकरणं जैनं ज्योतिर्जयतु नित्यं ॥ ५ ॥ श्रीपार्श्वनाथं फलवर्द्धिकाख्यं, गुरुं तथा श्रीजिनदत्तसूरिं । वाग्देवतायाश्चरणौ च नत्वा समाश्रये चारु तृतीयसर्गं ॥ ६ ॥ अब श्री आर्यमहागिरि सूरिजीसें श्रीवज्रस्वामीजीपर्य्यंत पट्टानुगतदशपूर्वधरोंका तथा नवपूर्वधर आचार्योंका तथा श्रीनेमिचन्द्रसूरिजी पर्यंत मुख्यतासें पट्टधर आचार्योंका किंचित् स्वरूप शुद्ध धर्माभिलाषी जीवोंकुं लिखके दिखाताहूं २ ॥

तद्यथा—महागिरिं सुहस्तिं च । सुस्थितसुप्रतिबद्धकौ । इन्द्रदिन्न दिन्नसूरीच । वन्दे सिंहगिरीश्वरं ॥ १ ॥ श्री वज्रं वज्रसेनं च । चंद्रं समंत भद्रकं । देवं प्रद्योतनं वन्दे । मानदेवं नमाम्यहम् ॥ २ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मानतुंगं वीरसूरिं । जयदेवदेवानंदकौ । विक्रमं नरसिंहं च समुद्रविजयं तथा ॥ ३ ॥ मानदेवं विबुधप्रभं । जयानन्दं रविप्रभं । यशोभद्रं विमलचन्द्रं । देवचन्द्र नेमिचन्द्रौ च ॥ ४ ॥

॥ ९ ॥ श्रीस्थूलभद्रजीके पाट ऊपर श्रीआर्यमहागिरिजी बैठे, आर्यमहागिरिजीके शिष्य, १ बहुल २ बलिस्सह हुआ, और बलिस्सह सूरिजीका शिष्य श्रीउमास्वातिसूरिजी हुवे जिनोंने तत्वार्थ सूत्रादि शास्त्र रचे हैं और श्रीउमास्वातिसूरिजीका शीष्य श्रीश्यामाचार्यजी श्रीप्रज्ञापनासूत्र (पन्नवणासूत्रके) कर्त्ता हुवे, यह कालिकाचार्य श्रीमहावीरस्वामीसें तीनसो छिहत्तर वर्ष पीछे स्वर्ग गया, और आर्य महागिरिजी तीस वर्ष गृहवासमें रहे, चालीस वर्ष व्रतपर्याय, और तीसवर्ष युगप्रधानपदवी, सर्वायु सो वर्षका पालके स्वर्ग गया २ ॥

॥ १० ॥ श्री आर्यमहागिरिजीके पाट ऊपर श्रीआर्यसुहस्तिसूरि बैठे जिनोंने एक भिख्यारीकों दीक्षादीनी, वो कालकरके चंद्रगुप्तराजाका पुत्र बिंदुसारराजा और बिंदुसारका पुत्र अशोकश्री राजा और अशोकश्रीका पुत्र कुणाल, तिस कुणालका पुत्र संप्रति राजा हुआ, तिस संप्रतिराजानें जैनधर्मकी बहुत वृद्धि करी, क्योंकि कल्पसूत्रके प्रथम उद्देसेमें श्री महावीरस्वामिके समयमें अबकी निसपत बहुत थोडे देशोमें जैनधर्म लिखा है, मारवाड, गुजरात, दक्षिण, पंजाब, वगैरे देशोमें जो जैनधर्म है, सो संप्रति राजाहीसें फैला है, यद्यपि इस कालमें जैनी राजाके न होनेसें जैनधर्म सर्व जगें नहिं, परंतु संप्र-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिराजाके समयमें बहुत उन्नतिपर था, क्योंकि संप्रतिराजाका राज्य मध्यखंड और गंगापार और सिंधुपारके सर्व देशोंमे था, संप्रतिराजानें अपने नोकरोंको जैनके साधुओंका वेष बनाकर अपने सेवक राजाओंका जो शक, यवन, फारसादि, देशोंथे, तिन देशोंमें भेजे, तिनोंने तिन राजाओंकों जैनके साधुओंका आहार-विहार आचारादि सर्व बताया और समझाया पीछेसें साधुओंका विहार तिन देशोंमें कराकर लोकोंको जैन धर्मी करा, और संप्रतिराजानें (९९०००) निनानवें हजार जीर्णयाने जीरण जिनमंदिरोंका उद्धार कराया, अर्थात् पुराना टूटा फूटांकों नवा बनाया, और छत्तीस हजार (३६०००) नवीन जिनमंदिर बनवाये, और सोने, चांदी, पीतल, पाषाण, प्रमुखकी सवाक्रोड प्रतिमा बनवाई, तिसके बनवाये मंदिर नाडोल गिरनार शत्रुंजय रतलाम प्रमुख अनेक स्थानोंमें खडे हमनें अपनी आंखोसें देखे हैं। और संप्रतिराजाकी बनवाई जिन प्रतिमा तो हमनें सेंकडो देखी हैं, इस संप्रतिराजाका परिशिष्ट पर्वादि ग्रंथोंसें समग्र अधिकार जाण लेना २

श्रीआर्यसुहस्ती सूरि आचार्यने उज्जयनकी रहनेवाली भद्रासेठानीका पुत्र अवंतीसुकुमालकों दीक्षा दीनी, और जहां उस अवंती सुकुमालनें काल करा था, तिस जगे तिस अवंतीसुकुमालके महाकाल नाम पुत्रनें जिनमंदिर बनवाया, और तिस मंदिरमें अपने पिताके नामसें अवंतीपार्श्वनाथकी मूर्त्ति स्थापनकरी, कालांतरमें ब्राह्मणोनें अपना जोर पाकर तिस मंदिरमें मूर्त्तिकों नीचे दाबकर ऊपर महादेवका लिंग स्थापन करके महाकाल (महादेवका) मंदिर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रसिद्धकर दीया, पीछे जब राजा विक्रम उज्जयनमें हुआ, तिस अवसरमें कुमुदचंद्र, अर्थात् सिद्धसेनदिवाकर नामा जैनाचार्यनें कल्याणमंदिर स्तोत्र बनाया, तब शिवका लिंग फटकर बीचमेंसे पूर्वोक्त श्रीपार्श्वनाथकी मूर्त्ति फिर प्रगट हुइ ॥

इनका संबंध ऐसा है कि, विद्याधर गच्छमें, जब स्कंदिलाचार्यका शिष्य वृद्धवादि आचार्य थे, तिस अवसरमें, उज्जयनका राजा विक्रमादित्य था, तिसका मंत्री कात्यायन गोत्री देवऋषिनामा ब्राह्मण, तिसकी देवसिका नाम स्त्री, तिनका पुत्र मुकुंद सो, विद्याके अभिमानसें सारे जगतके लोकोंकों तृणवत् (घासफुसशमान) समजताथा, और ऐसा जानता था कि मेरे समान बुद्धिमान् कोइभी नहीं, और जो मुझकों वादमैं जीतलेवे, तो मैं उसकाही शिष्य बनजाऊं, पीछें तिसने वृद्धवादीकी बहुत कीर्त्ति सुनी उनके सन्मुख जाने वास्ते सुखासन ऊपर बैठकें भृगुकच्छ (भरुंच) कीतरफ चला जाता था, तिस अवसरमें वृद्धवादीभी रस्तेमें सन्मुख आता हुआ मिला, तब आपसमें दोनोंका आलाप संलाप हूआ पीछे मुकुंदजीने कहा कि, मेरे साथ तुम वाद करो, तब वृद्धवादीने कहा कि वादतो करुं, परंतु इस जंगलमें जीते हारेका कहनेवाला कोइ साक्षी नहीं, तब मुकुंदजीने कहा कि, यह जो गौ चरानेंवाले गोप हैं, येही मेरे तुमारे साक्षी रहे, ये जिसको कहदेंगे हारा सो हारा, तब वृद्धवादीनें कहा बहुत अच्छा येही साक्षी रहे, अब तुम बोलो, तब मुकुंदजीने बहुत संस्कृत भाषा बोली और चुप करी, तब गोपोंने कहा यह तो

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुछभी नहीं जानता केवल उंचा बोलके हमारे कानोंकों पीडा देता है, तब गोप कहने लगे, हे वृद्ध तुम बोल? पीछे वृद्धवादी अवसर देखकें कच्छा बांधकर तिन गोपोंकी भाषामें कहनें लगे, और थोडे थोडे कूदनेंभी लगे, जो छंद उच्चारा सो कहते हैं "नविमारिये नविचोरियें, परदारागमण निवारिये ॥ थोडाथोडादाइयें, सग्गि मटामटजाइयें ॥१॥ फेरभी बोले, और नाचनें लगे॥ छंद॥ कालो कंबल नीचोवट्ट, छाछें भरिओ दीवड थट्ट ॥ एवड पडीओ नीले झाड, अवरकिसोछे सग्ग निलाड ॥ २ ॥ यह सुनकर गोप बहुत खुशी हुये और कहनें लगे कि वृद्धवादी सर्वज्ञ है इसनें कैसा मीठा कानोंकों सुखदायी हमारे योग्य उपदेश कहा और मुकुंद तो कुछ नहीं जानता, तब मुकुंदजीने वृद्धवादीकों कहा कि हे भगवन्! तुम मुझकों दीक्षा देकें अपना शिष्य बनावो, क्योंकि मेरी प्रतिज्ञाथी, के जो गोप मुझे हारा कहेंगे, तो में हारा और तुमारा शिष्य बनूंगा, यह सुनकर वृद्धवादीनें कहा, कि भृगुपुरमें राजसभाके बीच तेरा मेरा वाद होवेगा, परंतु यह गोपोंकी सभामें वादही क्या है, तब मुकुंदने कहा, मैं अवसर नहीं जानता आप अवसरके ज्ञाता हो इसवास्ते मैं हारा पीछें वृद्धवादीने राजसभामें उसको पराजय करा, तब मुकुंदनें दीक्षा लीनी, गुरुनें उनका नाम कुमुदचंद्रजी दीया, पीछे जब आचार्य पदवी दीनी, तब फिर सिद्धसेन दिवाकर नाम रक्खा, पीछे वृद्धवादी तो और कहींकों विहार कर गये, और सिद्धसेन दिवाकरकों सर्वज्ञ पुत्र ऐसा विरुद दीया ऐसा विरुद बोलते हुए अवंती नगरीके

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चौकमें लाये, तिस अवसरमें राजा विक्रमादित्य हाथी ऊपर चढा सन्मुख मिला तब राजानें सर्वज्ञ पुत्र ऐसा बिरुद सुनके तिनकी परीक्षा वास्ते, हाथी उपर बैठेहीनें मनसें नमस्कार करा तब आचार्यनें धर्मलाभ कहा, राजानें पूछा कि विनाही वंदना करे, आप मेरेकों धर्मलाभ क्यों कर कहा, क्या यह धर्मलाभ बहुत सस्ता है, तब आचार्यनें कहा यह धर्मलाभ क्रोडचिंतामणिरत्नोंसेंभी अधिक है जो कोंई हमकों वंदना करता है उसकों हम धर्मलाभ कहते हें और ऐसेंभी नहीं जो तुमने हमकों वंदना नहीं करी तुमनेंभी अपनें मनसें वंदना करी, तो मनही सर्व कार्यमें प्रधान है, इस वास्ते हमनें धर्म लाभ कहा है, और तुमनें मेरी परीक्षा वास्तेही मनमें नमस्कार करा है, तब विक्रमराजा तुष्टमान होकर, हाथीसें नीचें उतरकर सर्वसंघकी समक्ष वंदना करी, और एक क्रौड अशर्फी दीनी, परंतु आचार्यनें अशर्फीयों नही लीनी, क्योंकि वे त्यागी थे, और राजाभी पीछा नहीं लेता, तब आचार्यकी आज्ञासें संघपुरुषोनें जीर्णोद्धारमें लगादीनी, राजाके दफतरमें तो ऐसा लिखा है ॥ श्लोक ॥ धर्मलाभ इति प्रोक्ते, दूरादुच्छ्रितपाणये ॥ सूरये सिद्धसेनाय, ददौ कोटिं धराधिपः ॥ १ ॥ श्री विक्रमराजाके आगें सिद्धसेन दिवाकरनें ऐसेंभी कहा था कि ॥ गाथा ॥ पुण्णे वाससहस्से । सयंमि वरिसाण नवनवइगए ॥ होई कुमारनरिंदो, तुहविक्कमराय सारित्थो ॥ १ ॥ अन्यदा सिद्धसेन चित्रकूटमें गये, तहां बहुत पुराने जिनमंदिरमें एक बडा मोटा स्थंभ देखा, तब किसीकों पूछा कि यह स्थंभ किसतरांका है,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यह सुनकर किसीनें कहा कि यह स्थंभ औषध द्रव्यमय जलादि करकें अभेद्य वज्रवत् है, इस स्थंभमें पूर्वाचार्योनें बहुत रहस्य विद्याके पुस्तक स्थापन करे है, परंतु किसीसें यह स्थंभ खुलता नहीं यह सुनकर सिद्धसेन आचार्यनें तिस स्थंभकों सूंघा तिसकी गंधसें तिसकी प्रतिपक्षी औषधीयोंका रस, लगाया तिस्सें वो स्थंभ कमलकी तरें खुल गया तव तिसमें पुस्तक देखा, तिसमें सुं एक पुस्तक लेकर वांचा, तिसके प्रथम पत्रमें दो विद्या लिखी पाई, एक सरसों विद्या, और दूसरी सुवर्णविद्या, तिसमें सरसों विद्या उसकों कहते है कि, जो काम पडे तब मंत्रवादी जितने सरसोंके दाने जपके जलाशयमें गेरे, उतनेही अश्वार बैतालीश प्रकार के आयुधों सहित बाहिर निकलके मैदानमें खडे हो जाते हैं तिनोंसें शत्रुकी सेना भंग हो जाती है, पीछे जब वो कार्य पूरा हो जाता है तब अश्वार अदृश्य हो जाते हैं और दूसरी हेमविद्यासें विनामेहनतके जितना चाहे, उतना सुवर्ण हो जाता है तब ये, दो विद्या सिद्धसेननें लेलीनी, पीछे जब आगे वांचने लगा, तब स्थंब मिल गया सर्व पुस्तक बीचमें रह गये, और आकाशमें देववाणी हुई, कि तूं इन पुस्तकोंके वाचने योग्य नहीं आगे मत वांचना, वांचेगा तो तत्काल मर जायगा, तब सिद्धसेननें डरकें विचार करा कि दो विद्या मिली दोही सही, पीछे चित्रोडसें विहार करके पूर्वदेशमें कुमारपुरमें गये, तहां देवपाल राजा था तिसकों प्रतिबोधके पक्का जैन धर्मी करा, तहां वो राजा सिद्धांत श्रवण करता है, जब ऐसें कितनाक काल व्यतीत हुआ, तब एकदा समय राजा छाना

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आया, और आंसुसें नेत्र भरकर कहने लगा कि—हे भगवन् हम बडे पापी हैं क्यों कि आपकी ऐसी उत्तम गोष्टिका रस नहीं पी-सक्ते हैं कारण कि हम बडे संकटमें पडे है, तब आचार्यने कहा तुमकों क्या संकट हुआ, राजा कहने लगा कि बहुत मेरे वैरी राजे एकठे होकर मेरा राज्य छीना चाहते हैं तब फेर आचार्यने कहा, कि हे राजन् तूं आकुल व्याकुल मत हो, जब मैं तेरा साहायकहों तो फेर तुझे क्या चिंता है यह बात सुनकर राजा बहुत राजी हुआ, पीछे आचार्यनें राजाकों पूर्वोक्त दोनों विद्यायोंसें समर्थ कर दीया, तिन विद्यायोंसें परदल भंग हो गया तिनका डेरा डंडा सर्व राजानें लूंट लीया, तब राजा आचार्यका अत्यंत भक्त हो गया, उस्सें आचार्य सुखोंमें पडके शिथिलाचारी होगया, यह स्वरूप वृद्धवादीजीनें सुना, पीछे दया करके तिनका उद्धार करने वास्ते तहां आये दरवाजे आगें खडे होकर कहला भेजा कि एक वूढा वादी आया है, तब सिद्धसेननें बुलाकर अपनें आगे बैठाया वृद्धवादीसर्व अपना शरीर वस्त्रसें ढांककर बोलेः—"अण फुल्लियफुल्ल मतोडहिं मारोवामोडिहिं मणुकुसुमेहिं ॥ अच्चिनिरंजणं जिण, हिंडहिकाइवणेणवणु ॥ १ ॥" इस गाथाकों सुनकर सिद्धसेननें विचारभी करा परंतु अर्थ न पाया तब विचार करा कि क्या यह मेरे गुरु वृद्धवादी है जिनके कहेका मैं अर्थ नही जानता हूं पीछे जब वार वार देखने लगा तब जाना कि यह मेरा गुरु है पीछे नमस्कार करके क्षमापन मांगा, और पूर्वोक्त श्लोकका अर्थ पूछा तब वृद्धवादी कहनें लगे "अणफुल्लियेत्यादि"

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अणफुल्लियफुल्ल प्राकृतके अनंत होनेसें अप्राप्त फूल फलोंकों मत तोड, भावार्थ यह है कि योग जो है, सो कल्पवृक्ष है, किसतरे कि जिस योग रूप वृक्षमें तप नियम तो मूल है, और ध्यान रूप बडा स्कंध है, तथा समतापणां कविपणां वक्तापणां, यश, प्रताप, मारण, उच्चाटन, स्तंभन, वशीकरणादि सिद्धियों कि जो सामर्थ्य सो फूल है, अरु केवलज्ञान फल है, इससें अभी तो योगकल्प-वृक्षके फूलही लगे हैं सो केवल ज्ञानरूप फल करकें आगे फलेंगे, इसवास्ते तिन अप्राप्त फल पुष्पोंकों क्यों तोडता है अर्थात् मत तोड ऐसा भावार्थ है, तथा "मारोवा मोडिहिं" जहां पांच महा-व्रत आरोपा है तिनकों मत मरोड "मणुकुसुमेत्यादि" मनरूप फूले करी निरंजनं जिनं पूजय (निरंजन जिनकों पूज) "वनात् वनंकिंहिंडसें" राजसेवादि बुरे नीरस फल क्यों करता है इति पद्यार्थ, तव सिद्धसेन सूरिनें गुरु शिक्षाकों अपने शिर ऊपर धरके और राजाकों पूछके वृद्धवादी गुरुके साथ विहार करा, और नि-विड चारित्र धारण करा, अनेक आचार्योंसें पूर्वोंका ज्ञान सीखा, एकदा सिद्धसेनजीनें सर्वसंघकों एकठो करकें कहा कि तुम कहोतो सर्वागमोंकों में संस्कृत भाषामें कर देउं, तव श्रीसंघने कहा क्या तीर्थंकर गणधर संस्कृत नही जानते थे, जो तिनहोनें अर्द्धमागधी भाषामें आगम करे ऐसी वात कहनेसें तुमको पारांचिक नाम प्रायश्चित्त लागा हम तुमसें क्या कहें तुम आपही जानते हो, तव सिद्धसेनने गुरुका वचन प्रमाण करकें कहा कि, मैं मौन करकें बारावर्षका पारांचिक नाम प्रायश्चित्त लेकें गुप्त मुख वस्त्रिका, रजो-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हरणादि लिंग करकें और अवधूत रूप धारके फिरुंगा, ऐसें कह कर गच्छकों छोडके नगरादिकोंमें पर्यटन् करने लगे, बारा वर्षके पर्यंतमें उज्जयन नगरीमें महाकालके मंदिरमें शेफालिकाके फूलों करकें वस्त्ररंगे पहने हुए सिद्धसेनजी जाके बैठा, तब पूजारी प्रमुख लोकोंने कहा तुम महादेवकों नमस्कार क्यों नही करता सिद्धसेन तो बोलतेही नहीं हैं ऐसें लोकोंकी परंपरासें सुनकर विक्रमादीत्यनेभी तहां आकर कहा "क्षीरलिलिक्षो भिक्षो किमिति त्वया देवो न वंद्यते" तब सिद्धसेननें कहा मेरे नमस्कारसें तुमारे देवका लिंग फट जायगा फेर तुमकों महादुःख होवेगा, मैं इस वास्ते नमस्कार नही करता हुं तब राजानें कहा लिंग तो फट जानेदो परंतु तुम नमस्कार करो पीछे सिद्धसेनजी पद्मासन बैठके कहने लगा, तथाहि ॥ श्लोक इंद्रवज्रा वृत्त ॥ स्वयंभुवं भूतसहस्रनेत्र, मनेकमेकाक्षरभावलिंगं ॥ अव्यक्तमव्याहतविश्वलोक, मनादिमध्यांतमपुण्यपापं ॥ १ ॥ इत्यादि प्रथमही श्लोक पढनेसें लिंगमेंसें धूंआ निकला. तबलोक कहनें लगे शिवजीका तीसरा नेत्र खुला है, अब इस भिक्षुकों अग्निनेत्रसें भस्मकरेगा, तब तो विजलीके तेजकी तरें तडतडाट करता प्रथम अग्नि निकला, पीछे श्रीपार्श्वनाथजीका बिंब प्रगट हूआ, तब वादी सिद्धसेननें कल्याणमंदिर नवीन स्तवन करकें क्षमापन मांगा तब राजा विक्रमादित्य कहने लगा कि हे भगवन् यह क्या अदृश्यपूर्व देखनेमें आया यह कौनसा नवीन देव है और यह प्रगट क्यों कर हुआ, तब सिद्धसेनजीनें कहा, अवंतीसुकुमालका पुत्र महाकालनें पिताके नामसें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अवंती पार्श्वनाथका मंदिर और मूर्त्ति बनाय स्थापन करी थी, तिसकी कितनेक वर्ष लोकोनें पूजा करी, अवसर पाकर ब्राह्मणोंने जिनप्रतिमाकों जमीनमें दाटके ऊपर यह शिवलिंग स्थापनकरा इत्यादि सर्व वृत्तांत कहा, और हे राजन् इस मेरी स्तुतिसें शासन देवताने शिवलिंग फाडके बीचमेंसें यह प्रतिमा प्रगट कर दीनी, अब तूं सत्यासत्यका निर्णय कर ले, तब विक्रमादित्यनें एकसौ गाम मंदिरके खरच वास्ते दीये और देवके समक्ष गुरुमुखसें बाराव्रत ग्रहण करे, और सिद्धसेनकी बहुत महिमा करी अपने स्थानमें गया और वांदीद्र (सिद्धसेनदिवाकरकों) गुरुने जिनधर्मकी प्रभावनासें तुष्टमान होकर संघमें लीया, अरु पूर्ववत् आचार्य बनाया ॥

एकदा प्रस्तावे सिद्धसेन दिवाकर विहार करते हुये मालवेके देशमें जो ओंकारनामें नगर है, तहां गये तिस नगरके भक्त श्रावकोनें आचार्यकों विनती करी, जैसें हे भगवन् इसी नगरके समीप एक गाम था, तिसमें सुंदर नामा राजपुत्र ग्रामणी था, तिसकी दो स्त्रीयां थी, एक स्त्रीके प्रथम पुत्री जन्मी वो स्त्री मनमें खीजी तिस अवसरमें उसकी सौकभी प्रसूत होनेवाली थी, तब तिस बेटीवालीनें विचारा कि इसके पुत्र न होवे तो ठीक है, क्यों कि नही तों यह पतिकों वल्लभ हो जावेगी, तब दाईसें मिलके उस्सें पैदा हुआ पुत्रकों बाहिर गिरा दीया, और तत्कालका मरा हुआ लडका उसके आगें रख दीया, पीछे जो लडका बाहिर गेरा गया था, उसकों कुलदेवीनें गौकारूप करकें पाला जब आठ

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्षका हुआ तब इस ओंकार नगरके शिवभवनके अधिकारी भरटनें देखा और अपना चेला बना लीया, एकदा प्रस्तावे कान्यकुब्ज देशका आंखोंसें आंधा राजाने दिग् विजय कार्यसें तहां पडाव करा तब रात्रिमें उस छोटे चेलेकों शिवभक्त व्यंतर देवतानें कहा कि शेषभोग राजाकों देना उसकी आंख अच्छी हो जावेगी तैसेंही करा तिस्सें राजाकी आंख अच्छी होगई तब राजाने सो गाम मंदिरके खरच वास्ते दीये और यह बडा ऊंचा जो शिव का मंदिर है सोभी उसीनें बनवाया, और हम इस नगरमें रहते हैं परंतु मिथ्या दृष्टियोंके बलवान् होनेंसें हम जिनमंदिर बनाने नहीं पाते हैं इस वास्ते आपसें बीनती करते हैं, कि इस मंदिरसें अधिक हमारा मंदिर यहां बने तो ठीक है, और आप सर्वतरेंसें समर्थ हो तिनका वचन सुनकर वादींद्रनें अवंतीमें आकर चार श्लोक हाथमें लेकर विक्रमादित्यके द्वार पास आये, दरवाजे दारके मुखसें राजाकों कहाया "दिदृक्षुर्भिक्षुरायात । स्तिष्ठति द्वारवारितः । हस्तन्यस्तचतुःश्लोकः । उतागच्छतु गच्छतु ॥ १ ॥" तिस श्लोककों सुनकर विक्रमादित्यनें बदलेका श्लोक लिखकर भेजा "दत्तानिदशलक्षाणि, शासनानिचतुर्दश ॥ हस्तन्यस्तचतुःश्लोकः ॥ उतागच्छतु गच्छतु ॥ २ ॥" तिस श्लोकको सुनकर आचार्यनें कहा भेजा कि, भिक्षु तुमकों मिला चाहता है, परंतु धन नहीं लेता, तब राजाने सन्मुख बुलवाये और पिछानके कहने लगा, कि गुरुजी बहुत दिनों सैं दर्शन दीया, तब आचार्य कहनें लगे धर्मकार्यके कारणेसें बहुत दिन हुये चिरसें आना हुआ,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब चार श्लोक तुम सुनो ।। "अपूर्वेयं धनुर्विद्या, भवता शिक्षिता कुतः ।। मार्गणौघः समभ्येति, गुणो याति दिगंतरे ।। १ ।। सरस्वती स्थिता वक्रे, लक्ष्मीः करसरोरुहे ।। कीर्त्तिः किं कुपिता राजन् येन देशांतरे गता ।। २ ।। कीर्त्तिस्ते जातजाड्येव, चतुरंभोधिमज्जनात् । आतपाय धरानाथ, गता मार्तंडमंडलं ।। ३ ।। सर्वदासर्वदोसीति, मिथ्या संस्तूयसे जनैः ।। नारयो लेभिरे पृष्ठं न वक्षः परयोषितः ।। ४ ।।" तब यह चारों श्लोक सुनके राजा बहुत खुश हुआ, और आचार्यकों कहने लगा, जो मेरा राज्यमें सार है, सो मांगो तो देदेउं, तब आचार्यनें कहा मुझेतो कुछभी नही चाहता, परंतु ओंकार नगरमें चतुर्द्वार जैनमंदिर शिवमंदिरसें उंचा बनाओ, और प्रतिष्ठाभी कराओ, तब राजानें वैसेंही करा तब जिनमत प्रभावना देखकें संघ तुष्टमान हुआ, इत्यादि प्रकारसें जैनधर्मकी प्रभावना करते हुए दक्षिणदेशमें प्रतिष्ठानपुरमें जाकर अनशन करके देवलोक गये, तब तहांसें संघने एक भट्टकों सिद्धसेनकी गच्छपास खबर करनेंकों भेजा तिस भट्टनें सूरियोंकी सभामें आधाश्लोक पढा और वार वार पढताही रहा, वो आधाश्लोक यह हैः—स्फुरंति वादिखद्योताः सांप्रतं दक्षिणापथे ।। जब वार बार यह अर्द्ध श्लोक सुना तब सिद्धसेनकी बहिन साधवीनें सिद्ध सारस्वत मंत्रसें अर्द्ध श्लोक पूरा करा । नूनमस्तंगतो वादी सिद्धसेनो दिवाकरः ।। १ ।। पीछे भट्टनें सर्व वृत्तांत सुनाया, तब संघकों बडा शोक हुआ ।। इति सिद्धसेन दिवाकरका प्रसंगसें संबंध कथन करा ।।

यह श्रीआर्य सुहस्ति आचार्य तीस वर्ष गृहस्थावासमें रहे, और

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चौवीसवर्ष व्रत पर्याय तथा छैयालीश वर्ष युगप्रधान पद्वी सर्व मिलकर एकसौ वर्षकी आयु भोगकें श्रीमहावीरस्वामीसें दोसौ एकानवे (२९१) वर्ष पीछे स्वर्ग गये, ॥ ११ ॥

॥ १२ ॥ श्रीआर्य सुहस्तिसूरिके पाटऊपर, श्रीसुस्थित सूरि हुवा तिनोनें क्रोडोंवार सूरिमंत्रका जापकरा, इसवास्ते गच्छका कोटिक, ऐसा दूसरा नाम श्रीसंघनें रक्खा, क्योंकि श्री सुधर्मा-स्वामीसें लेकर दशपाटतक तो अणगार निग्रंथगच्छ नाम था-पीछे दूसरा कोटिक गच्छनाम हुवा ॥

॥१३॥ श्री सुस्थितसूरिके पाट ऊपर श्री इंद्रदिन्नसूरि हुआ, इस अवसरमें श्री महावीरस्वामीसें चारसौ त्रेपन (४५३) वर्ष पीछे गर्द-भिल्लरा जाके उच्छेद् करणेवाला, दूसरा कालिकाचार्य हुआ, इस-की कथा कल्प सूत्रमें प्रसिद्ध है, और श्रीमहावीरस्वामीसें (४५३) वर्ष पीछे भृगुकच्छ (भडोंचमें) श्रीआर्य खपुटाचार्य विद्याचक्र-वर्त्ती हुआ, इनका प्रबंध श्रीप्रबंधचिंतामणिग्रंथ, तथा हारिभद्री आ-वश्यककी टीकासें जान लेना, और (४६०) वर्ष पीछे आर्यमंगु, वृद्धवादी, पादलिप्त तथा कल्याण मंदिरका कर्त्ता ऊपर जिसका प्रबंध लिख आये सो सिद्धसेन दिवाकर हुआ, जिनोंने विक्रमादि-त्यकों जैनधर्मी करा सो विक्रमादित्य श्री महावीरस्वामीसें (४७०) वर्ष पीछे हुआ, सो (४७०) वर्ष ऐसें हुए है—जिस रात्रिमें श्रीमहावीरस्वामीजी निर्वाण हुए, उस दिन अवंति नगरीमें पालक नामा राजाकों राज्याभिषेक हुआ, यह पालक चंद्रप्रद्योतनका पोता था

१० दत्तसूरि०

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिसका राज्य (६०) वर्ष रहा, तिसके पीछे श्रेणिकका बेटा कोणिक और कोणिकका बेटा उदायी जब विना पुत्रके मरा, तब तिसकी गद्दी उपर नंद नामा नाइ बैठा, तिसकी गद्दीमें सर्व नंदनामा नव राजा हुए, तिनका राज्य (१५५) वर्ष तक रहा, नवमें नंदकी गद्दी ऊपर मौर्यवंशी चंद्रगुप्त राजा हुआ, तिसका बेटा बिंदुसार, तिसका बेटा अशोक, तिसका बेटा कुणाल तिसका बेटा संप्रति महाराजादि हुए, इन मौर्यवंशीयोंका सर्व राज (१०८) वर्ष तक रहा, यह पूर्वोक्त सर्व राजा प्रायें जैनमतवाले थे, तिनके पीछे तीस वर्ष तक पुष्पमित्र राजाका राज्य रहा, तिस पीछे बलमित्र भानुमित्र, यह दोनों राजाका राज्य (६०) वर्ष तक रहा, तिस पीछे नभवाहन राजाका राज्य (४०) वर्ष-तक रहा, तिस पीछे तेरा वर्ष गर्द्दभिल्लका राज्य रहा, और चार वर्ष साखीराजावोंका राज्य रहा, पीछे विक्रमादित्यनें साखीराजावोंकों जीतके अपना राज्य जमाया, यह सर्व (४७०) वर्ष हुए॥

॥ १४ ॥ श्री इंद्रदिन्न सूरिके पाट ऊपर श्रीदिन्नसूरि हुये ॥

॥ १५ ॥ श्रीदिन्न सूरिके पाट ऊपर, श्री सिंहगिरी सूरि हुये॥

॥ १६ ॥ श्रीसिंहगिरिजीके पाट ऊपर श्री वज्रस्वामी हूये, जिनकों बाल्यावस्थासें जातिस्मरणज्ञान था, और आकाशगामनी विद्याभी थी, जिनोंने दूसरे बारा वर्षी कालमें संघकी रक्षा करी, तथा जिनोंनें दक्षिणपंथमें बौद्धोंके राज्यमें श्रीजिनेंद्रपूजा वास्ते फूल लाके दीये, बौद्धराजाकों जैनमती करा, यह आचार्य

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पिछला दशपूर्वका पाठक हुआ, जिनोसें हमारी वज्र शाखा उत्पन्न हुई, इनका प्रबंध आवश्यक वृत्तिसें जान लेना, सो वज्रस्वामी श्रीमहावीरस्वामीसें पीछे चार सौ छनवे और विक्रमादित्यके संवत छवीसमें जन्मे, और आठ वर्ष घरमें रहे, चौमालीस वर्ष सामान्य साधुव्रतमें रहे, और छत्तीस वर्ष युगप्रधान पदवी में रहे, सर्वायु अट्ठाशी वर्षकी भोगी, तथा इन आचार्यके समयमें जावड शाह सेठनें श्री शत्रुंजय तीर्थका विक्रम संवत् (१०८) में तेरहमा बडा उद्धार करा, तिसकी श्रीवज्रस्वामीनें प्रतिष्ठा करी, यह श्रीवज्रस्वामी श्रीमहावीरस्वामीसें (५८४) वर्ष पीछे स्वर्ग गये, इन श्री वज्रस्वामीके समयमें दशमा पूर्व, और चौथा संहनन, और संस्थान, विच्छेद होगये, यहां श्री सुहस्ती सूरि सें लेके श्रीवज्रस्वामी तक अपर पट्टावलियोंमें १ श्रीगुणसुंदरसूरि, २ श्रीकालिकाचार्य, ३ श्रीस्कंधलाचार्य, ४ श्रीरेवतीमित्र,सूरि, ५ श्रीधर्मसूरि, ६ श्रीभद्रगुप्ताचार्य, ७ श्रीगुप्ताचार्य, यह सात क्रमसें युगप्रधान आचार्य हुये, तथा श्रीमहावीरस्वामीसें पांचसौ तेतीस (५३३) वर्ष पीछे श्रीआर्यरक्षितसूरिनें सर्व शास्त्रोंके अनुयोग पृथग् कर दीये ये प्रबंध आवश्यक वृत्तीसें जान लेना, तथा श्रीमहावीरस्वामीसें (५४८) में वर्षे त्रैराशिकके जीतनेवाले श्रीगुप्तसूरि हुये, तिनका प्रबंध उत्तराध्ययनकी वृत्ति, तथा श्रीविशेषावश्यकसें जान लेना, जिसनें त्रैराशिक मत निकाला तिसका नाम रोहगुप्त था, वो श्रीगुप्तसूरिका चेला था, जिसका उलूक गोत्र था जब रोहगुप्त गुरुके आगे हारा, और मत कदाग्रह न छोडा तब अंतरंजिका

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नगरीके बलश्रीराजानें अपने राज्यसें बाहिर निकाल दीया, तब तिस रोहगुप्तनें कणाद् नामा शिष्य करा, उस्कों १ द्रव्य, २ गुण, ३ कर्म, ४ सामान्य, ५ विशेष, ६ समवाय, इन षट् पदार्थोंका स्वरूप बतलाया, तब तिस कणादनें वैशेषिक सूत्र बनाये तहांसें वैशेषिक मत चला ॥

१७ श्रीवज्र स्वामीके पाट ऊपर श्रीवज्रसेन सूरि बैठे, वे दुर्भिक्षमें श्रीवज्रस्वामीके वचनसें सोपारक पत्तनमें गये, तहां जिनदत्तके घरमें ईश्वरी नामा तिसकी भार्यानें लाख रूपकके खरचनेसें एक हांडी अन्नकी रांधी, जिसमें विष (जहर) डालने लगी, क्योंकि उनोंनें विचारा था कि अन्न तो मिलता नहीं तिसवास्ते जहर खाके सर्व घरके आदमी मरजायेंगे तिस अवसरमें श्रीवज्रसेनसूरि तहां आये, वो उनकों कहनें लगे कि तुम जहर मत खाओ कलकों सुगाल हो जावेगा तैसेंही हुआ तब तिन शेठके चार पुत्रोनें दीक्षा लीनी तिनके नाम लिखते हैं:—१ नागेंद्र, २ चंद्र, ३ निवृति, ४ विद्याधर, तिन चारोंसें स्व स्व नामके चार कुल बने यह वज्रसेनसूरि नववर्ष तक गृहस्थावासमें रहे और (११६) वर्ष समान साधुव्रतमें रहे, तथा तीन वर्ष युग प्रधान पदवीमें रहे सर्वायु (१२८) वर्षकी भोगके श्री महावीरस्वामीसें (६२०) वर्ष पीछे स्वर्ग गये, तथा श्री वज्रस्वामी और वज्रसेन सूरिके बीचमें, आर्य रक्षित सूरि तथा श्रीदुर्बलिकापुष्यसूरि, यह दोनों युग प्रधान हुये, श्रीमहावीरस्वामीसें (५८४) वर्ष पीछे गोष्टा माहिल सा·

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तमां निन्हव हुवा, तथा श्रीमहावीरस्वामीसें (६०९) वर्ष पीछे श्रीकृष्णसूरिका शिष्य शिवभूति नामें था, तिसनें दिगंबर मत प्रवृत्त करा, सो अधिकार विशेषावश्यकादिकोंसें जान लेना ॥

१८ श्रीवज्रसेन सूरिके पाट ऊपर श्रीचंद्रसूरि बैठा, तिनके नामसें गच्छका तीसरा नाम चंद्रगच्छ हुआ ॥

१९ श्रीचंद्रसूरिके पाट ऊपर श्री सामंतभद्रसूरि हुये, सो पूर्वगत श्रुतके जानकार थे ॥

२० श्रीसामंतभद्रसूरिके पाट ऊपर, श्रीदेव सूरि हुये, तथा श्रीमहावीरस्वामीसें (५९६) वर्ष पीछे कोरंट नगरमें तथा सत्यपुरमें नाहडमंत्रीनें मंदिर बनवाया, प्रतिमाकी प्रतिष्ठा जज्जक सूरिनें करी, प्रतिमा श्रीमहावीरस्वामीकी स्थापन करी जिसकों "जयउ वीरसचउरिमंडण कहते हैं ॥

२१ श्रीवृद्धदेवसूरिके पाट ऊपर श्रीप्रद्योतनसूरि हुये ॥

२२ श्री प्रद्योतन सूरिके पाट ऊपर, श्रीमानदेवसूरि हुये, इनके सूरिपद स्थापनावसरमें दोनों स्कंधोंपर सरस्वती और लक्ष्मी साक्षात् देख कें यह चारित्रसें भ्रष्ट हो जावेगा ऐसा विचार करकें खिन्न चित्त गुरुकों जानकें गुरुके आगे ऐसा नियम करा कि–भक्तिवाले घरकी भिक्षा और दूध, दही, घृत, मीठा, तेल, अरु सर्व पक्वान्नका त्याग कीया, तब तिनके तपके प्रभावसें नाडोल पुर (जो पालीके पास है) तिसमें १ पद्मा, २ जया, ३ विजया, ४ अपराजिता, ए चार नामकी चार देवी सेवा करती देखी,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कोइ मूर्ख कहने लगा कि ए आचार्य स्त्रीयोंका संग क्यों करता है तब तिन देवीयोंनें तिसकों सिक्षा दीनी, तथा तिसके समयमें तिक्षिला नगरीमें बहुत श्रावक थे तिनमें मरीका उपद्रव हुआ तिसकी शांतिकेवास्ते श्री मानदेव सूरिनें नाडोल नगरीसें शांतिस्तोत्र बनाकर भेजा ॥

२३ श्री मानदेवसूरिके पाट ऊपर श्री मानतुंगसूरि हुये, जिनोंनें भक्तामर स्तवन करकें, बाण अरु मयूर पंडितोंकी विद्या करकें चमत्कृत हुआ जो वृद्ध भोजराजा तिनकों प्रतिबोधा, और भयहर स्तवन करकें नागराजाकों वश करा, तथा भत्तिभरेत्यादि स्तवन जिनोंनें करे है ॥

२४ श्रीमानतुंगसूरिके पाट ऊपर श्री वीरसूरि बैठे सो वीरसूरिनें श्री महावीरस्वामीसें (७७०) वर्षमें तथा विक्रम संवतके तीनसौ वर्ष पीछे नागपुरमें श्रीनमिअर्हतकी प्रतिमाकी प्रतिष्ठा करी, यदुक्तं ॥ आर्या ॥ "नागपुरे नमिभवन, प्रतिष्ठयामहितपाणिसौभाग्यः ॥ अभवद्वीराचार्य, स्त्रिभिः शतैः साधिकैः राज्ञः ॥ १ ॥"

२५ श्री वीरसूरिके पाट ऊपर श्री जयदेवसूरि बैठे, ॥

२६ श्रीजयदेवसूरिके पाट ऊपर श्री देवानंदसूरि बैठे, इस अवसरमें श्रीमहावीरस्वामीसें (८४५) वर्ष पीछे बल्लभी नगरी भंग हुइ, तथा (८८२) वर्ष पीछे चैत्येस्थिति, तथा (८८६) वर्ष पीछे ब्रह्मद्वीपिका शाखा हुई ॥

२७ श्रीदेवानंदसूरिके पाट ऊपर श्री विक्रमसूरि बैठे ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२८ श्रीविक्रमसूरिके पाट ऊपर श्री नरसिंहसूरि बैठे, यतः ॥ "नरसिंहसूरिरासी, दतोऽखिलग्रंथपारगोयेन ॥ यक्षोनरसिंहपुरे, मांसरतिस्त्याजिता स्वगिरा ॥ १ ॥"

२९ श्रीनरसिंहसूरिके पाट ऊपर श्रीसमुद्रसूरि हुए ॥ श्लोकः ॥ वसंततिलकावृत्तम् ॥ "खोमीणराज कुलजोऽपि समुद्रसूरि, र्गच्छं शशास किल यः प्रवणः प्रमाणी ॥ जित्वा तदा क्षपणकान् स्ववशं वितेने नागहृदेभुजगनाथनमस्यतीर्थम् ॥ १ ॥"

३० श्रीसमुद्रसूरिके पाट ऊपर श्रीमानदेवसूरि हुए ॥ श्लोकः ॥ वसंततिलकावृत्तम् ॥ "विद्यासमुद्रहरिभद्रमुनींद्रमित्रं, सूरिर्बभूव पुनरेवहि मानदेवः ॥ मांद्यात्प्रयातमपियोनघसूरिमंत्रं लेभेंबिकामुखगिरा तपसोज्जयंते ॥ १ ॥" श्रीमहावीरस्वामीसें एक हजार वर्ष पीछे सत्यमित्र आचार्यके साथ पूर्वोंका व्यवच्छेद हुआ, यहां १ श्री नागहस्ति, २ रेवतीमित्र, ३ ब्रह्मद्वीप, ४ नागार्जुन, ५ भूतदिन्न, ६ श्री कालकसूरि, ये छै युगप्रधान यथाक्रमसें श्रीवज्रसेनसूरि और सत्यमित्रके बीचमें हुए, इन पूर्वोक्त छै युगप्रधानोंमेंसें शक्राभिवंदित श्रीकालिकाचार्य श्रीमहावीरस्वामीसें (९९३) वर्ष पीछे पंचमीसें चौथकी संवत्सरी करी, तथा श्री महावीरात् (९८०) वर्ष पीछे एक पूर्व विद्या धारक युगप्रधान श्री देवर्द्धिगणिः क्षमाश्रमण हुए जिणोंनें शाशन देवके सहायसें सर्व साधुवोकों इकट्ठा करके सर्व सिद्धांत पुस्तकोंमें लिखाया इससें यह बडे प्रवचन प्रभावीक हुए, तथा श्री महावीरात् (१०५५) वर्ष पीछे, और विक्रमादित्यसें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(५८५) वर्ष पीछे, याकिनी साधवीका धर्मपुत्र श्रीहरिभद्रसूरि स्वर्गवास हुए, ये आवश्यकजी मूलसूत्रादिककी बडी टीकाका, तथा चवदसोचमालीस (१४४४) प्रकरणोंका कर्त्ता हुए तथा इग्यारेसोपन्नर (१११५) वर्ष पीछे श्रीजिनभद्रगणि क्षमाश्रमण युगप्रधान हुआ ॥

३१ श्रीमानदेवसूरिके पाटऊपर श्रीविबुधप्रभसूरि हुआ ॥

३२ श्रीविबुधप्रभसूरिके पाट ऊपर श्रीजयानंदसूरि हूआ ॥

३३ श्रीजयानंदसूरिके पाट ऊपर श्रीरविप्रभसूरि हुआ सो श्रीमहावीरस्वामिसें पीछे इग्यारेसेसित्तर (११७०) वर्ष औ) विक्रम संवत्सें सातसो (७००) वर्ष पीछे नाडोल नगरमें श्रीनेमिनाथस्वामिके प्रासादकी प्रतिष्ठा करी तथा श्रीवीरात् इग्यारसो नेवु (११९०) वर्ष पीछे श्रीऊमास्वातिनामक युगप्रधान हुआ ॥

३४ श्रीरविप्रभसूरिके पाट ऊपर श्रीयशोभद्रसूरि अपरनाम श्रीयशोदेवसूरि बैठे, यहां श्रीमहावीरस्वामिसें बारसोबहुत्तर (१२७२) वर्ष पीछे, और विक्रम संवत्सें आठसें दो (८०२) के सालमें अणहलपुर पट्टण वनराज नामक राजानें वसाया, वनराज जैनी राजा था, तथा श्रीवीरात् बारसेसित्तर (१२७०) और विक्रमसंवत् आठसो (८००) के सालमें भादवासुदि ३ के दिन बप्पभट्ट आचार्यका जन्म हुआ जिसनें गवालियरके आम नामा राजाकों जैनी बनाया, इनोंका विशेष चरित्र प्रबंध चिंतामणि ग्रंथसें जाणलेना ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

३५ श्रीयशोभद्रसूरिपट्टे, श्रीविमलचन्द्रसूरि हूआ ॥

३६ श्रीविमलचंद्रसूरिपट्टे श्रीदेवचन्द्रसूरि अपरनाम लघुदेवसूरि हूवा ये उपधान वाच्य ग्रंथका कर्त्ता और तिसकाल आश्रय सिथलाचार मार्गकों त्याग करके शुद्धमार्ग धारन करनेंवाले वे, हू इससें सुविहित पक्ष प्रसिद्ध हूवा ॥

३७ श्रीलघुदेवसूरि पट्टे, श्रीनेमिचन्द्र सूरि हुवे ॥

इति श्रीखरतरगच्छे श्रीजिनकीर्त्तिरत्नसूरिशाखायां क्रमात्, श्रीजिनकृपाचन्द्रसूरीश्वरस्य प्रधानशिष्येण श्रीमदानंदमुनिना संकलिते उ० जयसागरेण संस्कारितेच, श्रीमज्जिनदत्तसूरीश्वरचरिते श्री आचार्यमहागिर्यादि श्रीनेमिचन्द्रसूरिपर्यवसानं पट्टानुगताचार्यसंक्षिप्तचरित्र वर्णनो नाम तृतीयसर्गः समाप्तः

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ चतुर्थसर्गः ।

नमः श्रीवर्द्धमानाय, श्रीमते च सुधर्मणे,
सर्वाऽनुयोगवृद्धेभ्यो, वाण्यै सर्वविदस्तथा ॥ १ ॥
अज्ञानतिमिरांधानां, ज्ञानांजनशलाकया,
नेत्रमुन्मीलितं येन, तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ २ ॥
सूरिमुद्योतनं वन्दे, वर्द्धमानं जिनेश्वरं,
जिनचंद्रप्रभुं भक्त्याऽभयदेवमहं स्तुवे ॥ ३ ॥

३८ श्रीनेमिचंद्रसूरिजीके पट्टपर, श्रीमान् उद्योतनसूरिजी हुवे, इणोंसें ८४ गच्छकी स्थापना हुइ, इहांपर ८४ गच्छोंका किंचित-स्वरूप लिखते है, वाचनाचार्य श्रीमान् पूर्णदेवगणि प्रमुखका वृद्धसंप्रदाय यह है कि श्रीमान् उद्योतनसूरिजी महाराजकुं शुद्ध क्रियापात्र बडे प्रतापिक विद्वान् जाणके और ८३ साधुवोंका शिष्य आयके महाराजकेपास पढने लगे, और तिस अवसरमें एक अंभोहरनामा देशमें जिनचंद्रनामें आचार्य शिथलाचारी चैत्य-वासी ८४ चैत्योंका मालिकथा, उसके व्याकरण तर्क छंद अलं-कार प्रमुखमें अत्यंत विचक्षण, शरदऋतुका चंद्रमाके प्रकाश स-मान उज्वल यशवाला, और अत्यंत निर्मल मनवाला, वर्द्धमान नामें प्रधान शिष्य था, उसके प्रवचन सारोद्धारादि आगम वाचतां जिनचैत्यकी ८४ आशातना आइ, वे आशातना यह है—

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इदानीं, दसआसायणत्ति, सप्तत्रिंशत्तमं द्वारमाह ॥

अब दशआशातनाका सैंतीसमा (३७) द्वार कहतें हैं ॥

तत्र मूलम् यथा–तंबोल १ पाण २ भोयण, ३ पाणह ४, त्थी-भोग ५ सुयण ६ निट्ठिवणं, ७ मुत्तु ८ चारं ९ जूयं १०, वज्जेजि-णमंदिरस्संतो ॥ ३७ ॥ व्याख्या–तांबूल १ पानीपीणा २ भो-जन ३ उपानत ४ (जूती) स्त्रीभोग ५ (मैथुन) स्वपन निद्रा करना ६ निष्ठीवन थूक ७ मूत्र, लघुनीत ८ पुरीषं, वडनीत ९ द्यूतमदिरादिवर्जयेत्, जूआमदिरादियत्नसें वर्जे १० विवेकी पुरुष जिनमंदिरके अंदर श्रीतीर्थंकर भगवानकी आशातनाका हेतु होणेसें यह १० मोटी आशातनाका सुश्रावकोंकुं विशेषकरके त्याग करना उचित है, अन्यथा अनंत भवभ्रमण करना होगा यह निस्सं-देह है, इति ३७ सप्तत्रिंशत्तमद्वारः ॥

आसायणा उचुलसी, इति अष्टात्रिंशत्तमं द्वारमाह, खेलंकेलिमि-त्यादि शार्दूलवृत्त चतुष्टयमिदं यथा विदितं व्याख्यायते ॥

अब चौरासी आशातनाका अडतीसमा द्वार कहतें हैं ॥

तत्र मूलम् यथा–खेलं १ केलि २ कलिं ३ कला ४ कुललयं ५ तंबोल ६ मुग्गालयं, ७ गाली ८ कंगुलिया ९ सरीरधुवणं १० केसे ११ नहे १२ लोहियं, १३, भत्तोसं १४ तय १५ पित्त १६ वंत १७ दसणे १८ विस्सामणं १९ दामणं, २०, दंत २१ च्छी २२ नह २३ गंड २४ नासिय २५ सिरो २६ सोत्त २७ छवीणं मलं, २८ ॥ ४३८ ॥ १ ॥ मंतं २९ मीलण ३० लेरकयं ३१ विभजणं ३२ भंडार ३३ दुट्ठासणं, ३४, छाणी ३५ कप्पड

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

३६ दालि ३७ पप्पड ३८ वडी ३९ विस्सारणं नासणं, ४०, अक्कंदं ४१ विकहं ४२ सरिच्छुघडणं ४३ तेरिच्छसंठावणं, ४४, अग्गीसेवण ४५ रंधणं ४६ परिख्कणं ४७ निस्सीहियाभंजणं, ४८ ॥ ४३९ ॥ २ ॥ छत्तो ४९ वाणह ५० सत्थ ५१ चामर ५२ मणोणेगत्त, ५३ मब्भंगणं, ५४ सचित्ताणमचाय ५५ चायमजिए ५६ दिट्ठीइनो अंजली, ५७ साडेगुत्तरसंग भंग ५८ मउडं ५९ मउलिं ६० सिरोसेहरं, ६१ हुड्डा ६२ जिडुहग्गेड्डियाइरमणं ६३ जोहार ६४ भंडक्कियं, ६५ ४४० ॥ ३ ॥ रेकारं ६६ धरणं ६७ रणं ६८ विवरणं बालाण ६९ पल्हट्ठियं, ७०, पाउ ७१ पायपसारणं ७२ पुडपुडी ७३ पंकं ७४ रओ ७५ मेहुणं, ७६ जूया ७७ जेमण ७८ गुझ ७९ विज्ज ८० वणिजं ८१ सेझं ८२ जलं ८३ मझणं, ८४, एवमाईय मवज्जकज्जमुज्जुओवज्जेजिणिंदालए, ४४१ ॥

॥ ४ ॥ व्याख्या तत्र जिनभवने एतच्च कुर्वन् आशातनां करोति इति फलितार्थः आयं लाभं ज्ञानादीनां निःशेषकल्याणसंपन्नतावितानाविकलबीजानांशातयति विनाशयति इति आशातना शब्दार्थः तत्र खेलं मुखश्लेष्माणं जिनमंदिरे त्यजति, १ तथा केलिं क्रीडां २ करोति, तथा कलिं वाक्कलहं विधत्ते, ३ तथा कलां धनुर्वेदादिकां तत्र शिक्षते, ४ तथा कुललयं गंडूषं विधत्ते, ५ तथा तांबूलं तत्र चर्वयति, ६ तथा तांबूलसंबंधिनमुद्गालमाविलं तत्र मुंचति, ७ तथा गालीर्नकारमकारचकारजकारादिकास्तत्र ददाति, ८ तथा कंगुलिकां लघ्वीं महतीं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

च नीतिं विधत्ते, ९ तथा शरीरस्य धावनं प्रक्षालनं कुरुते, १० तथा केशान् मस्तकादिभ्यस्तत्रोत्तारयति, ११ तथा नखान् हस्तपादसंबंधिनः किरति, १२ तथा लोहियं शरीरान्निर्गतं तत्र विसृजति, १३ तथा भक्तोषं सुखादिकां तत्र खादति, १४ तथा तयत्वचं व्रणादिसंबंधिनीं पातयति, १५ तथा पित्तं धातुविशेषमौषधादिना तत्र पातयति, १६ तथा वांतं वमनं करोति, १७ तथा दसणे दंतान् क्षिपति, १८ तत्संस्कारं वा कुरुते तथा विश्रामणामंगसंवाहनं कारयति १९ तथा दामनं बंधनमजादितिरश्चां विधत्ते, २० तथा दंताक्षिनखगंडनासिका शिरःश्रोत्रच्छवीनां संबंधिनं मलं जिनगृहे त्यजति तत्र छविः शरीरं, शेषाश्च तदवयवाः २८ ॥ ४३८ ॥ इति प्रथमवृत्तार्थः ॥ तथा मंत्रं भूतादिनिग्रहलक्षणं राजादिकार्यपर्यालोचनं वा कुरुते, २९ तथा मीलनं कापिस्वकीय विवाहादिकृत्ये निर्णयाय वृद्धपुरुषाणां तत्रोपवेशनं, ३० तथा लेख्यकं व्यवहारादि संबधि तत्र कुरुते, ३१ तथा विभजनं विभागं दायादादीनां तत्र विधत्ते, ३२ तथा भांडागारं निजद्रव्यादेर्विधत्ते, ३३ तथा दुष्टासनं पादोपरिपादस्थापनादिकमनौचित्योपवेशनं कुरुते, ३४ तथा छाणी गोमयपिंडः ३५ कर्पटं वस्त्रं, ३६ दालिर्मुद्गादिद्विदलरूपा, ३७ पर्पटवटिके ३८-३९ प्रसिद्धे, ततः एतेषां विस्तारणं च उत्तायनकृते विस्तारणं, तथा नाशनं नृपदायादादिभयेन चैत्यस्य गर्भगृहादिषु अंतर्धानं, ४० तथा आक्रंदं रुदनं कुरुते, ४१ विकथाकरणं ४२ तथा शराणां वंशानामिक्षूणां च घटनं, ४३

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सरछे, तु पाठे शराणां अस्त्राणां च धनुःशरादीनां घटनं, तथा तिरश्चामश्वगवादीनां संस्थापनं, ४४ तथा अग्निसेवनं शीतादौ सति, ४५ तथा रंधनं पचनमन्नादीनां, ४६ तथा परीक्षणं द्रम्मादीनां, ४७ तथा नैषधिकी भंजनमवश्यमेव हि चैत्यादौ प्रविशद्भिः सामाचारीचतुरैर्नैषेधिकीकरणीया, ततस्तस्या अकरणं भंजनमाशातना ४८ ॥ ४३९ ॥ इति द्वितीयवृत्तार्थः ॥ तथा छत्रस्य ४९।५० तथा उपानहस्तथा शस्त्राणां खड्गादीनां ५१ तथा चामरयोश्च ५२ देवगृहात् बहिरमोचनं, मध्येवा धारणं तथा मनसोऽनेकांततानैकाग्र्यं नानाविकल्पकल्पनमित्यर्थः, ५३ तथाभ्यंजनं तैलादिना ५४ तथा सचित्तानां पुष्पतांबूलपत्रादीनामत्यागो बहिरमोचनं, ५५ तथा त्यागः परिहरणं, अजिए, इति अजीवानां हारमुद्रिकादीनां, बहिस्तनमोचने हि अहो भिक्षाचराणामयं धर्मः इत्यवर्णवादो दुष्टलोकैर्विधीयते, ५६ तथा सर्वज्ञप्रतिमानां दृष्टौ दृग्गोचरतायां नो नैवांजलिकरणमंजलिविरचनं, ५७ तथा एकशाटकेन एकोपरितनवस्त्रेण उत्तरासंगभंग उत्तरासंगस्याकरणं, ५८ तथा मुकुटं किरीटं मस्तके धरति, ५९ तथा मौलिं शिरोवेष्टन विशेषरूपां करोति, ६० तथा शिरःशेखरं कुसुमादिमयं धत्ते, ६१ तथा हुड्डांपारापतनालिकेरादिसंबंधिनीं विधत्ते, ६२ तथा जिंडुहत्ति, कंदुकगेड्डिका तत् क्षेपणी वक्रयष्टिका ताभ्यां, आदिशब्दात् गोलिका कपर्दिकाभिश्च रमणं क्रीडनं, ६३ तथा ज्योत्कारकरणं पित्रादीनां, ६४ तथा भांडानां विटानां क्रिया कक्षा वादनादिका, ६५ ॥ ४४० ॥ इति तृतीयवृत्तार्थः ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तथारेकारं तिरस्कारप्रकाशकं रेरे रुद्रदत्तेत्यादि वक्ति, ६६ तथा धरणकं रोधनमपकारिणामधमर्णादीनां च ६७ तथा रणं संग्रामकरणं ६८ तथा विवरणं बालानां केशानां विजटीकरणं, ६९ तथा पर्यस्तिकाकरणं, ७० तथा पादुका काष्ठादिमयं चरणरक्षणोपकरणं ७१ तथा पादयोः प्रसारणं स्वैरं निराकुलतायां, ७२ तथा पुटपुटिकादापनं, ७३ तथा पंकं कर्दमं करोति, निजदेहावयवप्रक्षालनादिना, ७४ तथा रजो धूलिःतां तत्र पादविलग्नां ताडयति ७५ तथा मैथुनं मैथुनस्य कर्म, ७६ तथा यूकामस्तकादिभ्यः क्षिपति वीक्षयति वा ७७ तथा जेमनं भोजनं, ७८ तथा गुह्यं लिंगं तस्या संवृत्तस्य करणं, ७९ जुझमिति तु पाठे युद्धं दृग्युद्धबाहुयुद्धादि, तथा विज्ञत्ति, वैद्यकं, ८० तथा वाणिज्यं क्रयविक्रयत्वलक्षणं, ८१ तथा शय्यां कृत्वा तत्र स्वपिति, ८२ तथा जलं तत् स्नानाद्यर्थं तत्र मुंचति पिबति वा, ८३ तथा मज्जनं स्नानं तत्र करोति, ८४ एवमादिकमवद्यं सदोषं कार्यं उत्सुकः प्रांजलचेता उद्यतो वर्जयेत् जिनेंद्रालये जिनमंदिरे ॥ एवमादिकमित्यनेनेदमाह ॥ न केवलं एतावत्य एवाशातनाः, किंत्वन्यदपि यदनुचितं हसनवल्गनादिकं जिनालये तदप्याशातनास्वरूपं ज्ञेयं ॥ नन्वेवं, तंबोलपाण इत्यादि, गाथयामेव आशातनादशकस्य प्रतिपादितत्वात्, शेषाशातनानां च एतत् दशकोपलक्षितत्वेनैव ज्ञास्यमानत्वात्, अयुक्तं इदं द्वारांतरम्, इति चेन्न, सामान्याभिधानेऽपि बालादिबोधनार्थं विभिन्नं विशेषाभिधानं क्रियत एव, यथा ब्राह्मणाः समागताः वशिष्ठोऽपि समागतः

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इति न्यायात् सर्वमनवद्यं, ॥ नन्वेता आशातना जिनालये क्रियमाणा गृहिणां कंचनदोषमावहंति, उत एवं एवं न करणीयाः, तत्र ब्रूमः समाधानम्, न केवलं गृहिणां सर्वसावद्यकरणोद्यतानां-भवभ्रमणादिकदोषमावहंति, किंतु निरवद्याचाररतानां मुनीनामपि दोषमावहंति, इत्याह, ॥ आसायणाउ भवभमण कारणा-इइ विभाविउं, जइणो मलिणत्ति न जिण मंदिरंमि, निवसंति इइ समए ॥ ४२ ॥ ५ ॥ एता आशातनाः परिस्फुरत् विविधदुःख-परंपराप्रभवभवभ्रमणकारणमिति विभाव्य परिभाव्य यतयोऽस्नानकारित्वेन मलमलिनदेहत्वात्, न जिनमंदिरे निवसंति, इति समयः सिद्धांतः, आह च व्यवहारभाष्यकारोपि ॥ दुब्भिगंधमलस्सावि, तणुरप्पेसण्हाणिया ॥ दुहावायवहावाइ, तेणच्चिट्ठंति न चेइए ॥ ४३ ॥ ६ ॥ व्याख्या एषा तनुः स्नापितापि दुरभिगंधमलप्रस्वेदस्राविणी, तथाद्विधा वायुपथः उर्द्धाधोवायुनिर्गमश्च, यद्वा द्विधा मुखेन अपानेन च वायुवहो वापि वातवहनं च तेन कारणेन न तिष्ठंति यतयश्चैत्ये जिनमंदिरे, ॥ यद्येवं व्रतिभिश्चैत्येषु, आशातनाभीरुभिः कदाचिदपि न गंतव्यं, तत्राह सेनूणं भंते संजयाणं विरया विरयाणं जिणहरे गच्छेज्जा, गोयमा, दिनेदिने गछेज्जा, जइप्पमायं पडुच्च नगच्छेज्जा, तो छट्ठं वा दुवालसं वा पायच्छित्तं लभेज्जा ॥ इति महाकल्पे ॥ अथ जिनचैत्ये मुनीनामवस्थितिप्रमाणं विभणिषुराह ॥ तिन्नि वा कट्ठइ जाव, थुइओ तिसलोइया ॥ तावच्च अणुन्नायं, कारणेण परेणओ ॥ ४४ ॥ ७ ॥ व्याख्या तिस्रः स्तुतयः कायोत्सर्गानंतरं या दीयंते ता यावत्कर्षति भणति इत्यर्थः,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

किंविशिष्टाः, तत्राह, त्रिश्लोकिकास्त्रयः श्लोकाः छंदोविशेषरूपा अधिका न यासु ताः, तथा सिद्धाणं बुद्धाणं, इत्येकः श्लोकः, जो देवाणवि, इति द्वितीयः, एक्को वि नमुक्कारो, इति तृतीयः, अग्रेतनगाथाद्वयं, स्तुतिश्चतुर्थी गीतार्थाचरणेनैव क्रियते, गीतार्थाचरणं तु मूलगणधरभणितमिव सर्वं विधेयमेव सर्वैरपि मुमुक्षुभिरिति, तावत्कालमेव तत्र जिनमंदिरेऽनुज्ञातमवस्थानं यतीनां, कारणेन पुनर्धर्मश्रवणाद्यर्थमुपस्थितभविकजनोपकारादिना परतोऽपि चैत्यवंदनाया अग्रतोऽपि यतीनामवस्थानमनुज्ञातं, शेषकाले तु साधूनां जिनाशातनादिभयात् नानुज्ञातमवस्थानं तीर्थंकरगणधारिभिः, ततो व्रतिभिरप्येवमाशातनाः परिह्रीयंते, गृहस्थैस्तु सुतरां परिहरणीया। इति, इयं च तीर्थंकृतामाज्ञा, आज्ञाभंगश्च महतेऽनर्थाय संपद्यते, यदाहुः, 'आणाइच्चिय चरणं, आणाइतवो आणाइ संजमो, तहदाणमाणाइं, आणारहियो धम्मो पलासपुलुवनायव्वो' ॥ १ ॥ और भाषाके स्थानमें प्राचीन सुकविकृत ८४ आशातना स्वरूपप्रतिपादकभाषापद्यबंधस्तवनहि रखनेमें आता है ॥

अथ ८४ आशातनास्तवन ॥

विलसेरिद्धिनी देशी ॥ जय जय जिणपास जगत्र धणी, सो भाताहरी संसार सुणी, आयो हुं पिणधर आसधणी, करिवा सेवा तुम चरण तणी ॥ १ ॥ धन धन जे न पडे जंजाले, उपयोग सुं पैसे जिन आले, आशातना चउरासी टाले, साखता सुखतेहि ज संभाले ॥ २ ॥ जे नाखे श्लेखम जिनहरमे, कलह करे गाली जूयरमे, धनूषादि कला सीखण ढूके, कुरलो तंबोल भखे थूके

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ ३ ॥ सुरे वायवडी लघुनीत तणी, संज्ञा कुंगुलिया दोषसुणी, नख केस समारण रुधिर क्रिया, चांदीनी नांखे चांबडिया ॥ ४ ॥ दांतणनें वमन पीये कावो, खावे धांणी फुली खावो, सुवे वेसामण विसरावे, अज गज पशुनें दामण दावे ॥ ५ ॥ सिरनासा कान दसन आखे, नख गालवपुषना मल नांखे, मिलणो लेखो करे मंत्रणो, विह्चण अपणो करि धन धरणो, ॥ ६ ॥ वेसे पग ऊपरि पग चढियां, थापे छाणा छडे ढूंढणीयां, सूकवे कप्पड वप्पड वडियां, नासीय छिये नृप भय पडियां ॥ ७ ॥ शोके रोवें विकथाज कहे, इहां संख्या बेंतालीस लहै, हथियार घडेनें पशुबांधे, तापे नाणों परखे रांधे ॥ ८ ॥ भांजी निसही जिनगृह पैसे, धरे छत्रनें मंडपमें बेसे, पहिरे वस्त्र अनें पनही, चामर वींझै मनठाम नहीं ॥९॥ तनु तेल सचित्त फल फूल लीये, भूषण तजि आप कुरूप थीये, दरसणथी सिर अंजली न धरे, इग साडे उत्तरा संग न करे ॥ १० ॥ छोगो सिरपेच मोड जोडे, दडिये रमनें बैसे होडै, सयणां सुं जुहार करे मुजरो, करे भंड चेष्टा कहे वचन बुरो ॥ ११ ॥ धरे धरणो झगडे उह्लंठी, सिर गुंथे बांधे पालंटि, पसारे पग पहरे चाखडियां, पगझटक दिरावे दुरवडीयां ॥ १२ ॥ करदमलहे मैथुनमंडे, जूआं बलि अंठतिहां छंडे, उघाडे गुह्यकरे वायदां, काढे व्यापार तणाकायदां ॥ १३ ॥ जिनहर परनालनो नीरधरे, अंघोले पीवाठाम भरे, दूषण जिन भवनमें एदाख्या, देववंदन भाष्यमें जे भाष्या ॥ १४ ॥ सुज्ञानी श्रावक सगति छतां, आसातन टाले वारसतां, परमाद वसे कोई थाये, आलोयां

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पाप सहू जाये ॥ १५ ॥ तंबोलनें भोजन पान जूआ, मल मूत्र सयन स्त्रीभोग हुआ, भूषण पनही ए जघन्यदसे, वरज्या जिन मंदिरमां हि वसे ॥ १६ ॥ द्रव्यतनें भावतदोय पूजा, एहनाहिज भेद कह्या दूजा, सेवा प्रभुनी मन सुद्ध करे, वंछित सुखलीलाते हवरे ॥ १७ ॥ कलश ॥ इम भव्यप्राणी भावआणी विवेकी शुभवातना, जिनबिंबअरचे परिवरजे चोरासी आसातना, ते गोत्र-तीर्थंकर उपार्जेनमें जेहनें केवली, उवज्झाय श्री धर्मसींह वंदे जैन शासन ते वली ॥१८॥ इति श्री चौरासी आसातना स्तवनं संपूर्णम् इण आशातनाओंका अछीतरे विचार करणेसें, उस पुण्यात्माके मनमे, यह भावना उत्पन्न हूइ, के जो यह आशातनाकों किसी प्रकारसें टाली जावे, तब हि संसारवनसें निस्तारा होवे, अन्यथा अगाध इस संसारसमुद्रके बीचमे पडे हुवे मेरेकुं अनंतिवार जन्म जरा मरण दरिद्र दौरभाग्य रोग शोकादि संतापका भाजनहि होना होगा, और अपणे दोषसें इस अपणे आत्माकुं अनन्त भव भ्रमण और दुर्गतिका भागी अपणे आपहि करणा होगा, ओर यह कहा है कि आसायण मिछत्तं, आसायणवज्जणाय सम्मत्तं, आसायण निमित्तं, कुवइ दीहंच संसारं १ आसातनासै मिथ्यात्व होता है आशातना वर्जनैसै सम्यक्त होता है आशातनासे भव भमण होता है जो मेरा शुभ अध्यवसाय है इसलिये वर्द्धमाननामा मुनिनें अपणे गुरुकुं निवेदन किया बाद उस चैत्यवासी जिनचंद्र नामक गुरुनें अपणे मनमे विचारा कि अहो इसका यह आशय है सो अछा नहिं है इसवास्ते इसकुं आचार्यपदमे बेठायके मंदिर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आराम वगेरे प्रतिबंध करके वशमे करुं तो मेरे कल्याण है एसा विचारके उस गुरुने वैसाहि किया तथापि उस पुण्यात्माका चैत्यवासस्थितिमे मन नहिं लगा, यह संगत है और कहा है कि– दुर्गंध और कादवाला मरेहुवे कालेवरों करके सहित सैंकडो बगलों की पंक्तिसहित और बगलोंका कुंटुंब करके सहित उत्तम जातिवाले पक्षियोंके आगमनसें रहित एसे कुत्सित सरोवरमें क्या हंस पगमात्र रख सक्ता हैं अर्थात् नहिं रख सक्ता है, इसलिये उस पुण्यवान् जीवकूं चैत्यवाससें विमुख जाणकर वर्द्धमान मुनिकूं सर्व अपणा अधिकार देकर इसतरे बोला कि हे वत्स यह सर्व देवमंदिर मठ आरामवाडी वगेरे तेरे आधीन है तुं अपनी इच्छा करके विलस तेरे सर्वोत्कृष्ट माननीय है सो हमकूं छोडणा नहीं इत्यादिक अनेक कोमल वचन कहेने पूर्वक नीवारण करणेसे किया है वांछितार्थका दृढनिश्चय मनमें जिसने एसा वह वर्द्धमान मुनिः कमल जलकादसें अलग रहेता है इस न्यायकरके जैसें तैसें कोईपण सुविहित गुरुकूं अंगीकार करके मेरेकुं अपणा हित करणा है एसा दृढसंकल्प करके अपणा आचार्यकी आज्ञा लेकर कितनेक यतियोंसें परवरा हुवा दिल्ली वादलीप्रमुख स्थानोंमे आया तिस समे श्री उद्योतनसूरिजी नामके सुविहित आचार्य महाराज याने उनके पुण्यसें प्रेरित होकर आवे उसमाफक प्रथमहि विहारक्रमसें आये हुवे थे, तिसके अनंतर शुद्ध मार्गके तत्त्वका आकर श्री उद्योतन सूरिजी महाराजके चरणकमलोंमे श्रीवर्द्धमान सूरिजीने श्रेष्ठ निर्णयपूर्वक स्वपरहित बढानेवाली उपसंपत् विधिपूर्वक अंगीकार

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करी तब श्रीगुरुमहाराज योग उपधान वहायके सर्वसिद्धांत पढाए, अनुक्रमसें योग्य जाणके आचार्यपद दीया तिसके अनंतर श्रीवर्धमानसूरिजीको यह विचारणा उत्पन्न हुई जो यह सूरिमंत्र हैं इसका अधिष्ठायक कोन है यह जाननेवास्ते तीन उपवास कीये उतने तीसरे उपवासमें धरणेंद्र आया उस धरणेंद्रने कहाकि इस सूरिमंत्रका अधिष्ठायक में हूं सर्व सूरिमंत्रके पदोंका अलगअलग फल कहा तिसके बाद विशेष प्रभावसहित वह सूरिमंत्र फुरणे लगा अर्थात् अपना प्रभाव विशेषकर देखानेवाला हूवा शुद्ध होनेसें ॥ तिस सूरिमंत्रके सरणसें विशेष तेजप्रताप परिवारसहित श्रीवर्द्धमानसूरिजी हूवे बाद गच्छलाभादि जाणके उत्तराखंडके विषे विहार करनेंको आज्ञा दीवी, तब श्रीवर्द्धमानसूरि श्रीउद्योतनसूरिजीकी आज्ञा पायके उत्तराखंडमें विहार करने लगे, और श्रीउद्योतनसूरिजीमहाराज ८३ तयांसी साधुवोंका शिष्यादिकके साथ विहार करता थका मालवदेशका संघके साथ श्रीसिद्धगिरितीर्थकी यात्रा करनेको आये ॥ सिद्धाचल ऊपर श्रीऋषभादि सर्व चैत्यगत बिंबोंको वंदन करके पिछाडी पाजसें उतरके सिद्धवड नीचे रात्रिको रहे, तब उहां आधी रात्रिके समय गाडेका आकार ऐसा रोहिणी नक्षत्रमें बृहस्पतिका प्रवेश देखके गुरुमहाराज कहनें लगे, कि यह समय ऐसा उत्तम है जिसके मस्तकपर हाथ रक्खैं सो बडा प्रतापीकहोवै, तब ८३ तयांशी शिष्य बोले कि हमारे मस्तकपर वास चूर्ण करो, हम सब आपसें पढे हैं, इससें आपकेहीशिष्य हैं तब आचार्यजीनें कहा कि वासचूर्ण लावो, तब शिष्य उतावलसें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्त्रके छाणेका चूर्ण करके गुरुमहाराजको दिया, तब गुरुमहाराजने तिस चूर्णको मंत्र तयांशी ८३ शिष्योंके मस्तकपर करके आचार्य-पद दिया, और अपना अल्प आऊखा जाणके उसी सिद्धवड नीचे अणसण करके देवलोक गये, और तयांसी ८३शिष्य आचार्यपदकों पायके जूदे जूदे देशोंमें साधुवोंके साथ विचरनें लगे, इसीतरे १ निजशिष्य, और तयांसी ओर साधुवोंका शिष्य आचार्यपदको प्राप्त हूवा इससें इहांसें चौरासीगच्छ प्रसिद्ध हूवा उणोंका नाम मात्र इहांपर लिखतें है यह ८४ चौरासी आचार्य बडे प्रतापीक हूवे ॥ ३८ ॥

अथ ८४ गच्छ नामानिलि० १ प्रथमबृहत्खरतर गच्छ २ ओसवाल गच्छ श्रीरत्नप्रभसूरि ३ जीरावल गच्छ ४ वडगच्छ ५ गंगेसरा गच्छ ६ झंझेरंडि गच्छ ७ आनपूरा गच्छ ८ भरुवचा गच्छ ९ उढविया गच्छ १० गुदाउवा गच्छ ११ डेकाउवा गच्छ १२ भीममाली गच्छ १३ मुहडासिया गच्छ १४ दासरूवा गच्छ १५ पाल गच्छ १६ घोषवाला गच्छ १७ मगओडा गच्छ १८ ब्रह्माणिया गच्छ १९ जालोरा गच्छ २० वोकडिया गच्छ २१ मूझाहडा गच्छ २२ चीतोडा गच्छ २३ साचोरा गच्छ २४ कुवडिया गच्छ २५ सिद्धांतिया गच्छ २६ मसेणिया गच्छ २७ नागेंद्र गच्छ २८ मलधारी गच्छ २९ भावराजिया गच्छ ३० पल्लिवाल गच्छ ३१ कोंरडवाल गच्छ ३२ मागदिक गच्छ ३३ धर्मघोष गच्छ ३४ नागोरी गच्छ ३५ उच्छितवाल गच्छ ३६ नाणावाल गच्छ ३७ संडेरवाल गच्छ ३८ मंडारा गच्छ ३९

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सूराणा गच्छ ४० खंभातिया गच्छ ४१ वडोदिया गच्छ ४२ सोपारिया गच्छ ४३ मांडलिया गच्छ ४४ कोछीपूरा गच्छ ४५ जांगलीया गच्छ ४६ छापरवाल गच्छ ४७ वोरसडा गच्छ ४८ दोवंदणीक गच्छ ४९ चित्रवाल गच्छ ५० वाइड गच्छ ५१ वेगडा गच्छ ५२ विजुद्दरा गच्छ ५३ कुतवपुरा गच्छ ५४ कावेलीया गच्छ ५५ रुदेलीया गच्छ ५६ महकरा गच्छ ५७ कन्हरसीया गच्छ ५८ पुनतल गच्छ ५९ रेवइया गच्छ ६० धुंधुवा गच्छ ६१ थंभणा गच्छ ६२ पंचवन्हही गच्छ ६३ पालणपुर गच्छ ६४ गंधार गच्छ ६५ गुवेलीया गच्छ ६६ श्रीराजगच्छ ६७ नगरकोरीया गच्छ ६८ सिंहसारीया गच्छ ६९ भटनेरा गच्छ ७० जीनहरा गच्छ ७१ भीमसेनीया गच्छ ७२ जगाईन गच्छ ७३ तागडीया गच्छ ७४ कंवोना गच्छ ७५ संसेवित गच्छ ७६ वाघेरा गच्छ ७७ वहेडा गच्छ ७८ सीधपुरा गच्छ ७९ घोघरा गच्छ ८० नेमीया गच्छ ८१ सजनीया गच्छ ८२ वरडेवाल गच्छ ८३ मुरडवाडा गच्छ ८४ नामोला गच्छ

॥ ३९ ॥ श्रीउद्योतनसूरिजीके पट्ट पर, श्रीवर्द्धमानसूरिः हूवे, यह आचार्यपदकों प्राप्त होके, ६ महिनातक आंबिलकी तपस्या करी तब श्रीनागराज धरणेंद्र हाजरहूवा वंदन नमस्कार करके कहेनें लगा, कि मेरेलायक कार्य होयसो कहो, तब महाराजनें श्रीसीमंधरस्वामिकेपास भेजके सूरिमंत्र सुद्धकरवाया, ॥ उक्तंचैतदर्थसंवादी श्री आबुप्रबंधे । इसी अर्थ कुं कहनेंवाला श्रीआबुप्रबंध है, सो इसतरेहै' अब किसी एक दिनके अवसरमें श्रीवर्द्धमानसूरिजी आचार्य, वनवासीगच्छके श्रीउद्योतनसूरिजी महाराजके पद

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रभाकर गामानुगाम अप्रतिबंध विहार करके विचरते हूवे श्रीआबुगिरि शिखर की तलहटीमे, कासद्रहनामकगाममें आये, तिसके अनंतर श्रीविमलदंडनायकपोरवाडवंशकामंडन देशभागकुं अवगाहन करता हूवा याने साधता हूवा वो भि वहांपर आया, आबुगिरि शिखर पर चढा, सर्व दिशाओंमे पर्वतकुं मनोहर शोभासहित देखके बहुत खुशी हूवा, मननें विचारणे लगा कि, इहांपर देरासर करावुं, उतने अचलेश्वर गुफावासी योगी जंगम तापस संन्यासी ब्राह्मण प्रमुख मिलके विमलसाहदंडनायक के पासमे आय के इसतरे कहनें लगे, हे विमलमंत्रिन् तुमारा इहांपर तीर्थ नहिं है यह हमारा कुलपरंपराकरके तीर्थ वर्त्तेहैं, इसवास्ते इहांपर तुमकुं हम जिनप्रासाद करणें देवें नहिं तब विमलसाह मंत्री पूर्वोक्त वचन सुणके उदासीन हूवा, आबुगिरिशिखरकी तलहटीमें कासद्रहगाममें आया, जिसगाममें सर्वसंपदादायकश्रीवर्द्धमान सूरिजी समवसरे है,

उसी गाममें श्रीगुरुमहाराजकुं विधिपूर्वक वंदना नमस्कार करके इसतरेसे विनयसहित वीनती करी, हेभगवन् इस पर्वतपर हमारा तीर्थ जिन प्रतिमारूप वर्त्ते है अथवा नहिं, तब श्रीगुरुमहाराजनें कहा हे वत्स देवता आराधन करणेसै सर्व जाननेमें आवे, अन्यथा छद्मस्थकेसें जाणें, तब विमलसाह मंत्रीनें प्रार्थना करी, किंबहुना सुज्ञेषु, तब श्रीवर्द्धमान सूरिजीनें छमासी तप करा तब श्रीधरणेंद्र नागराज आया, श्रीगुरुमहाराजनें कहा हे धरणेंद्र सूरिमंत्रकी अधिष्ठायक ६४ देवियां है, उणोंके अंदरसें एक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देवताभी नहिं आई, और उणदेवताओंने कुछभि नहिं कहा उसका क्या कारण है तब धरणेंद्र नागराजनें कहा हे भगवन् तुमारे सूरिमंत्रका एक अक्षर कम है याने गिरता है तिस अशुद्धताके कारणसें देवता नहिं आवे में आपके तपके बलसे आयाहूं, तब श्रीगुरुमहाराजनें कहा हे महाभाग पहिले सूरिमंत्र शुद्धकर पीछे दूसरा कार्य कहुंगा एसा सुनकर धरणेंद्रनें कहा हे भगवन् सूरिमंत्रके अक्षरकी अशुद्धिकी शुद्धि करणेकुं तीर्थंकरविना किसीकीभि शक्ति नहिं है, तब सूरिजीनें सूरिमंत्रका गोला यानें डब्बा दिया तब धरणेंद्रनें महाविदेहक्षेत्रमे श्रीसीमंधरस्वामिकुं वह गोला दिया श्रीसीमंधरस्वामिनें तिस सूरिमंत्रकुं शुद्धकरके धरणेंद्रकुं दिया तब वह सूरिमंत्रका गोला श्रीवर्द्धमानसूरिजीकुं पीछा धरणेंद्रनें दिया, तब तीनवार तिस सूरिमंत्रका स्मरण करणे करके सर्व अधिष्ठायक देव प्रत्यक्ष हूवे तब श्रीगुरुमहाराजनें पूछा कि हमकुं विमलदंडनायक पूछे है, आबुगिरि शिखरपर जिनप्रतिमारूप तीर्थ है अथवा नहिं तब अधिष्ठायक देवोंने कहा आबुदेवीके पास डावे तरफश्रीअर्बुदआदिनाथ स्वामीकी प्रतिमा है और जहां अखंड अक्षतका स्वस्तिक उसपर चारलडी पुष्पोंकी माला देखणेमे आवे वहांपर खोदणा एसा देवताका वचन सुणके श्रीगुरुमहाराजनें विमलश्रावकके आगे सर्व हाल कहा तिस विमलसाहनें उसी प्रमाणे कीया प्रतिमा निकली तब विमलश्रावकनें सर्व पाषंडियोंकुं बुलाये देखी जिनप्रतिमा कालामुख हूवा तब विमलसाहनें देरासर कराणा शरु किया, पाषंडियोंने विमल-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

साहकुं कहा कि यह जमीन हमारी है इसलिये हमारी भूमिकी किमत हमकुं देवो तब विमलसाहनें भूमिपर मोहोंरां विछायके जमीन लिवी प्रासाद कराया यानें देरासर कराया श्रीवर्द्धमान सूरिजी तिस प्रतिमा देरासरकी प्रतिष्ठा करी वादसांतिस्नात्र पूजा वगेरे सर्व धर्मकार्य किया उसके वाद अनागतमें धीरे धीरे सर्व मिथ्यात्वी लोक उस विमलसाह मंत्रीके आधीन हूवे तब विमल-साहने ५२ देहरीसहित सोनेका कलस धजासहित तिस देरा-सरकुं सोभित कीया तिस देरासरमें अढारे कोड तेमन लाख प्रमाणे धन लगा वह देरासर अखंडपणे अबीभि विद्यमान है सो सर्व लोक देखतें है और दर्शन तथा पूजन करते हैं यह श्रीवर्द्धमान सूरिजीका उपगार है ॥

और यह श्रीवर्द्धमानसूरिजी श्रीमदुद्योतनसूरिजीके प्रथम सु-शिष्यथे और श्रीजिनेश्वरसूरिजी श्रीबुद्धिसागरसूरिजीके यह गुरु-महाराज होतेथे और विमलसाहमंत्रीका विशेष अधिकारचरित्र तथा राससें जाणना यह प्रसंगसें संबंध कहा पीछे उहांसें विहार करके सरसापत्तनपधारे, तिस अवसरमें सोमनामा एक ब्राह्मणके शिवदाश बुद्धिदाश, नाम दोय पुत्रथे, और सरस्वतीनाम एक पुत्री थी, यह तीनों सोमेश्वर महादेवका बहुत ध्यान किया इससें सोमेश्वर महादेवका अधिष्ठाता आयके हाजर हुवा, कहा वर मांगो तब तीनों बोले हमकुं वैकुंठ देवो, तब देव कहनें लगा कि अभी मुझकों वैकुंठ नहिं मिला है तो तुमकों कहांसें देवुं, परंतु जो तु-मकों वैकुंठकी इच्छा होय तो इहांपर श्रीवर्द्धमानसूरिजीमहाराज

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आये हैं उणोंके पास जावो, तुमकों वैकुंठ जाणेंका मार्ग बतावेगा, एसा कहकर देवता अदृश्य होगया, तब तीनोंजणों स्नानकरके उपासरे आके श्रीगुरुमहाराजसें वैकुंठका मार्ग पूछा, तब उस वखत एक भाईके मस्तकपर चोटिमे छोटि मछली स्नान करते रहगइथी सो देखायके विनय दयामूल जिनधर्मका उपदेश दिया, तब तिनोंजणें प्रतिबोध पायके दीक्षा लीवी तब श्रीगुरुमहाराज योगादिक बहायके सर्व सिद्धांत पढायके शिवदाशका श्रीजिनेश्वरसूरि बुद्धिदाशका बुद्धिसागर ऐसा नाम करा,

एकदा श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें कहा कि हे स्वामिन् जो आपकी आज्ञा होय तो गुजरातदेशमें जावें, उहां जाणेंसें बहुत लाभ होगा तब श्रीवर्द्धमानसूरिजी बोले कि गुजरातमें अभी हीनाचारी चैत्यवासीयोंका बहोत प्रचार वध गया है इससें वे लोक अनेक प्रकारसें उपद्रव करेगें, तब श्रीजिनेश्वरसूरिजी बोले कि जूंवांके भयसें क्या वस्त्र डाल देना उचितहै इससें आप प्रसन्न चित्तसें आज्ञा देवो, तब गुरुमहाराज श्रीबुद्धिसागरजीकों आचार्यपद देके गुर्जरदेशमें विहार करनेंकी आज्ञा दिनी तब श्रीजिनेश्वरसूरिजी श्रीबुद्धिसागरसूरिजी दोनों गुजरातदेशमें विचरणें लगे और कल्याणवती साधवीकों महत्तरापद देकर साधवीयोंके साथ विहारकरनें की आज्ञादी ॥ अब कोइ एक दिनके अवसरमें श्रीमान् पंडितजिनेश्वरसूरिजी स्वपरसिद्धांतपारंगामी होके गुर्जरदेश और अणहिलपाटणसहेर में विशेष लाभादिकजाणके विनयपूर्वक श्रीगुरुमहाराजसें इस प्रकारसै बोले कि हे भगवन्

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जो कोइ वि दूसरे देशमें जायके सत्यमार्गका प्रकाश नहिं करें तो जाणें हुवे जैनधर्मका क्या विशेष फल है? और सुणतें हैं कि बहुतबडागुजरातदेश है परंतु वह देश चैत्यवासी आचार्यों करके भराहूवाहै इसवास्ते जों वहां पर जाणाहोवेतो बहुतकल्याण-कारी है तिसके वाद श्रीवर्द्धमानसूरिजीनें कहा कि यह तुमारा-कहणा बहुत अच्छा है परंतु अच्छा शकुन निमित्त वगेरे देखके कार्य करणा अच्छा है वादशुभशकुन निमित्तादिक देखा और अच्छाशकुन निमित्त वगेरे हूवा उसके वाद भामहसार्थवाहके बृहत सथवाडे साथ श्रीवर्द्धमानसूरिजी महराज श्रीजिनेश्वरसूरिजी श्रीबु-द्धिसागरसूरिजी आदि १८ साधुवोंके सहित गुजरातदेश अणहिलपुर प्रति चले अनुक्रमकरके एकपल्ली में आये वहां स्थंडिलगये हुवे पंडित श्रीजिनेश्वरसूरिजीसहित श्रीवर्द्धमानसूरिजी कुं सोमध्वज-नामका जटाधारी मिला उसके साथ ज्ञानगोष्टि हुइ उसके वाद सर्वोत्कृष्टगुण देखके श्रीआचार्य महाराजनें प्रश्नोत्तर कहे यथा—

का दौर्गत्यविनाशिनी हरिविरिंच्युग्रप्रवाची च को,
वर्णः को व्यपनीयते च पथिकैरत्यादरेण श्रमः,
चंद्रः पृच्छति मंदिरेषु मरुतां शोभाविधायी च को,
दाक्षिण्येन नयेन विश्वविदितः को भूरि विभ्राजते ॥१॥

व्याख्या—दरिद्राताका नाश करनेवाली कौण है, विष्णु और ब्रह्माका उत्कृष्ट प्रकारसें कहेणेवाला कोण अक्षर है, मुसाफर घणे आदर पूर्वक कोणसा परिश्रम दूर करतें हैं, सोमध्वज नामक ब्रह्म-चारी पूछे है कि देवताओंके मंदिरां पर शोभा करनेंवाली कौण है,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दाक्षिण्यता और नीति करके जगतमें प्रसिद्ध एसा कोण पुरुष बहुत शोभता है, ॥ १ ॥ इहां पर यह उत्तर है, १ सा–लक्ष्मी २ ओम् ३ अध्वज ४ ध्वज ५ सोमध्वज–चंद्रप्रभु १ महादेव २ जटाधर ३ यह ३ नाम निकलतें है सा १ ओम् २ अध्वज ३ ध्वज ४ सोमध्वज ५ इन ५ उत्तरके अंदरसैं ७ नाम निकलतें हैं सो क्रमसें जाणलेना ॥ इस प्रकारसें अपणे नामका प्रश्नोत्तर सुणके यह सोमध्वज ब्रह्मचारी बहुत खुशी हुवा और इसका श्वेताम्बर दर्शन उपर बहुमान हूवा और प्रासुक अन्नदान वि दीया और वो ब्राह्मण लोकोंके सन्मुख आचार्यश्रीकी गुणकी स्तुति वगेरे कहणे पूर्वक भक्तिसतकार करणे लगा उसके वाद उसी भामह साह सार्थ वाहके सथवाडेके साथ चले और क्रमसे अणहिलपत्तनमे पोहोचे और चारतरफकोटवाली मांडवीमें उतरें परंतु तिस मांडवीमें मकान है नहिं केवल मांडवीके अंदर चोतरेपर उतरे इस नगरमे सुविहित साधुका भक्त कोईभी श्रावक नहिं है जिसकेपास मकान वगेरेकी याचना करे जितने वहां रहे हूवे मुनियोंके सूर्यका ताप नजीकमे आया तब पंडित जिनेश्वरसूरिजीनें इसतरे कहा हे भगवन् ऐसैं बेठनेसे कोइ वि काम होगा नहिं इसवास्ते कुंछ उद्यम किया जावे तो अच्छा है तब श्रीवर्द्धमानसूरिजी गुरुमहाराज बोले हे सुशिष्य तुम कहो क्या करें पंडित श्रीजिनेश्वरसूरिजीने कहा कि जो आपश्री आज्ञाकरोतो यह सामनें उंचा घर है इसमे जावुं तब श्रीवर्द्धमानसूरिजीनें कहा जावो वाद सद्गुरुके चरणकमलोंमे वंदना नमस्कार करके उस उंचे धवले घरमें गये वो मकान श्रीदु-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

र्लुभराजासंबंधि प्रोहितका था तिसके अंदर पधारे तिस अवस-रमें पुरोहित अपणे घरके अंदर बेठा था और अपणे सरीरमें तैलका मर्दन करताथा उतने पण्डित श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें उस पुरोहितके आगे बेठके आशीर्वाद कहा यथा—

सर्गस्थितिक्षयकृतो, विशेषवृषसंस्थिताः ।
श्रिये वः संतु विप्रेंद्र ब्रह्मश्रीधरसंकराः ॥ १ ॥

व्याख्या—रचना करणा स्थिर रखना विनाशकरना येहि हंसशेष-नागवृषभपर रहे हूवे ब्रह्मा विष्णु महादेव हे श्रेष्ठविप्र तुमारे कल्याण ओर लक्ष्मीके लिये होवो ॥ १ ॥ यह आशीर्वाद सुणके मनमें बहुत खुशी होके वह राजाका पुरोहित विचारणे लगा कि यह कोइ चतुर साधु है, इस अवसरमें मंदिरके अंदर ऐकांतमें रहि हुइ वैदिकशालामें ॐऋषभं पवित्रं पुरुहूत मध्वरं यज्ञं महेशं इत्यादि वेदपदका परावर्तन दूसरि तरेसें करते हूवे छोकरोंके मुखसें सु-णके पण्डित श्रीजिनेश्वरसूरिजीने कहा इसतरे वेदपदोंका उच्चा-रण नहिं करणा पुरोहितनें कहा तो किसतरे उच्चारण करणा चाहिये मुनिनें कहा इस प्रकारसें उच्चारण करणा उचित है ॐऋषभं पवित्रं पुरुहूत मध्वरं यज्ञं महेशं इत्यादिसंपूर्ण कहा तब यह सुणके आश्चर्य-सहित मनवाला वो राजाका पुरोहित कोमलवाणीसें पूछनें लगा कि कोइभि मनुष्य भणेसिवाय वेदपाठकों शुद्ध अथवा अशुद्ध जाण सके नहिं तो वेद भणनेंके अनधिकारी एसे आप शूद्र जाति-वालोंको इस वेदपाठका घोखणा अशुद्ध है एसा कैसे जाणा तब पण्डित श्रीजिनेश्वरसूरिजी बोले के हे महाभाग्यशेखर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हे श्रेष्ठपुरोहित जिसीतरे तुम कहेतेहो उसीतरे शूद्र जातिकों वेदपाठका अधिकार नहिं है परंतु हम शूद्र नहिं है किंतु ४ वेदोंके अध्ययन करणेवाले ब्राह्मण हैं और ब्राह्मणका लक्षण यह है ॥

तपसा तापसो ज्ञेयः, ब्रह्मचर्येण ब्राह्मणः ।
पापं परिहरंश्चैव, परिव्राजोऽभिधीयते ॥ १ ॥

व्याख्या—तप करके तापस होवे, ब्रह्मचर्य करके ब्राह्मण होवे, पापोंका परिहार करता हूवा परिव्राजक कहा जावे ॥ १ ॥ इसतरे पूर्वऋषियोंका कहा हूवा ब्रह्मचर्य पालनेके लक्षणसें और अर्थसें हम ब्राह्मणही हैं तब आनंदसहित पुरोहित बोला कि हे यतियो आपलोक कौणसे देशसें इहांपर आयें हैं तब पण्डित श्रीजिनेश्वरसूरिजीने कहा हे पुरोहित ? नगरीयोंमे तिलकसमान दिल्लीनामकी नगरीसें हम आयें हैं तब पुरोहितनें कहा चक्रादि लक्षणसहित आप श्रीके जेसे मुनिराजरूपी हंसोंके चरण न्यास करके इस नगरमें कौनसा वो धन्यवादयुक्त पृथ्वीतल है जो कि आपश्रीनें अलंकृत किया है अर्थात् आपश्री इहां कौनसें स्थानमें उतरे हैं पंडित श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें कहा विशाल आतपवाली शालामें हम उतरें हैं पुरोहित बोला कि ऐसी शालामें कैसे उतरे हो पंडित श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें कहा पुरोहित मिश्र ? दूसरे सर्वस्थान विरोधियों करके रोकणेसें, पुरोहित बोला शांत प्रकृतिवाले ओर किसीकाभि अपराध नहिं करणेवाले ऐसे आपश्रीकेभि कोइ शत्रु हैं, पंडित श्रीजिनेश्वरसूरिजीने कहा हे विप्रवर्य ?

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मुनेरपि वनस्थस्य, स्वानि कर्माणि कुर्वतः ।
उत्पद्यन्ते त्रयः पक्षाः, मित्रोदासीनशात्रवः ॥ १ ॥

व्याख्या—वनमें रहे हूवे और अपणे धर्मकार्य करनेवाले ऐसे मुनियोंकेभी मित्र उदासीन शत्रु यह तीन पक्ष उत्पन्न होतें है ॥ १ ॥ पुरोहित कहने लगा यह घणी खेदकी बात है जो कि चंदन सदृश सीतल ऐसे आप जैसोंकाभि पापीलोकों अहित करतें है इस प्रमाणे पुरोहित थोडी वखत सोचके और कहनें लगा कि, वह कौनसें दुर्विनीत हैं, उनुकुं मैं जाणना चाहताहुं पंडित श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें कहा हे महात्माजी उणोंके कल्याण होवो, उणोंकी वार्ता करणे कर हमारे क्या प्रयोजन है इसतरे सुणके पुरोहित अपणे मनमें विचारणे लगा कि ॥

त एते सुकृतात्मानः, परदोषपराङ्मुखाः,
परोपतापनिर्मुक्ताः, कीर्त्यंते यत्र साधवः ॥ १ ॥

व्याख्या—जो परदोषसें विमुख है और परको संताप देणेसें विरक्त है वेंहि पुण्यात्मा और साधु होतें है ॥ १ ॥ तो यह महात्मा किसवासते अपणे प्रतिपक्षियोंका नाम कहै और मेरेभि दुरात्माओंका नाम सुनना अकल्याणकारी है इसलिये नाम नहीं लेना अच्छा है दूसरा पूछु इसतरे विचारके प्रगटपणे पुरोहितने पूछा कि आपश्री इतनेहि हो या दूसरे भी कोई मुनियों हैं पंडित श्रीजिनेश्वरगणि, बोले कि जिनके हम शिष्य हैं वे अपणी बुद्धिसें बृहस्पतिकुं जीतनेवाले सब जीवके रक्षक और हमारे गुरु तथा सर्व परिग्रह स्त्री धन धान्य स्वजन स्नेह संबंध

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्याग करणेवाले और श्रेष्ठ है नाम जिणोंका ऐसें श्रीवर्द्धमान सूरीश्वरजी हैं सो हमारे गुरु महाराज हैं वहभि पधारे हैं, पुरोहित–बोला आपश्री सर्व मिलके कितने हो ऐसा विस्मयपूर्वक पूछणेसें पंडित जिनेश्वरगणिः बोले कि १८ पाप स्थानकसें रहित हम १८ साधु हैं पुरोहित अपणे मनमें विचारे है अहो

त्यक्तदाराः सदाचारा मुक्तभोगा जितेन्द्रियाः ।
गुरवो यतयो नित्यं, सर्वजीवाऽभयप्रदाः ॥ १ ॥

व्याख्या–स्त्रीका त्याग करनेवाले श्रेष्ठ आचारवाले भोगरहित इंद्रियोंकुं जीतणेवाले और नित्य सर्वजीवोंकुं अभयदेनेवाले जो यति हैं सो गुरु हैं इसतरे दमाध्यायमे कहा है वेसाहि यह आत्मा सद्गुरु हैं इणोंकुं अपणे घरमेहि लाके, पापरहित इणोंके चरणकी पवित्र धूलिसे मैरे घरका आंगण पवित्र करूं और प्रगट पुण्यराशिरूप इणोंका निरंतर दर्शन करनेसे मैरा जन्म सफल होगा इसतरे विचारके और बोला कि हे महासात्विकमुनिवर्यो च्यार शालावाले विस्तीर्ण मेरे घरमे एक दरवाजेसें प्रवेश कर एक शालामे पडदा कर आप सर्वमुनिसुखपूर्वकरहो ओर भिक्षाके अवसरमें मेरा आदमी आपश्रीके साथमे होणेसें ब्राह्मणोंके घरोंमे सुखसें भिक्षा मिलेगी और आपको भिक्षामेभि कुछ हरकत होगी नहीं उसके बाद पंडित जिनेश्वरगणिजीने कहा कि तुमारे जैसे उचित अवसर जाणणेमे मनोहर चित्तवाले दूसरे कोण हैं इसतरे कहते हुवे बोले कि

प्रेक्षन्ते स्म न च स्नेहं, न पात्रं न दशान्तरं ।
सदा लोकहितासक्ता, रत्नदीपा इवोत्तमाः ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्याख्या–जैसें रत्नका दीपक तेल बत्ती पात्र कि अपेक्षा विनाहि प्रकाश करता है तैसें हि उत्तम मनुष्य निरंतर लोकोंके हितमे तत्पर होते है इसतरे कहते हूवे श्रीजिनेश्वरगणिजी अपणे गुरु पास गये और सर्ववृत्तान्तकहा, वृन्तान्तसुणके श्रीगुरुमहाराजनेंभि शुभायति विचारके कहा कि इसीतरे करणा उचित अवसर है ऐसा कहेके वहां पर रहे. अपणी धार्मिक क्रियाकरणेमें तत्पर ऐसे मुनियोंकी वार्ता नगरमें फेलीके शुद्धवसतीमें रहेणेवाले मुनियों इहांपर आयेहैं, पुनः साध्वाभास साधु नहिं पण साधुके नामसें ओलखाणेवाले ऐसे चैत्यवासी मुनियोंने सुणाके शुद्धवसती वासी इहांपर मुनि आये हैं ऐसा सुणनेके अनंतर हि एकठे होकर सर्व उण चैत्यवासी मुनियोंने विचार करणा सरु किया कि अहो जो शुद्धवसतीवासी मुनि इहांपर आये हैं सो अच्छा नहिं है कारणके यह मुनि तो सुविहित हैं और निरंतर आगममें कहेमुजब क्रिया करणेवाले हैं और चैत्यवासका निषेधकरणेवाले हैं और अपणे लोक स्वच्छंदाचारि हैं सिद्धांतसे विरुद्ध चारगतिरूपसंसारमे गिरानेवाले देवद्रव्यके लेनेवाले हैं निरंतरएकठिकाणे रहेनेवालेहैं कामकूं उन्मत्त करणेवाले तांबूलकूं निरंतरखानेवालेहैं चित्रसहितविचित्र प्रकारका हिंडोला खाट पलंग गादी तकिया गालमसूरिया इत्यादि शृंगारकी चेष्टाओं प्रगटकरणेकरके नटविटकीतरे महा विलासकरणेवालेहैं इत्यादि कहणेपूर्वक यह मुनि अपणे आत्माकूं बगवृत्तिकरके लोकोंमें सर्वोत्कृष्टधर्मिपणे देखावेंगे और अपणेकूं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सर्वठिकाणे 'अनाचारी हैं, ऐसा कहके ओलखावेंगे इसलिये जबतक यह व्याधि कोमल है तबतकहि इसका विनाशकरणा चाहिये इसतरे चैत्यवासियोंने अपणे अनाचारकी शंकासे बहुत विचार करके एक उपाय सोधाके अपणे इहां राज अधिका-रियोंके पुत्रोंकूं भणाते हैं इसकारणसें अधिकारीलोक आपणे कहे प्रमाणे करेगे उसकेवाद राजअधिकारियोंका मनरंजन करके उण राजअधिकारीयोंके मुखसें विदेशी मुनियोंपर असत् दोषा-रोपण करके इणमुनियोंका विनाशकरें अैसा विचारके उस पूर्वोक्त कारणसें चैत्यवासियोंनें अपणे विद्यार्थी राजाधिकारियोंके पुत्रोंकुं बुलाये और उणोंको खजूर दाख वरफ वगेरे पदार्थ देके लोभित किये और उण विद्यार्थियोंकुं चैत्यवासियोंने कहा कि तुम लोकोंमें अैसे कहोकी परदेशसें कोई श्वेताम्बर साधुके वेषमें श्रीदुर्लभ राजाके राज्यका छिद्र देखणेवाले चरपुरुष इहांपर आये हैं बाद विद्यार्थी बालकोंने वेसाहि किया उसके अनंतर वह वार्त्ता जलके अंदर तैलके बिंदुकीतरह सर्वनगरमें फेली और राजसभामें भि आई, अनंतर श्रीदुर्लभराजानेभि कहाकि अहो जो इसतरेके क्षुद्र और कपटी श्वेताम्बर मुनिके वेषसे आये हैं तो उनुकों रहेणेवास्ते मकानकिसने दीयाहै वहां राजसभामें रहे हुवे किसी पुरुषनें कहा के हेदेव ! आपके हि पुरोहितनें उणोंकों अपणे घरमे रखें हैं उसके वाद दुर्लभ राजाने कहा कि पुरोहित कुं बुलावो तब पुरोहित कुं बुलाया और पुरोहित कुं कहाकि हे पुरोहित श्वेताम्बर मुनियोंके रूपकों धारणेवाले जो परदेशी

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चर पुरुष इहांपर आये हैं उणोंकों रहेणे वास्ते मकान क्या तुमने दीया है ऐसा राजाका वचन सुनके पुरोहितनें कहा कि किसनें यह दूषण उत्पन्न किया है जो वे मुनि लोक परदेशी चर पुरुष हैं तो किं बहुना बहुतकहणेसें क्या प्रयोजन है, जो वे श्वेताम्बर मुनियोंपर यहदूषणसत्य है तो उणोंके तरफसें में जमानत में एकलाख द्रव्यकी किंमतवाली पटी याने वस्त्र देताहुं ऐसा राजसभामे सर्वलोकोंके सामने कहके अपणे पासका १ लाख किमत वाला वस्त्र राजसभामे सर्व लोकोंके सन्मुख डाला परंतु किसिकी हिंमत न हुइके उस वस्त्र कुं लेवे और जो मेरे घरमें रहे हुवे मुनियोंमें दूषणका गंधभि होवे तो दोषारोपणकरणेवाले या कहेणेवाले इस पटीकुं उठावो ऐसा कहकर पुरोहित चुपका हूवा उसके बाद वहां राजसभामें बहुतचैत्यवासियोंके भक्त मंत्री श्रेष्ठि प्रमुख प्रधान पुरुष बैठेथे परंतु किसीने भि उस पटीकुं उठाही नहिं उसकेवाद राजाके आगे पुरोहितने कहाके हेदेव

न विनापरवादेन, रमते दुर्ज्जनो जनः,
श्वेव सर्वरसान् भुक्त्वा विनाऽमेध्यं न तृप्यति॥ १ ॥
महतां यदेव मूर्धनि तदेव नीचाश्रयाय मन्यन्ते ॥
लिंगं प्रणमंति बुधाः, काकः पुनरासनी कुरुते ॥ २ ॥

व्याख्या–जेसे कुत्ता सर्व रसका भोजनकरकेभि विष्ठा विना धाये नहिं इसीतरह दुर्जन मनुष्यभी निंदा किये विना संतोष पावे नहिं ॥ १ ॥ मोटा पुरुषोंके जो वस्तु मस्तक उपर धारण लायक होती है उसकुं नीच पुरुष अपणा नीच आश्रय माने है जैसे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पंडित पुरुष लिंगकुं नमस्कार करते हैं और काग उसकुं आसन बनाकर ऊपर बेठता है ॥ २ ॥ इस वास्ते हे राजन् मेरे घरमें जो कोई मुनि रहे हैं वे मूर्तिमान् धर्मके पिंड सरीखे हैं और क्षमा दम सरलता कोमलता तप शील सत्य शौच निष्परिग्रहपणा वगेरे गुणोंरूपी रत्नका करंडीया सरीखे कोई जीवकुंभी संताप देवे नहिं तो फिर इसलोक परलोकमें विरुद्ध अकार्य वे मुनि किसतरह करेंगे, वास्ते उणोंमे दूषण लेशमात्रभी नहिं है, परंतु यह दुश्चेष्टित कोई पापी पुरुषोंका किया हुवा है, बाद राजाके चित्तमें यह कथन रुचा और कहाके हे पुरोहित तुम जिसतरह कहे है उसि तरह सर्व संभवे है बाद राजा और पुरोहितका विचार सुणके सर्व सूराचार्य वगेरेंने विचार किया जो इण परदेशी मुनियोकुं वादमें जीतके निकाल देवै तब ठीक होवैगा ऐसा विचारके अनंतर सूराचार्य वगेरेंने पुरोहितकुं बुलायके कहा हे पुरोहित तुमारे घरमें रहेनेवाले मुनियोंके साथ हम वादविषयि विचार करना चाहते हैं तब पुरोहितने कहा श्वेताम्बरवसतिवासी मुनियोकुं पूछके तुमकुं में कहुंगा बाद पुरोहित अपणे घरजाके श्रीवर्द्धमानसूरिजी पंडित श्रीजिनेश्वरगणि भगवानको कहाकि आप श्रीके प्रतिपक्षी श्रीपूज्योंके साथ विचार वाद विषयी करणा चाहतें हैं तब पुरोहितकुं प्रत्युत्तर में कहा कि हे पुरोहित क्या अयुक्त है जो प्रतिपक्षियोंकी इच्छा है तो हम भी इसीहि प्रयोजन वास्ते यहां पर आयें हैं परंतु हे पुरोहित सूराचार्य प्रमुखकुं कहेणा—जो आपलोक सुविहित मुनियोंके साथ वाद करना चाहते हो तो श्रीदुर्लभ

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

राजाके सन्मुख जिस स्थानमें आपलोक कहेंगें वहां पर वाद विषयी विचार करणेकुं तयार हैं सुविहित मुनियो शोभन धर्ममार्ग प्रगट करणेवास्तेहि विशेष कष्टयुक्त ग्राम नगरादिकोंमें विहार करते हैं सर्वत्र देश परदेशमें विचरतें हैं और श्रेष्ठ धर्ममार्ग प्रगट करणेका मुख्य कार्य है इसलिये परिश्रम करते हैं सो राजाके सामने आपलोकोंके साथ वै सुविहितमुनियों वादविषयीविचार करणेमें अत्यंत उत्कंठा सहित हैं इसवास्ते आपलोकोकुं विलंब करणा नहीं शूराचार्यप्रमुखोंके सन्मुख पूर्वोक्त प्रमाणे पुरोहितके कहेणेके अनंतर हि अपणे पंडितपणेका गर्वकरके उण सर्व शूराचार्य प्रमुख चैत्यवासी मुनियोंने आपणे मनमे विचारा कि सर्व राजाधिकारी लोक जबतक हमारे वसमें हैं तबतक उण परदेशी मुनियोंसें हमकुं क्या भय हैं अर्थात् किसितरेका भय नहि है

एसा विचारके चैत्यवासी आचार्योंने पीछा प्रत्युत्तरमें पुरोहितकुं कहाकि हे पुरोहित राजाके सन्मुख सुविहित मुनियोंके साथ वाद विषयि हमारा विचार होवो अर्थात् सद्धर्म विषयिवाद हमलोक करेंगें उसके अनंतर पुरोहितने चैत्यवासी शूराचार्य प्रमुखके वचन अंगीकार किये और शूराचार्य प्रमुख प्रतिपक्षियोंने कहाकि अमुक दिनमें पंचासरा संज्ञक वडे देहरासरमें सद्धर्म विषयी वाद विचार होगा एसा निश्चयकरके सर्वलोकोंके आगे कहा और पुरोहितनेभि एकांतमे राजाकुं कहा हे राजन् इहांके रहेनेवाले मुनियो परदेशसें आये हुवे सुविहित मुनियोंके साथ सद्धर्मविषयि वादविचार करणा चाहतें हैं वह सद्धर्मविषयि

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाद विचार न्यायवादी राजाके सन्मुख किया हूवा शोभे है इस कारणसें युक्त अयुक्त विचारमे चतुर ऐसे आपको प्रसन्न होकर उस सद्धर्म विषयि वाद विचार अवसरमे सभापति पणे होणा होगा यह पुरोहितका वचन सुणके श्रीदुर्लभ राजानें कहा कि इसमे क्या अयुक्त है अर्थात् यह कहणा तो अच्छा है, यह तो हमारा कर्त्तव्यही है इसलिये कुछभी अनिष्ट नहीं है और सद्धर्मविषयी-वादविचार अवश्य होणा हि चाहिये सद्धर्मविषयि वादविचारमे सभापति होणा और सद्धर्मका निर्णय कराके उसका अच्छीतरह संरक्षण करणा और कराणा यह हमारा मुख्य कर्त्तव्य और धर्म है वास्ते इस सद्धर्मविषयिवादविचारमे समदृष्टिपूर्वक सभापति-पणे हाजर होवुंगा इसतरे श्रीदुर्लभराजाने पुरोहितका वचन अंगीकारकरा तब उस पंचासर संज्ञक वडे देहरासरमे-सिंहा-सन गादी गोलआसणवगेरेकि विछायत भई बाद चैत्यवासी सूराचार्य वगेरे नानादेशोद्भव उज्वल श्लक्ष्ण चाकचिक्य वस्त्र पहरे हूवे रजोहरणसहित केसोंमे तैल लगाया है ऐसै लंबमान मुहपत्ति सहित तैलसै ओपित डंडयुक्त तांबूल खाते हुवै लाल मुख जिणुंका पालखियोंमे बैठे ऐसै भंडारी मंत्री सेठ प्रमुख धनवान श्रावक भक्तिसे साथमें हैं जिणोंके सधवश्राविका अपणाआपणा आचार्योंका गुणगातिभई भक्तिसहितधवलमंगल गीत ध्वनिसे रंजित किया है सबलोकोंकों जिणोने, भट्ट विरुद बोलते हैं लोक नमस्कार करते हैं मार्गमे जिणोंको, पंडितप-णेका अभिमानसहित हाथमें वादपुस्तिका धारणकियाहै ऐसे बडे आडंबर सहित

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीसूराचार्य प्रमुख (८४) चोरासी आचार्यो सूर्योदयमेंहि आयके अपणे अपणे आसनों पर बेठे, और राजाके प्रधानपुरुषोंने श्रीदुर्लभमहाराजाकोंभि बुलाये तब श्रीदुर्लभराजाभि बहुत पुत्र और सेवकादिकके परिवार सहित आयके वहां सभामें बैठे उसके बाद पुरोहितकुं राजाने कहा हे पुरोहित ! मान्यवर देशान्तरसें आयें सुविहित आचार्यकों जलदि बोलावो अनंतर पुरोहित शीघ्र जाकर श्रीवर्द्धमानसूरिजीकों वीनति करी हे भगवन् ! पंचासरसंज्ञक चैत्यमें सर्वचैत्यवासी आचार्य परिवारसहित आयके बैठें हैं श्रीदुर्लभमहाराजाभि आयेहैं और श्रीदुर्लभराजाने सर्व आचार्योंकुं नमस्कार करके और ताम्बूल देके सत्कार किया है और अब आपके आगमनकी राह देखतें हैं

यह वृत्तांत पुरोहितके मुखसें सुणके पूज्यपाद श्रीवर्द्धमान सूरिजी श्रीसुधर्मस्वामि श्रीजंबुस्वामिप्रमुखचवदपूर्वधारियोंकुं युग प्रधानोकुं दूसरे सर्वसुविहित आचार्योंकुं हृदय कमलके वीचमे विचारके अर्थात् स्मरण करके, पंडितजिनेश्वरगणि प्रमुख कितनेक गीतार्थ श्रेष्ठ साधुवोंकों साथ लेके चले पंचासरसंज्ञक चैत्यके सन्मुख, कन्या गाय शंख भेरी दही फल पुष्पमाला वगेरे सन्मुख आते हुवे मंगलरूप अनुकूल श्रेष्ठ सकुन देखनेसें संभावित हे सिद्ध प्रयोजनजिनके ऐसे श्रीवर्धमानसूरिजी वगेरह वहां सभामें पोहोचे और पंडित श्रीजिनेश्वरगणिजीका विछाया कंबल पर और श्रीदुर्लभ राजानें देखाया जो योग्य स्थान वहां बैठे. बाद पंडित श्रीजिनेश्वरगणिजीभि श्रीगुरुमहाराजकी आज्ञासें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीगुरुमहाराजकुं नमस्कार करके श्रीगुरुमहाराजकेचरणकमलोंके पासही बैठे गुर्वाज्ञा पालनेके लिये, इसअवसरमें राजा ताम्बूल देनेके वास्ते प्रवर्तमान हुवा तब सर्व सभासमक्ष श्रीवर्धमान सूरिजी बोले हे महाराज! जैन सिद्धांतमें मुनियोंको ताम्बूल भक्षण स्नान करणा पुष्पमाला पहेरना सुगंध पदार्थलगाना नख केश दांतका संस्कार करना मना किया है. बाद–संजमे सुट्ठि अप्पाणं० लहुभूय विहारिणं० ॥ १० ॥ दशवैकालिक सूत्रके तीसरे अध्ययनसें ५२ अनाचीर्ण सुनाये तब राजा बोला ताम्बूल खानेमें क्या दोष है आचार्यने कहा कामराग बढानेवाला ताम्बूल है यह जगत् प्रसिद्ध है कहाभी है श्लोक–ताम्बूलं कटु तिक्तमुष्णमधुरं क्षारं कषायान्वितं । वातघ्नं कफनाशनं कृमिहरं दौर्गंध्यनिर्नाशनम् । वक्त्रस्याऽभरणं विशुद्धिकरणं कामाग्निसंदीपनं । ताम्बूलस्य सखे! त्रयोदश गुणाः स्वर्गेऽपि ते दुर्लभाः ॥ १ ॥

अर्थ ॥ हे मित्र! तांबूलके १३ गुण है कडवा १ तीखा २ मधुर ३ उष्ण ४ क्षार ५ और कषाय रससहित ६ वायु ७ कफका नाशक ८ कृमिमिटानेवाला ९ दुर्गंधनाशक १० मुखका आभरण ११ शुद्धिकारक १२ कामाग्निका दीपक १३ इसलिये ब्रह्मचारियोंकुं तांबूल खाणा रागबुद्धिका हेतु होणेसै सम्यक् नही है स्मृतिमेभि कहा है ॥ ब्रह्मचारियतीनां च, विधवानां च योषिताम् । तांम्बूलभक्षणं विप्र! गोमांसान्न विशिष्यते ॥ १ ॥ स्नानमुद्वर्त्तनाभ्यंगं, नखकेशादिसंस्क्रियाम् । धूपं माल्यं च गंधं च, त्यजंति ब्रह्मचारिणः ॥ २ ॥ अर्थ हे ब्राह्मण! ब्रह्मचारी १ यति २ विध-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वास्त्री ३ इणोंकुं तांबूल खाणा गौमांसवत् है ॥ १ ॥ स्नान १ पीठी २ तैलकामर्द्दन ३ नखकेशादिकका संस्कार ४ धूप ५ माला ६ सुगंध ७ इत्यादि ब्रह्मचारि छोडते हैं ॥ २ ऐसा वचन आचार्यका सुनके विचक्षण लोकोंके हृदयमें हर्षउत्पन्न हुवा और श्रीवर्द्धमानसूरिजीपर बहुमान भया बाद श्रीवर्द्धमानसूरि बोले आचार्योंके साथ विचार होंणेमे हमारा शिष्य सूरिजिनेश्वर जो उत्तर प्रत्युत्तर देवेगा वो हमारे प्रमाण है तब सब सभासदोंने कहा ऐसा होवो तदनंतर चौराशी आचार्योंमें प्रधान चैत्यवासी सूराचार्य बोले अहो राजा मंत्रि प्रमुख सर्वलोको जो हम कहते हैं सो सुनो तब मंत्रिवगेरे चैत्यावासियोंके पक्षपाति कहने लगे आप कहिये हमलोक सावधान होके सुनते हैं बाद दुर्लभ राजा उस वक्तमें सब चैत्यवासी आचार्य साध्वाभास चकचकायमान समारा हुवा मस्तकमें केश जिणुके ताम्बूल रससे रंगा भया होठ ऐसे उद्भट वेषवाले सुगंध पुष्पोंकी माला जिणोने पहरी ऐसे धूपित शुभ्र रेशमी वस्त्रपहरे हैं, ऐसोंको देखके विचार किया अहो विलास सहित चेष्टावाले यह लोक विटप्राय अपणे कल्पसे च्युत हैं और देखो ये विदेशि महानुभाव उत्तम स्वभाववाले नीचे आसनपर बैठे भये लोच कियाहुवा मस्तकमें जिणुने मलीन वस्त्र पहरे हैं, जिणोंके दर्शनमात्रसैहि मालूम होता है शांततायुक्त तपनिष्ठमूर्त्ति निश्चय जो कोई गुणयुक्त शरीरी तीन जगतमें पूजनीय महाशीलव्रतपात्र कहे जाते हैं, वे येही महाव्रती हैं ऐसा राजा विचारते है उतने सूराचार्यने पूर्वपक्षकहा जैसे 'अहो वसतिनिवासी श्रमणो !

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सावधान होके सुनों इसवक्तके मुनियोंकुं जिनभवनमे रहना ही योग्य हैं जिनगृहमे रहणेसे निरपवाद ब्रह्मव्रतका संभव हैं यतियोंके ब्रह्मचर्य ही प्रधान है और व्रतोंके सदृश अपवाद इसमें नही है, सिद्धांतमे ब्रह्मव्रतकों सर्वव्रतोंमे निरपवाद कहा है 'न वि किंचि अणुन्नायं, पडिसिद्धं वा वि जिणवरिंदेहिं'

अर्थ ॥ तीर्थंकरदेवने कुछ आज्ञा नही दीया है वैसा मनाभि नही किया है मैथुनकुं छोडके

उपाश्रयमें रहणेसे स्त्रीयोंका, मनोहरशब्दसुणनेवगेरेसै ब्रह्म· व्रत सर्वथा नही पालशके मानसिक विकारादि संभवसे स्त्रीजनका मधुरशब्दसुणना रूपदेखना कोकिलादिकका मधुरबोलना इत्यादि कारणोंसे भुक्तभोगि यतियोंकु पूर्वानुभूत संभोग सरणमें आवे अभुक्त भोगियोंकु कुतूहल प्रगट होवे और साधुवोंका किया भया निरंतर कानोंको अमृत सरीखा स्वाध्याय ध्वनि सुणके कितनेक साधुवोंका शरीरका लावन्यदेखके प्रोषितपतिवाली वनितावोंकी रमणेका इच्छा वगेरे प्रगट होवे इसतरह परस्पर निरंतररूपका देखना गीत श्रवणादिकसै दुर्जयमन्मथके जोरसै चारित्रनाशादि अनेक दोषोंकि पुष्टि होती है कहा है ॥ गाथा ॥

थीवज्जिअं वियाणह, इत्थीणं जत्थठाण रूवाणि ।
सद्दाय न सुचंती तापियतेसिं न पिच्छंति ॥ १ ॥
बंभवयस्सअगुत्ती, लज्जानासोय पीइबुड्ढीअ ।
साहु तवोधणनासो, निवारणा तित्थपरिहाणी ॥ २ ॥

अर्थ ॥ साधुवोंकों स्त्रीयोंका वेठणा रूपदेखणा शब्दका

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सुणना यह नही करणा स्त्रीयोंभी साधुवोंकों हरवक्त नही देखे स्त्री रहित स्थानमे रहणा जाणो ॥ १ ॥ स्त्रीसाथरहणेसे ब्रह्मव्रतकी अगुप्ति लज्जाका नाश प्रीतिकी वृद्धि साधुके तपरूप धनका नाश धर्मसे दूर होणा तीर्थकी हानि इत्यादि दोष होते है ॥ २ ॥ इसलिये वसति वास यतिकुं युक्त नही है

लोकमेभी कहते हैं

"शृणु हृदयरहस्यं यत्प्रशस्यं मुनीनां,
न खलु योषित्सन्निधिः संविधेयः ॥
हरति हि हरिणाक्षीक्षिप्तमक्षिक्षुरप्र
प्रहतशमतनुत्रं चित्तमप्युन्नतानाम्" ॥ १ ॥

मुनियोंके हृदयका रहस्य प्रशंसनीय सुनो स्त्रीकी सोबत नही करणी स्त्रीयोंका डालाहुवा नेत्ररूपशस्त्रोंसे शमतनुत्राणरूप चित्त वृद्धमुनियोंका हरति हे १ जिन मंदिरमे रहणेसै सदा स्त्रीयोंका संभव नहि होता हैं कदाचित् चैत्यवंदनके लिये क्षणमात्र आणे जाणे वालीयोंके साथ वैसाप्रसंग नही प्राप्त होता है इसलिये प्राणातिपातादिकके जैसा अनेक दोष दुष्ट होनेसे परघरमे रहना ठीकनही होनेसे मंदिरमे रहनाहि इसवक्तके मुनिजनोकुं संगत हैं, वहहि कहते है, इस वक्तके मुनियोंकुं जिनमंदिरमें निवासबिना-उद्यानमे रहना या परघरमें निवास करना यह दो विकल्पमें द्वितीय विकल्प तो दासी पुत्रवत् नहीवनता है कारण परघरमें स्त्री संसर्ग हरवक्त रहता है प्रथम उद्यानपक्ष तो सपक्ष सदृश हमारे पक्षकुं नहीहठाता है स्त्रीपरिचयादि और आधाकर्मादि दोष

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समुहसे भक्षितहोणेसे दिखाते है उद्यानमे रहते भये यतीयों नवीन आंबेकीमंजरीकेस्वादसैं पंचमस्वरउच्चारण करते कोइल का शब्दसुणनेसैं और मालती वगेरे पुष्पोंका सुगंध लेणेसैं समाधियुक्तचित्तवालोकाभि चित्तविक्षेपहोता है कोइलका बोलना सुगंधग्रहणादि मदनोद्दीपनविभावसैं भारतादिशास्त्रोंमें कहा है, और क्रीडा करणेकुं आये कामीजनोंके आणेसे स्त्रीपरिचयादिकमें क्या कहणा है अथवा निरंतरनवीन नवीन शास्त्राभ्यास करणेवाले मुनियोंकों स्त्रीपरिचयादि दोष न होवे तथापि लोकोंके संचार विना उद्यानमे रहते मुनियोंका चोर वगेरेसै वस्त्रादिलेणेका संभव है शरीरओरसंयमविराधनाका प्रसंगहोवै, 'वादि कहते हैं युगंधराचार्य ओरवज्रस्वामी वगेरह उद्यानमे समवसरे है ऐसा आगमप्रमाण है, इसपर पूर्वपक्षी कहता है यहकथनसत्यहै परंतु अनापात असंलोकगुप्त एक द्वार उद्यान विषय है ऐसा इसवक्त प्रायें राजा चोर वगेरेसे वाधित होणेसे मिलना दुर्लभ है सो केसे इस समयके मुनिजनोको कल्पे इसलिये इस अवसरमें जिनमंदिरमें हि साधुवोंकुं निवास ठीक मालुमहोता है कारण जिनमंदिरमें आधाकर्मादिदोषनहीहोता है प्रयोग देते है इदानींतन मुनियोंके रहने योग्य जिनमंदिर है, आधाकर्मादिदोषरहितहोणेसे, निर्दोष आहारवत्, इहां असिद्ध हेतु नही है जिनप्रतिमाके लिये बनाया मंदिरमें आधाकर्मादि दोषका अवकास नही है यतिकेवास्ते मकान वणावेतो आधाकर्मी होवेहे और सुनो मुनि जिनमंदिरमें नहीं रहे तव इसवक्त जिनमंदिरोकी हानी होवे कारण पहले

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कालानुभावसे श्रीमंतलोकसावधानहोके देवतत्वगुरुतत्वकुं मानणे-वाले श्रावक उत्कृष्टआदरसे चैत्योंकी संभालकरतेथे सांप्रततो दुषम-कालका दोषसे निरंतर कुटुंबकी प्रबलचिंतासंतापसे पीडितचित्त होनेसै इदरउदर चलते हुवे प्रायै निस्वश्रावकोंकों अपणेघरभी-वक्त पर आना मुस्किल होता हे जिनमंदिरआना तो कहांसै होवे उसका संभालना यहतो कैसेवने और श्रीमंत तो विषय सुखमे लीनभयें राजसेवादिकृत्यमें तत्पररहते जिनमंदिरकादर्शनभि नही करशक्तेहै संभालकरना कैसे वनशके, जिनमंदिरकी संभाल न होनेसे जिन चैत्यका नाशहोवे तीर्थविछेदका संभवहोवे और यति मंदिरमें रहते होवेंतो बहुतकालतक जिनघरवना रहै तीर्थ-व्यवच्छेद न होवे तीर्थरखणेकेवास्ते किंचित् अपवादभी सेवना आगममें कहा है

जो जेणगुणेण हिओ, जेणविणा वा न सिझए जंतु

जो जिस गुणसे अधिक होवे जिसविना जो सिद्धकार्य न होवे तब अपवाद सेवे इत्यादि सूक्ष्म दृष्टिसे विचारणेसै विद्वानोंके चित्तमे इस कालमें मुनियोंकुं मंदिरमें रहनाठीकमालुम होताहै यह सूराचार्यने कहा. पूर्वपक्ष समस्त हृदयमें धारके उत्कटवादीपंडितरूपहाथीयोंमैं मृगेंद्रसदृश श्रीजिनेश्वरसूरि बोले अहो सभासदो ! निरंतर सर्वत्र निर्मलहृदयसे युक्तायुक्तविचार विषय बुद्धि पूर्वक कार्यकरणेवालेलोको ! मात्सर्यछोडके मध्य-स्थता धारके सावधान होके सुनो. पूर्वपक्षिने जिनभवनमे रहना इसवक्तके मुनियोंकुं उचित है निरपवादब्रह्मचर्यव्रतका संभव

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

होणेसे इत्यादिक कहके **बंभवयस्स अगुत्ती** इहां तक यतियोंकुं परघरमे रहणेसे दोषकहा सो अव विकल्पपूर्वक विचारते हैं ॥ सुनो ॥ जो यहपरगृहवसतिदूषणकहा तुमने वो क्या सर्वदा है या इसवक्तहीहै प्रथमपक्ष सर्वदा तव उद्यानादिकमे रहते यतिजनोकुं चौरादिउपद्रवका कैसे प्रतिकारहोय इसपर ऐसा न कहना उससमयमें काल सुखकारीथा सो चौरादिउपसर्ग नहीहोताथा इस्सै उद्यानमेनिवाससुनतेहै, परघरमे रहना नहीहै इति। उत्तरकहते है उसवक्तभि तस्करादि उपद्रव अनेकधा सुणनेसैं और उसकालमेंभि मुनियोंकुं परगृहका आश्रय आगममे कहाहै सो कहते हैं ॥

नयराइएसु घिप्पइ, वसही पुव्वामुहं ठवियवसहं

इत्यादि २ वृषभ कल्पनासे स्थापित नगरादिकमें यतियोंको वसतिकी गवेषणा करणा नगर वगेरे विना ऐसी वसति नही संभवे और उद्यानमे रहनाही उसवक्त मान्यथा तब ठिकाने ठिकाने नगर गाममें रहणेका पाठ नहि बने इसलिये प्रथमवि उपाश्रय परघरमे रहना यतियोंकाथा सो पहला पक्ष नहि वना, अब दूसरा पक्ष अंगीकारकरोगे तो हम पूछते है किस कारणसे साधुवोकुं परघरमे रहना नहि कल्पे जो स्त्री संसक्तादिकसे न कल्पे ऐसा कहोगे तो यह तो पहलेभि वनाथा उसवक्तभि स्त्रीरहित वसतिमिलनेसे या नहिं मिलनेसे कथित यतना सिवाय और समाधिनहीं है वैसा इसवक्तभि आश्रय करलेणा न्याय सदृशहै कहा है यतना करणेवाले स्त्र्यादिसंसक्तस्थानमैं इसवक्तभि ब्रह्मचर्य अगुप्ति

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वगेरे दोष नहि लगते है, उसकारणसे पूर्वपक्षिने कहा इदानीं जिनगृहवास ही साधुवोंके संगत मालुम होता है इत्यादि, यत्यर्थ-क्रियमाणउपाश्रयमें आधाकर्मादि दोष होता है इहां तक सोवि अधिकतर दोष कवलित होणेसे चोरादि त्रास पिशाचादिभय-कल्पनाकरे सो कहते हैं, परघरमें (उपाश्रय) कदाचित् अधाकर्म अंगनासंसर्ग वगेरे दोष देखनेसे उपाश्रयका त्यागकरके जिनमंदि-रमेरहते सीलवान साधुवोंके जिनमंदिरमे शृंगारवती स्त्रीयोंके आनेसे गीतध्वनी करणेसे वैस्यादिकका नाटकहोनेसे वनिताकारूपादि-देखनेसे मन्मथका उद्दीपन होता है इसलिये यह उपस्थित भया ॥

यत्रोभयोः समो दोषः, परिहारश्च तादृशः ।
नैकपर्यनुयोज्यः स्यात्, तादृशार्थविचारणे ॥ १ ॥

जहां दोनुमें सदृश दोषहोता है, समाधानभि वैसाहि होता है वैसा अर्थ विचारणमें एक उत्तर न होता है ॥ १ ॥ हमारे पक्षमें स्त्रीसंसक्तपरघरमें कभि रहते उक्त दोष यतना करणेसे नहि होता और तुमारे पक्षमें तो जिनमंदिरमें रहणा सर्वथा वर्जित होनेसे कहां भि यतना नहि कहणेसे उक्तदोषकी पुष्टी कोण मनाकर सके, ऐसा नहि कहना गृहस्थोंका घर सांकडाहोवे यतना करणेसेवि कथितदोषसे मुक्त होना मुस्किल है, प्रमाण युक्त घरमें यतिका आश्रयकहा है उहां उक्त दोष नहि होता है गृहस्थ संपूर्णघरसमर्पणकरे तथापि यति मितअवग्रहमेंहि रहैं ऐसा सूत्रमे कहा है,

प्रमाण युक्त परघरके लाभमे तो संकीर्णमे भि यतनासैं रहते दोष नहि है, कहा है

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निच्छयओपमाणजुत्ता खुड्डुलिआए वसंति जयणाए

इत्यादि प्रमाणयुक्त छोटे उपाश्रयमेंभी जयणासे मुनि निश्चयसै रहै और भी सुनो, जिनमंदिरमें रहनेका समर्थन आत्माको बहुतअनर्थकारिहोनेसे योग नही सिद्धांतमें चैत्यमें रहना अत्यंतआशातनाका कारणहोनेसे मुनियोंकुं मनाकियाहै आशातना थोडीभी भवभ्रमणवृद्धिकाकारणहोणेसे अपथ्यसेवनवत् होतीहै ऐसा आगम है दुभिगंधमल० १ जइविन अहाकम्मं० २ आसायणमिच्छत्तं० ३, इत्यादि साधुका शरीर मेलसहितहोवे इसलिये मंदिरमेंरहणेसै आशातनाहोवे यद्यपि चैत्य आधाकर्मी न होवे तथापि रहणेका निषेधहै, कारण आशातना करणेसे मिथ्यात्व होता है, इसवास्ते कथंचित् आधाकर्मी उपाश्रयमें निवासभि सिद्धांतमे कहा है, जिनघरनिवासतो अत्यंत निषेध होनेसे नहि करणा उचितहै, इसकारणसे उपाश्रयमें रहणा प्राप्तहुवा वैसा प्रयोग है—यतियोंकुं परघरमें निवास करणा निःसंगता प्रगट होणेसे संयमशुद्धिहेतुत्वात् शुद्धआहारग्रहणवत् ऐसा, यद्यपि पूर्वपक्षिने चैत्यमें रहे सिवाय रक्षा होवे नहि तथा तीर्थविच्छेद होवे इत्यादि कहके चैत्यमें रहना स्थापा वोभि विचार नहिं सहसक्ता है, केवल लोकोंकुं ठगना प्राय है, यतः तीर्थ अव्यवच्छेद किसकुं कहते है क्या यतियोकुं मंदिरमें रहणेसे भगवानका मंदिर प्रतिमा वनेरहै १ अथवा शिष्यप्रशिष्यादिपरंपराका विच्छेद न होना सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रकीप्रवृत्तिरहना कहते है २ प्रथम पक्ष नहि वनता है चैत्यवासविनाभि तीर्थकरोंके बिंबादिककी अनुवृत्ति देखणेसे जैसे पूर्वदेशमे जिनप्रतिमाकुं कुलदेव-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ताकी बुद्धिसे पूजते है अन्यतीर्थीयोंके ग्रहणकरणेसै जिनप्रतिमा-बनी है तीर्थ विच्छेद नही होता है तब व्यर्थ चैत्यवासमें रहणेसैं क्या प्रयोजन है इसवास्ते तीर्थअव्यवच्छेदकार्यसे मोक्षादि फल-सिद्धी नहीहै क्यों कि मिथ्यादृष्टिपरिग्रहीत जिनबिंबोंकुं मोक्षमा-र्गका अंग नहीं कहा है

मिच्छदिट्ठि परिग्गहिआ ओ पडिमा ओ भावगामो न हुंति

मिथ्यादृष्टिपरिगृहीत जिनप्रतिमा भावशुद्धिका कारण न होवे इति ॥ अब दूसरा विकल्प कहते है वोहि तीर्थअव्यवच्छेद अं-गीकारकरो मोक्षमार्गहोनेसे चैत्यवास अंगीकारसै क्या प्रयोजन है सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रकी अनुवृत्तिविना जिनघर बिंबके सद्भावसेभि तीर्थोच्छेदहोता है, इसी कारणसे तीर्थंकरोंके कित-नेक आंतरोंमे रत्नत्रयी न रहणेसे कहांभी जिनप्रतिमाके संभ-वमेंभी तीर्थविच्छेदकहा है, स्वयं कल्पिततीर्थअव्यवच्छित्ति आ-गममें विसंवादि होनेसे व्यर्थही है, और सुनो जिनगृहादि अनु-वृत्ति तीर्थअव्यवच्छित्ति होवे तोभि यतियोंका चैत्यमें रहना और जिनगृहादि अनुवृत्ति इनदोनुंका श्यामत्वमैत्रतनयत्वसदृश प्र-योज्यप्रयोजकभाव नहि बनताहै सो देखातेहै श्यामदेवदत्तहैं मैत्रतनय होनेसै इहां श्यामत्वमैं मैत्रतनयत्व प्रयोजक नहीं है, किंतु साकादिआहारपरिणतिलक्षणउपाधि श्यामत्वमें है परंतु यतियोंका चैत्यमें रहणाप्रयुक्तअनुवृत्ति नहि है कारण जिन घरमें रहतेभि साताशील होनेसे जीर्णचैत्यकी जीर्णोद्धारकी चिंता न करणेसै चैत्यअनुवृत्ति नहि रहै, किंतु चैत्यचिंताप्रयुक्त

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चैत्यअनुवृत्ति श्रावकभि करते है, तो चैत्यकी अनुवृत्ति कैसै नहोवै, निस्वओरश्रीमंतश्रावक इसवक्त मंदिरकी देखरेख करते है यद्यपि दुःषमकालके माहात्म्यसै कितनेक प्रमादि होवे तोभी और सुद्धश्रद्धालुश्रावकचैत्यकी संभाल करे है, देखते है इस वक्त कितनेक पुन्यवान् श्रावक अपणा कुटंबका भार समर्थ पुत्रपर रखके जिनमंदिरकी संभालहि निरंतरकरते है इसकारणसै श्रावक कृत संभालसै चैत्य अनुवृत्ति सिद्ध है, इस वक्तके तुमारे जैसे आचार्य चैत्यके उपदेशसै अनेक आरंभ करते हुवे व्यर्थहि क्युं तकलीफ करते हैं, ओर तीर्थ अव्यवच्छेदका कारण अपवाद सेवनकर चैत्यवासका स्थापनकीया सोभि सिद्धांतका नहि जाणना तुमारा प्रगट करे है, इसका और अर्थ होनेसै, जो कोइयति ज्ञानादिगुणसै अधिकहोवे जिसविना संघादिक केवडे कार्य नहि सिद्धहोतेहोवे तव वो गुणाधिक मुनि स्वगुणमें वीर्य फोरै यह अर्थ कहनेवाला जो जेण० इस गाथाका उत्तरार्ध है ॥

सो तेणतम्मिकज्जे सव्वत्थामं न हावेइ

इति अर्थ वो ज्ञानादि गुणाधिक संघादि कार्यमें सर्वशक्ति बल न घटावे इस्सै तुमारि इष्टसिद्धि न होवै इसप्रकारसै सर्व वादिने कही युक्ति निराकरणसै यतियोंका जिनभवनमें निवासका निषेध सिद्ध होनेसै अपने पक्षमे समाधान कहते है. जिनगृहनिवास मुनियोंकुं अयोग्य हे देवद्रव्यउपभोगादिवाला होनेसें जिनप्रतिमाके आगे चढाया हुवा नैवेद्यवत् । यह देवद्रव्यउपभोगादिमत्वहेतु

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

असिद्धनही है, जिनगृहमें रहते देवद्रव्यका उपभोग होता है सोने बैठने भोजनवगेरे करणेंसै अनेक भवमें भयंकरफलअवश्य होता है ॥ १ ॥ विरुद्ध हेतुभी नहि है मुनियोग्यता कर व्याप्यत्वमें विरुद्ध हेतु होता है ऐसा इहां नही है ॥

देवस्सपरीभोगो, अणंत जम्मेसु दारुणविवागो।
जं देवभोगभूमी, वुड्ढी न हु वट्टइ चरित्ते ॥ १ ॥

देवद्रव्यका परिभोग अनंतभवमे दारुण विपाकवाला होता है, जो देवभोगभूमी (जिनमंदिरकी भूमी) में रहै उसके चारित्रकी वृद्धि नहि होवै अर्थात् चारित्री न होवै ऐसा सिद्धांतमें कहा है देव भूमीमें रहते यतिके चारित्रके अभावसै भयंकर फल कहा है ॥ २ ॥ सत्प्रतिपक्षभी नही है आगमोक्तत्वात् यह वादीके प्रतिबल अनुमानको पहलेहि खंडन किया है ॥ ३ ॥ बाधित विषयभी हेतु नहि है प्रत्यक्षादिकसै अपहृत विषय न होनेसै "प्रत्यक्षसै हि इसवक्त जिनगृहमे रहना देखणेमें चैत्यवासके धर्मी मुनिअयोग्यता साध्यधर्महेतुविषयको बाधित होनेकर विषयापहारसै कैसै हेतुबाधितविषय नहि है ? ऐसा नहि कहना" इसवक्तमे मुन्याभासोका जिनगृहमे रहना देखणेसैभि चैत्यवासको मुनि अयोग्यता बाधितपणा नहि है इसकारणसै हेतुकुं विषयापहारके अभावसै बाधित विषयता नही है ॥ ४ ॥ इसलियै चैत्य मुनियोंके उपभोग योग्य है आधाकर्मादि दोषरहित होनेसै अैसा तुमारा हेतु उक्तन्यायसै मुनियोंको चैत्योपभोगभोग्यता देवद्रव्य उपभोगादि दोषों करके आगममे बाधित होनेसै कालात्ययापदिष्ट

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हेतु नहि है ॥ ५ ॥ पांच हेत्वाभास रहित होनेसै देवद्रव्य उपभोगादिमत्वहेतु शुद्ध है इसलियै भगवान्का गुण गाना स्त्रीयोंका मंदिरमे नाचना, शंख पटह भेरी मृदंगादि वादित्र वादन, मालती वगेरह पूष्पोंका सुगंध जिन भवनमाला पूजा मंडप रचनादि भक्तिसै चैत्यनिवासमें देवद्रव्यका उपभोग होता है, लोकमेभी कहते है ॥

यदीच्छेन्नरकं गंतुं, सपुत्रपशुबांधवः ।
देवेष्वधिकृतिं कुर्याद्गोषु च ब्राह्मणेषु च ॥ १ ॥
नरकाय मतिस्ते चेत्पौरोहित्यं समाचर ।
वर्षं यावत्किमन्येन, माठपत्यं दिनत्रयम् ॥ २ ॥

अर्थ जो पुत्रपशुबांधवसहित नरक जाणेकी इच्छा करे सो देवगृहमें निवासकरे, गोशालामें और ब्राह्मणोंके घरोंमें ॥ १ ॥ नरक जाणेकी बुद्धि होवे तो पुरोहितपणा एकवरसतककरो, जादा कहणेसै क्या तीन दिन मठपतिपणा करो ॥ २ ॥ इत्यादि लौकिक लोकोत्तरनिंदनीय होनेसै मठपतिपणेंसै दीर्घसंसारकार्य आशातनासै कंपमानसाधु जिनधर्ममे पूर्णबुद्धिश्रद्धावालेभि जिनगृहमे नहि रहतेहै लिखाहै (**सामीवासावासे उवागए**) इत्यादि आवश्यक चूर्ण्यादि शास्त्रोंमे बहुत पाठ देखणेसै साक्षात्तीर्थंकर गणधरोंसे सेवित (**संविग्गं सण्णिभद्दं**) इत्यादि तीर्थंकरादिकोंने अनेक प्रकारसै कहा तथा—

धन्या अमी महात्मानो, निःसंगा मुनिपुंगवाः ।
अपि क्वापि स्वकं नास्ति, येषां तृणकुटीरके ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अर्थ यह महात्मा धन्यहै संगरहितश्रेष्ठ मुनि है जिणुंके तृणकी कुटीया वगेरे परभी स्वत्व नही है ॥ १ ॥ इत्यादि वचन समूहसै लोक प्रशस्य धन कनक पुत्र स्त्री स्वजन परिजन त्यागरूप, अपरिग्रहताका मुख्यास्पदभूत, सिज्ञातर उपाश्रयका देनेवाला कहीयै उपाश्रयका मालिक जो होवै वो सिज्ञातर होता है, इत्यादि बहुत तरेका सिद्धांत अक्षर देखनेसै भया है तात्विक बोध ऐसै पंडितजनबहुमत उपाश्रयमेंहि सत्यअनगारनाम धारणेवाले साधु अवस्थान कहते है, अपवादस्थानसैभी जिनगृहमे रहणा नहि कहते है इतने कहणेसै जिनमंदिरमे नहि रहणा सिद्ध हुवा, तब सूराचार्यकुं निरुत्तरकरके ऊर्ध्वभुजा करके श्रीजिनेश्वरसूरि बोले सो कहते है श्लोक ॥

एवं सिद्धांतवाक्यैर्बहुविधघटनाहेतुदृष्टांतयुक्तै-
रुक्तैरस्माभिरेतैरवितथसुयथोद्भासनोष्णांशुकल्पैः ।
कुग्राहग्रस्तचेताः परगृहवसतिं द्वेष्टि योऽसौ निकृष्टो,
दुर्भाषी बद्धवैरः कथमपि न सतां स्यान्मतो नष्टकर्णः॥१॥

भावार्थ, सिद्धांत अक्षरोंसै बहुत प्रकारका वचन हेतु दृष्टांत सहित हमने सत्य शोभन यथोद्भासन सूर्यकल्प वचन कहै सो कुत्सित आग्रहमे ग्रस्तचित्त यह वादी परघरवसतिका निषेध करता है और दुर्भाषी बद्धवैर द्वेष करे सो सज्जनोंके कैसै मान्य होवै ॥ १ ॥ इति ऐसा सभाके लोकोंको आनंदित करके राजादिकको प्रतीतिके लिये औरभी जिनेश्वरसूरि बोले हे महाराज ! आपके लोकमें क्या 'पूर्वपुरुषप्रदर्शित नीति प्रवर्त्ते है, अथवा

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आधुनिक पुरुष प्रवर्त्तित नीति प्रवर्त्ते है, राजा बोले हमारे सब देशमेभि हमारा पूर्वज बनराजचावडाकी नीति प्रवर्त्ते है और नहि, तब जिनेश्वरसूरि बोले हेमहाराज! हमारे सिद्धांतमें श्रीतीर्थंकर और गणधर और चवदे पूर्वधारि वगेरेने जो मार्ग देखाया वो प्रमाण करते है और नहि, राजा बोले इसी तरहहि पूर्वपुरुष व्यवस्थापितहि मार्ग सर्वत्र प्रमाण होता है, जिनेश्वरसूरिने कहा हेमहाराज! हम दूर देशसै आयेहै सिद्धांतपुस्तक साथमें नहि लायेहै इसलिये इणोंके मठोंसै पुस्तक मंगवावै सो आपको प्रतीतिके लिये सन्मार्गनिश्चयके अक्षर देखावै, तब राजा बोले बहुत युक्त कहते है अहो श्वेतांबराचार्यों! जैन पुस्तक मेरे पुरुषकुं साथमे लेजाके लावो, तव पुस्तकलाये जो पहले हाथमे आया सो खोला, वो श्रीदेवगुरुके प्रसादसै चउदे पूर्व धारिका रचाभया दशवैकालिक निकला उहां पहले यह श्लोक निकला यथा

अन्नट्ठंपगडंलयणं, भएज्ज

सयणासणं, उच्चारभूमिसंपन्नं, इथिपसु विवज्जियं ॥ १॥

इत्यादि राजा बोले वांचो. जिनेश्वरसूरि बोले चैत्यवासी वांचै तव राजाने चैत्यवासीयोंसै कहा आपवांचौ. चैत्यवासीयोंने यह पाठ वांचते छोड दीया जिनेश्वरसूरि बोले हे महाराज! अन्यत्र रात्रिमें चौरि होवे है राजसभामें दिनकों चोरि होति है, राजा बोले आप वांचो जिनेश्वरसूरि बोले पुरोहित वांचै तव राजाकी आज्ञासै पुरोहितने (अन्नट्ठंपगडंलयणं) इत्यादि पाठ वांचा अर्थ॥ गृहस्थने अपणेवास्ते अर्थात् साधुसै अन्यार्थ किया घर सय्या

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संथारा आसण उच्चार प्रश्रवण भूमी सहित स्त्री पशु वर्जित ऐसै उपाश्रयमें साधु रहै जिनमंदिरमें नहि रहै यह वचन श्रीदुर्लभ राजाके मनमे बहुत रोचक हुवै, राजा बोले अहो ये जो कहते है सो सर्व सत्य है तब सब अधिकारियोंने जाना अपणे गुरु सर्वथा निरुत्तर होगये है, वाद दिवान वगेरे बोले महाराज! चैत्यवासी हमारे गुरु है आप मानते है न्यायवादी राजा यावत् न बोले उतने जिनेश्वरसूरि बोले हे महाराज? कोइ मंत्रिका गुरु हैं कोइ भंडारिका गुरु है कोइ माडंविकका गुरु है सबके स्वामी आप है हमारा इहां कोण भक्त है, राजा बोले में आपका भक्तहुं, मैंने आपकुं गुरु कियै, वाद और राजा बोले सर्व गुरुवोंकै सात सात गद्दी और हमारे गुरु नीचै बैठे यह कैसा, जिनेश्वरसूरि बोले हे महाराज! हमकुं गद्दीपर बैठना नहि कल्पै राजा बोले क्युंन कल्पै आचार्य बोले महाराज! गद्दीपर बैठणेसै असंयम होवै है भवति नियतमत्रासंयम इत्यादि श्लोकार्थका व्याख्यान किया, राजा बोले आप कहां रहते है? आचार्य बोले, महाराज विरोधियोंने स्थान रोका है सो कहांसै स्थान मिले, राजा बोले हे अमात्य बजारमे बहुत बडा अपुत्रियेका घर हे वो इणंकुं रहणेकों देवो, वाद राजा बोले भोजन कैसै होता है तव पुरोहित बोला हे देव इण महापुरुषोंके लिये क्या कहैं

लभ्यते लभ्यते साधुः, साधुश्चैव न लभ्यते।
अलब्धे तपसो वृद्धि, र्लब्धे देहस्य धारणा ॥ १ ॥

अर्थ आहार मिलेतो ठीक नहि मिलेतोभी अच्छा कारण नहि

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मिलेतो तपकी वृद्धि होवै मिलेतो देहका रक्षण होवै ॥ १ ॥ इसलियै कभी आधा भोजन मिले कदाचित् उपवासभी होता है तब राजा आनंद और विषाद सहित बोले आप कितने साधु हैं पुरोहित बोला हे देव ! सर्व अष्टादश (१८) साधु है राजा बोले एक हाथीका भोजन पिंडसै तृप्त होवेंगें जिनेश्वरसूरि बोले हे महाराज ! पिंड मुनियोंकों नहि कल्पे, यह प्रथमहि कहा है सिद्धांत पठनपूर्वक आपके आगे, तब राजा 'अहो अत्यंत निस्पृही है ऐसा जाणके, प्रीतियुक्त बोले मेरा पुरुष आगे चलेगा सुलभ भिक्षा होगी जादा कहनेसै क्या, इसप्रकारसै वाद करके चैत्य-वासियोंको जीतके राजा मंत्रवी सेठ सार्थवाह वगेरे नगरके प्रधान पुरुष सहित भट्टजनवंसतिमार्गप्रसाधन यशके काव्य कहते हुवै पाया खरतरविरुद जिणुनें ऐसै श्रीवर्द्धमानसूरिसहित जिनेश्वरसूरि वसतिमे प्रवेश कीया ऐसे गुर्जरदेशमे प्रथम चैत्य-वासीयोंका पक्ष निराकरण करके भगवत् प्रोक्त वसतिमार्ग प्रवर्त्तन प्रथम जिनेश्वरसूरिने कीया ॥ खरतर विरुदका अर्थ लिखते है

॥ अथ खरतरशब्दस्य व्युत्पत्तिर्लिख्यते ॥

॥ १ अतिशयेन खरा अनर्मछद्मधर्मव्यवहारपटवो ये ते खरतराः

॥ २ 'अतिशयेन खरा सत्यप्रतिज्ञा ये ते खरतराः'

॥ ३ खः सूर्यः तद्वत् राजन्ते निःप्रतिमप्रतिभा प्राग्भार-प्रभाभिः प्रतिवादिविद्वज्जनसंसदि ये ते खराः, अत एव तरन्ति भवाब्धिमिति तराः, खराश्च ते तराश्च खरतराः,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ ४ खानि इंद्रियाणि, रः कामः तौ त्रस्यंति वशं नयन्ति ये ते खरताः साधुजनास्तेषां मध्ये राजन्ते शोभन्ते ये ते खरतराः,

॥ ५ खः सुखं, भावसमाधिलक्षणं क्वचिद्डु, इति डप्रत्ययः तस्य रो रक्षणं तत्तरन्ति कुर्वन्ति ये धातूनामनेकार्थत्वादिति खरतराः

॥ ६ खादीनां ये जनास्तेषां रो भयं तत् विध्वंसयति, यः सः खरतः, तादृग् विधौ रोध्वनि सिद्ध शुद्ध प्रसिद्ध विशुद्ध सिद्धान्तवचननिर्वचनलक्षणो येषां ते खरतराः

॥ ७ यद्वा खं संविद् तत्र रतास्तत् पराः खरताः मुनिजनास्तान् राति (अर्थात्) सम्यग् ज्ञानादि ददति ये ते खरतराः

॥ ८ खः खड्गः तद्वत् खरास्तीक्ष्णाः कुमतिमतिविदारणे ये ते खराः तानं तस्कराणां जिनमतप्रद्वेषिद्दप्तकुवादिजनलक्षणानां, रा इव वज्रा इव ये ते तराः, खराश्च ते तराश्च खरतराः

॥ ९ खं स्वर्गं राति (अर्थात्) भक्तजनानां ददति ये ते खराः

॥ अतिशयेन खरा ये ते खरतराः इत्यादि

हारयासो कमलाभया, जीत्या खरतर जाणिया ।
तिनकाले श्रीसंघमे, गच्छदोय वखाणिया ॥ १ ॥

इसीतरे सुविहित पक्षधारक श्रीजिनेश्वरसूरिजी वीरनिर्वाणात् १५५०, विक्रमसंवत् १०८० में खरतर विरुद्धकों प्राप्त भए, तबसें, कोटिकगच्छ, चंद्रकुल, वयरीशाखा, खरतर विरुद, इस नामसें, स्थविरसाधु, नवा साधुवोंकों कहनें लगे, इहांसें मूलकोटिक गच्छका नाम, खरतर गच्छ प्रसिद्ध हूआ दूसरे दिन विरोधियोंने विचार कीया कि प्रथम उपाय तो व्यर्थ हुवा, अब

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और दूसरा कोइ उपाय इणोंको निकालनेका करणा चाहिये, एसा कहके, मनमे शोचा कि यह राजा अपनी मुख्य राणीको बहुतहि मानताहे, इसलिये जो वह राणी कहेगी वैसाहि राजा करेगा, तिस राणीके द्वाराहि इणोंको निकालना चाहिये, यह अपणा आशय उन चैत्यवासी मुनियोंने राजाधिकारि अपणे भक्त श्रावकोंकुं कहा, वादमें वे राजाधिकारी श्रावक आम्रफल केलफल दाख वगेरे फलोंका भाजन प्रधान वस्त्र दागिना वगेरे बहुत पदार्थोंका भेटणा लेके राणीके पास गये और मुख्य राणीके आगे जिनप्रतिमाकी तरे सन्मुख बलीकी रचना करी और मुख्य राणी प्रसन्न होके जितने उणोंका प्रयोजन करणेमे तत्पर भइ, उसीअवसरमे राजाकुं राणीके पासमे कोइ कामकी जरूरत पडी, वादमे दिल्लीसंबंधी आदेशकारी पुरुषको राजाने तिस मुख्य राणीकेपास भेजा और कहाकि यह अमुक कार्य राणीसें कहो, तब आदेशकारी पुरुष बोलाकी हे देव अभि जायके कहेता हूं ऐसा कहके शीघ्र गया, राजासंबंधी प्रयोजन राणीकूं कहा बहुत अधिकारियोंको और अनेक प्रकारका चढावा देखके तिस राज-पुरुषने विचाराकि जो दूसरे देशसें आये हूवे आचार्य उणोंको निकालनेका उपाय यह होवे है, परंतु मेरेकुं भि स्वदेशसें आये हूवे आचार्यके पक्षकी पुष्टि राजाके सन्मुख कहेना, ऐसा विचारके राजाके पासमे गया, राजासंबंधी प्रयोजन कहा, परंतु हे देव वहां राणीकेपास बडा कौतुक मेने देखा, राजाने कहा कैसा ? भद्रिकपुरुष बोला हे देव! राणी आज तीर्थंकरकी प्रतिमा सदृश

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पूजनीक हुइ है, जैसा तीर्थंकरके आगे बलिकी रचना करते हैं उस माफक राणीके आगे भी कितनेक पुरुषोंने बलिकी रचना करी है, राजाने विचारा कि जो मेने न्यायवादी सुविहित मुनियोंकुं गुरुपणे अंगीकार करें हैं, उणोका पीच्छा अभीतक पापी नहिं छोडतें है, बादमे राजाने कहा उसीहि पुरुषको जेसें शीघ्र राणीके-पासमे जाके कहो, की राजा इसतरे कहेलातें है, जो तेरे आगे किसीने भेट दीया है उसमेंसें एक सोपारी भी जो लिया तो तेरेको मेरे यहां रहेणेकुं जगा नहिं है, बादमें उस राजपुरुष पूर्वोक्तप्रमाणे कहेणेसें भय प्राप्त होके राणीने कहा अहो लोको जो वस्तु जो लाया है वह वस्तु उसकों अपणे घर लेजाना एक सोपारी मात्रसेंभी मेरे प्रयोजन नहिं हैं इसतरे यह उपायभी निस्फल हुवा, बादमें उन चैत्यवासी मुनियोंने ४ उपाय विचारा कि जो राजा देशांतरसें आये हूवे मुनियोंको बहुत मानेगा तो सर्वमंदिरोंको छोडके देशांतरमें चले जावेंगें, ऐसा प्रघोष नगरमें करा, और नगरके बाहिर जावै ते यह बात किसी मनुष्यने राजाकुं कही राजाने कहा कि बहूतहि अच्छा है जहां रुचे वहां जावो, राजाने मंदिरोंमे ब्राह्मणकों वेतनसें पूजारी रखे, तुमारेकुं इन मंदिरोंमे पूजा करणी ऐसा कहेके, बादमे कोइ चैत्यवासी मुनि किसी मिस करके अपणे मंदिरमे आये, कोइ किसी मिस करके पीछे आये, किं बहुना, सर्वचैत्यवासी मिस कर २ पीछे चले आये सर्व अपणे २ मंदिरोंमे रहे श्रीमान् वर्द्धमानसूरिजी भी सपरिवार राजाके मान्यनीक पूजनीक होणेसें अस्खलितविहारपूर्वक सर्वत्र

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुजरातादि देशोंमे विहार करते हूवे, कोइ कुछभी कहेणेकुं समर्थ न होवे, बाद शुभ लग्नमे श्रीवर्द्धमानसूरिजी महाराजने पंडित श्रीजिनेश्वर गणिजीकुं सूरिमंत्र देकर अपणे पदमे स्थापित कीये, दूसरे भाईकोभी आचार्य पदमे स्थापित करा, और उणोंकी वेनकों महत्तरा पद दीया और इणोंका मूल नाम जिनदास, बुद्धिदास, सरस्वती, था बादमे ३ जीव पुन्यवान् विनीत होणेसे स्वल्प कालमे गीतार्थ भये, बाद पंडित, गणि आदि क्रमसें पदवी प्राप्त करी, और श्रीगुरु महाराजकुं चारित्रपक्षमे ज्ञान पक्षमे शासनोन्नति वगेरे धर्मकार्योंमे परिपूर्ण साहायक भये और गुजरातमे अणहिलपुर पाटणके प्रथम शास्त्रार्थमे परिपूर्ण सहायक भये, बाद योग्य पात्र स्वसमय परसमयके परिपूर्ण वेत्ता शासनोन्नति करणेवाले, युगप्रधान पद धारक होगा ऐसा विचारके श्रीगुरुमहाराजने कोइ एक समय शुभ लग्नमे पूर्वोक्त ३ जनकों क्रमसें पदस्थ करके अपने गच्छमे अधिकारिकीये बाद श्री-जिनेश्वरसूरि, बुद्धिसागरसूरि, कल्याणवती महत्तरा, इसनामसें सर्वत्र प्रसिद्ध भये, बाद गुजरातादि देशोंमें अलग विहार करणे कीआज्ञा दीवी ३ जनकों, तब तीनुं जन श्रीगुरुमहाराजकी श्रेष्ठ आज्ञा पाकर अपणे २ समुदाय सहित गुजरात देशमे विचरणें लगें, पीछे श्रीवर्द्धमानसूरिजीनें १३ अथवा ३० बादशाहोंसें मान पाया हुआ चंद्रावती नगरी स्थापक, पोरवाड गोत्रीय, श्रीविमल-मंत्रीकों प्रतिबोध देके जैनधर्मी अपना श्रावक किया, और विच्छिन्न हुवे आबु तीर्थकों प्रगट करनेका उपदेश किया, तब

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विमलमंत्री गुरुका वचन अंगीकार करके गुरूकों साथ लेके आबुजी आया, तब उहांके रहीस ब्राह्मण और जोगी लोक या बात सुनके विमल मंत्रीको कहनें लगे कि यह हमारा तीर्थ है, अभी हमारा मंदिर है तुमारा मंदिर नहिं है, इससें जैनमंदिर नहिं होने देवेंगें, तब गुरुमहाराज एक पुष्पमाला मंत्रके विमलमंत्रीके हाथमें दीनी, और कहाकि ब्राह्मणोंसे कहोकि ये सदैवसें जैनका तीर्थ है, जो न मानो तो तुमारी कोइ कन्याके हाथमें यह फूलमाला देवो, और डूंगर ऊपर फिरो जिस ठिकाणे तुमारी कन्याके हाथसें यह फूलमाला गिरपडे वहां हमारा तीर्थ, और देव है, इसीतरे करा ॥ जहां फूलमाला पडी उहां पूजाका उपगरण सहित तीन प्रतिमा प्रगट भइ ॥

१ श्री आदिनाथस्वामि २ अंबिकादेवी ३ चवालीनाथ क्षेत्रपाल ॥ ऐसी तीन प्रतिमाकों प्रगट हुइ देखके ब्राह्मणलोक बडे आश्चर्यकों प्राप्त भए, तथापि ब्राह्मण जातिपणासें कहनें लगे तुमारा देव है तो देवकी पूजा करों, परन्तु मंदिर होनेसें तो हम मरमिटेंगें, तब बडा दयाल उत्तम पुरुष विमलमंत्रीनें विचार किया कि ये कोण गिणतीमें है, अभी मंदिर बना सक्ताहूं, परन्तु ये भिक्षुक है, इनकों क्या जोर देखाउं, इससें इनोंकों बहोतसा द्रव्य देके, राजी करके जैनमंदिर तैयार कराउं, ऐसा विचारके ब्राह्मणोंकों बहुतसा धन देके राजी किये, पीछे बहुमोला मकराणेंका पत्थर मंगवायके, बडा एक बावन जिनालय मंदिर बनाया, और सारे मंदिरमें ऐसी झीणी कोरणी कराई, जिस-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मंदिरका सर्व पत्थर कोरणी मजूरीका, अठारे १८ क्रोड ५३ लाख आसरे द्रव्य खरच हुआ, विमलमंत्रीके करानेसें विमलवसहि नाम प्रसिद्ध हुवा, पीछे सर्व तैयार होनेसें संवत् एक हजार अठ्यासी, १०८८, में श्रीउद्योतनसूरिजीके सुशिष्य और श्रीजिनेश्वरसूरिजी श्रीबुद्धिसागरसूरिजीके श्रीगुरुमहाराज श्रीवर्द्धमानसूरीजीने प्रतिष्ठाकरी, वादघणे भव्यजीवोंकों प्रतिबोधके धर्ममे स्थिर करके धर्मकार्योंमेंविशेष सहाय करके घणी शासनोन्नति करके अंतसमय सिद्धांतीय विधिपूर्वक समाधिसहित अणशण करके उसी वरषमें देवलोक गए यह मूलग्रंथ अभिप्राय है ॥ ३९ ॥

॥ ४० ॥ श्रीवर्द्धमानसूरिजीके पट्टपर श्रीजिनेश्वरसूरि हुए, यह प्रथम वाणारसी नगरीके रहीसथे, सोमदेव ब्राह्मण पिताथा दुर्लभराजपुरोहित शिवशर्मा ब्राह्मण मामा होवे है और सरसा नगरमें सोमेश्वर महादेवके वचनसें श्रीवर्द्धमानसूरिजीके पासदीक्षा ग्रहण करी, वादमे जैनसिद्धांत स्वगुरुमुखसें पढकर गीतार्थ भये, पीछे पंडित, गणि, वाचनाचार्य आदि पदवीयों क्रमसें प्राप्त करी, शुभशकुन निमित्तसें लाभ जाणके श्रीगुरुमहाराजके साथ अणहिलपुरपाटण पधारे वहां चैत्यवासी संप्रदायके आचार्योंके साथ प्रथम शास्त्रार्थ हुवा, पीछे स्वपट्टपर सूरिमंत्र विधिपूर्वक देके मुख्याचार्यपणेका गच्छाधिकार वगेरे सर्व दिये, पीछे श्रीदुर्लभराजदत्त खरतर विरुदकों धारण करते हुवे, और राजगुरु होनेसें सर्वत्र गुजरातप्रांतमें अस्खलित विहार करे, और अप्रतिबद्धपणे विहार करते हुवे जिनचंद्र १ अभयदेव २ धनेश्वर ३ हरिभद्र ४

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रसन्नचंद्र ५ धर्मदेव ६ सहदेव ७ सुमति ८ वगेरह बहुत शिष्य हुवे बादमे श्रीवर्द्धमानसूरिजी स्वर्गवासी हूवे, पीछे श्रीजिनचंद्र, जिनाभयदेव, इन दोनोंकों विशेष गुणवान् और योग्य पात्र जाणके सूरिपदमें स्थापित कीये, क्रम करके युग प्रधान हूवे, औरभी दो आचार्य बनाये, श्रीधनेश्वसूरिः (अपर नाम श्रीजिनभद्रसूरिः) है, १ श्रीहरिभद्रसूरिः २ तथा उ० श्रीधर्मदेवगणिः, १ उ० सुमतिगणिः, २ उ० श्रीविमलगणिः, ३ यह ३ उपाध्याय कीये, और श्रीधर्मदेव उपाध्याय, श्रीसहदेवगणिः, यह दोय सगे भाइ होवें है, श्रीधर्मदेव उपाध्याय जीनें ३ निज शिष्य बनाये, हरिसिंह, सर्वदेवगणिः, यह २ भाइ होवें है, ३ पंडित श्रीसोमचंद्रमुनिः, और श्रीसहदेवगणिजीनें अशोकचंद्र नामें निजशिष्य किया, वह अशोकचंद्र अत्यंत वल्लभ था, उसको श्रीजिनचंद्रसूरिजीनें विशेष भणायके, आचार्यपदमें स्थापित किया, और श्रीअशोकचंद्रसूरिजीनें अपनें पट्टपर श्रीहरिसिंहसूरिजीकों स्थापित किये, औरभी दोय आचार्य बनाये, श्रीजिनप्रसन्नचंद्रसूरिजी, श्रीजिनदेवभद्रसूरिजी, और श्रीजिनदेवभद्रसूरिजी तो श्रीसुमति उपाध्यायजीके सुशिष्य थे, और श्रीजिनप्रसन्नचंद्रसूरिजी वगेरे च्यारकुं श्रीजिनाभयदेवसूरिजीनें तर्कादिशास्त्र भणाये, इसिहीसें श्रीजिनवल्लभसूरिजीनें श्रीचित्रकूटीयप्रशस्तिमे कहा है, ॥ सत्तर्कन्यायचर्चार्चितचतुरगिरः श्रीप्रसन्नेंदुसूरिः, सूरिश्रीवर्द्धमानो यतिपतिहरिभद्रो मुनीड् देवभद्रः, इत्याद्याः सर्वविद्यार्णवकलशभुवः संचरिष्णुरुत्कीर्तिस्तंभायन्तेऽधुनापि श्रुतचरणरमाराजिनो यस्य शिष्याः ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अर्थ श्रेष्ठतर्कशक्तियुक्त तर्कशास्त्र और न्यायशास्त्रोंकी चर्चा-करके पूजितहै चातुर्ययुक्तवाणी जिणोंकी, संपूर्णविद्यारूपी समुद्रमें कलशकेसदृश, और जंगमश्रेष्ठमहत्कीर्तिस्तंभ, वर्त्तमान समयमें दिखाइ देरहेहैं, ऐसे श्रीजिनप्रसन्नचंद्रसूरिजी, श्रीजिनवर्द्धमानसूरिजी, श्रीजिनहरिभद्रसूरिजी, श्रीजिनदेवभद्रसूरिजी, वगेरे श्रुतचारित्रा-त्मक लक्ष्मीसें सुशोभित वर्त्तमान समयमेंभी जिसनवांगीवृत्तिकर्त्ता-श्रीजिनअभयदेवसूरिजीके सुशिष्य मौजूदहैं ॥ १ ॥ बादमें श्रीजिनेश्वरसूरिजी आशापल्लीमें पधारे, वहां व्याख्यानमें विचक्षण-लोक बेठतें हैं, वास्ते विचक्षण लोकोंका मनरूपकुमुदकुंविकसित-करनेंवाली जो पूर्णमासी चंद्रिका, (याने चंद्रमाकी चांदणी,) उसकी साक्षात् बेनहोवे वैसी, संवेगयुक्त वैराग्यकों बढाणेवाली, ऐसी लीलावतीनामककथा, विक्रमसंवत् (१०९२) के साल रची, तथा श्रीजिनेश्वरसूरिजी डिंडियाणक ग्राम पधारे वहां पूज्यपाद श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें व्याख्यानमें वाचणेवास्ते चैत्यवासी आचार्योंके पाससें पुस्तक मांगा, कलुषितहृदयवाले उनचैत्यवासीआचार्योंने नहिं दिया बादमे पिछाडीके पहोर दोयमें बनावे, और प्रभातके व्याख्यानमें वाचे, इसकारणसें, उसीगामके चउमासेमे, कथानक कोश, किया, तथा मरुदेवा नामकी महत्तरा थी, उसनें अनशन ग्रहण किया, ४० दिनतक अनशनमें रही, उसकुं श्रीजिनेश्वरसूरि-जीनें समाधि उत्पन्न करी, और उस महत्तराकुं कहा कि जहां तें उत्पन्न होवे, वह स्थान हमकुं कहना, उस महत्तरानेभी कहा हे भगवन् ! इसीतरे करुंगी, यह वचनअंगीकारकिया, बाद पंच-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परमेष्ठीका स्मरण करति हुइ वा मरुदेवा महत्तरा देवलोकगई, और महर्द्धिक देव हुवा, इहांसें कोइएकश्रावक युगप्रधानकानिश्चे-करणेकों श्रीगिरनारपर्वतऊपरजायके विचारकिया कि यह सिद्धि-क्षेत्र अधिष्ठायकसहितहैं, इससें अंबिकादिदेवताविशेष, जोमेरेकुं युगप्रधान कहेगा याने बतावेगा तो में भोजन करुंगा, अन्यथा में भोजन नहिं करुंगा, ऐसा साहसको अवलंबन करके रहा, उपवास करणा सरुकिया, इसअवसरमें महाविदेहक्षेत्रमें श्रीतीर्थंकरकुं नमस्कारकरणेवास्ते गये हूवे, ब्रह्मशांतियक्षकों, उस मरुदेवा नामक महत्तराका जीवदेवनें संदेशादिया, जैसें तेरेकुं, श्रीजिनेश्वरसूरिजीके सन्मुख यह कहेणा, तथाहि

मरुदेवीनाम अज्जा, गणणी जा आसि तुम्ह गच्छंमि।
सग्गंमी गया पढमे, जाओ देवो महिड्डीओ ॥ १ ॥
टक्कलयंमि विमाणे, दुसागराऊसुरो समुप्पन्नो,
समणेसरस्स जिणेसरसूरिस्स इमं कहिज्जासि ॥ २ ॥
टक्कउरे जिणवंदणनिमित्तमेवागएण संदिट्ठं ।
चरणंमि उज्जमो भे, कायव्वो किंच सेसेहिं ॥ ३ ॥

अर्थ महत्तरापदकुं धारणेवाली मरुदेवीनामकीसाध्वी तुमारे गच्छमें थी, वा मरुदेवी प्रथमदेवलोकगईहै, उन मरुदेवीका जीव महर्द्धिक देव हूवाहै ॥ १ ॥ टक्कल नामक विमानमें, दोय सागरके आयुवाला देव उत्पन्न हूवाहै, संपूर्णसाधुवोंका मालिक श्रीजिने-श्वरसूरिजीकों यह कहेणा ॥ २ ॥ टकोरनामक नगरमें श्रीतीर्थं-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करकों वंदननिमित्तआये हूवे देवनें ब्रह्मशांति यक्षके साथ संदेशा कहा है, हे भगवन्! हे परमकल्याण योगिन्! हे पूज्य! आप-साहिब चारित्रमें विशेषउद्यमकरणा, यहहि द्वादशांगीका सारहै, और सर्वअसारआलपंपालहै, ॥ ३ ॥ उस ब्रह्मशांति यक्षनें अपणे आप जाके यह संदेशा श्रीजिनेश्वरसूरिजीके पास नहिं कहा, तो क्या किया, युगप्रधानका निश्चे निमित्त प्रारंभ किया उपवासजिस-श्रावकनें उसकों उठाया, वाद उस श्रावकके वस्त्रके छेडेमे, अक्षर लिखे जेसे, मसटसट, और कहा कि अणहिलपुर पाटणमें जा, जिस आचार्यके हाथसें धोणेसें यह अक्षर जावेगा, वहिआचार्य इसवखतमें भारतवर्षमें युगप्रधानहै, वादमें उसश्रावकनें पारणाकरके श्रीनेमिनाथस्वामिकुं वंदना करके अणहिलपुरपाटणआके सर्व-उपाश्रयोंमें जाके वस्त्रके छेडेपर लिखे हूवे अक्षर देखाये, परंतु किसीनें नहिं जाणे, अर्थात् नहिं मालूम हूवे, और श्रीजिनेश्वर-सूरिजीके उपाश्रयमें जाके देखाये तब अक्षरोंकुं वाचके, उत्पन्न हूइ जो प्रतिभा यानें तत्काल विषय, संबंध अर्थग्रहण करणेवाली बुद्धि उससें यह पूर्वोक्त ३ गाथा विचारके श्रीजिनेश्वरसूरिजीनें वे अक्षर धोये, धोणेसें चलेगये, यानें मिटगये, बादमें उस श्रावकनें मनमें विचारा कि यह आचार्य निश्चय युगप्रधान है, इस हेतुसें विशेष-श्रद्धान और भक्तियुक्त होकर गुरुपणे अंगीकार किये, और धारानगरीमें भोजराजाका पुरोहित सर्वधर नाम था, वहांपर कोइ एकसमें श्रीवर्द्धमानसूरिजी पधारे, तब राजपुरोहितका विशेष परिचयहूवा, तब सर्वधरनें आचार्यमहाराजकुं कहाकि मेरेघरमें बडा

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निधानहै, परंतु मालूमनहिं कहांपरहै, और आपकृपाकर बतावें तो, आधादेवुं, तब आचार्य महाराजनें कहा घरका सार आधा देना, पुरोहितबोला ठीकहै, बाद धर्मका लाभजाणके, निधान स्थान देखाया, तब निधानप्रगटहूवा, जब आधा धन देने लगा, तब नहिं लिया, और आचार्यमहाराजने कहाके यह धन तो हमारे बहुत था, परंतु छोडके साधु हूवेहैं, तब पुरोहितनें कहा कि आपश्रीनें आधा कैसे मांगा, तब आचार्यमहाराज बोले, कि घरका सार आधा मांगाहै, तबफेरपुरोहितनेंकहा कि घरका सारतो धनहै, तब आचार्यमहाराजने कहा घरकासार धननहिं है, किंतु घरकासारपुत्रहै, ऐसासुणके सर्वधरनें मौनधारा, तब आचार्यमहाराज अन्यत्र विहार करगये, पीछेसें सर्वधरके मनमें जैनाचार्यका उपगाररूप करजा, वोही एकशल्य मनमें रहगया, बाद अंतसमे पिताके मनमें असमाधिदेखके धनपाल और शोभन इन दोनुंने पिताकुं असमाधिकाकारण पूछा तब पिता सर्वधर बोला कि अहो पुत्रों मेरे ऊपर एक जैनाचार्यका उपकारका ऋण है वहि एक असमाधिका कारण है दूसरा कोइ कारणनहिं है यह मेरे मनमे असमाधिहै सो तुम दोनुंमेंसें एक जैनाचार्यके पास जैनीदीक्षा लेवो तब मेरा ऋणउतरे और मेरे मनमें समाधिहोवे, और किसी हालतसें मेरेकुं समाधि नहिं होवे, ऐसा पिताका वचन सुणके धनपाल तो मौनधारके रहा और शोभन पिताका विशेषभक्त और विशेषविनीतहोणेसें, इसबरे नम्रहोके पिताकुं बोला हेपिताश्री निश्चे आपका वचन में पाळुंगा, ऐसा शोभनका वचनसुणके, सर्वधरपुरोहितविशेष

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समाधिसहितपरलोकगया, वादमें शोभन जंगमयुगप्रधान कल्पवृक्ष चिंतामणिसे अधिकमनोवांछितपूरणेवाले श्रीवर्धमानसूरिजीके सुशिष्य श्रीमान्‌जिनेश्वरसूरिजीके पास शुभमुहूर्त्तमे दीक्षाग्रहणकरी, जैनसिद्धान्तस्वगुरुमुखसें भणके गीतार्थ शोभनमुनिहुवे, वाद उज्जेणी नगरीके श्रीसंघके पत्रसें, श्रीशोभनमुनिकुं वाचनाचार्यपददेके दोनोंमुनियोंके साथ शीघ्र राजपुरोहितधनपालकों प्रतिबोधनवास्ते भेजे, श्रीशोभनाचार्य गुरुजीकी आज्ञासें उज्जेणीनगरीमे जाके क्रमसें धनपालकुं प्रतिबोधके धर्ममें स्थिरकरके पीछे श्रीगुरुजीके चरणमें पधारे और धनपालका विशेषअधिकार आत्मप्रबोधग्रंथसे जाणना, इसतरे अनेकप्रकारसें चउवीसमाश्रीमहावीरस्वामितीर्थंकरदर्शितधर्मकी बहुतप्रभावना करके वृद्धिकों प्राप्त किया, अंतसमे सिद्धान्तविधिपूर्वक अणशणकरके समाधिसहित स्वर्गनिवासीहूवे और प्रभावकचरित्र तथा पट्टावलि वगेरेमे इणोंका चरित्र लिखा है उसमें कुछ कुछ भेद मालूम होताहै सो धारणा भिन्न भिन्न होणेसें, भिन्न भिन्न मतान्तर है और जैनइतिहास, १ हरिभद्राष्टकभाषान्तर, २ मराठीरासमाला, ३ खरतरपट्टावलि संस्कृत ४ तथा भाषा ५ इत्यादि बहुतहि ठिकाणे खरतर विरुद १०८० का लेख है और पंचलिंगी, १ षट्स्थानक, २ कथाकोश, ३ लीलावती कथा ४ प्रमाणलक्ष्मा ५ वगेरे तथा श्रीबुद्धिसागर सूरिकृत व्याकरण वगेरे अनेक ग्रंथ खुदके रचे हूवे और शिष्य प्रशिष्योंके रचे हूवे वर्त्तमान समयमें उपलब्धहोतेहैं ॥ ४० ॥ ४१ ॥ श्रीजिनेश्वरसूरिजीके पट्टपर श्रीजिनचंद्रसूरिजी हूवे इनोंके १८

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नाममाला (कोश) सूत्र अर्थसें कंठथी, सर्व शास्त्रोंके जाणनेवाले, और भव्यप्राणियोंके मोक्षप्रासादकी प्राप्तिमें बीजभूत १८ हजार प्रमाणे संवेगरंगशालानामक प्रकरणरचा और जाबालिपुरमें पधारणेपर श्रावकोंके सन्मुख व्याख्यानमें, चियवंदणमावस्सय.

इस गाथाका व्याख्यान करतां जो सिद्धान्तानुसारसूत्रादि पाठअर्थसहितप्रश्नोत्तर अर्थ कहे सो सर्व एक सुशिष्यनें लिखे, सो (३०००) प्रमाणे दिनचर्या नामकग्रंथहूवा, वहदिनचर्या ग्रंथ श्रावकोंके बहुतहि उपगारिहूवा, और आचार्यपदकों प्राप्त होके विहार करते प्रथम दिल्लीसहरमें गए, उहां एकपुरुपकों भाग्यशाली देखके ऐसाकहा, कि दिल्लीका बादसाहहोगा, जब वो पुरुप बोला कि में जो बादसाहहोउंगा तो आपमुझे दरशण अवश्य देना, फेर दिल्लीके आसपासमें महाराज विहार करनें लगे, जब वो पुरुष-मोजदीननामेंबादसाहहुवा, तब गुरुमहाराज फेर दिल्लीनगरमें गए, तब दिल्लीके संघनें बादसाहकों अरजकरी हमारे पूज्य श्रीजिनचंद्र-सूरिजी महाराजआयें हैं, सो उनोंका प्रवेश उच्छव करनेंकी इच्छाहै, तब मोजदीन बादशाहभी पूर्वोक्त वरदेनेंवाले अपना गुरूकों आया जानके संपूर्णवाजित्रसहित संघके साथमें, आप सामनेंगया, प्रवेश, उच्छवसहित शहरमें लायके धनपालनामा श्रीमालके बडे मकानमें उत्तारा करवाया, उहां रहते धनपालश्रीमालप्रमुख बहुतसें श्रीमालांकों प्रतिबोधके जैनी श्रावककिये, तबसें श्रीमालजैनी श्रावक हुवे, और कितनेक राज्याधिकारियोंकों प्रतिबोधके जैनी श्रावक किये, उनोंको बादशाहनें बहुतमानदिया इससें उनका,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

महतियाण, गोत्र हुवा, ये महतियाण गोत्रवाले, या तो भगवान्कों नमस्कार करे, या अपनाधर्माचार्य श्रीजिनचंद्रसूरिजी गुरुकों नमस्कार करे, और किसीकों नमस्कार न करें, और महाराजके उपदेशसें बादशाहभी बहुतसरलपरिणामीहुवा, बहुत देशमें पर्यूषणादिपर्वदिनोंमें, बहुतजीवहिंसा छोडाई, इसमाफक धर्मका उद्योतक, बडे प्रतापीक, संवेगरंगशाला प्रकरण, दिनचर्या आदि अनेक प्रकरण कर्त्ता श्रीजिनचंद्रसूरिजी भए, वेभी श्रीमहावीर स्वामिदर्शित धर्मको यथार्थपणे प्रकाशन करके और अंतसमें सिद्धान्तीय विधिपूर्वक अणशण करके ससाधिसहित स्वर्ग निवासी हुवे, यह श्रीजिनचंद्रसूरिजीका यहांपर चरित्र संक्षिप्तमात्र कहा है

॥ ४२ ॥ श्रीजिनचंद्रसूरिके पट्टपर छोटे गुरु भाइ, श्रीअभयदेवसूरिजी विराजमान हूवे, इनोंका संबंध संक्षिप्तमात्र लिखताहूं, धारापुरीनगरीमें 'धन्नानामें सेठ जिसके धनदेवीनामें स्त्री उनूके अभयकुमार नाम पुत्र हुवा' क्रमसें (सर्व कला शीखके) युवान अवस्थाकों प्राप्त भया, तब एकदा प्रस्तावे श्रीजिनेश्वरसूरिजी विचरतेभए, धारापुरीनगरीमें पधारे, जब नगरके सर्वलोक महाराजकों वंदना करनें गए तब अभयकुमारभी अपनें पिताके साथ दर्शनको गया, श्रीजिनेश्वरसूरिजी महाराजके मुखसे धर्म उपदेश सुणके वैराग्यकों प्राप्तभया, संसारकों असार जाणके दीक्षा ग्रहणकरी, क्रमसें बुद्धीके बलसें, सकल शास्त्र पढके आचार्यपदकों प्राप्तभये, एकदा व्याख्यानमें शृंगारादिनवरसोंका बहुतपोषणकरा, तब सबसभा बहुतआनंदकों प्राप्तभइ, परंतु

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीजिनेश्वरसूरिजी महाराजनें स्त्रीयोंका वीर्य स्खलित हुवा देखके (विचार किया कि पहिलेभी अंबररंतर इत्यादि २ गाथाओंका अर्थ शृंगाररसवर्णनपूर्वक मुनियोंको रात्रिमें कहा तब मार्गमें जाति हुइ राजकन्यानें सुणके बुद्धिशाली पुन्यवान् कोइ पुरुष है इसके साथ पाणिग्रहण करणेसें संसारिकविषयसुखबहुतश्रेष्ठ होंगा, ऐसा मानकर–शृंगाररससें परवस हुइ थकी–आधि रात्रिसमय उपाश्रयके द्वार पास आयके किवाड खडकायें और अवाजदी, तब गुरु महाराजनें कहा ये कुगतिद्वार प्राप्त हुवा है, उतने फेर अवाज आइ में राजकन्या हूं दरवाजा जलदि उघाडो ऐसा कहने पर आप उठकर दरवाजे पास जाकर कपाट खोले और कहा कि क्या प्रयोजन है! तब उस राजकन्यानें शृंगार वर्णनसें लेकर अपना अभिप्राय हुवाथा सो कहा और कहाके मेरा पाणिग्रहण करो तब आचार्यश्रीनें कहा हेभद्रे! हम साधु है हमको पाणिग्रहण करणा नहिं कल्पे ऐसा कहके बीभत्सरसका वर्णन किया तब वा राजकन्या छी छी करती हुइ विरक्तहोकर अपने ठिकाने गइ, वाद्व्याख्यानमे शृंगाररसका वर्णनकरनेसें ऐसाअनर्थहुवा श्रीअभयदेवसूरिजी महाराजकों एकांतमें ऐसा ओलंभा दिया, कि आत्मार्थीकों शृंगारादिक रसोंका बहुत पोषण करना न चाहिये, ऐसा गुरुका वचन सुनके आत्मशुद्धिके अर्थ प्रायश्चित्तमांगा, तब गुरु महाराजनें कहा 'छमासतक आंबिलकी तपस्या करे और छाछकी आछ पीवे' तब शुद्धी होवे, तब श्रीअभयदेवसूरिजी गुरुका वचन तहत्ति करके इसी मुजब

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तपस्या करनें लगे, ऐसी कठिन तपस्या करनेसें अंतप्रांत आहार खानेंसें, कोई पूर्वकृत कर्मके योगसे सरीरमें 'गलित कोढ, रोग उत्पन्न होगया तथापि धर्मसे चलितचित्त न हुआ शरीरकी शुश्रूषा मात्रभी न करी, जब क्रमसे बहुतरोगवढनें लगा, तब श्रीअभयदेवसूरिजीकी अणशण करनेंकी इच्छा उत्पन्न भइ, अन्येत्वेवमाहुः-श्रीजिनचंद्रसूरिजीके वादमे श्रीमान् अभयदेव-सूरिजी नवांगवृत्तिकर्त्ता युगप्रधान भये, उन्होंकी नवांगवृत्ति करणेमें सामर्थ्य और नीरोगता (यानें-रोगरहित) किसतरे भइ, वो स्वरूप लेशमात्र कहे हैं, गुजरात देशमें भगवान् श्रीमान् अभयदेवाचार्य प्रधानचारित्रसमाचारिकी चतुराईमे मुख्य ऐसे परिवारसहित ग्रामनगरआकर वगेरे स्थानोंमे विहार करणेकर महीमंडलकुं पवित्र करते हुवे, संघके आग्रहसें धवलक नगर पधारे, वाद विहार क्रमसे शंभाणक ग्राम पधारे, वहां पर कुछ शरीरमें रोगोत्पत्ति कारण हूवा, जैसे जैसे औषध वगेरे करे तैसे तैसे यह दुष्ट रोग विशेष वधे, जराभि उपशम न होवे (याने मिटेनहिं) अलग अलग ग्रामोंमें रहनेवाले श्रीपूज्यपादभक्त श्रावक जब जब चउदशमें पाक्षिक प्रतिक्रमण होवे है, तब चार योजन प्रमाणे क्षेत्रसें वहां पर आयके पूज्योंके साथ प्रतिक्रमण करे, भगवान श्रीमद्अभयदेवसूरिजीभि अपने शरीरकुं अत्यंत रोगग्रस्त जाणके (इस वखतमें अपना कार्य परलोकसंबंधि साधना श्रेष्ठ है ऐसा विचार करके मिच्छामिदुकडं देने वास्ते विशेष कर तुम सबकों चउदशके रोज इहांपर आना) इसतरे ज्ञानका उपयोग

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देने पूर्वक उनसबश्रावकोंको बुलवाये 'याने समाचार भेजकर खामणानिमित्त आमंत्रण करवाया' श्रीसंघ समक्ष सर्व जीव राशिके सह खामणाकर अणशण आराधना करनेका विचार किया.

बाद तेरसकी आधिरात्रिके समय शासनदेवताआई, और उस शासनदेवताने कहा, कि हे पूज्य! आप सोए हो

---

१ अब इहांसे आगे श्रीकोटिकगछपट्टावलीमें इसतरे लिखे है, की 'उहां तेरसके दिन आधिरात्रिकेसमें शासनदेवीने प्रकट होके' कहा कि 'हे स्वामिन् ये नव सूतकी कोकडीकों सुलझावो! तब गुरु महाराज बोले' कि हाथोंकी आंगुली गलनेंसें सुलझावणेंकी सामर्थ्य रही नहीं,' तब शासनदेवी कहनें लगी अभीतक आप बहुत कालतक श्रीवीर-भगवानका शासन दीपावोगे, ओर नवांगसूत्रोंकी टीका करोगे, इससें हे स्वामिन् आप रोग जानेंका उपाय सुनो! स्थंभनपुरके नजीक 'सेढिका नदीके किनारे खंखर पलासवृक्षके नीचे श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी अतिशययुक्त प्रतिमा है' उहां निरंतर एक गाय आती है ओर प्रतिमांके मस्तकपर सदा दूधकी धारा देके, चली जाती है; उसी ठिकाणें सर्वसंघके साथ आप जायके श्रीपार्श्वनाथ प्रभुकी स्तवना करना तब उहां श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा प्रगट होगी, जिसके स्नात्रजलके प्रभावसें आपका रोगरहित दिव्य शरीर होवेगा, ऐसा स्वप्नमें कहके देवी अदृश्य होगई. जब प्रभात समय भया, तब उहांसें विहारकरके स्थंभनपुर गये, वहांके सर्वसंघको साथमें लेके पूर्वोक्त स्थानकों गये, उहां जाके नमस्कारकरके जयतिहुअण इत्यादि बत्तीस काव्योंका नवीन स्तोत्र करके स्तवना करनें लगे. जब "फणिफणफार फुरंतरयणकर रंजियनहयल, फलिणी कंदलदलतमाल निल्लुप्पलसामल कमठासुरउवसग्गवग्ग संसग्ग अगंजिय, जय पच्चक्ख जिणेसपास थंभणयपुरट्ठिअ ॥ १७ ॥, यह सत्तरमा काव्य बोलते, श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा जमीनमेंसे प्रगट भई, फिर सम्पूर्ण स्तवना जब पूर्ण भई, तब सर्व संघ मिलके आनंदके साथ स्नात्र पूजा करके, भगवानका स्नात्र जल महाराजके शरीरपर सींचा कि, तत्काल रोगरहित कंचनवर्ण शरीर होगया, तब तो सर्व संघ, तथा नगरके लोक देखके वडे आश्चर्यकों प्राप्त भये, और जहां प्रतिमा प्रगट भई, तहां बहोत मनोहर उंचा शिखरबद्ध मंदिर बनवाया, मंदिर तैयार होनेंसें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीअभयदेवसूरिजी महाराजनें उसी प्रतिमाकों स्थापन करी, तहां स्थंभनकनामें महातीर्थ प्रसिद्ध हुवा, बहोत यात्री लोक आनें लगे, और 'जय तिहुअण स्तोत्र गुरूमहाराजने किया' जिसके अंतके दो काव्योंमें धरणेन्द्र पद्मावतीकों आकर्षणरूप बीजमंत्र गोपित रखाथा, इससें उसको हरकोइ कार्यमें अपवित्रपणें स्त्री पुरुष बालकादिकगुणे तब धरणेन्द्रकों आयके हाजर होना पडे, इससें धरणेन्द्र हाथ जोडके गुरूमहाराजसें कहने लगा कि ये दो गाथा आप भंडार करो, जो शुद्धभावसे तीस काव्य सदा पडिक्रमणेंके आदीमें गुणेंगे, तो ठिकाणे बेठाही उनका उपद्रव दूर करुंगा, बाद धरणेन्द्र पद्मावतीके वचनसे अंतके दो काव्य भंडार किये, संघकों बोलनेका मना किया, और स्वप्नेंमें शासनदेवतानें नवकोकडा सूतका, सुलझाणें बावत कहाथा, इसवास्ते भगवानने (अभय देवसूरिजीने) नवांगसूत्रोंकी टीका करी, वीरनिर्वाणसें १५८१, विक्रमसंवत् १११९, श्रीस्तंभणपार्श्वनाथ प्रगट किया, और वीरनिर्वाणसें १५९०, विक्रम संवत् ११२०, में श्रीनवांगसूत्रोंकी टीका करी, ऐसे महा अतिशयी चारित्र पात्र चूडामणी निकेवल सर्व जीवोंके उपगारार्थ गांव नगरोंमें विहार करते थके बहुत कालतक धर्मका उद्योत करते रहे, एकदा श्रीअभयदेवसूरिजीके प्रतिबोधे हूवे, दोय श्रावक अणशणकरके देवलोक गये, तब देवलोकमें जातेही ज्ञानके उपयोगसें जाना, कि हमारा धर्माचार्य श्रीअभयदेवसूरिजी है, उनोंके प्रसादसे यह देवलोकका सुख मिला है, अत्यंत रागी भया थका महाविदेहमें श्रीसीमंधरस्वामीके पास जाके हाथ जोड़के ऐसा प्रश्न किया, कि हमारा धर्माचार्य श्रीअभयदेवसूरिजी, इहांसें कोन गतिमें जावेगें, ओर कितने भवमे मोक्ष जावेगें! तब भगवान सीमंधरस्वामीने कहा कि तुमारा गुरु अभयदेवसूरि इहांसें अणशणकरके चोथे देवलोक जावेगा, उहांसें महाविदेहक्षेत्रमें उत्पन्न होके मोक्ष जावेगा, (इस्सें इस भवसें तीसरे भवमें मोक्ष जावेगा,) ऐसा भगवानका वचन सुणके आनंदित हुवा थका श्रीअभयदेवसूरिजीके व्याख्यानावसरमें सब सभाके सामने दोनों देव आके बोले, **'भणियंतित्थयरेहिं' महाविदेहे भवंमितइयंमि, तुह्माण चेव गुरुणो, मुक्खं सिग्घं गमिस्संति १,** 'इत्यादि' और इस माफक शासन प्रभावक श्रीअभयदेवसूरिजी नवांगवृत्तिकर्त्ता गुर्जरदेशमें कप्पडवाणिज्य नाम ग्रामके विषे अंतमें अणशणकरके वि० सं० ११६७ में कालकरके चौथे देवलोक गये ॥ ४२ ॥ ॥ ४३ ॥ श्रीअभयदेवसूरिजीके पाट ऊपर श्रीजिनवल्लभसूरिजी भए, वह प्रथम कूर्चपुरगच्छीय चैत्यवासी श्रीजिनेश्वर-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सूरिजीके शिष्य थे, जब उनोंके पास दशवैकालिकजीसूत्र पढनें लगे तब वैराग्यकों प्राप्त होके गुरुकों कहा, कि साधुका आचार तो ऐसा है, ओर सिथलाचारकों क्युं धारण किया है, तब गुरुनें कहा अभी हमारा ऐसाही कर्मोदय है, तब श्रीजिनवल्लभगणि गुरुकों पूछके शुद्ध क्रिया निधान, परमसंवेगी, श्रीजिनअभयदेवसूरिजीका शिष्य होगया, शुद्धचारित्र पालता थका अनुक्रमें सकलशास्त्रकों पढके गीतार्थ हुआ, एकदा विहार करते चीतोडनगरमें आए, उहां चंडिकादेवीकों प्रतिबोधके जीवहिंसा छोडाई, चंडिका देवी पिणशुद्ध क्रियापात्र साधु जाणके बडी भक्तिवती भई, फेर उहांके संघनें साधारणद्रव्यसें ७२ बहोत्तर जिनालय मंडित श्रीमहावीरस्वामीका मंदिर बनाया जिसकी प्रतिष्ठा करी, और पिंडविशुद्धिप्रकरण १, षड्शीतिप्रकरण २, सूक्ष्मार्थसार्धशतकप्रकरण ३, संघपट्टकप्रकरण ४, आदि अनेकग्रंथ बनाये, तथा दशहजार १००००, प्रमाण बागडी लोकोकों प्रतिबोधके जैनी श्रावक किये, फेर उसी चित्रकूटनगरमें विक्रमसंवत् ११६७।

श्रीअभयदेवसूरिजीके वचनसें श्रीदेवभद्राचार्यजीनें श्रीजिनवल्लभगणिजीको आचार्यपदमें स्थापन किये छ महिनातक आचार्यपदपालके, अंतमें अणशण करके और समाधिसे कालकरके देवलोकगए, इससमयमधुकरखरतरशाखा निकली यह प्रथम गछभेदभया, ॥ ४३ ॥ श्रीजिनवल्लभसूरिजीके पाट ऊपर श्रीजिनदत्तसूरिजी हुवे, सो बडा दादाजीके नामसें सर्वत्र सर्वलोकमें प्रसिद्ध भए, इसतरह कोटिकगछ पट्टावलीमें लिखा है १, और श्रीजिनदत्ताचार्यकृत गुरुपारतंत्र्य पंचमस्मरणमें २ और लघुगणधरसार्धशतकवृत्तिमें ३, और गणधरसार्धशतकवृहत्वृत्तिमें ४, उपाध्याय श्रीक्षमाकल्याणजीकृत खरतरपट्टावलीमें ५ और गणधरसार्धशतकमूलपाठमें ६, और उपदेशतरंगिणीमें ७ और उपदेशसीत्तरिमें ८, और कल्पांतरवाच्यामें ९ खरतरगछमे हुवे और बडे प्रभावीक हुवे लिखे हैं, इत्यादि अनेक ठिकाणे नवांगवृत्तिकर्त्ता खतरगछमें हुवे ऐसा लिखा है।

और गुजराति जैन इतिहासमें भी १० इसीतरह है और प्राकृत अभिधानराजेन्द्रकोसमें भी ११ श्रीनवांगवृत्तिकर्त्ता श्रीअभयदेवसूरिजीके वारेमें इसतरे लिखा है, तद्यथा—

॥ अभिधानराजेंद्र प्राकृतकोशमें अभयदेव शब्दके अधिकारमें पृष्ठ ७०६ में नवांगवृत्तिकारक पहिला आचार्य है

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और अभयदेव शब्दका अर्थ-स्वरूप इसतरे लिखाहै अभयदेव-अभयदेव-पु०-नवांगवृत्तिकारके, स्वनामख्याते आचार्ये, स्थानांगसूत्रवृत्तौ, (१) तच्चरित्रं त्वेवमाख्यान्ति धारानगरीमें महीधर (धन्ना) शेठकी स्त्री धनदेवी नामहै उसकी कूखसें अभयकुमार नामका पुत्ररत्न हुवा, वह अभयकुमार धारानगरी समोसरे हूवे श्रीवर्द्धमानसूरि शिष्य श्रीजिनेश्वरसूरिजीके पास दीक्षाली, कुमार अवस्थामेंहि व्रतलिया और अतिशायिबुद्धिसें १६वर्षकी उंबरमें श्रीवर्द्धमानसूरिजीकी आज्ञासे विक्रमसंवत् १०८८ के सालमें आचार्यपदको प्राप्तहुवे, उस बखतमें दुःकालादि होणेसें पढणे लिखणेके अभावसें सिद्धान्तोंकी वृत्तियां विछेदप्राय हुइथी, तब कोई एकरात्रिके समेमें शुभध्यानमें रहे हुवे अभयदेवसूरिजीकूं शासनदेवता आकर बोली के हे भगवन् पूर्वाचार्योंने इग्यारे अंगोपर टीका करीथी, वा तो दोय अंगोंपर रहीहै वाकी टीका विछेदहूई है, इसलिये अबी फेर उण टीकाओंकी रचना करके संघपर दयाभाव लाके अनुग्रहकरणा' आचार्य महाराजनें कहा, हे शासनाधिष्ठायिके हे मातः में अल्पबुद्धि, वालाहूं, और यह ऐसा दुष्कर कार्यकरणेकुं में किसतरे समर्थ होवुं, जिससें वहां पर टीका करणेमें जो कुछभी उत्सूत्र होवे तो महाअनर्थ संसारमें गिरना रूप होवे-वादमें देवतानें कहा हे भगवन् आपको शक्तिमान् जाणकेहि मेंने कहाहै, जहांपर आपको संशय होवे, वहां पर उसी समय मेरा स्मरणकरणा, में महाविदेहमें जाके वहां श्री सीमंधरस्वामिकुं पूछके आपकों कहूंगी इसतरे करणे पर कुछ भी उत्सूत्र नहिं होगा, इसप्रकारसें शासनदेवीके उत्साह वढानेपर वह कार्य करणा सुरू किया, वह पूर्वोक्त कार्यकी समाप्ति न होणेपर-पहिलेहि आंबिलकी तपस्या करके और रात्रिमें जागरणकरणेकर धातुप्रकोपसें रुधिरविकाररूपरोग उत्पन्न हुवा, याने रक्तपित्तरोगहूवा, तब उनोंके विरोधिलोकोनें, अर्थात् चैत्यवासी लोकोनें, हरखपूर्वक अपवाद करा के जो यह अभयदेव उत्सूत्र व्याख्यान करताहै, इसलिये शासनदेवी क्रोधातुर होकर इसके शरीरमें कोढरोग उत्पन्नकियाहै, उस अपवादको सुणके दुखी हूवे आचार्यकुं रात्रिमे धरणेन्द्रनें आयके उस रुधिर-विकाररोगकुं मिटादिया, और कहा के स्तंभनकगामके पासमें सेढीनदीहै, उसके किनारे जमीनमें श्रीपार्श्वनाथस्वामिकीप्रतिमा है, जिसके प्रभावसें नागार्जुनजोगीनें रससिद्धि प्राप्त करीथी, उस प्रतिमाको प्रगटकरके वहां महास्तीर्थ आप प्रवर्त्तावो, वादमें आपकी अपकीर्ति नष्ट होगा, वादमें वहां जाकर श्रीअभयदेवसू-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रिजीनें, जयतिहुअण इत्यादि ३२ गाथाका स्तोत्र बणाकर संघसमक्ष उस प्रतिमाको प्रगट करी, तब आचार्यका महायश सर्व ठिकानें हूवा, पीछे धरणेन्द्रके कहनेसें उस स्तोत्रकी २ गाथा निकालके शेष ३० गाथाहि प्रसिद्ध किया, वैसाहि अबी है, वा प्रतिमा खम्भातसहरमें अबिभी पूजिजे है, वा प्रतिमा श्रीनेमिनाथके शासनमें, २२२२ सालमें भराइ है, एसा उस प्रतिमाके आसनपर टांका हूवाहै, पीछे नव अंगोंपर टीका रची और पंचाशक वगेरेकी टीका बनायके वादमें कपडवंजसहरमें वि० सं० ११३५ के सालमें स्वर्ग गये, जैन इतिहासः, इत्येकोऽभयदेवसूरिः, अनेन चात्मकृतप्रबन्धेष्वेवं स्वपरिचयोऽदर्शि—

श्रीमदभयदेवसूरिनाम्ना मया महावीरजिनराजसन्तानवर्त्तिना महाराजवंशजन्मनेव संविग्नमुनिवर्गश्रीमज्जिनचन्द्राचार्यान्तेवासियशोदेवगणिनामधेयसाधोरुत्तरसाधकस्येव विद्याक्रियाप्रधानस्य साहाय्येन समर्थितम्, तदेवं सिद्धमहानिधानस्येव समापिताधिकृतानुयोगस्य मम मंगलार्थं पूज्यपूजा नमो भगवते वर्त्तमानतीर्थनाथाय श्रीमन्महावीराय, नमः प्रतिपन्थिसार्थप्रमथनाय श्रीपार्श्वनाथाय, नमः प्रवचनप्रबोधिकायै श्रीप्रवचनदेवतायै, नमः प्रस्तुतानुयोगशोधिकायै श्रीद्रोणाचार्यप्रमुखपण्डितपर्षदे, नमश्चतुर्वर्णाय श्रीश्रमणसंघभट्टारकायेति, एवंच निजवंशवत्सलराजसन्तानिकस्येव ममासमानमिममायासमतिसफलतां नयन्तो राजवंश्या इव वर्द्धमानजिनसन्तानवर्तिनः स्वीकुर्वन्तु, यथोचितमितोऽर्थजातमनुतिष्ठन्तु सुष्ठूचितपुरुषार्थसिद्धिमुपयुञ्जतांच योग्येभ्योन्येभ्य इति, किञ्च—सत्सम्प्रदायहीनत्वात्सदूहस्य वियोगतः, ॥ सर्वस्वपरशास्त्राणामदृष्टेरस्मृतेश्च मे ॥ १ ॥ वाचनानामनेकत्वात्, पुस्तकानामशुद्धितः, ॥ सूत्राणामतिगांभीर्यान्मतिभेदाच्च कुत्रचित् ॥ २ ॥ क्षुण्णानि संभवन्तीह, केवलं सुविवेकिभिः ॥ सिद्धान्तानुगतो योऽर्थः, सोऽस्माद्ग्राह्यो न चेतरः ॥ ३ ॥ शोध्यंचैतज्जिने भक्तैर्मामवद्भिर्दयापरैः, ॥ संसारकारणाद् घोरादपसिद्धान्तदेशनात् ॥ ४ ॥ कार्या नचाक्षमाऽस्मासु, यतोऽस्माभिरनाग्रहैः ॥ एतद्गमनिकामात्रमुपकारीति चर्चितम् ॥ ५ ॥ तथा संभाव्य सिद्धान्ताद्, बोध्यं मध्यस्थया धिया ॥ द्रोणाचार्यादिभिः प्राज्ञैरनेकैरादृतं यतः ॥ ६ ॥ जैनग्रन्थविशालदुर्गमवनादुच्चित्य गाढश्रमं, सद्व्याख्यानफलान्यमूनि मयका स्थानांगसद्भाजने, संस्थाप्योपहितानि दुर्गतनरप्रायेण लब्ध्यर्थिना, श्रीमत्संघविभोरतः परमसावेव प्रमाणं कृती ॥ ७ ॥ श्रीविक्रमादित्यनरेन्द्रकालाच्छतेन विंशत्यधिकेन युक्ते ॥ समासहस्रेऽतिगते (वि० सं० ११२०) निबद्धा-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्थानांगटीकाऽल्पधियोऽपि गम्या ॥ ८ ॥ स्था० १० ठा०, एवं समवायांगभगवत्यंगेपि सविस्तरतः स्ववंशपरम्परादर्शितेति । तस्याचार्यजिनेश्वरस्य मदवद्वादिप्रतिस्पर्द्धिनः, तद्बन्धोरपि बुद्धिसागर इति ख्यातस्य सूरेर्भुवि, छन्दोबन्धनिबद्धबन्धुरवचः शब्दादिसल्लक्ष्मणः, श्रीसंविग्नविहारिणः श्रुतनिधेश्चारित्रचूडामणेः ॥ ८ ॥ शिष्येणाभयदेवाख्यसूरिणा विवृतिः कृता ॥ ज्ञाताधर्मकथांगस्य, श्रुतभक्त्या समासतः ॥ ९ ॥ युग्मम् ॥ निवृतिककुलनभस्तलचन्द्रद्रोणाख्यसूरिमुख्येन ॥ पण्डितगणेन गुणवत्प्रियेण संशोधिताचेयम् ॥१०॥ एकादशसु शतेष्वथ, विंशत्यधिकेषु विक्रमसमानाम् ॥ (वि० सं० ११२० अणहिल पाटकनगरे, विजयदशम्यां च सिद्धेयम् ॥ ११ ॥ ज्ञा० द्वि० श्रु०, यस्मिन्नतीते श्रुतसंयमश्रियावप्राभुवत्याथ परं तथाविधम् ॥ स्वस्याश्रयं संवसतोऽति दुस्थिते' श्रीवर्द्धमानः स यतीश्वरोऽभवत् ॥ १ ॥ शिष्योऽभवत्तस्य जिनेश्वराख्य. सूरिः कृतानिन्द्यविचित्रशास्त्रः ॥ सदा निरालम्बविहारवर्ती, चन्द्रोपमश्चन्द्रकुलाम्बरस्य ॥ २ ॥ अन्योपि विज्ञो भुविसारसागरः, पाण्डित्यचारित्रगुणैरनूपमैः, शब्दादिलक्ष्मप्रतिपादकानघग्रन्थप्रणेता प्रवरः क्षमावताम् ॥ ३ ॥ तयोरिमां शिष्यवरस्य वाक्यात्, वृत्तिं व्यधात् श्रीजिनचन्द्रसूरेः ॥ शिष्यस्तयोरेव विमुग्धबुद्धिर्ग्रन्थार्थबोधेऽभयदेवसूरिः ॥ ४ ॥ बोधो न शास्त्रार्थगतोऽस्ति तादृशो, न तादृशी वाक् पटुताऽस्ति मे तथा ॥ न चास्ति टीकेह न वृद्धनिर्मिता, हेतुः परं मेऽत्र कृतौ विभोर्वचः ॥ ५ ॥ यदिह किमपि दृब्धम् बुद्धिमान्याद् विरुद्धं, मयि विहितकृपास्तद्धीधनाः शोधयन्तु ॥ विपुलमतिमतोऽपि प्रायशः सावृतेः स्यान्नहि न मति विमोहः किं पुनर्मादृशस्य ॥ ६ ॥ चतुरधिकविंशतियुते, वर्षसहस्रे शते (वि० सं० ११२४) च सिद्धेयम् ॥ धवलकपुरे प्रसत्त्यै, धनपत्योर्बकुलचन्द्रिकयोः, ॥ ७ ॥ अणहिलपाटकनगरे, संघवरैर्वर्तमानबुधमुख्यैः ॥ श्रीद्रोणाचार्याद्यैर्विद्वद्भिः शोधिताचेति ॥८॥ पश्चा० १९ विव०,, अविस्सइ तयवत्थो, जिणनाहो पणसयाइ वरिसाणं ॥ तयणु धरणिंद निम्मिअ, सन्निज्झो विइअ सुअसारो ॥ ४४ ॥ सिरिअभयदेव सूरि, दूरीकयदुरिअरोगसंघाओ ॥ पयडंतित्थं काही, अहीणमाहप्पदिप्पंतं ॥ ४६ ॥ ती० ६ कल्प, इति अभिधानराजेन्द्रकोशे, इस उपरोक्त लेखका सारभावार्थसंक्षेपसें लिखताहूं— कि निर्ग्रंथ, कोटिक, चंद्र, वनवासी, इण नामोसें श्रीसुधर्मास्वामिकी पट्टपरम्परा और गच्छपरम्परा अविछिन्नपणे ३७ पट्टतकक्रमसें चलतिरहि और चन्द्रकुल, वयरी शाखा यहभी क्रमसें चलते रहे बादमें ३८ पट्टमें सुविहित परंपरावाले, सुविहितपक्ष, वा सुविहित गच्छके धारक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और ८४ गछके नायक श्रीउद्योतनसूरिजी हूवे, उनोके पट्टमें श्रीसूरिमंत्रकों धरणेंद्रकों तीर्थंकरपास भेजकर शुद्धकरवाणेवाले, और महाघोर तपके प्रभावसें श्रीविमलसाह मंत्रीकों प्रतिबोधके श्रावक धर्मधराणेवाले, आबुजी तीर्थकों प्रगटकराणेवाले, श्रीउद्योतनसूरिजीके ज्येष्ठांतेवासी श्रीवर्धमानसूरिजी हूवे, उनोके पट्टमें युगप्रधानपदकों धारणकरणेवाले, १०८० में दुर्लभराजाके सन्मुख अणहिलपुरपाटणमे चेत्यवासीयोंकों जीतकर अतिनिर्मलखरतरविरुदकों धारणकरणेवाले और दशमे अछेरेके प्रभावकों दूर हटानेवाले, और अनेक निर्दोष शास्त्रोंकों रचनेवाले, श्रीजिनेश्वरसूरिजी और श्रीबुद्धिसागरसूरिजी हूवे, इनोके पट्टमें संवेगरंगशालादिग्रंथोंके कर्त्ता पद्मावतीसें वरकों प्राप्तहुवा और मौजदीन नामक बादशाहकों वरदेनेवाले, और उसको प्रतिबोध देनेवाले, श्रीजिनचन्द्रसूरिजी हूवे, इनोंके पट्टमें छोटे गुरु भाइ जयतिहुअणस्तोत्र बनायके श्रीस्तंभनकतीर्थकों प्रगटकर अपने शारीरमे उत्पन्नहुवे कोढरोगकों दूर हटानेवाले, और शासनदेवीके अनुरोधसें निर्दोष नवांगवृत्तिकों बनानेवाले, औरभी अनेक टीका प्रकरण वगेरे रचनेवाले, एकावतारी श्रीमान् अभयदेवसूरिजी हूवे.

इस अनुक्रमसें स्थानांग, समवायांग, भगवती, ज्ञाताधर्मकथा, पंचाशकप्रकरण-वगेरेकी वृत्तियोंके अंतप्रशस्तियोंमे वृत्तिकारनें अपनी गुरुशिष्यकी परम्परा दिखाइ है ऐसा वृत्तिकार खुद लिखतें है और चान्द्रकुल, वा चांद्रगछ एकहि है भिन्न भिन्न नहिं है इस कथनसें, वृत्तिकारनें यथाऽऽम्नाय पूर्वापर प्रसंगानुसार, शेष रहै कोटिकगछ, वयरीशाखा, खरतर विरुदभी दिखाइ दिया है, एसा समजना चाहिये, और श्रीसुधर्मास्वामिसें लेकर श्रीउद्योतनसूरिजीतकतो चान्द्रकुलीय खरतरवडगच्छादिकोंकी पट्टावली प्रायें कर एकसरिखीहि मिले है और आगे फरक है, वास्तेहि श्रीउद्योतनसूरिजी श्रीवर्धमानसूरिजीसें लेकर श्रीअभयदेवसूरिजीनें अपनेतक गुरुशिष्यकी परम्परा और चांद्रकुल मात्र लिखाहै, शेष रहै कोटिकगछ, वयरीशाखा, खरतरविरुद पूर्वापर प्रसंगानुसार स्पष्टतर होनेमें नहिं लिखाहै, और गुरुशिष्य-परम्परा लिखनेकी अति आवश्यकता समजकर यथावस्थित अपनी परम्परा लिखीहै, इतने लिखनेपरहि शेषरहि वातोंका बोध होता हूवा देखके जादा विस्तार नहिं किया, बडे पुरुष गंभीरस्वभाववाले होते हैं, जहांपर जितना प्रयोजन देखे उतनाहि लेखादि कार्य करतेहैं, ज्यादे नहिं,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और बादमें वृत्तिकार अपनेकों शोधनेमें, वा लिखनेमें, सहाय देनेवाले, विद्वान आचार्य मुनियोंका उपकार समजकर, उनोंका नामादिक स्पष्टतर लिखाहै और बेगड खरतरशाखामें, श्रीजिनसिंहसूरिशिष्य श्रीजिनप्रभसूरिकृत श्रीतीर्थकल्पप्रकरणमें ६ छट्ठा तीर्थकल्पाधिकारमें लिखते हैं कि श्रीधरणेंद्रकरके सेवितहूवे थके सेढीनदीके तटपर पांचसे वर्षतक श्रीस्तंभनपार्श्वनाथस्वामीरहे देदीप्यमान सर्वोत्कृष्टप्रभाववाले, ऐसे श्रीस्तंभनपार्श्वनाथस्वामीकुं प्रगटकर अपने शरीरमे जो दुष्टकोढरोगके समूहकों दूर हटानेवाले श्रीअभयदेवसूरिजी भये, उनोंनें जयतिहुआण स्तोत्र रचकर इसस्तंभनकतीर्थकों प्रगटकिया, इहांतक अभिधानराजेंद्रकोशअंतर्गतलेखका भावार्थ है

और तपागच्छीय श्रीसोमसुंदरसुरिशिष्य श्रीसोमधर्मकृत उपदेशसित्तरि १ और गुजरातिजैनइतिहास २ और गणधरसार्धशतक ३ तथावृत्ति, ४ प्राकृतवीरचरित्र ५ श्रीजिनदत्तसूरिकृत गुरुपारतंत्र्य नामक पंचमस्मरण ६ श्रीसमयसुंदरोपाध्यायशिष्यकृत तीर्थकल्पव्याख्या ७ श्रीस्तंभनपार्श्वनाथजी उत्पत्तिका बडास्तवन ८ समाचारिशतक ९ और हीरालालहंसराजकृत श्रीहरिभद्राष्टकटीकाभाषान्तर १० इत्यादि अनेकशास्त्रोंमें नवांगवृत्तिकारक श्रीअभयदेवसूरिजीका खरतरविरुदगच्छ वगेरे प्रगटपणे लिखाहै और नवांगवृत्तिकारक श्रीअभयदेवसूरिजीके पट्टमें युगप्रधानपदधारक श्रीजिनवल्लभसूरिजी हूवे, और इनोंके पट्टमें अंबादत्तयुगप्रधानपदधारक और एक लाख तीस हज्जार घरकुटुंबकुं प्रतिबोधनेवाले, और च्यारनिकायके अनेक देवदेवीयोंकरके सेवित ॰, एकावतारी, बडादादाजी, इसनामसें प्रसिद्ध श्रीजिनदत्तसूरिजी हूवे, गणधरसार्धशतकवृत्ति, गुरुपारतंत्र्यपंचमस्मरण, कोटिकगच्छपट्टावली, समाचारि ादि अनेक ठिकाणे प्रगट लिखाहै और धर्मसागरनें खरतरगच्छ परद्वेष धारके ६ क दोनों महापुरुषोंपर द्वेष करके इसतरे कहाकि, नवांगवृत्तिकारक श्रीअभयदेवसूरि खरतरगच्छमे नहिं हूवे, श्रीजिनवल्लभसूरिजी नवांगवृत्तिकारक श्रीअभयदेवसूरिजीके शिष्यहि नहिं हैं, अर्थात् नवांगवृत्तिकारक श्रीअभयदेवसूरिजीके पट्टमें नहिं हैं श्रीजिनेश्वरसूरिजीसें १०८० में खरतर विरुद नहिं हूवा, अर्थात् श्रीजिनेश्वरसूरिजीकों खरतर विरुद नहिं हैं, श्रीजिनदत्तसूरिजीसें खरतरगच्छ हूवा है फेर कहा कि १२०४ में खरतरकी उत्पत्ति हूईहै, और चामुंडक, और औष्ट्रिक आदि शब्दोंसें गच्छके ऊपर ऊपरोक्त दोय महापुरुषोंके ऊपर

१५ दत्तसूरि०

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्वेषधारके असद् दोषारोपण कियाहै, इत्यादि अनेक शास्त्रबाह्य अशुद्ध प्ररूपणा मनोमति धर्मसागरने करी है,

इत्यादि कारणोंसें संवत् १६ सेमें निन्हव धर्मसागर मतावलंबियोंसें आधुनिक तपोटमतकी पुष्टी हुई, और इस समे उनोंकी बहुतहि प्रबलता है, इसवास्तेहि पूर्वोक्त अशुद्ध प्ररूपणा करते हैं, उपदेश‍ ‍के करवाते हैं,

॥ अब इहांपर प्रत्युत्तरमें बहुतहि ‍विवेचनीय है, बहुत शास्त्रोंकी शाख है परन्तु इहांपर ग्रंथगौरवभयसें अतिप्र‍ ‍यसें उन शास्त्रोंका पाठ वगेरे नहिं लिखा है

और किसीकों विशेष देखनेकीही इच्छा‍ ‍तो श्रीचिदानंदजीकृत आत्मभ्रमोच्छेदनभानु नाम ग्रंथकी पीठिका सरुसें, व‍ ‍३१ सें ६८ तक अवश्य देखलेवे, और यह ग्रंथ छपकर तइयार हूवा है सा आदिसे अंततक देखना जिस्सें इस विषयका परिपूर्ण समाधान होगा, और इस विषयके पहिले बहुत ग्रंथ छप चुके है, और उनग्रंथोंमे इसविषयका बहुतहि सप्रमाण शास्त्रपाठोंसें प्रत्युत्तर दिया गयाहै, इसलिये उन पुरुषोंकों धन्यवाद है, सत्यार्थ प्रगटकरणेसें, और उनोंके रचे हूवे ग्रंथ ये हैं

प्रश्नोत्तरविचार, प्रश्नोत्तरमंजरी, ३ भाग हैं, पर्युषणानिर्णय, आत्मभ्रमोछेदनभानु आदि छपे हैं, इसलिये पिष्टपेषण समजकर मेने इहांपर विशेष नहिं लिखा है, इत्यलं विस्तरेण,

और ऊपरोक्त विषयकी समूल उत्पत्ति इसतरे भइ है श्रीउद्योतनसूरिजीके ज्येष्ठांतेवासी श्रीवर्धमानसूरिजी हूवे, तिनोंके शिष्य श्रीजिनेश्वरसूरिजी हूवे इस अनुक्रमसें अविच्छिन्न जो पाटपरम्परा चली सो खरतर इसनामसें प्रसिद्ध है, यह एकही गच्छसात नामसें प्रसिद्ध है'

प्रथम निग्रन्थ, १ कोटिक, २ चन्द्र, ३ वनवासी, ४ सुविहित, ५ खरतर, ६ राजगच्छ, ७ याने धार्मिक ७ क्षेत्र होवे वैसा, भिन्न भिन्न कारणोंसें अतिनिर्मल यह ७ नाम प्रसिद्ध हैं, और श्रीउद्योतनसूरिजी महाराजनें श्रीसिद्धक्षेत्रमें श्रीसिद्धवडके नीचे श्रीसर्वदेवादि भिन्न भिन्न आचार्योंके ८३ शिष्योंकों श्रेष्ठ समयमें मध्यरात्रिसमे अपणे हाथसें आचार्यपद दिया, उसवक्त ८४ गच्छ हूवे, इन ८४ सी गच्छोंमे शुद्ध प्ररूपक बडे प्रभाविक आचार्य महाराज हूवेहैं सो सर्व पूजनीय

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

माननीय है, और तिन ८४ सीयोंकी समाचारी, कथंचित् एकहि है, एक गुरुके थापे भये हैं प्ररूपणाभी प्रायें एक समानही है, और इस समय (८४) चौरासी गच्छोंमेसें बहुत गच्छ तो विच्छेद होगयें है, प्रायें २–४ गच्छ संप्रदाय शेष रहि संभवे है, ऐसा प्राचीन जैनसंप्रदायिक इतिहाससें मालूम होवे है, फेर विशेष तो श्रीज्ञानिमहाराज जाणे, श्रीवर्धमानसूरिजीकी संप्रदायवाले, और श्रीसर्वदेवसूरिजीकी संप्रदायवाले और चित्रवाल गच्छीय तपाबिरुदधारक श्रीजगचंद्रसूरिजीकी संप्रदायवाले, ओसीयां नगरी प्रतिबोधक श्रीरत्नप्रभसूरिजीकी संप्रदायवाले, चोथकी संवच्छरी षडावश्यकादि समाचारी प्रायें समानहि करते हैं इन संप्रदायोंमे होनेवाले महापुरुषोंकी करीहुई प्ररूपणाभी शुद्ध है, येही संप्रदाय प्रायें प्राचीन हैं

और श्रीवर्धमानसूरिजी ८४ सी शिष्योंमे बडे थे, और मुख्य थे, तिणोनें छमास निरंतर आचाम्ल (आंबिल) किया, और पक्षांतरमे, श्रीसूरिमंत्रका अधिष्ठायककों जाणनेके लिये, क्रमागत श्रीसूरिमंत्र श्रीउद्योतनसूरिजीके मुखसें प्राप्त होकर, वादमे श्रीदेवगुरुआराधनरूप अष्टम तप किया, तिससें श्रीसूरिमंत्रका अधिष्ठायक श्रीनागराजधरणेन्द्र आया, और कहा कि हे भगवन् मेरेकों किसवास्ते याद किया, श्रीसूरिमंत्रका अधिष्ठायक में हूं, कार्य होयसो कहो, तब आचार्यश्रीजी बोले कि, इस श्रीसूरिमंत्रका चौसठ देवता हैं, उणोंका स्मरण करणेसें, किसीनेभी दर्शन न[illegible], इसका क्या कारण है, तब धरणेन्द्रनें कहा कि, आपके सूरिमंत्रमें ए[illegible]ार कम है, इसलिये अशुद्ध होणेसें अशुभभावसें देवता दर्शन नहिं देवे[illegible]ी तुमारे तपके प्रभावसें आया हूं, तब आचार्यश्रीनें कहा कि, तें प्रथम [illegible]ंत्र शुद्धकर, फेर दूसरा कार्य यथावसर कहूंगा, तब धरणेन्द्रनें कहा कि, [illegible] शक्ति नहिं है, तीर्थंकर सिवाय शुद्ध होवे नहिं, तब आचार्य श्रीनें सूरिमंत्रक[illegible] डब्बा धरणेन्द्रकुं दिया, तब धरणेन्द्रनें महाविदेहक्षेत्रमें श्रीसीमंधरस्वामीकों जाके दिया, और श्रीसीमंधरस्वामीनेभी तब सूरिमंत्रकों शुद्धकरके धरणेन्द्रकों दिया, धरणेन्द्रनें पीछा लाकर श्रीवर्धमानसूरिजीकों दिया, वादमें तीनवार उस शुद्ध सूरिमंत्रका स्मरण किया, वादमें सप्रभाव वह सूरिमंत्र हूवा, बहुतहि जादा फुरणे लगा, वादमे उस सूरिमंत्रके सर्व अधिष्ठायक देवताओंनें दर्शन दिया, तब उन देवताओंसें कहा कि, विमलदंडनायक हमकों पुछे है कि, आबुगिरि शिखरपर, जिनप्रतिमारूप तीर्थ है, वा नहिं, इत्यादि अधिकारआबुप्रबंधमे है,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सो अर्थरूपसें श्रीवर्धमानसूरिजीके संबंधमें दिया गया है, इसतरे श्रीआबुतीर्थको प्रगटकर श्रीविमलवसहीकी प्रतिष्ठा करी, वादमे बहुत शासनकी प्रभावना करके स्वर्गगये इनोंके श्रीजिनेश्वर बुद्धिसागर जिनचन्द्र अभयदेवादि और श्रीमरुदेवा कल्याणवती महत्तरादि बहुतहि विद्वान गीतार्थ साधु-साध्वीयोंकी वृद्धि हुई, और बहुत बडा समुदाय होणेसें, बृहद्गच्छ इस नामसें यह गच्छ प्रसिद्ध हूवा, ऐसा गणधरसार्धशतकादिकका अभिप्राय है, और पूर्वोक्त विषयपर आबुप्रबंध विशेष उपकारार्थ दिया जावे है—तद् यथा—

॥ अह अन्नयाकयाइ सिरिवद्धमाणसूरि आयरिया अरन्नच गच्छनायगा-सिरिउज्जोयणसूरिणो गामाणुगामं दूइज्जमाणा अप्पडिबंधेणं वि गं विहर-माणा अब्बुयगिरि सिहरतलहट्टीए कासद्दहगामे समागया तयाणं विमलदंड नायगो पोरवाडवंसमंडणो देसभागं उग्गाहेमाणो सोवितत्थेवागओ 'यगिरि-सिहरे चडिओ सव्वओ पव्वयं पासित्ता पमुईओ चित्ते चिंतेउ माढत्तो जिण-पासायं कारेमि ताव अचलेसर गुहावासिणो जोई जंगम तावस सन्नासिणो माहण प्पमुहा दुट्ठमिच्छत्तिणो मिलिऊण विमलसाह दंडनायग समीवं आढत्ता एवं वयासी भो विमल तुह्माणं इत्थ तित्थं नत्थि अम्हाणं तित्थं कुलपरंपरया तं वट्टई अओ इहेव तव जिणपासायं रचयं नदेमो तओ विमलो विलक्खो जाओ अव्बुयगिरि सिह-रतलहट्टीए कासद्दहगामे समागओ जत्थ वद्धमाणसूरि समोसरिओ तत्थेव गुरुं विहि-णा वंदिऊण एवं वयासी भयवं इहेव पव्वए अम्हाणं तित्थं जिणपडिमारूवं वट्टई-त्ति वा नवा तओ गुरुणा भणियं वच्छ देवया आराहणेणं सव्वं जाणिज्जइ छउ-मत्था कहं जाणंति तओ तेण विमलेण पत्थणाकया किंबहुणा वद्धमाणसूरिहिं छम्मासी तवं कयं तओ धरणिंदो आगओ गुरुणा कहियं भोधरणिंदा सूरिमंत्त अहिट्ठायगा चउसट्ठि देवया संति ताण मज्झे एगावि नागया न किंचि कहियं किं कारणं धरणिंदेणुत्तं भयवं तुम्हाणं सूरिमंत्तस्स अक्खरं वीसरियं असुद्ध भावाओ देवया नागच्छंति अहं तव बलेण आगओ गुरुणा वुत्तं भो महाभाग पुव्वं सूरि मंत्त सुद्धं करेहि पच्छा अन्नं कज्जं कहिस्सामित्ति धरणिंदेणुत्तं भगवन् मम स-त्तीनत्थि सूरिमंत्तक्खरस्सअसुद्धिसुद्धि काउं तित्थगर विणा कस्सवि सत्ती नत्थि तओ सूरिणा सूरिमंत्तस्स गोलओ धरणिंदस्स समप्पिओ तेण महाविदेहखित्ते सीम-धरसामिपासेनीओ तित्थगरेण सूरिमंत्तो सुद्धो कओ तओ धरणिंदेण सूरिमंत्त गो-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लओ सूरिणं समप्पिओ तओ वारत्तय सूरिमंत्त समरणेण सव्वे अहिट्ठायगा देवा पच्चक्खीभूया तओ गुरुणा पुट्ठा विमलदंडनायगो अझाणं पुच्छइ अव्वुयगिरिसिहरे जिणपडिमारूवं तित्थं अच्छइ नवा तओ तेहिं भणियं अव्वुयादेवी पासओ वामभागे अदबुदआदिनाहस्स पडिमा वट्टइ अखंडरकयसत्थियस्स उवरि चउसर पुप्फमाला जत्थदीसइ तत्थ खणियव्वं इइ देवया वयणं सुचा गुरुणा विमलसावयस्स पुरओ कहियं तेण तहेव कयं पडिमानिग्गया विमलेण सव्वे पासंडिणो आहूया दिट्ठा जिणपडिमा सामवयणा जाया पासायं काउमारद्धं विमलेण, पासंडेहिं भणियं, अझाणं भूमिदव्वं देहि तओ विमलेण भूमी दव्वेहिं पूरिऊण पासायं कयं वट्टमाणसूरीहिं तित्थंपइट्ठियं न्हवण पूयाइ सव्वं कयं तओ पच्छागयकालेण मिच्छत्तिणो तस्साहिणा जाया, तओ वावण्णजिणालओ सोवन्नकलसधयसहिओ निम्मविओ विमलेण अट्ठारसकोडी तेवन्नलरकसंखादव्वो लग्गो अज्जवि अखंडो पासाओ दीसइ इत्यादि इति अर्बुदाचलप्रबंध इस आबुतीर्थको प्रगट करणेवाले श्रीवर्धमानसूरिजीसें अविच्छिन्न दुप्पसहसूरिपर्यंत जो संप्रदाय है, सो सर्वत्र बहुलताकरके, खरतरगच्छ, इसनामसें इसजगतमे महसूर है, और श्रीउद्योतनसूरिजी श्रीसिद्धक्षेत्रमें सिद्धवडनीचे ८३ शिष्योंकों आचार्यपद देकर अपणा अल्पायु जाणके वहांहि अणसणकर समाधिसें स्वर्गगये, और ८३ तयांसी शिष्योंकों वडवृक्षनीचे आचार्यपद दिया, इस्स कारणसें वडगच्छकी स्थापना हूइ, महाप्रभाविक हूवे, तिस्सें अपणें अपणें गच्छनामसें प्रसिद्ध हूवे, और सामान्यप्रकारसें तयांसीयोंकाहि वडगच्छ कहा जावे है, परन्तु वादमें अलग अलग अपने नामसें प्रसिद्धि पाये, और उन ८३ तयांसीयोंमें बडे श्रीसर्वदेवसूरिजी थे, वैहि विशेषकर, वडगछ, इस नामसें प्रसिद्ध हूवे हैं ऐसा संभव है, और श्रीउद्योतनसूरिजी श्रीसर्वदेवसूरिजी और श्रीदेवसूरिजी आदि श्रीमुनिरत्नसूरिजी पर्यंत अनुक्रमसें जो पाटपरम्परा है, सो वडगच्छ इसनामसें प्रसिद्ध है, और यह गच्छ, निग्रन्थ, कोटिक, चन्द्र, वनवासी, सुविहितपक्ष, वडगच्छ इन नामोंसें प्रसिद्ध हैं, और कहा जाता है, और यथार्थरूपसें तो श्रीमुनिरत्नसूरिजीके आगे पाटपरम्परा नहिं चली, विच्छेद गइ ऐसा प्रायें संभवे है, और कहा जावेहै कि मुनिरत्नसूरिजी आगे वडगच्छ संप्रदाय श्रीचित्रवालगच्छमें जामिलि है, इस्सें महातपाविरुदधारक श्रीजगचन्द्रसूरिजीसें लेकर वडगच्छकी पाटपरम्परा लिखि जावेहै, और वडगच्छकी पट्टावलिमेंभी इसी-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तरे पाटपरम्परा देखनेमे आवेहै, ऐसा किसीका कहिना है, यह भी श्रीबृहत्कल्पवृत्ति श्रीधर्मरत्नप्रकरणवृत्ति आदि शास्त्रदेखतां तो यह कहेना मिथ्या संभवे है; जैसे श्रीअभयदेवसूरिजी नवांगवृत्तिकर्तानें अपणा कुल पाटपरम्परा वगेरहस्वतंत्र लिखाहै, इसीतरे महातपाविरुद धारक श्रीजगचन्द्रसूरिजीकाभी तत्पट्टप्रभाकर श्रीदेवेन्द्रसूरिजी तत्संतानीय श्रीक्षेमकीर्तिसूरिजीनेंभी अपणा चित्रवालगच्छ, महातपाविरुद, और स्वतंत्र पाटपरम्परा लिखी है, इस्सें इनोंमे वडगच्छका गन्धभी नहिं है, इनोंके वडगच्छकी पाटपरम्परासें कोइ संबंध नहिं है, तद् यथा– श्रीपद्मचन्द्रकुलपद्मविकाशी श्रीधनेश्वरसूरिजी हुवे, श्रीचैत्रपुरमंडन महावीर प्रतिष्ठासें चैत्रगच्छ हुवा, उस गच्छमें श्रीभुवनेन्द्रसूरिजी उनके शिष्य श्रीदेवभद्रगणिजी, उनके शिष्य श्रीजगचन्द्रसूरिजी और श्रीदेवेन्द्रसूरिजी, तथा श्रीविजयेन्दुसूरिजी, यह तीन महाराजश्लोकोक्तगुणसहित हुवे, श्रीविजयेन्दुसूरिजीके प्रथम शिष्य श्रीवज्रसेन सूरिजी दूसरे शिष्य श्रीपद्मचंद्रसूरिजी तीसरे शिष्य श्रीक्षेमकीर्त्तिसूरिजीनें श्रीबृहत्कल्पसूत्रकी टीका विक्रमसंवत् १३३२ में रचि है, उसकी प्रशस्तिमें और श्रीधर्मरत्नप्रकरणवृत्ति आदिमें इस मुजब अपणा गच्छ अपणा विरुद, और अपणी गुरुशिष्यकी पाटपरम्परा लिखि है और श्रीवडगच्छीयमणिरत्नसूरिजीका गुरुशिष्यतरीके नामभीं नहिं लिखा है, इस्सें जाणा जाता है कि श्रीवडगच्छके साथ श्रीचैत्रवालगच्छका कोइ संबंध नहिं है, यह वात सत्य है, इस्सें यह चैत्रवालगच्छ स्वतंत्र अलगहि है, और श्रीजगच्चन्द्रसूरिजी तत्पट्टे श्रीदेवेन्द्रसूरिजी आदि जो अनुक्रमसें पाटपरम्परा है सो इससमें लघुपौशालीयतपा शाखा है, श्रीदेवेंद्रसूरिजीसे प्रसिद्ध भइ है, और श्रीविजयेन्दुसूरिसें जो पाटपरम्परा है, सो बृहत्पौशालीयतपा शाखा है, सो प्रसिद्ध है, यह दोनों शाखा श्रीचित्रवालगच्छकीहि है, वडगच्छकी नहिं है, और महातपाविरुद, तपागच्छ चित्रवालगच्छ, यह एकहि है, ऐसा शास्त्र देखनेसें मालूम होवे है, और श्रीशास्त्रोंके अनुसार तो इसीतरे मानना उचित है, वा प्ररूपणा करणा सत्य है, और श्रीसर्वदेवसूरिजीसें लेकर श्रीमणिरत्नसूरिजीतक वडगच्छकी पाटपरम्पराकों श्रीजगचन्द्रसूरिजीके नाम साथ लगातें हैं, सो शास्त्रके आधारसें तो मिथ्या है, और विना विचारी अंधपरम्परा है, ऐसा जाणा जावे है, और विशेष तो श्रीज्ञानी महाराज जाणे

और विक्रमसंवत् १६१२ में श्रीजिनमाणिक्यसूरिजीके शिष्य श्रीजिनचंद्रसूरिजी हूवे, उससमय चित्रवालगच्छीय, अपरनाम, श्रीतपागच्छीय श्रीविजयदानसूरिजी-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

का शिष्यधर्मसागरनें अनेक उत्सूत्रबोलोंकी प्ररूपणा की, और अनेक गुरुआम्नायाश्रितविरुद्धबोलोंकी अशुद्धप्ररूपणा की, तब श्रीजिनचन्द्रसूरिजी विहार करते अणहिलपुर पाटणमे पधारे, तब यह वृत्तांत श्रीजिनचन्द्रसूरिजीनें सुणा, तब सर्व गच्छमताश्रित सर्व सभाजनसमक्ष जाहिर शास्त्रार्थ धर्मसागरके साथ श्रीजीका हूवा तिसमें निर्णयार्थ अंतिमसभामें धर्मसागरकों बुलाया, अपणा पक्ष निर्बल जाणके, सभामें आणेवास्ते नट गया, तब धर्मसागरका पक्ष झूठा जाण, सर्व गच्छवासीयोंने, और मतवासीयोंनें शास्त्र देख श्रीजिनचन्द्रसूरिजी आश्रित पक्ष सत्य जाण, सर्वनें सही करी, याने दशकत किये, वह सहीपत्र, पाटण, जेसलमेर वीकानेर आदि भंडारमें रखा गया था, और श्रीविजयदानसूरिजीनें धर्मसागरका बनाया हूवा, कुमतिकंदकुद्दालग्रंथकों जलशरण किया, और गच्छव्यवस्थाश्रित, ७ और १३ बोल लिखे, और धर्मसागरकों गच्छ बाहिर किया, इत्यादि व्यवस्था उस समय हूइ थी, सो कुमतिविषजांगुलि १ और श्रीजसविजयजीकृत आगमविरुद्ध अष्टोत्तरशत उत्सूत्र बोल २ श्री सोहमकुलरत्नपट्टावलि दीपविजय कविकृत ३ आदि ग्रंथ देखणेसें प्रगटपणे सत्यहि मालूम होवे है, इसी लियेहि लघुपौशालीयतपा शाखामें श्रीविजयसेनसूरीजीके वादमें दोय गद्दी भइ है, सो आणन्दसूरि, १ तथा देवसूरि, २ इस नामसें प्रसिद्ध है, सो इस्सेंभी धर्मसागर और धर्मसागरकृत प्ररूपणाकाहि मुख्य कारण जाणा जाता है, और उस समय तो इन सर्व अशुद्ध प्ररूपणाओंका निषेधहि किया गया है, और इसतरे तपगच्छनायकनें अपणें गच्छमें हुक्म जाहिर कियाथा कि, धर्मसागरका बनाया हुआ ग्रंथ उसके अंदरसें कोइभी गीतार्थ अपणें बनाये हुवे ग्रंथमें एकभी बात लावेगा तो गच्छनायकके तरफसें बडा ठबका मिलेगा, और इसतरेका कोइभी नवीन ग्रंथ होवे सो सब गीतार्थके शोधे सिवाय प्रमाण करे नहिं, इत्यादि व्यवस्था गच्छकी लिखि है, इसलिये मालूम होवे है कि, तपगच्छनायकोंनें धर्मसागरकी करी हुइ तिससमयकी अशुद्ध प्ररूपणायें कबुल नहिं करी थी और शुद्ध प्ररूपणा मार्गमेहि रहे, वादमें श्रीविजयसेनसूरिजीके पीछे मुख्य शिष्य देवसूरिजीनें अपणा मामा भाणेज नाता होणेसें, विजयसेनसूरिजीके वचनोंका अनादर करके, और धर्मसागरकी अशुद्ध प्ररूपणा कबुल करके, तीन पीढीसें गच्छबाहिर किये हुवे धर्मसागरकों पीछा गच्छमें लिया, और गच्छमें भेद करके अपणे आपसेंहि स्वतंत्र आचार्य हुवा, तबसें दोय आचार्य गच्छमें हुवे, एक विज-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यसेनसूरिजीके आज्ञानुसार पट्टधर विजयतिलकसूरिजी, और विजयदेवसूरि, इनोंनें गच्छमे अशुद्ध प्ररूपणाकी प्रवृत्ति करी, और विजयतिलकसूरिजी ३ वर्ष आचार्यपदमे रहे बाद स्वर्ग हुवे, बादमें श्रीविजयतिलकसूरिजीके पट्टमें श्रीविजयाणंदसूरिजी हुवे, जिनोके नामसें आणंदसूरिगच्छ प्रसिद्ध है, और यह आचार्य चिरंजीवी हुवे, इनोंनें स्वगुरु आज्ञानुसार प्रवृत्ति करी, इसतरे होणेसें लघुपौशालीयतपा शाखामें दोय पाटपरंपरा भइ, गच्छमें अशुद्ध प्रवृत्ति हुइ, यह अबभी चल रहि है, यह इतिहास प्रसिद्ध है तथापि विशेष वृत्तान्त पूर्वोक्त ग्रंथानुसार जाणना और परपक्षवालोंके साथ द्वेष धरके मैत्रीभावकों दूर हटाके देवसूरिआश्रित निन्हव धर्मसागरनें अपणा मंतव्य पौषणेके लिये, प्रवचनपरीक्षा १ कुपक्षकौशिकादित्य २ सर्वज्ञसिद्धि, ३ कल्पकिरणावली, ४ बगेरे ग्रंथ बनाये हैं, और धर्मसागरका शिष्य विमलसागरनें स्वकपोलकल्पित खरतर तपाचर्चा आदि बनाये हैं, और श्रीहीरविजयसूरिजी बगेरेके नामसें तथा अपणें नामसें कितनेक पत्र १ बोल २ काव्य ३ चरित्र ४ जम्बूद्वीपपन्नत्ति टीका ५ वगरे ग्रंथ नवीन अपणा पक्ष पौषणेके लिये बनाये हैं, उनके अंदर अपणी मरजी प्रमाणे पूर्वसूरियोंके नामसें अपणै सत्यवादी होणेके लिये, असत्य पक्ष पौषण किया है, तदाश्रित विद्वानोंनें श्रीजिनचंद्रसूरिजीके साथ वैरानुबद्ध हो कर, उनके प्रच्छन्नपणे, विजयप्रशस्तिकाव्य, २ श्रीहीरसौभाग्यकाव्य २ वगेरे काव्य बनाये हैं तिनोंके अंदर कितनाक असत्य पौषण किया है, और ऋषभदाशकृत हीररास तथा लावण्यसमयकृत विमलरासमें चीतोडवासी कर्मचंदडोसी तथा विमलसाह मंत्री बगेरेके बारेमें कितनाक असत्यका पौषण किया है, और तिण पुन्यवानोंनें स्वस्वकालभावि स्वगच्छाश्रित धर्मगुरुओंके सदुपदेशसें श्रेष्ठ धर्म कार्य किये हैं, सो तिनके, धर्मगुरुओंका नाम श्रीवर्धमानसूरिजी है, श्रीजिनमाणिक्यसूरिजी है सो क्रमसे जाणना, और श्रीहीरसूरिजी पहिले अकबरसें मिले है, बादमे कोइ कारणसें श्रीजिनचन्द्रसूरिजी अकबरसें जा मिले है, उनोने बकरीका ३ भेद, टोपीकाजीकी बसकरणा, अमावसकों चन्द्रका उगाना आदि चमत्कार दिखाये हैं, और बादसाहाको प्रतिबोध देके षट्दर्शनीयोंका कलंक दूर किया, दिल्लीका बादसाहका मुख्य मंत्री कर्मचंद वच्छावतके निजगुरु, सवा सोमजीको प्रतिबोधके जैनी पौरवाल श्रावक बनानेवाले, श्रीजिनचंद्रसूरिजी थे, इत्यादि शुद्धार्थ गोपणेसें और अनेक असत्यबातोंकों ग्रन्थद्वारा पौषणेसें असत्य प्ररूपणा करणेसें और

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्वगच्छकी शुद्ध प्रवृत्ति बिगाडणेसे और स्वगुरुकी आज्ञा लोपणेसें, धर्मसागर तथा धर्मसागरपक्षपाताश्रितविजयदेवसूरि आदिकसें, संवत् १६१२ के आसरेमे तपोटमतकी पुष्टी हुइ और इन तपोटमतियोंनें तिससमय आगम आचरणा विरुद्ध ६० बोल आसरेका फरक किया, और वादमें तो जादातर फरक किया गया है, एसा मालुम होवे है, और इनहि तपोटमतियोंका स्वरूपवर्णन, स्वभावगुणवर्णन वगेरेका सत्यार्थ तपोटमतकुट्टनशतकमें लिखा है, और इन तपोटमतियोंके तथा खरतर गच्छवालोंके आगम, आचरणा, प्ररूपणा, आश्रित आपसमें बहुतहि अन्तर है, सो जाणके सत्य स्वीकार करके और असत्यका त्याग करणा यहहि धर्मार्थी प्राणिका प्रथम कर्त्तव्य है, यह संक्षिप्त आधुनिक तपोटमतका वृत्तांत है, अपिच वडगच्छ, तथा चित्रवाल गच्छ, अपर नाम, तपागच्छ, तथा उपकेशगच्छके प्रायें कर आचरणा, आगम, स्वस्वआम्नाय, प्ररूपणा, आश्रित आन्तरंगिक अंतर शास्त्र देखनेसें तो श्रीखरतरगच्छवालोंके साथ भेद नहिं है, एसा मालुम होवे है, और प्रायेंकर आपसमे विरोधकाभी कोइ कारण नहिं है, और प्रायें अन्य गच्छवाले सबहिने आपसमे मैत्रीभाव रखा है और खरतरगच्छवाले तो अभितक अन्यगच्छवालोंके साथ अवश्यकर मैत्रीभाव रखतें हैं, और ऐसाहि सबके साथ हरवखत रखना चाहते हैं, और चला कर प्रथम कबिभी किसीके साथ विरोध भावकी उदीर्णा करणी नहिं चाहतें हैं, और पुरुषादानीय श्रीतेवीसमे तीर्थंकर श्रीपार्श्वनाथस्वामिके संतानीय परदेशी राजा प्रतिबोधक श्रीकेशीकुमारजी हूवे, श्रीगौतमस्वामिके साथ मिलाप होणेसें श्रीवीरशासनमें संक्रमण हूवे, वादमें क्रमसें पट्टपरम्परा चलति रहि, और श्रीजम्बुस्वामिके समे श्रीरत्नप्रभसूरिजी चौद पूर्वधारी हूवे, जिनोंनें एकवखतमें दोय रूप करके कोरंटक, और ओशीयांमे समकालमे प्रतिष्ठा करी, और १३ कोस लांबी और ९ कोस चोडी, एसी ओसीयां नगरी प्रतिबोधके प्रथम, जैनकुलकी तथा ओसवंशकी स्थापना करी, वादमें श्रीवज्रस्वामिके समय दशपूर्वधर श्रीभद्रगुप्तसूरिजी हूवे, जिणोंके पास श्रीवज्रस्वामि दशपूर्व भणें हैं, वादमें श्रीलोहित्याचार्यके समय पूर्वधर श्रीदेवगुप्तसूरिजी हूवे हैं, जिणोके पास वल्लभीय वाचना करनेवाले, और सिद्धान्तोंको पुस्तकारूढ करनेवाले, श्रीलोहित्याचार्य शिष्य श्रीदेवर्द्धिगणिक्षमाश्रमणसार्ध एकपूर्व भणे हैं, एसा वृद्धसंप्रदाय है, यह वीरनिर्वाणसे ९८० वर्षे हूवे हैं, इनोके वादमे प्रायेंकर चेत्यवास स्थिति हुइ, वादमें विक्रमसं १०८० के सालमे स्वगुर्वादिसहित श्रीजीनेश्वरसू-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रिजी अणहिलपुरपाटणमें आये, उस समय चैत्यवासस्थितिमेरहेहुए श्रीउपकेशगच्छीय संप्रदायमे श्रीसूराचार्य प्रमुख ८४ चैत्यवासी आचार्योंके साथ श्रीपंचासरीय चैत्य-सभामें श्रीदुर्लभराजा समक्ष शास्त्रार्थ हूवा था तिस शास्त्रार्थमें श्रीजीनेश्वरसूरिजीका पक्ष सत्य होणेसे, श्रीदुर्लभराजानें श्रीजिनेश्वरसूरिजीकों खरतर करके कहै, और वादीपक्ष श्रीसूराचार्यवगेरेकों नर्म होणेसें श्रीदुर्लराजानें कवलाकरके कहै, और कहाभी है, कि जील्या सो खरतर हुवा, हाख्या सो कवला जाणिया, तिणसमे जैनसंघमें, गच्छ दोय वखाणिया, १॥ वादमे श्रीअभयदेवसूरिजी हूवे उनोंने श्री-स्तंभणपार्श्वनाथजीकी प्रतिमा प्रगटकरके नवांग वगेरेकीवृत्तियांरची उस समय श्रीसूराचार्यशिष्यपंडितशिरोमणि सर्वचैत्यवासीयोंमें मुख्य श्रीद्रोणाचार्य हूवे, उणोनें श्रीअभयदेवसूरिजीकृत सर्ववृत्तियां शोधिहै और वादमे क्रमक्रमसें कितनेक चैत्य-वास छोडकर वसतिवासी हूवे, और खगच्छमें (कवलाग०) बहुतकालसें साधुधर्म-विच्छेद होणेसे किसीनें क्रिया उद्धार नहिं किया और क्रियोद्धार नहिं करसके तथा-विध आगमानुरोधसें और परिग्रहधारि श्रीपूजपणेमेहि अपणी परम्परा चलाते रहै, सो अविसी कमलागच्छमे परिग्रह धारी आचार्य यानें श्रीपूजयतिवगेरे विद्यमान है, परन्तु साधु–साध्वी प्रायें नहिं है, और इनोंका विशेष समुदायभी फलोधि और वीकानेरमें मौजूद है, और इनोंका श्रीपूजभी वीकानेर वगेरहमेहि रहेते थे, यह प्राचीनगच्छ संप्रदाय है, और यह उपकेशगच्छ, वा कावलागच्छ, इस नामसें प्रसिद्ध है, और इस संप्रदायका करिमीसें खरतरगच्छवालोंके सह प्रशस्त मैत्री भावादि चला आवे है यह बात गुरुगमसंप्रदायि होवे सो जाणते हैं, और पहिला सामायक पीछे इरिया वही, श्रीवीरषट्कल्याणकादि प्ररूपणा सर्व प्रायें खरतरगच्छके समानहि मानतें हैं, और यह बडी बडी वातें लिखकर कवले-गच्छका संक्षिप्त स्वरूप कहा है, और विशेष श्रीउपकेशगच्छ सविस्तर पट्टावली तथा खरतरगच्छ पट्टावलीसें गुरुगमाम्नायसें जाणना,

और ८४ सी गच्छवाले एक गुरुके शिष्य है, सबकी सदृश समाचारी है विशेष भेद नहीं है और प्ररूपणा समाचारी प्राचीन शास्त्रानुसारतो एकहि मालूम होवे है, इसलिये प्रायें विरोध वगेरेका कारण कोइ नहिं मालूम होवे है, और श्रीरत्नप्रभसूरिजी और श्रीजिनवल्लभसूरिजी और श्रीजिनदत्तसूरिजी इन ३ आचार्योंकाहि जैनकोमपर वा ८४ सी गच्छवालोंपर विशेष उपकार किया हुवा मालूम होवे है, इत्यलं विस्तरेण

किंच बहु वक्तव्यमस्त्यत्र तत्तु नोच्यते, अग्रे यथावसरं विस्तारयिष्यामः.

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथवा जागते हो, वादमें आचार्यश्रीनें मंद स्वरसें जवाब दिया कि, हे भगवति! जागताहुं, वादमें देवता बोली हे प्रभो! शीघ्र उठो, और ये नव सूतकी कोकडी अलुझी भइ है सो आप खोलो 'याने सुलजावो, श्रीसूरिजी बोले कि सुलजानेको में नहिं समर्थ हूं, तब देवता बोलि के हे पूज्य आप कैसे नहिं समर्थ हो! अभितो आपश्री बहुतकालतकजीवोगा, और नव अंगकी टीका बनावोगा, आचार्यश्रीबोले कि इसतरेका प्रचंडरक्तपित्ति रोगयुक्त शरीर होनेपर कैसे नवअंगकीटीकावनावुंगा, वादमें शासन देवतानें कहा स्तंभनक पुरमें सेढी नदीके किनारे पर खाखरेके वृक्षके अंदर जमीनमें श्रीपार्श्वनाथ भगवानकी प्रतिमा है, उन प्रतिमा सन्मुख देववंदन करो, जिससें रोग-रहित समाधियुक्त शरीरहोवे, ऐसा कह कर शासन देवता अदृश्य भइ, वाद प्रभातमें गुरुमहाराज मिच्छामि दुकडं देवेगा, इस अभिप्राय कर दूसरे ग्रामोंसें आये हूवे और उसी ग्राममे रहनेवाले सर्व श्रावक मिलकर आचार्य श्रीके पास आये, उन सर्व श्रावकोंनें आचार्य श्रीकों नमस्कार करा, वादमें आचार्यश्रीनें कहा कि हमारेकों श्रीस्तंभनक पुरमें श्रीपार्श्वनाथ स्वामिकों वंदना करनी है, आचार्यश्रीका यह वचन सुनकर वादमें सब श्रावकोंनें अपने मनमें जाना कि निश्चे आचार्यश्रीकुं किसीका रात्रिमें उपदेश हुवा है, उस्सें इसतरे आचार्यश्री फरमातें हैं, इसतरे श्रावकोनें अपने मनमें विचारके वादमें उन सब श्रावकोनें आचार्यश्रीकों कहा कि हमभि सब आपके साथमे आवेंगे वाद उन

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रावकोने आचार्यश्रीके वास्ते डोली करी, तिस डोलीके अंदर आचार्यश्री बेठे, और यात्राकेवास्ते स्तंभनकपुर प्रति वहांसें चले, वादमें आचार्यश्रीकी अनाजपर रुचि भइ, प्रथम आचार्यश्रीकों भूख बिलकुल नाहिंथी, परन्तु स्तंभनकपुर प्रति प्रयाण करनेपर, पहिले प्रयाणेमेंहि रस विषयि इच्छा उत्पन्न भइ, क्रमसें जितनें धोलके पहुंचे उतनें आचार्यश्रीके शरीरमें विशेष समाधि भइ, वाद प्यादलहि विहार कर आचार्यश्री स्तंभनकपुर पधारे, वादमें जितनें श्रावक लोक श्रीपार्श्वनाथस्वामिकी प्रतिमाजीके तलासमें लगे, उतनें वा प्रतिमा कहांभि नहिं देखनेमें आइ, वादमें श्रावकोंने आचार्यश्रीकों पूछा, तब आचार्यश्रीनें कहा, कि खाखरेके अंदर तुमलोक देखो, वादमें श्रावकोनें सेढी नदीके किनारेपर पलाशवृक्षोंके अंदरतलासकरणेसें देदीप्यमान श्रीपार्श्वनाथ स्वामिकी प्रतिमा देखनेमें आइ, और उस प्रतिमाके ऊपर निरंतर स्नात्रके लिये एक गाय वहांपर आके दूधकुं झारतिथी, वादमें हरपित हुवे ऐसे श्रावकोंनें आयके आचार्य श्रीकों कहा, हे भगवन् आपके कहे हुवे प्रदेशमें प्रतिमा देखनेमें आइ हे, यह वचन श्रवण कर वादमें भक्तिपूर्वक आचार्यश्री वंदना करनेंके लिये जहांपर प्रतिमा देखनेमे आइ वहांपर पधारे, और वहांपर खडे खडेहि मस्तक नमायकर नमस्कार करा, और नमस्कार करके वादमें देवप्रभावसें ॥ जयतिहुअणवरकप्परुक्ख, जयजिणधन्नंतरि, जयतिहुअणकल्लाणकोस, दुरिअकरिकेसरि, तिहुअणजणअविलंघियाण, भुवणत्तयसामिअ, कुणसु सुहाइं जिणेसपास, थंभणयपुर ठिअ ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इत्यादि नमस्कार बत्तीसी करी, वाद अंतकीदोयगाथा अत्यंत-देवतावगेरेकी आकर्षण करनेवाली जाणके, शासन देवताने कहा, हेभगवन् इसस्तौत्रकी तीसगाथा कहेणेंसेहि हम अपणेठिकाणे रहे-हुवेहि सर्वस्तौत्रका पाठकरणेवाले भव्योंका सर्व कष्ट दूर करेंगें, संपूर्णस्तौत्रका पाठकरणेवालोंके प्रत्यक्ष होणा हमारे वहुतहि कष्टका कारणहै, इसकारणसें, परमेसर सिरिपासनाह धरणिंद पयट्ठिय, पउमावई वइरुट्ट देव जय विजयालंकिय, तिहुअणमंततिकोंण विज्ज सिरिहरि महीमंडिअ, तियवेढिय महविज्जदेव थंभणयपुरट्ठिय ॥१॥

सत्तमवन्न जगद्धवन्न सरअट्ठविभूसिय, वंजणवन्न दसद्धवन्न सिरिमंडलपूरिय, चिरिमिरिकित्तिसुबुद्धिलच्छि किर मंत सुसायर थंभणपास जिणंद सिद्ध महं वंछिय पूरण ॥ २ ॥

एव महारिह जत्त देव इयन्हवणमहुसउ, जंअण लिय गुणगहण तुम्ह मुणिजण अणिसिद्धउ, इय मइं पसियसुपासनाह थंभणय पुरट्ठिअ, इयमुणिवर सिरि अभयदेव विण्णवइ आणंदिअ.

॥ ३२ ॥ यह गाथा आपश्री हमारेपर कृपा करके भंडार करो, वादमें देवताके आग्रहसें दाक्षिण्यताके समुद्र ऐसे आचार्य श्रीनें वैसाहि करा, वादमें आचार्यमहाराजनें समस्तसंघके साथ चैत्यवंदन करा, वादमें श्रावक समुदायनें विस्तारसें, स्नात्र, वि-लेपन, मुकुट, कुंडल, वगेरे आभूषण पहिराणेकर और सुगंध युक्त पुष्प चढाणेकर अनेक प्रकारसें पूजा करी, और मनोहर शाल स्तंभा तोरण चोकी वगेरे करके शोभित अत्यंत उंचा

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मनोहर देरासर श्रावकोंने वनाया, वादमें श्रीमान् अभयदेव सूरिजीनें स्थापना करी, वादमें श्रीमद् अभयदेवसूरिजी स्थापित वह श्रीमान् स्तंभनक पुरमे रहे हुवे, श्रीस्तंभन पार्श्वनाथ स्वामि सर्वलोकोंका वांछित पूरण करणेसे स्तंभनतीर्थ ऐसा करके सर्वठिकाणे प्रसिद्धिकों प्राप्त हुवे.

वादमें आचार्यश्रीभि वहांसे विहार कर अणहिल्लपुर पाटण पधारे, वहां पाटणमे श्रीजिनेश्वरसूरिजी स्थापित वसतिमे रहे, उस वसतिमे रहेतां थकां आचार्यश्रीने, स्थानांग, समवायांग, विवाहपन्नत्ती, वगेरे नवअंगोकी वृत्तियों करणी सरु करी, उन वृत्तियांके करणेमे जहां कहांभी संशय उत्पन्न होवे, उस ठिकाणे स्मरण करणेसें जया विजया जयंति अपराजिता नामक देवता स्मरण करणेके साथहि महाविदेह क्षेत्रमे तीर्थंकरके पास जाके संशय पदका अर्थ पूछके सत्य अर्थ आचार्यश्रीकों कहै.

उस समय वहां पाटणमे चैत्यवासी आचार्य द्रोणाचार्य नामके रहतेथे उणुनेंभि सिद्धांतोंका व्याख्यान करणा सरुकरा, सर्व चैत्यवासी आचार्य पुस्तक लेकर सुणनेकों आते हैं और आचार्यश्रीभि वहांपर व्याख्यान श्रवण करणेकों जातें हैं यतः

स्वयं विदंतोऽपि हि सम्यगर्थं,
सिद्धांततर्कादिकशास्त्रवाचां ।
शृण्वंति गत्वालघवोऽन्यतोपि,
निर्मत्सरा एव गुणेषु संतः ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कहाभि है, सिद्धांत और तर्कादिक शास्त्रोंका सत्य अर्थ आप जाणतें है तोभि लघुतापूर्वक दूसरोंके पास जाके श्रवण करते हैं इसका कारण यहहै कि सज्जन पुरुष गुणोंमे ईरषा रहित हि होते हैं, वादमे द्रोणाचार्यभि श्रीअभयदेवसूरिजीके गुणोंसें रंजित हुवे अपणे सहाय्यके वास्ते आचार्यश्रीकों आसन दिरावे, व्याख्यान करतां द्रोणाचार्यको जहां संशय उत्पन्न होवे, वहांपर तिसप्रकारके नीचे स्वरसें कहै, जैसे और दूसरे नहिं सुणे, इसतरे निरंतर व्याख्यान करतां थकां उन द्रोणाचार्यकों और कोइ दिनमें जिस सिद्धांतका व्याख्यान करे हैं उस सिद्धांतकी व्याख्यान स्थल-विषयि वृत्ति लाये, और आचार्यश्रीने उस द्रोणाचार्यके हाथमें दी, उस वृत्तिकों देखके अत्यंत आश्चर्यसहित होकर द्रोणाचार्यने अपणे मनमें विचार किया कि अहो इये क्या वृत्ति साक्षात् गणधर महाराजकी बनाइ है अथवा इनोंकी बनाइ हूइ है, इसतरे मनमे विचारके द्रोणाचार्यने कहा क्या इये वृत्ति तुमारी बनाइ हुइ है इसतरे पूछनेपर आचार्यश्रीमौनधारके रहै वादमें द्रोणाचार्यनें अपणे मनमें विचार किया कि निश्चय इसी आचार्य-श्रीनेहि या वृत्ति बनाइ है, जिससें कहाभि है कि जिसका निषेध न किया वह कार्य माना हुवा होवे है, औरभि कहा है ॥

स्वगुणान्परदोषांश्च वक्तुं प्रार्थयितुं परा,
नर्थिनश्च निराकर्तुं, सतामास्यं जडायते ॥ १ ॥

भावार्थ—उत्तम पुरुष अपणे मुखसें अपणा गुण और दूसरोंका अवगुण कहेणेवाले न होवें, और दूसरे पुरुषोंकों प्रार्थना

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करणेवाले न होवें, याचना करणेवाले पुरुषोंकी याचनाका भंग करणेवाले न होवे ॥ १ ॥

वादमें द्रोणाचार्य अपणे मनमें विचारणे लगे कि, अहो इति आश्चर्ये कोणपुरुष रत्नप्राप्त होकर, रत्नग्रहणकरणेमें मंद-आदरवाला होवे, अपि तु कोइभी मंदआदरवाला न होवे, ऐसा विचारके द्रोणाचार्य श्रीअभयदेवसूरिजीका गुणवर्णन करै आचार्यश्रीके प्रति बहुमान करणेमें तत्पर हुवे, वाद जब जब आचार्यश्री आवे जावे, तब तब द्रोणाचार्य खडे होवे, सामने आवे, कुछ दूरतक पोहचाने जावे, वादमे वेसा सुविहित आचार्य विषयि आदर करता हुवा देखके, और चैत्यवासी आचार्य वगेरह नाराजहोके सर्व उठकर खडे भये, और अपने अपने मठमें चैत्यवासी आचार्योंने प्रवेश करा. और बहुतहि बोलने लगे, जेसे कि, अहो यह किस गुण करके हमारेसें अधिक है, जिस गुणकर हमलोकोंमे मुख्यभी ये द्रोणाचार्य श्रीअभयदेवाचार्यका इसप्रकारका आदरसत्कार बहुमान करते हैं, पीछे हमलोक कैसे होवेगें, अर्थात् हमारी कैसी दशा होवेगी, इत्यादि वादमें द्रोणाचार्य वह पूर्वोक्त वचन अपणे समुदायवाले आचार्य वगेरोंका सुणकर, विशेषज्ञ गुणोंका पक्षपात करणेवाले द्रोणाचार्यने नवीन श्लोक बणाके सर्व चैत्यवासी आचार्योंके मठोंमें भेजा, वह श्लोक यह है,

आचार्याः प्रतिसद्म संति महिमा येषामपि प्राकृतै-
र्मातुं नाध्यवसीयते सुचरितैस्तेषां पवित्रं जगत्, ।
एकेनापि गुणेन किंतु जगति प्रज्ञाधनाः सांप्रतं,
योऽधत्ताऽभयदेवसूरिसमतां सोऽस्माकमावेद्यताम् १

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भावार्थ–जिणोंकामहिमा प्राकृतयानेअल्पबुद्धिवाले मनुष्योंसें नहिं प्रमाण होसके ऐसेआचार्य प्रत्येकठिकाणेहे, और उनआचार्योंके श्रेष्ठआचारकरके यहजगतपवित्रहै, परन्तु वर्त्तमानकालमें जेबुद्धिरूपधनवाले, याने बुद्धिमानआचार्य जगतमें है, उणोंके अंदरसें कोइभी ऐसा आचार्यहै के जो एकभी गुणकरके श्रीअभयदेवसूरिजीके सदृशहोवे, कदाचित् कोइ आचार्य होवे तो मेरेकों जरूरदेखावोगा" यह पूर्वोक्त श्लोक वाचकर वादमें सर्वचैत्यवासीआचार्यशान्तहूवे, और श्रीमद् अभयदेवसूरिजीके सन्मुख श्रीद्रोणाचार्यजीने इसतरे कहाकि "जो सिद्धान्तवगैरेकीटीका आपवणाओगा, उणसर्वटीकाओंको में शोधुंगा, और लिखुंगा" और अणहिलपुरपाटणमें रहेतां पूज्यश्रीनें दोय गृहस्थोंकों प्रतिबोधकर सम्यक्तसहितबारेव्रतधारि करेथे, वेदोनुं श्रावक समाधिसें श्रावकपणा पालकर, देवलोक गये, देवलोकसें वह दोनुंदेव श्रीतीर्थंकरकों वन्दना करणेके लिये महाविदेहक्षेत्रमें गये, श्रीसीमंधरस्वामि श्रीयुगंधरस्वामिकों नमस्कारकरा, धर्म सुणकर उण दोनुं देवोंनें भगवानकों पूछाकि हमारा धर्माचार्य धर्मगुरु श्रीअभयदेवसूरिजी कितनेभवमें मोक्षजावेगा, तब अर्हंतभगवाननें कहा, तीसरे भवमें तुमारा धर्माचार्य मोक्षजावेगा, यहसुणकर हरखसें जिणोका शरीर विकस्वरमान हूवा, और जिणोकी रोमराजि विकसितहूइ, ऐसे वह दोनुं देव अपणे धर्मगुरूजीके पासमे गये, तीर्थंकरकों वांदणेका स्वरूप कहा वादमें वंदना करके जातां उणदेवोनें आगाथा कही, यथा—

भणिअं तित्थयरेहिं, महाविदेहे भवंमि तइयंमि,
तुह्माण चेव गुरुणो, मुक्खेसिग्घंगमिस्सस्सि ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यह गाथा प्रगटार्थ है, आगाथा स्वाध्यायकरति हूई, आचार्य श्रीसंबधि महत्तरापदप्राप्तकरनेवाली मुख्यसाध्वीनें सुणी, वाद्मे उसमुख्यसाध्वीनें उसगाथाकों आचार्यश्रीके सन्मुखआकर सुणाइ, वाद आचार्यश्रीबोले यहअर्थपहिलेहि हमनें जाणा है, और कोइ अवसरमें श्रीपूज्य पालणपुरपधारे, वहांपर आचार्य संबंधि भक्तश्रावकहैं, उणश्रावकोंका जहाज समुद्रके अंदर व्यापारके लिये चलेहैं, वे जहाज क्रयाणोसेंभरके भेजे हूवेहैं, उणक्रयाणोंसें भरेहूवे जहाज उणोंके समुद्रके भीतर मार्गमें चालतांथकां इसतरे वात सुणनेमें आइ कि क्रयाणोंसें भरेहूवे जहाज थे सो समुद्रकेभीतरडूबगये, वादमें श्रावक उसबातकों सुणकर, बहुतहि जादा अपणे मनमे उदास हूवे, वह श्रावक श्रीअभयदेव सूरिजीके याद करणेके साथहि उपाश्रयमे आये, आचार्य श्रीकों वंदना करी, वादमें उण श्रावकोंको आचार्य श्रीने पूछाकि, हे धर्मशील श्रावको आज तुमको वंदना करणेमें देरी केसे हूइ, याने किस कारणसें आज तुमलोक वंदना करणेकों मोडे आये, उण श्रावकोंने कहा, हेभगवन् किसिकारणकरके हमारा मोडा आणाहूवा, पूज्यपाद आचार्यश्रीनें कहा । क्या कारणहै, तब श्रावकोंनें कहा, हे भगवान् समुद्रके अंदर जहाजोंका डूबना सुणकर हमलोक दुखी हुवे है, इस कारणसें हमलोक वंदनाके वक्तपर नहिं आसके, यहवातसुणनेंके वादमें, क्षणमात्रअपनेमनमें ध्यानधरके आचार्यश्रीनें कहा, हे श्रावको इसविषयमें तुमारे दुख करणा नहिं श्रीगुरुदेवके प्रभावसें अछाहोवेगा, इसतरे श्रेष्ठभावार्थकों कहेनेंवालेहि सत्पुरुषहोवेहै, यहसुणकर श्रावक हर्षितहूवे,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उतनें दूसरे दिनमें खबर लानेंवाला मनुष्य उसनें वहां आकर इस-तरे खबर दीवी, के तुमारे जहाज क्षेमकुशलसें समुद्रकों उलंघकर तटपर आये है, वादमें यह वात सुणके, सत्यकरके पवित्र श्रीगु-रुमहाराजके वचनोंपर उत्पन्न हूवाहै विश्वासजिणोंकों ऐसे उण श्रावकोंनें सर्वपरिवारसहित श्रीगुरुमहाराजके पास आकर विधिपूर्वक वंदना नमस्कार करके विनय सहित हाथ जोडके इस-तरे श्रीगुरुमहाराजसें बोले, कि हेभगवन् जहाजोमे आये हूवे क्रयाणोंसें जितनालाभ होवेगा, उसका आधाहिस्सा हमलोक सिद्धान्त पुस्तकोंके लिखाणेमें लगावेंगे, वादमें आचार्यश्रीनें प्रशं-सा करी, अहो श्रावको तुमलोक धन्यहो, जिणोंका मुक्तिस्त्रीके कंठका स्पर्शकरणेमें हेतुभूत इसतरेका परिणाम है, यतः-

इह किल कलिकाले चंडपाखंडिकीर्णे,
व्यपगतजिनचंद्रे केवलज्ञानहीने,
कथमिव तनुभाजां संभवेद्वस्तुतत्वा-
वगम इह यदि स्यान्नागमः श्रीजिनानां ॥ १ ॥

भावार्थ-प्रचंड पाखंडियोंसें व्याप्त इस कलियुगमें निश्चय सर्वज्ञ-रूपी चंद्रमाके अस्त होनेपर और केवलज्ञानके विछेद होनेपर इहां-पर जो श्रीतीर्थंकरप्रणीत सिद्धान्त नहिं होते तो मनुष्योंकों वस्तु-तत्वका बोध केसे होता ॥ १ ॥

जिनमतविषयाणां पुस्तकानां स्ववित्तै-
रतिशयरुचिराणां लेखनं कारयेद्यः ॥
प्रथयति महिमानं वस्त्रपूजादिरम्यं,
सुगुरु समय भक्तिर्मानवो माननीयः ॥ २ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भावार्थः—जो पुरुष आद्यंत मनोहर ऐसे जैनधर्मसंबंधि पुस्तकोंका लिखाणा अपणे धनसें करावे है और वस्त्र पूजादिकसें मनोहर ऐसा महिमा विस्तारे है, वह सद्गुरू और सिद्धान्तकी भक्ति करणेवाला मनुष्य जगतमें मानणे योग्य होवे है ॥ २ ॥

सकलभरतनाथा यद्भवंतीह केचित्,
त्रिदशपतिपदं यद्दुर्लभं मानयंति,
यदपिच गुरुदुर्गग्रंथगर्भं विदन्ति,
स्फुरितमखिलमेतत्तत्कृताराधनस्य ॥ ३ ॥

भावार्थः—इहां जो कोइ समस्तभरतक्षेत्रका राजा याने चक्रवर्त्ति होवे है और कितनेक इन्द्रपणो पावे है और कितनेक बहुतहि जादा कठिन ग्रंथोंके तत्वको जाणते हैं इये सर्व सिद्धान्तकी आराधना करणेवाले मनुष्यको फलप्राप्ति होवे है ॥ ३ ॥ इत्यादि देशना करके बहुतहि जादा उत्साहको प्राप्त हुवे, ऐसे उण श्रावकोंनें श्रीअभयदेवसूरिरचितअनेकसिद्धान्तकीवृत्तियांवगेरेके बहुत पुस्तक लिखवाये और प्रसिद्धिमें लाये और लिखवाके ठिकाणे ठिकाणे भंडार कराये.

वादमें औरभि उसस्थानसें पूज्यअभयदेवसूरिजी विहार क्रमसें आकर अणहिल पुंरपाटणकों अलंकृत करा, निश्चय यह मी पूज्यपाद आचार्यश्रीजी कुशाग्रबुद्धिवाले सर्वसिद्धान्तपारंगामी सुविहितचक्रवर्त्ती युगप्रवर युगप्रचरागम संविग्नसाधुवोंके समूहमें शिरोमणी पुण्यपात्र इत्यादि अनेक प्रकारसें सर्वत्र पृथ्वीमंडलमें प्रसिद्धिकों प्राप्तभये, उधरसें उससमय आसिकानामकीनगरीमें रहेनेवाले चैत्यवासी कूर्चपुरीय गच्छके श्रीजिनेश्वरसूरिहोतेभये,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वहां जो श्रावकोंके लडके हैं वे सर्वहि उस आचार्यके मठमें भणतें हैं, वहां सर्व विद्यार्थीयोंमें जिनवल्लभ नामका श्रावकका लडका है, उसका पिता परलोक गयाहै, उस लडकेकों उसकी माता निरन्तर सुखसें पालती है, यह लडका जब पडने योग्यभया तब उसकी माताने जिनेश्वराचार्यके मठमें पढणेके लिये भेजा, सर्व विद्यार्थीयोंसें अधिक पाठ उस जिनवल्लभकों याद होवे, अब कोइ एक दिनके समय नगरके बाहिर शौचादिकके निमित्त जातां, उस जिनवल्लभकों एक टीपना मिला उसटीपनेमें दो विद्या लिखि भई है, एक तो सर्प्पआकर्षणी दूसरी सर्प्पमोचनी, बादमें दोनों विद्याको कंठ करके, जितने पहिली विद्याको अजमाणेके लिये पढि, उतने फणोंके समूहसें भयंकर फूत्कार करते हूवे अत्यंतचपलमुखसें बाहिर निकाली दो जिह्वा जिनोंनें चलते हूवे लालनेत्र जिनोंके ऐसे दशदिशाओंसें विद्याके प्रभावसें खेंचे हूवे आते हुवे बडे बडे सर्प्पोंकों देखे, निर्भय मनवाला उस जिनवल्लभने अपने मनमे विचारकराकि निश्चयआविद्या प्रभावसहित है, ऐसा विचारके, फेर दूसरी विद्याका उच्चारणकरा, उस दूसरी विद्याके प्रभावकर सर्व सर्प पीछा अपना मुखफोरके जाने लगे, यह सर्ववृत्तांत सहरमेरहेहूवे जिनेश्वराचार्यनें सुणा, अपणे मनमे जाणा और निश्चयकरा कि यह लडका सात्विकहै विशेष पुण्यवान है यह गुणपात्र है इस लिये अपने वसमें करणा युक्त है इसतरे विचारके बादमें दाख खज्जूर घेवर मालपूआ मखाणा लाडु वगेरे अनेक सारपदार्थ देनेपूर्वक आचार्यनें उस जिनवल्लभकुं अपने वशकरके बादमें उस जिनवल्लभकी माताकों

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मीठे कोमलवचनोंकर प्रतिबोध करा, और यह तेरा पुत्र विशेष विद्वान्है विशेषप्रतिभा सहितहै विशेषसत्ववान्है, ज्यादा कहनेसें क्या प्रयोजन है, यह जिनवल्लभ आचार्यपद योग्य है तिस कारणसें इस जिनवल्लभकुं हमकों देदें यह धर्मसंबंधि देरासर मठ वगेरे सर्व तेरा है, तेरा और दूसरोंका विस्तार करनेवाला होगा, इस अर्थमें अन्यथा कुछ कहना नहिं, अर्थात् नाकारा वगेरे करना नहिं, ऐसा कहके पांचसें रुपिया जिनवल्लभकी माताके हाथमे देके, शीघ्र जिनवल्लभकुं दीक्षा दी, जिनवल्लभको दीक्षा देके, जिनवल्लभकुं जिनेश्वराचार्यजीनें सर्व व्याकरण छन्द अलंकार नाटक ग्रहगणित वगेरे निरवद्य विद्या भणाई, और जिनवल्लनेभी थोडी मुदतमे अपनी बुद्धिके बलसें सर्व न्यायसाहित्य ज्योतिष वैद्यक वगेरेपर सिद्धान्त रहस्यरूप सर्व विद्या ग्रहण करी,

कभी उस जिनेश्वराचार्यके गाम वगेरे जानेका प्रयोजन उत्पन्न हूवा, तब गामको जाते हूवे आचार्यनें पंडित जिनवल्लभकों कहा कि में गाम जाकर पीछा आवुं उतनें मठ देराशर ग्राम ग्रासवाडी वगेरे सबकी चिंता तेरे करणी, जितने कार्य करके में आऊं, इतने कहेनेपर विनयसें मस्तक नमाकर जिनवल्लभने कहा जेसी पूज्योंकी आज्ञा है वैसाहि करुंगा, आप साहिब परमपूज्योंको कार्य करके पीछा जलदि आना, इतना कहेनेपर यह जिनेश्वराचार्य ग्रामान्तर गया, बादमें दूसरे दिनमें जिनवल्लभनें विचारा कि जो यह भंडारके अन्दर पुस्तकोंसें भरीभइ पेटी देखनेमें आवे है तो इन पुस्तकोंमें क्या लिखा है में देखुं कारण कि जिस्सें सर्वकार्य मेरे आधीन हूवा है,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ऐसा विचारकर, जिनवल्लभनें एक पुस्तककों खोला, वह पुस्तक सिद्धान्तसंबंधि है, उसपुस्तकमें यहलिखा हुवा देखा, साधु मुनिराजोंकों भ्रमरकी तरह गृहस्थोंके घरोंसें बयालीश दोषरहित आहार लेनेकर संजम निर्वाहके वास्ते शरीरकी रक्षा करणी, सचित्त पुष्पफल वगेरे हाथसेंभी स्पर्शना नहिं कल्पे, तो खाणा तो नहिंज कल्पे, और मुनियोंको चतुर्मासकसिवाय एक मास उपरांत एक ठिकाने नियत रहेना नहिं कल्पे, इत्यादि साध्वाचारसंबंधि विचारोंकों देखकर, पंडित जिनवल्लभ अपने मनमें आश्चर्यसहित भया विचार करने लगा कि अहो इति आश्चर्य, दूसराहि वह कोइ व्रताचार है, जिसकर मुक्तिमें जाया जाय है, उस्सें विरुद्ध यह हमारा आचार है, प्रगट जाणा जाता है कि इस आचारकर दुर्गतिरूप गर्त्तामें पडता कोइभी आधार नहिं होगा, ऐसा मनमें विचार करके, गंभीर वृत्तिकर पुस्तकवगेरेकुं जेसे पहिलेरखे थे वैसाहि पीछा रखकरके, गुरुमहाराजकी कहीहूई मर्यादाप्रमाणे सर्व व्यवस्था संभालता हूवा रहा, वादमें आचार्य कितने दिनोंके अनंतर अपनाकार्यकरके अपनेस्थानपर पीछाआया, और सर्व व्यवस्था बरोबर देखके, आचार्य अपने मनमें विचार करा कि कोइभी वस्तुकी हानि तो नहिं हूइ, जितनी जिनवल्लभने मठवाडी मंदिर द्रव्यसमूह भंडार वगेरे सर्व वस्तुजात इसके आधीन कीगइ थी उसमेसें जबतक जिनवल्लभने संभाला तबतक किसीभी वस्तुकी हानि नहिं हूइ, तिसकारणसें यह जिनवल्लभ सर्वस्व संभालनेमे समर्थ है सर्वका निर्वाहकरणेवाला है, अतः योग्य है, जैसा विचारा है वैसाहि निश्चययहजिनवल्लभहोवेगा, परन्तु

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जैनसिद्धान्तविना शेष सर्वहि तर्क अलंकार ज्योतिष वगेरे विद्या इस जिनवल्लभनें भणी है ऐसा जिनेश्वराचार्यनें विचारा और यथा-वस्थितसंपूर्ण जैनसिद्धान्त इस वक्तमें वर्त्तमानकालकी अपेक्षा श्रीअभयदेवसूरिजीके पासहै, ऐसा सुणतेंहै, उससर्वजैनसिद्धा-न्तकी वाचनालेनेके वास्ते श्रीअभयदेवसूरिजीके पासमें जिन-वल्लभकुं भेजुं"

जैन सिद्धान्तोंकी बाचना ग्रहणकीयोंके वाद सर्वविद्यारूपी स्त्रीका भर्त्तार पंडित जिनवल्लभकों अपणे पदमें स्थापनकरुंगा, ऐसा विचारकर और वाचनाचार्यकापद देके, चिंतारहितहुवा थका भोजनादिकयुक्ति विचारके, जिनशेखर नामका दूसरा शिष्य वैयावच्च करनेके लिये साथमें देकर, श्रीजिनवल्लभकुं श्रीअ-भयदेवसूरिजीके पासमें भेजा, वाद स्वस्थानसें अणहिलपुरपाटण जातां मरुकोटमे रात्रि रहै, वहां मरुकोटमें माणानामका श्राव-कनें कारित जिनभवनकी प्रतिष्ठा करी, वाद अणहिलपुरपाटण प्रहुचे, वहां श्रीअभयदेवसूरिसंबंधी वसती (उपासरा) पूछकर अन्दर प्रवेश करा, तब वसतीके अन्दरस्तीर्थंकरसमान भगवान् श्रीअभयदेवसूरिजीकों देखे, कैसे हैं वहश्रीअभयदेवसूरिभगवान् विशिष्ट सिद्धान्तकी वाचनाके अर्थी पासमें बेठें हूवे है बहुत आचार्य जिनोंके ऐसे और अपणीवाणीके वैभवकरके तिरस्कारकरा है देवाचार्यका जिणोंने ऐसे साक्षात् तीर्थंकरके समान श्रीअभयदेव-सूरिजीकों भक्तिके वससै उलसायमानहै सर्वरोमराजिरूपकी कंचुकिका पेंहेरनेकावस्त्रविशेष उस्सें युक्त है शरीररूपी लता जिसकी ऐसा जिनवल्लभनें भक्तिबहुमान पुरस्सर विधिपूर्वक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वंदना नमस्कार किया, वादमें श्रीगुरुमहाराजने देखणे मात्रसें हि जाणा कि यह योग्य है, और दर्पणकी तरे विशेषशुद्ध हैं अंतकरण जिसका ऐसा, यहकोइपुरुषरत्नदेखणेमें आवेहै, ऐसा देखणेसेंहि श्रीअभयदेवसूरिजीनें विचारके मधुरवाणीसे पूछा कि कहांसें आयें है, और तुमारे आणेका क्या प्रयोजन है, वादमें दोनो हस्तकमलोंकों जोडकर श्रीअभयदेवसूरिजी भगवानके दर्शनसें उत्पन्न हूवा जो उपमारहितबहूमानजलसमूहसें छोयाहै अन्तःकरणसंबंधि मेलजिसनें ऐसा, और वचनरूपीजलसें मानकरा हूवा जो अमृतसेंबनाहूवाचन्द्रकेजैसागणिजिनवल्लभनें कहा कि हे भगवन् अपणीअखंडशोभाकेसमूहसेंयुक्त ऐसी अपणी आसिकानामकनगरीसें में आयाहूं, और भ्रमरकों भ्रमकरणेवाला जो आपके मुखकमलमें लगा हूवा सिद्धान्तरस पीणेकी बुद्धिवाला मेरेकों मेरेगुरुमहाराजश्रीजिनेश्वरसूरिजीने श्रीमती आसिकानगरीसें सर्वलोकोंका मनोवांछित पूरणकरणेमें कल्पवृक्षके समान आपसाहिबके पासमें श्रीजैनसिद्धान्तोंकी वाचना ग्रहणकरणेके लिये भेजा है, मेरे आणेका यह प्रयोजन है, इसलिये आपश्रीके पास सर्व जैनसिद्धान्तोंकी रहस्यसहितवाचना लेणेकी मेरी इच्छा है वादमें पूज्यपादश्रीअभयदेवसूरिजीनें विचारा कि

कालंमि आगए विऊ, अपत्तं च
नवाइज्जा पत्तंचनावमाणए ॥ १ ॥

अर्थ—विद्वान् गीतार्थ सुविहित आचार्य व्यवहारसूत्रादिकमे कहा हूवा काल होनेपर भी योग तप उपधानादिक करणे पर भी सिद्धान्तकी रहस्यसहित वाचना अयोग्य कुपात्र विगई प्रतिबद्धादि-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कोंको नहिं देवे, और योग्यपात्रगुरुभक्त श्रद्धा विनय बहुमानादिकसहित सर्वव्यवहारिकविद्यासंपन्न रहस्यसहितपरसिद्धान्तका जाणकार सुशिष्य मिलनेपर कालयोगादिकविनाभी विद्वान् गीतार्थ सुविहत आचार्य श्रीसिद्धान्तकी रहस्यसहित वाचना देवे, योग्यसुशिष्यका वाचनादि नहिं देणेकर कदापि अपमान नहिं करे' ॥ १ ॥

गुरुक्रमायात संप्रदायसें, ऐसा विचारकर श्रीअभयदेवसूरिजी महाराजनें कहा, तुमने बहुतहि श्रेष्ठ विचार किया है, और जो इहां पर सिद्धान्तकीवाचनाके अभिप्रायकर तुमारा आणा हूवा है, इसलिये प्रधानदिनमें वाचना देवेगे ऐसाकहकर प्रधानदिनमें वाचना देणी सरुकरी, जैसे जैसे सुगुरुसिद्धान्तकी वाचना देवे वैसा वैसा हरखितचित्तवालाहूवाथका सुशिष्य अमृतकीतरे सिद्धान्त वाचनाका पानकरे, अर्थात् स्वादलेवे, हरखसें विकस्वरमान कमलसदृश उसको वैसा योग्यशिष्यदेखकर, श्रीगुरुमहाराजभी संतोषकी पुष्टिसें वाचनादेनेंमेंद्विगुणउत्साहसहित हूवे, बहूत कहेणेसें क्या प्रयोजन है, वहवह जणाणेकीबुद्धिकर श्रीपूज्यपादनें उस जिनवल्लभकों वाचना देणेके लिये प्रवृत्ति करी, जैसे थोडे हि कालमें सिद्धान्त वाचना पूरीहूइ, तथा श्रीगुरुमहाराजके एक पूर्वपरिचितमित्र ज्योतिषीथा, उसनें श्रीगुरुमहाजकों कहाथा कि जो आपके कोई योग्यशिष्य होवे, तब उस शिष्यको मेरेको सोंपणा, जिस्सें उस शिष्यको समग्र ज्योतिष समर्प्पण करुंगा इसलिये श्रीसिद्धान्तोंकी वाचनापूर्ण होनेपर पूज्यश्रीने श्रीजिनवल्लभगणिको ज्योतिषीकों सोंपें उसज्योतिषिनेभी जि-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नवल्लभगणिके लिये सर्वज्योतिषविद्या परिज्ञानसहित अर्थात् रहस्यसहितदीवी, इसतरे सिद्धान्तवाचनावगेरे ग्रहण पूर्वक श्रेष्ठ अनुष्ठानवर्द्धमानपरिणामसें श्रीसिद्धान्तोक्त क्रिया करता हूवा, और अछीतरेप्राप्तकियाहैस्फूर्त्तिमानज्योतिषजिसने ऐसा, जिनवल्लभगणि अपणे गुरुमहाराजके पासमे जानेके लिये आचार्य श्रीका आज्ञा वचन चाहता है इस अवसरमे पूज्यपाद श्रीअभयदेवसूरिजीनें कहा, हेवत्स सिद्धान्तोक्तसाध्वाचारसर्वतुमने जाणा है इसलिये सिद्धान्तानुसार हि क्रियाउद्धारविधिकरके जैसे इस समय वर्त्तते हो वैसाहि करणा, वादमे श्रीजिनवल्लभगणिनें श्रीअभयदेवसूरिजीके चरणोंमे नमस्कार करके कहा जैसे श्रीपूज्यपादों कि आज्ञा है, वैसाहि निश्चयवर्तूंगा, औरप्रधानदिनमें आचार्यश्रीके पाससें चला और जिसमार्गसें आया उसी मार्गकरके फेर मरुकोटमें पहुचा, और श्रीगुरुजीके पास जातिसमयसिद्धान्तअनुसार मंदिरमें विधिलिखि, जिस विधिकरके अविधि मंदिर भी मोक्षका साधन विधि चैत्य होवे, वह यह इहांपर उत्सूत्रलोकक्रम है,

नच नच स्नात्रं रजन्यां सदा साधूनां ममताश्रयो,
नच नच स्त्रीप्रवेशो निशि जातिज्ञातिकदाग्रहो,
नच नच श्राद्धेषु ताम्बूलमित्याज्ञाऽत्रेयमनिश्रिते
विधिकृते श्रीजैनचैत्यालये ॥ १ ॥

अर्थः–इहां निश्रारहित विधिसें बना हूवा इस श्रीजैनमन्दिरमें यह आज्ञा है कि निरंतर रात्रिमें स्नात्रपूजा शान्तिकपूजा शान्तिस्नात्र अष्टोत्तरी पंचकल्याणकपूजा महोत्सव अंजनशलाका मन्दिर-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिष्ठा वेदीप्रतिष्ठा मूर्त्तिप्रतिष्ठा बलिकरणा दर्शनकरणा पूजा करणी नाटक गान भावनादिक नहिंजकरणा, साधुवोंके ममत्वका स्थान भी वह जिनमन्दिर नहिं है, रात्रिमें स्त्रियोंका प्रवेश भी नहिं है, पिता माता पुत्र पौत्र वगेरे घरसंबंधि पंचायति जातिकदाग्रह कहा जावे है, सासु शुसरा वगेरे ज्ञातिकी पंचायति ज्ञातिकदाग्रह कहाजावे है यह जातिकदाग्रह और ज्ञातिकदाग्रह भी जिस जैनमंदिरमे नहिं होवे है

और जैनमंदिरमें पुरुषोंके स्त्रियोंका संघट्टा (स्पर्श) पूजा प्रभावना वगेरे धर्मकार्य रात्रिमें नहिं होवे रागादि हेतु होणेसें, श्रावकोंको ताम्बूलका देना और ताम्बूल लेना और ताम्बूल वगेरेका खाना नहिं होवे है

और निरंतर रात्रिमें पुरुषोंका प्रवेश विधि चैत्यमें नहिं होवे और तरुण स्त्री मूलनायक प्रतिमाकी पूजा नहिं करे, और १० और ८४ आशातना टालनेपूर्वक पांच अभिगमनसाचवणेपूर्वक दिवसमें शास्त्रनियमानुसार सर्वसंघ इस विधि चैत्यमें पूजा सामायिक व्याख्यान प्रभावना वगेरे यथायोग्य धर्मकार्य कर सक्ते है ॥ १ ॥ इत्यादि विधि इस जैनमंदिरमें करणा उचित है, जिस्सें सर्व चैत्यवंदनादि अनुष्ठान करा हूवा मुक्तिके लिये होवे, वादमे यह जिनवल्लभगणि वहांसें अपणे गुरुमहाराजके पास जाणेके लिये प्रवृत्तमान हूवे क्रमसें चलते हूवे माइयड ग्राममें पहूंचे, आसिका नगरीगढसें तीनकोश उरली तर्फरहे, अर्थात् नगरीमें नहिं गये तीन कोश दूर रहै, उसी ग्राममें श्रीगुरुमहाराजसें मिलणेके लिये एक मनुष्यकों भेजा, उस पुरुषके हाथमें लेख

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लिखकर दिया, उस लेखका यह भावार्थ है कि—यथा आपकी दयासें अपणे गुरुमहाराजके पासमें सर्वसिद्धान्तसंबंधि वाचना लेकर माइयड गाममें में आयाहूं, पूज्योंको मेरेपर प्रसाद करके इहांपर हि मेरेकों मिलणा, वादमें गुरुश्रीनें जाणा कि क्या कारण है जिस्सें जिनवल्लभगणिनें इसतरे पुरुषके साथ संदेसा भेजा है, और वह जिनवल्लभगणि खुद इहां पर नहिं आया, इसलिये जाणा जाता है कि इहां कोइ जरूर कारण है, इसतरे विचारके दूसरे दिन सर्व लोकोंके साथ आचार्य सामनें आया, जिनवल्लभगणि सामनें गया गुरु श्रीको नमस्कार करा गुरु श्रीने कुशलवृतान्त पुछा और जिनवल्लभ गणियें यथार्थ सर्व बात कही, और ब्राह्मण वगेरे लोकोंके समाधाननिमित्त ज्योतिषके बलसैं कितनाक भूतभविष्यत्वर्तमानसंबंधि मेघवगेरेका स्वरूप इस प्रकारसें कहा कि जिस मेघादिस्वरूपको श्रवण करके गुरुकोभी आश्चर्य हूवा, भूतपूर्वकस्तद्वदुपचार, इति न्यायाद् गुरोरित्युक्तं, भूतकालका वर्तमानमें उपचारकरणेसें गुरुको भी आश्चर्य हूवा इत्यादि कहा, वादमें गुरुनें पुछा कि हे जिनवल्लभ तुं अपणे मठमें क्युं नहिं आया, वादजिनवल्लभ गणिने कहा, हे भगवन् श्रीसुगुरुके मुखसें जिनवचनरूपी अमृतको पीके, इस समय किसतरे दुर्गतिरूप कारागारमें अपणे आत्माके सघनबन्धनसदृश और विषवृक्षके सदृश चैत्यवासकुं सेवणेकी इच्छा करुं, वादमें गुरुनें कहा हे जिन-वल्लभ मैनें यहविचारा था कि जो तेरेकों अपणा पददेके तेरे खंधपर अपणे गच्छसंबंधि मन्दिर श्रावक वगेरेका भार रखके, पीछे में सद्गुरुके पासमें वसतिमार्गअंगीकारकरुंगा, वादमें जिन-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वल्लभ गणिने विकस्वरमान मुखकमलकरके कहा, हे भगवन् यह आपका कहेना बहुत हि उचित है,

और विवेकका यह हि फल है जो हेय पापादिक वस्तु है उसका त्याग करणा उपादेय अंगीकार करणे योग्य तप संजमादि जो अंगीकारकरणेमें आवे तो श्रेय है,

और यह शुभमार्ग अंगीकार करणेकी आपकी तीव्रतर इच्छा है तो अपणें साथ हि सुगुरुके पासमें चले, यह प्रत्युत्तर सुणके गुरुनें इसके सामने निश्वासा नांखके कहा कि गच्छादिव्यवस्था कियां विना हि चारित्र अंगीकारणा, हे वत्स, ऐसी निस्पृहता हमारी नहिं है, जिस निस्पृहताकरके गच्छादि चिंता करणेमें समर्थपुरुष विना स्वगच्छ मन्दिर वाडी वगेरेकी चिंता छोडके सुगुरुके पासमें वसतिवास हम अंगीकार करें, इसलिये अवश्य वसतिवास तुमकोहि अंगीकार करना, यह आज्ञावचनश्रवण करके श्रीजिनवल्लभगणिजीनें कहा, हे भगवन् ऐसा हि होवो, वादमें गुरु पीछा पलटके आसिकानगरीमे पहुंचा, वाद में श्रीजिनवल्लभगणि भी भूतपूर्वगुरुकीआज्ञासें श्रीअणहिल पुर पाटणकी तर्फ विहारकिया, और क्रमसें विहार करते हूवे वाचनाचार्य श्रीजिनवल्लभगणि अणहिलपुरपाटणपधारे और श्रीमान् पूज्यपाद अभयदेवसूरिजीके चरणकमलोंमें बहुत हि आदरसें विधिपूर्वकवन्दनाकरनेपूर्वक दोनुंचरणकमलोंको स्पर्शकर अपणे जन्मको सफलकरा, तब श्रीमान्अभयदेवसूरिजीको आपणे मनमें पूर्णसमाधान याने पूर्णविश्वास, उत्पन्न हूवा और विचारा कि जैसे इसकी हमनें परीक्षा करी, वैसाहि यह हूवा,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वादमें श्रीमान्अभयदेवसूरिजी अपणे मनमें जाणते हूवे भी किसीकोभी कहें नहिं, और उस समय आपणे मनमें विचारते हूवे कि यह जिनवल्लभगणि हि हमारे पद योग्यहै, परंतु चैत्य-वासी आचार्यका शिष्य है, इसलिये गच्छके संमत नहिं होगा यह विचारके गच्छस्थितिवास्ते गच्छधारक श्रीवर्द्धमानसूरिजीको अपणे पट्टमें स्थापे, और श्रीजिनवल्लभगणिजीको श्रीमान् अभयदेव-सूरिजीनें अपणे संबंधि उपसंपद दीवी, अर्थात् अपणे शिष्यत्वपणे स्वीकार करणेपूर्वक वेषचारित्र श्रुतस्वाम्नाय योगादिक सातिशय ज्योतिष गुप्तरहस्य वगेरे सर्व प्रकारकी उपसम्पद अपणे नामसें अपणे हाथसें दीया और सूरिमन्त्राम्नाय गुप्तरहस्य और गणि वाचनाचार्य आदि पदवी और बहुमानपूर्वक सर्वगुणकलापरिपूर्ण भावसें अपणा मुख्य शिष्य पट्टयोग्य समजकर किसी प्रकारका अन्तरभाव नहिं रखकर योग्यगुणपात्र बनाये, और गुणरत्न सत्व-समूहके आधारभूत क्रमसें भये, और गच्छके कारणसें उसतरे होने-परभी अवसरकी अपेक्षा करते हूवे, कालक्षेप करा और आचार्यश्री मनमें विचारें कि योग्य अवसर आवे तो वाचनाचार्य श्रीजिन-वल्लभगणिकों मुख्याचार्य पद देनेमें आवे, इस तरे विचार करते रहै, वादमें अपणा स्वल्पायु होनेसें और योग्य अवसर नहिं आणेसें अपणे हाथसें मुख्याचार्य पद नहिं दे सके सामान्य तरिके गच्छस्थितिनिर्वाहके लिये अपणे पदमें श्रीवर्द्धमानसूरिजीको मुकरर करके श्रीमान् अभयदेवसूरिजी अपणे हाथसें वेषश्रुत चारित्ररूप उपसम्पद देके कहा कि—आजसें लेके हमारी आज्ञामें रहेना, सर्वत्र हमारी आज्ञासें हि तुमको प्रवर्त्तना, ऐसा कहा, और

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एकान्तमें श्रीजिनप्रसन्नचन्द्रसूरिजीको कहा, मेरे पट्टमे श्रेष्ठलग्नमें श्रीजिनवल्लभगणिको स्थापणा, इसतरे मुक्तिनगरकी साक्षात् सोपानपंक्ति होवे वैसी श्रीनवांगवृत्तिका भव्य लोकोंको उपदेश दे के, सिद्धान्तमें कहे हूवे, विधिसें अणशणआराधना संलेखना करके समाधिसें पंचपरमेष्टीनमस्कारका स्मरण करते हूवे श्रीमान् अभयदेवसूरिजी वि० सं० ११६७ में कवडवंजनगरमें स्वर्गनिवासी हूवे, और श्रीप्रसन्नचन्द्रसूरिजीकोंभी श्रीअभयदेवसूरिजीके पट्टमें मुख्याचार्यपद कहेप्रमाणे देनेका अवसरनहिं मिला, वादमें श्रीजिनप्रसन्नचन्द्रसूरिजीनेंभी अपणें आयुके अन्तसमय श्रीदेवभद्रसूरिजीको वीनति करी, यह पूर्वोक्त सुगुरुका उपदेश आपको अवश्यहि सफल करणा, वह सुगुरुका उपदेश करणेकुं में समर्थ नहिं हूवा हूं, तब श्रीदेवभद्रसूरिजीनेंश्रीप्रसन्नचन्द्रसूरिजीका वचनअंगीकारकरा, वर्त्तमानयोगकरके इसतरे हि करेंगें, आपको मनमें समाधिरखना, किसीतरेकीचिंताकरणीनहिं, इसतरे प्रसन्नचन्द्रसूरिजीकों श्रीदेवभद्रसूरिजीनेंकहा, और श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यभी कितनाकालपर्यंत श्रीअणहिलपुरपाटनभूमिमें विचरके, इहां गुजरातदेशमें किसीकोभी वैसा विशेष बोध करणेकुं नहिं समर्थ होवें हैं, जिस्सें मनमें समाधान उत्पन्न होवे, ऐसा मनमें विचारके, तीनठाणासें आगमविधि करके और श्रेष्ठशकुन करके भव्य जनमनरूपी क्षेत्रभूमिकामें भगवानकी कहीहुई विधिकरके धर्मबीजबाणेके लिये, श्रीमेवाड आदि देशोंमें विहार करते हूवे, उस वक्त मेवाडआदि सबहि देश प्रायेंकर चैत्यवासीआचार्योंकरके व्याप्तथें, वहां सब हि लोक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चैत्यवासी आचार्यों करके वासितवर्त्ते है, किंबहुना, वैसा-देशान्तरमें रहे हुवे, अनेकगामनगरादिकोंमें विहारकरतेहूवे, चितोडपर्वतके किलेमें पहोचे, परन्तु चितोडनगरसंबंधि सबहि लोक क्षुद्र चैत्यवासीयों करके भावितहै, तोभी अयुक्त उपसर्ग-परिसहादिक कुछभी करणेकुं नहिं समर्थभये, श्रीअणहिलपुर पाटणमें विचरते हूवे श्रीगुरूमहाराजकी बहुतहि बडी प्रसिद्धिकीर्त्ति प्रभाव सुणनेसेंहि हतप्रभाव हूवे, बल पराक्रम धैर्यादिक जिणोंका नष्ट हूवा, इसलिये कुछभी अयुक्तव्यवहारकरणेके लिये समर्थ नहिं हूवे, वादमें वाचनाचार्य श्रीजिनवल्लभगणिजीनें वहां चितोड-नगरीका लोकोंके पासमें रहेणेके लिये स्थान मांगा, तब चितोड-नगरीके श्रावकोंनें कहा हे भगवन् इहांपर रहणेके लिये कोइ स्थान नहिं हैं परंतु एकचंडिकादेवीका मठ है, जो वहां आप रहोतो हाजरहै, तब वाचनाचार्यश्रीजिनवल्लभगणिजीनें शुद्धज्ञानो-पयोगसें जाणाकि, दुष्टआशयसें यहकहेतेंहैं, तथापि वहां रहेणेसेभी श्रीदेवगुरुके प्रसादसें कल्याणहोगा, यह विचारके उण श्रावकोंसें कहा, तुमारी आज्ञा होवे तो वहां चंडिकादेवीके मठमें हमरहैं, यह सुणकर उण क्षुद्राशयवाले श्रावकोंनें कहा कि–हमारे अतिशय कर सम्मत है, आप चंडिकादेवीके मठमें रहो, तब वाचनाचार्य श्रीजिनवल्लभगणिजी श्रीदेवगुरूका अछी तरह स्मरण करके श्रीचंडिकादेवीकी स्तुति प्रदान पूर्वक अवग्रहलेके, चंडिकादेवीके मठमें रहे, श्रीमतीचंडिकादेवी वाचनाचार्य श्रीजिन-वल्लभगणिजीके ज्ञान ध्यान तप संजम वगेरेह सदनुष्ठान करके प्रसन्न हुई दुष्ट प्रयुक्त छल छिद्र मंत्र तंत्र यंत्र वसीकरणादि

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपसर्ग प्रमादरहित उपयोगसहित निरन्तर रक्षा करें, श्रीजिन-वल्लभगणिवाचनाचार्य कैसेसमस्तविद्याके निधानहै सो देखातें है, सर्वसिद्धान्त जाणनेवाले, सूत्रपाठ और अर्थसें, कंठ हैं पाणिनी आदि आठ व्याकरण जिनोंकों, और मेघदूत आदि सर्व महाकाव्य कंठ हैं, रुद्रट उदभट दंडि वामनभामहादि अलंकार ८४ नाटक सर्व ज्योतिष शास्त्र, जयदेवादि सर्व छंद ग्रंथ और जिनेन्द्रमतकी विशेषकरके स्थापना करनेवाले, श्रीसिद्धसेनाचार्य श्रीहरि-भद्राचार्य श्रीअभयदेवाचार्य कृत सम्मति तर्क अनेकान्तजय पताकादि तर्क शास्त्र और ८४ हजार स्याद्वादरतनाकर प्रमाण लक्ष्मा प्रमाणरहस्य शब्दलक्ष्मादि ग्रंथोंकों अपणे नाममुताबिक जाणनेवाले और कन्दली किरणावली न्यायशंकर नंदन कमल-शीलादि परदर्शनसंबंधि तर्कादि शास्त्रोंमें बहुतहि विचक्षण भयेहैं,

इसका यह भावार्थ हूवा कि—इग्यारमी सदीमें बारमी शदीके प्रारंभसमय जो प्राचीन अर्वाचीन स्वदर्शनसंबंधि पंचांगी सहित सर्व जैन सिद्धान्त और स्वदर्शनसंबंधि सर्वव्याकरण न्यायकाव्य कोश छंद साहित्य अलंकार ज्योतिष वैद्यक प्रकरण चरित्र रास कथा चम्पू नाटकादि सर्व शास्त्र अपणे नाम सदृशउपस्थित किये हुवेहै, और परदर्शनसंबंधि अनेकमताश्रित कपिल वैदिक जैमिनी गौतम कणाद बौद्ध शैव वैदांतिक वैष्णवादि मता-श्रित मूलसिद्धान्त रहस्य सहित और अन्यदर्शनसंबंधि सर्व व्याकरण न्याय काव्य कोश छंद साहित्य अलंकार ज्योतिष वैद्यक वेदस्मृति पुराण इतिहास कथा चम्पू नाटकादि गद्य पद्यात्मक सर्वशास्त्र अपणे नाममुताबिक जानते हैं और पुरुषसंबंधि सर्व

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुणकलामें बहुतहि विचक्षण हैं इसलिये चउदहप्रकारकी विद्याके पारंगामी हैं, और उसवक्तमें ऐसा कोइ शास्त्र या गुण कला नहिंथा जो कि श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्य अपणे बुद्धिके बलसें नहिं जाना या नहिं शीखा और सर्वशास्त्र गुणा कलाके भंडार और सर्वविद्याके पारंगामी हुवे और शंकादिदूषणरहित सिडसठसम्यक्तगुणसहितहोनेसें सर्वोत्कृष्टसम्यक्तगुणसें भूषितहै आत्माजिणोंका ऐसे, और स्वसमय परसमयके सर्वप्रकारसें जाणकार होणेसें समयानुसार सर्वोत्कृष्टज्ञानप्रधान चरण करण गुण प्रधान, तप संजम प्रधान, ध्यान प्रधान, समिति गुप्ति प्रधान, क्षमा मार्द्दव आर्यव मुक्ति सत्य शौच अकिंचन ब्रह्मचर्यप्रधान, लाघवप्रधान, सज्झायप्रधान, दानप्रधान, भावप्रधान, योगप्रधान, मन्त्र यन्त्र तंत्रप्रधान, आयुक्त सर्वानुयोग प्रधान, घोरगुणी घोरब्रह्मचर्यवासी घोरतपस्वी, दिप्ततपस्वी तप्ततपस्वी महातपस्वी कुलसम्पन्न जातिसम्पन्न बलसम्पन्न रूपसम्पन्न विनयसम्पन्न गुणसम्पन्न धृतिसम्पन्न संघयणसम्पन्न संस्थानसम्पन्न प्रतिरूपतेजस्वी युगप्रधानागम मधुरवचन गंभीर उपदेशतत्पर अपरिश्रावी सोम्यप्रकृति शान्तगुण संग्रहशील अभिग्रहमति अनेकप्रकारका अभिग्रह करणेवाले, ओर कलहादि नहिं करणेवाले, विकथादि नहिं करणेवाले १८ पापस्थानमें द्रव्य भावसें कहांभि प्रवृत्ति नहिं करणेवाले सत्तावीस मुनिगुणविभूषित पचीस उपाध्यायगुणे विराजमान अकथक अचपल प्रशान्तहृदय इत्यादि सद्भूत गुणशतशः परिकलित और सर्वोत्कृष्ट सम्यक्दर्शन ज्ञान चारित्र तपसंजमवीर्यादिक जिणोंका ऐसे, और श्रीहर्ष भारवि माघ कालिदासादि जो लोकमें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बहुतहि श्रेष्ठ उच्च कोटिके विद्वान और कवि हूवे हैं, वो भी जिणो-के प्रत्यक्ष सन्मुख शिष्यत्व भावकों प्राप्त होवें ऐसे, और विशेषसें इन्द्र शुक्राचार्य सुरगुरु आदिदेवभि श्रुतसमुद्रके विषयमें जिणोंके सामने अल्पबुद्धिवाले होते हैं, और गौतम सुधर्म जम्बुप्रभवादि अवतार, और " **तित्थरसमो सूरि जो सम्मं जिणमयं पया सेइत्ति वचनात्** " तिर्थंकर समान श्रुतसमुद्रके पारंगामी, कलिकालसर्वज्ञ प्राकृतके अंतिम महाकवि इस लिये प्रधान ज्ञान शक्तिसें और महाकवित्व शक्तिसें अर्थात् महाकवित्वकी प्रधान सुगंधिसें, श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्य श्रीचित्रकूट नगरमें सर्वत्र प्रकर्षपणें प्रसिद्ध होते हूवे ' वादमें सर्वपरदर्शनवाले ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र ४ वर्णवाले लोक आणे शरु हूवे, और जिस जिसकुं जिस जिस शास्त्रविषयमें संशय उत्पन्न होवे, वो सबहि लोक उस उस शास्त्रविषयी संदेहकुं विनयसहितभक्तिपूर्वक पूछे श्रीजिनवल्लभगणिभी सूर्यकी तरह सर्वत्र भव्योंके अंतःकरणोंमें विशिष्ट उपदेशद्वारा प्रवेश करके सर्व संदेहरूप अंधकारकुं नाश करते भये, चित्रकूटनगरके श्रावक भी धीरे धीरे थोडे थोडे आणे लगे, वादमें श्रावकोंने सत्यार्थ आगमवाणी सुणके, आगम अनुसारे सत्य क्रिया भी देखके, बहुतसें श्रावकोंनें और अन्यदर्शनवाले ४ वर्णके लोकोंनें अपणें निजगुरुपणें श्रीजिनवल्लभ गणिवाचनाचार्यकों स्वीकारकरे और साधारण सुदर्शन सुमति पल्हक वीरक मानदेव धंधक सोमिलक वीरदेव आदि श्रावकोंनें सादर संतोष विनय बहुमान भक्तिसहित विधिपूर्वक समाधि सम्यक्तसहित निजनिजशक्ति अनुसार अणुव्रत, गुणव्रत, शिक्षाव्रत, रात्रिभोजनविरमणव्रत,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभक्ष अनंतकाय विरमणव्रत सातव्यसनविरमण, श्रावकषट्कर्मनियम, यथाशक्ति आश्रव निरोध नियम, अनेक अभिग्रहकरण, नियम आदिव्रत नियमादिक संतोष पूर्वक ग्रहण किये, और श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यजीकों निजगुरुपणें स्वीकार किये, ॥ १ ॥ और श्रीअभयदेवसूरिजी गुरुमहाराजके सदुपदेश करके श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यजीकोंसातिशायिअतीत अनागतादि ज्ञानसातिशायि ज्योतिष परिज्ञान बहुतहि विशेष था, इसलिये भगवान श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यजीकेपासमें एक साधारण नामक श्रावकनें परिग्रह परिणामव्रत ग्रहण करणेकेलिये प्रवर्तमान हुवा, उतनें गुणगरिष्ठ या गुणविशिष्ठ श्रीजिनवल्लभ गणिवाचनाचार्यजीनें उस श्रावकसें कहा, हे साधारण कितना सर्व परिग्रहका प्रमाण करेगा, तब उस श्रावकनें कहा' हेभगवान मेरे वीशहजार प्रमाणें सर्व परिग्रहका प्रमाण रखणा है, शेष सर्व परिग्रहका त्याग करता हुं, पुत्रकलत्रादिककी गिणतिनहिं, उतनें निर्मलज्ञानदृष्टिवाले श्रीजिनवल्लभसूरिजी बोले कि हेश्रावक परिग्रहप्रमाणबढावो, बाद उस साधारण श्रावकनें परिग्रहप्रमाण बढाकर तीस हजार प्रमाणे करणें लगा, उतने फेर पूज्यश्री बोले, कि हे महानुभाव इससें भी बहुतर विचारो, तब साधारण श्रावकनें कहा, हे स्वामी मेरे घरसंबंधि सर्वसारवस्तुवोंका मोलगिणेपरभी पांचसो (५००) पुरा न होवे, तिसपरभी आप श्रीके वचनसें मेने सर्वपरिग्रह प्रमाण बढाकर ३० हज्जारपर रखाहै, उसपरभी आपश्रीनें कहाकि हे महानुभाव इससेंभी जादा प्रमाण बढावो, एसा आप श्री फरमाते हैं तों इससे जादा कहांसें मेरे अधिक तर द्रव्य (धन) की प्राप्ति होगी,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाद् सातिशायि ज्ञानशाली भगवान् श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्य बोले, सर्व साधर्मियोंमें सर्व साधारण स्थितिवाले, हे साधारण श्रावक पुण्यसमूहके क्या असाध्य है, अतुलागणना (प्रमाणरहित गिणति) मतकर, केवल चणामात्र वेचनेवाले पुरुषभी अगण्य धनके स्वामी होजाते हैं, ऐसा अभिप्राय सहित गुरुमहाराजके वनचसुनके संदेह रहित होकर मनमें विचारा कि कुछने कुछ धनादिककि प्राप्ति जरूर मेरे होगी, और योग क्षेमरूप कल्याण जरूर मेरे होवेगा,

यह साधारण श्रावक पूर्वोक्त मनमें विचारके वादमें मुख विकाश करके साधारण श्रावकनें कहा, जो ऐसा है तो हे भगवान् मेरे एक लाख प्रमाणे सर्व परिग्रहका प्रमाण होवो, तब श्रीगुरुमहाराजनें साधारण श्रावकों सर्वपरिग्रहपरिमाणव्रत उच्चराया, और परिग्रह प्रमाणव्रत ग्रहणकियां वाद, श्रीसद्गुरुमहाराजके चरण कमलोंकी सेवासें, अशुभअन्तरायकर्मकाक्षयोपशमहोनेसें प्रतिदिनमें प्रवर्द्धमानसंपदावाला हुवा, विशेषकरके श्रीगुर्वाज्ञामें प्रवृत्ति करता हुवा, वह साधारण श्रावक संपूर्ण श्रीसंघके हरकोई कार्यमें सर्वश्रीसंघका मध्यस्थपणें कार्यकरणेंमें तत्परहूवा, और सड्ढकादि श्रावकभी साधारण नामा श्रावककी तरह सर्वत्र हरेकधर्मकार्योंमें श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यजीकी आज्ञा करकेहि प्रवर्त्तना शुरुकरा, वाद तिस चित्रकूटनगरमें श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यजीनें चतुर्मासकसंबंधि नवमाकल्पकरा और क्रमसें पचास दिनमें संवत्सरीप्रतिक्रमणकियांके वादमें आश्विन मास आया तब आसोजवदि तेरसका श्रीमहावीर देवका गर्भापहार कल्याणक आया सूत्रसिद्ध जाणके, और चैत्यवासीयों करके तिरो-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हित किया हूया जाणके, सर्व सभा समक्ष श्रावकोंको श्रीजिनवल्लभ गणिवाचनाचार्यजीनें कहा, हेश्रावकजनो आज श्रीमहावीरदेवका दूसरा गर्भापहार कल्याणक है, यह गर्भापहार कल्याणकक्रम संख्यामें दूसरा कहाजावे हैं, और यह गर्भापहार कल्याणकसूत्र सिद्ध है, तथाहि "पंचहत्थुत्तरे होत्था साइणा परिनिव्वुडे" इनहि प्रगट अक्षरों करकेहि सिद्धान्तमें कहनेसें, और दूसरा वैसा कोइभी विधिचैत्य ईहांपर नहिं हैं, ईसलियेहि चैत्यवासीयोंके चैत्यमे जाकें, जो आज देव वांदनेमें आवे तो अच्छाहे वाद श्रीगुरुमहाराजके मुखकमलसें निकले हूवे वचनोंको आराधन करणेवाले श्रावकोंनें कहा, हेभगवन् जो आपके सम्मत है वहहि हम करणेंकुं तइयार हैं, वादमें सर्व पौषहवाले वगैरह श्रावक लोक अति निर्मल शरीर जिनोंका और निर्मल वस्त्र जिनोंका और ग्रहण कियाहै निर्मल देवपूजाका उपकरण जिनोंनें ऐसे श्रीगुरुमहाराजके साथ मन्दिरमें जाणेके लिये प्रवर्त्तमान हूवे, वादमें श्रीगुरुमहाराजकोंश्रावकसमुदायके साथआतेहूवे देखके, चैत्यवासीनीसाध्वीनेंकिसी मनुष्यकोपूछा कि आज इन वसतिवासीयोंकेक्याविशेषपर्वहै, जिससें यहवहुतसें गुरु श्रावक मिलकर जिनमन्दिरजारहे हैं, उतनेंकिसीएकमनुष्यनें उस चैत्यवासीनी साध्वीकों कहा, सामान्य गणनामें छठ्ठा, और क्रमसंख्यामें दूसरा गर्भापहार नामकल्याणक करणेके लिये यहजारहेहैं, अर्थात् चैत्यवासीयोंकरकेतिरोहितकिया हुवा और सूत्र सिद्धवीरगर्भापहारकल्याणकआजहै इसलियेकल्याणकनिमित्तदेव वन्दनाकरणेकोंकल्याणकादिबहुमान निमित्त यह जारहेहैं, वाद तिसचैत्यवासीनी

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

साध्वीनें वीर गर्भापहार कल्याणक, कल्याणकतरीकेकबीभीमेनें मेरीउंवरमें नकीया नसुणा नदेखा,

सुविहितमुनीनांदर्शनाभावात्,
चैत्यवासिनांकल्याणकतयानिषेधात्,

सुविहितमुनियोंके दर्शनके अभावसें, चैत्यवासीयोंके तो यह गर्भापहार कल्याणक रूपता करके निषेध करणेंसें, इसलिये तिस चैत्यवासनी आर्यानें अपणें मनमें विचारा कि यहां चित्रकूटनगरमें हमारी प्रबलता विशेष होनेपर पहिले कोइभी सुविहित मार्गवाले श्वेताम्बराचार्यनें आयके वीरगर्भापहारकल्याणकादिशुद्धप्ररूपणा नहिं करणेंपाये, और यहां रहके हमारे प्रतिकूल प्रगटपणें शुद्ध धर्मोपदेश सुविहित साधु श्रावकादि मार्गोपदेश वीर गर्भा-पहार कल्याणकादि शुद्धप्ररूपणारूपकार्य पहिले कीसीसुविहित आचार्यनें आयके नहिं करा और यह वीरगर्भापहारकल्याणक आराधन आदि धर्मकार्य हमारे मन्दिरमें हमारे प्रतिकूल प्रगटपणें कीसीनें ऐसा पहिले वर्त्ताव नहिं कीया, और इस समय (इस वखतमें) "एएजूअप्पहाणायरिआ सुद्धपरूवगा सुविहियमग्ग विहारिण वाऊ इव अप्पडिबद्धा सारय सलिलं व सुद्धहियया, चरणकरणोवजुत्ता भयेणएए संमुहेण कोवि पडिसेहिउं समा-गमिस्सइ सवेवि कायरा इच्चाइचिंतिऊ ण जेणकेणवि उवायेण अहं पडिसेहामि जहाणं आम्हाणं परंपराणं ण हवइ लोवो तहासमायरामि" यह जिनवल्लभगणिवाचनाचार्यजी बहुत बडे आडंबरपूर्वक श्रावकादिसमुदायसाथ आयरहे हैं, और इनोंका

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इहांपरकोइभीविधिचैत्यहेनहिं इसलिये यह जिनवल्लभगणि वाचनाचार्य श्रावकादि समुदाय साथ जगजाहिर रीतिसें आज यहां हमारे मन्दिरमें आकर पहिले पहेल कल्याणका आराधन करेंगें, और हमारी आचरणाविरुद्ध स्वमंतव्यकों पोषण करेंगें, इस वजेसें इहांपर हमारी आचरणा आम्नायमें धक्का पहोंचायेंगें, और लोकोमें हमारी हासी निंदा होगी इसवास्ते यह आज कल्याणककाआराधनकरणायुक्तनहिं, परन्तु यह आचार्यविशेषश्रुतवानहै युगप्रधानआगमकोंजानतेंहैं, और इस समय इहांपर इनोंकेमुताबिक दूसरा कोइभी आचार्यहै नहिं, और इससमय यह युगप्रधानआचार्य है, शुद्ध प्ररूपकहै, सुविहितमार्गमें चलनेंवालेंहैं, वायुकेमुताबिकअप्रतिबद्ध विहार करणेवालें हैं, सरदऋतुके जलमुताबिक शुद्धहृदयवालें हैं, चरंण करणमें विशेषउपयोगी है, अपने गुणोंसें इहांपर स्वदर्शन परदर्शनमें प्रसिद्धहुवे हैं, नगरवासी सर्व परदर्शनवाले ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य वगेरे लोक भ्रमरकी तरह गुणोसें रंजित होकर निरंतर सेवा करतें हैं, परम भक्त हुवे हैं, हमारे श्रावक समुदायकोंभी सुविहितमार्गका उपदेश द्वारा भाग पाडकर बहुतसें हमारे भक्त श्रावकोंको अपणें भक्त करलिये हैं, बहुतसें हमारे श्रावक लोक स्वेच्छासें शुद्धप्ररूपक शुद्ध चारित्रिया जाणके तथा इनका शुद्धआचारदेखके इस समय इनके भक्त हुवे हैं, प्रायेंकर आधे श्रावक तो हमारे इनके तरफ चले गये हैं सेस रहे हैं वेभी सायत न चले जावेंगे इस हेतुसें इनकों अपनें मंदिरवगेरे धर्मस्थानोंमें नहिं प्रवेशकरनेदेना यहहमारे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पक्षके विरोधि है, इनके परिचयसें हमारे पक्षकी हानी होवे है इनका परिचय आगमन वगेरे अछा नहिं है, इसलिये अपने मंदिर मठ वगेरेमें इनको इनोंकीविधिसें इनोकेमंतव्य प्रमाणे धार्मिक क्रिया नहिं करणे देना इस समय इनोका बहुत बडा प्रभाव पडे है, इस वजेसें इनोंके रुयोभसें इनोंके सामनें हमारे पक्षवाले कोइभी इससमय निषेध करणेंके लियें नहिं आवेंगें, इस समय इनोंके पक्षकी प्रचुर प्रबलता भइ हैं, हमारे पक्षवाले सर्व कायर हैं, इत्यादि उस आर्यानें अपणें मनमें विचार करके स्त्री जाति होणेसें एकदम साहसअवलंबनकरके बोली के इस समय जिसतिसउपायकरकेमेंमनाकरुं, जिस्सें हमारीपरम्परा आचरणाका लोप न होवे, और लोकोंमे हमारी निंदा हासीभी न होवे, वैसा वरताव करुं, वादमें वह आर्यामन्दिरके दरवजेमें आडी गिरके रही, अर्थात् मन्दिरके दरवाजेमें आडी मार्ग रोकणेके लिये सोगइ'' वादमें मन्दिरकेदरवाजेपरआये हुवे आचार्यश्रीकों देखके आचार्यश्रीके प्रति पूर्वोक्त दुष्ट चित्तवाली आर्यानें कहा कि, जो आपश्री इस हमारे मन्दिरमे मेरा अपमान करके प्रवेश करेगें, तो में अवश्य इहांपर मरुंगी मरुंगी, वैसा अप्रीतिका कारण जाणके देखके वादमें पूज्यश्री वहांसें पीछे लोटके अपणें स्थानपर आये, वादमें धर्मांतराय मिटानेके लिये और आचार्यश्रीकी आज्ञा आराधनेके लिये धर्मिष्ट परमभक्त श्रावकोंनें कहा, हे भगवन् बहुतसें हमारे घर बडे बडे हैं, वास्ते कोइ घरके ऊपर मज्जलमें चउवीसमहाराजका चित्रितपट्टधरके देववंदनादि सर्वधर्मकार्यकरें, और गर्भापहार कल्याणककी आराधनाकी

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जावेतो ठीकहै, आचार्यश्रीनें कहा अहोश्रावको यह धर्म-कार्य किया जाय इस समय क्या संदेह है, अर्थात् निसंदेह अवश्य करणीय यह धर्म कार्य है ऐसा निश्चय तुमजाणों, यह धर्मकार्य अवश्य आजहि करणेमें आवेगा, यह आचार्यश्रीका वचन श्रवण कर, वादमे आचार्यश्रीके साथ श्रावकादि संघनें विस्तार पूर्वक विधिसहित गर्भापहार कल्याणक आसोज वद १३ के रोज आराधन करा, इसलिये समाधान हुवा, दूसरे दिन गीतार्थ श्रावकोंनें विचार करा, वह यह है अविधि मार्गमें प्रवृत्ति करनेवालोंके साथ रहेनेसें, विधि मार्गके विरोधि पक्षवालोंके सह संबंध होनेंसें अथवा रखनेसें जिनोक्तविधिबरोबरकरणेंकुं नहिं समर्थहैं इसलिये जो आचार्यश्रीके सम्मत होवे तो 'उपरितले च देवगृह द्वयं-कार्यते' ऊपरके मञ्जलमें दोय जिनमन्दिर कराया जायतो ठीकहै, और अपणें समाधि होवे, यह अपणा अभिप्राय आचार्यश्रीकों निवे-दन करा, तब आचार्यश्रीभी बोले, यथा—

जिनभवनं जिनबिम्बं, जिनपूजां जिनमतं यः कुर्यात् ।
तस्य नरामरशिवसुखफलानि करपल्लवस्थानि ॥ १ ॥

व्याख्या—जिनमन्दिर जिनप्रतिमा जिनपूजा जिनधर्मकुं जो पुरुष करे, उसपुरुषके मनुष्यदेव मोक्षकासुखरूपफल हस्त-पल्लवमें रहे हुवे हैं, ॥ १ ॥ इस देशना करके श्रद्धा प्रधान श्रावकोंने जाणा कि जो हमारा विचार है वह श्रीगुरुमहाराजकों वांछितहिहै, यह लोकोंमें वात भइ के जैसे इन वाचनाचार्य जिनवल्लगणिके भक्तश्रावकलोकदूसरा मन्दिरकरावेंगे, इस बातकुं सुणके, प्रहलादननामक श्रावकसें बडाचैत्यवासीश्रावकबहुदेव नाम सेठनें श्रीजिनवल्लभगणि वाचनाचार्यजीकों सुणाणेके लिये

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रह्लादनादि श्रावक समुदायप्रति कहां इये आठ मुंडेवाले दोय मन्दिर करावेगा, और राजके माननीक होगा, यह वात श्रीजिनवल्लभगणिजीनें सुणीं, दूसरे दिनमें बाहिर स्थंडिल भूमि जातां आचार्यश्रीकों मार्गमें चैत्यवासी श्रावक बहुदेवनाम सेठ मिला, तब आक्षेपसहितज्ञानदिवाकरश्रीजिनवल्लभगणि मिश्रनें कहा, हेभद्रबहुदेव गर्वनहिंकरणा, इन हमारे श्राव-कोंके अन्दरसें कोइकश्रावक धन समृद्धहोकर तुमारे कहे प्रमाणे कार्यकरणेवालाहोगा, और वह तेरेकुं वंधे हुवे कुं छु डावेगा, वह कार्य वैसाहि हुवा, और आचार्यश्रीके प्रसादसें सज्जन प्रकृतिवाला साधारण नामश्रावक राजाके अधिकतर माननीयहुवा, और वह बहुदेवनामा सेठचैत्यवासीश्रावक राजासंबंधि किसी अपराधमें आनेपर, उस दुष्टमुखवाले सेठके ऊपर नरवर्मराजा नाराजहुवा, और उससेठकुं उंठके साथ बांधा, उंठकी तरह विलाप करते हुवे सेठकुं राजपुरुष धारानगरीमें नरवर्मराजाके पास लातें हैं, इस अवसर पर धारानगरीमें कोइ कार्यके लिये सरलप्रकृतिवाला साधारणनामश्रावक सुविहित पक्षीय गयाहुवाथा, सर्वजगतके लिये समभावसें हितकारी प्रवृत्तिवालासज्जन साधारणनामा श्रावकनें राजपुरुषकों मना-करके निष्कारण उस सेठका कष्ट हटाकर राजाकुं वीनति करके अंगीकार करी है सज्जनोंकी चेष्टा जिसनें ऐसा श्रीजिनवल्लभाचार्यका भक्त साधारण नामश्रावकनें राजाका मनमनाकर अपराध आश्रित धन वगेरे देके, इसरांक बहुदेवसेठकुं बंधनसें छुडाया, और उत्साह सहित श्रावकोंनें दोयमन्दिरभी बनाना सरु किया,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और देव गुरुके प्रसादसें दोनुं मन्दिर तइयार भये, वहां मंदिरमें ऊपरके मजलमें श्रीपार्श्वजिनमंदिर और नीचेके मज्जलमें श्रीभव्योंके नेत्रोंको और मनको हरणेवाला अतिशय उंचाशिखर बद्ध तोरण सहित सोनेमयी दंडकलशोकी परंपरा और प्रभामंडलसें खंडन करा है अत्यंत गाढअंधकार जिसनें ऐसा ५२ जिनालय श्रीमहावीर जिनका मंदिर कराया, वादमें श्रीजिनवल्लभगणि वाचनाचार्यजीनें विस्तारसें सर्व विधिपूर्वक बडे उच्छवसेंसाथ प्रतिष्ठा करी

सर्वत्र प्रसिद्धि भइ, अहो येहि गुरुहैं येहि गुरुहैं, अर्थात् श्रेष्ठ गुरुराज ऐसेहि होने चाहिये, त्यागी वैरागी सुविहित जैनाचार्य ऐसेहि होतें हैं, इत्यादि प्रसिद्धि स्वदर्शन परदर्शनके लोकोंमें भइ और कोइ एक दिनके समय लोकोंमें इस प्रकारके सर्व शास्त्र-विशारद श्वेताम्बराचार्य आयें हैं, इस प्रकारकी बडी प्रशंसाकुं सुणके, एक ब्राह्मण जोतिषी पंडितमानी श्रीजिनवल्लभगणि-वाचनाचार्यजीके पासमें आया, उसको बैठणेके लिये श्रावकोंनें आसन दिया, इस ब्राह्मणकों श्रीगुरुमहाराजनें पूछा कि हे भद्र आपका रहना किस ठिकाणे है, कौनसे शास्त्रमें तुमारा अभ्यास है, ब्राह्मण बोला रहनातो इहांहि है, अभ्यास तो व्याकरण काव्य नाटक अलंकार वगेरे सर्व शास्त्रोंमें है, वादमे वाचनाचार्य-श्रीजिनवल्लभगणिजी बोले कि, होवो, विशेष परिचय कौनसे शास्त्रमें है, ब्राह्मणबोला कि विशेष परिचय जोतिष शास्त्रमें है, वादमें वाचनाचार्य श्रीजिनवल्लभगणिजी बोले कि, अछीतरे याद है, तब ब्राह्मणनें कहा, तुमारेकोंभी लग्नके विषयमें कुछभी क्या परिज्ञान है, तब वाचनाचार्य श्रीजिनवल्लभगणिजीनें कहा कि,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

होगा किंचित्, अर्थात् कुछपरिज्ञानहै, बाद ब्राह्मण आक्षेप-सहित बोला कि, तो आप कहो, तब वाचनाचार्य श्रीजिनवल्लभ-गणिजीभी उत्साहसहित हुवे थके बोले, कि हे विप्र कहो, कितने लग्न कहुं, दश अथवा वीस लग्न कहुं, यह वचन सुणके उस ब्राह्मणकों आश्चर्य हुवा, उतने दश—वीस संख्यक लग्नोंकुं जलदिसें कहके, फेर आचार्यश्रीनें कहा, हे विप्र आकाशमंडलमें दोय हाथ प्रमाणे वादल है, उसकों तुम देखतेहो, ब्राह्मण बोला कि हे भगवन् देखताहुं, वाचनाचार्यश्रीनें कहा, हे विप्र कहो कितनें प्रमाणे जल डालेगा, वादब्राह्मण नहिं जानता हुवा, शून्य नजरसें दिशाकों देखता रहा है, उतनें आचार्यश्रीनें कहा, हे विप्र? सुणो, दोय घडीवाद यह वादल दोय हाथ प्रमाणकाभी दोय घडीके अन्दर अन्दर संपूर्ण आकाशमंडलकुं व्यापके, उतनी वर्षात करेगा, जितने जलकर दोय भाजनपूरा भराजाय उतने-प्रमाणे वर्षात होगा याने जलगिरेगा, वादमें वहांहि बेठा हुवा उंचा आकाशकी तरफ मुख है जिसका ऐसा वह ब्राह्मणके सन्मुख सर्व वैसाहि जलकावरसात हुवा, वादमे वह ब्राह्मण ललाटमें दोनुं हाथकुं जोडके, अहो यह बडा आश्चर्य है, अहो ज्ञानं अहो ज्ञानं, यहहि ज्ञान है यहहि ज्ञान है, अर्थात् इसीका नाम सत्यज्ञान कहते हैं, इसतरह मुखसें कहता हुवा, मस्तककों धूणता हुवा, पूज्य आचार्यश्रीके चरणोंमें पडा, और मुखसें कहेणें लगा कि, जबतक में इहांपर रहुंगा तबतक निश्चे आपश्रीके चरण-कमलोंमे नमस्कार करके, भोजन करुंगा, अभिमानसहित होणेकर हे भगवन् मेने आपश्रीकों इसतरहके ज्ञानी नहिं जाणेंथे, वाद

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यह सर्वत्र प्रसिद्धि भइ, अहो जो यह श्वेताम्बराचार्यहै साति-शायि विशेषज्ञानी होवेहै, बहुरत्ना वसुंधराहै इति । और कोइ एकदिनके समय कभी वडगच्छीयश्रीमुनिचंद्रसूरिजीनें सिद्धान्तोंकी वाचना ग्रहण करणेके लिये, दो शिष्योंको वाचनाचार्यश्रीजिनवल्लभगणिजीके पासमें भेजे, वाचनाचार्यश्रीजिनवल्लभगणिजीभि श्रीमुनिचंद्रसूरिसंबंधि उन दोनों शिष्योंको संप्रदायगत सिद्धान्तोंकी प्रीतिपूर्वक वाचना देनी सरुकरी, और उन दोनों शिष्योंनेभि अपणे मनमें अशुभ चिंतवतां, यह विचार किया, कि जो वाचनाचार्यश्रीजिनवल्लभगणिके श्रावकोंकुं कीसी प्रकारसें अपणें ठगें, अर्थात् इणके ऊपरसें श्रद्धाहटाकर अपणें गुरु-महाराजके रागि बनाकर वादमें अपणें आचार्यश्रीमुनिचंद्रसूरिजीके परम भक्त श्रावक करें, तो अच्छा होवे, ऐसी बुद्धि करके श्री-जिनवल्लभगणिजीके भक्तश्रावकोंकुं रंजितकरतेभये, और कभी अपणें गुरुके पासमे प्रच्छन्नवृत्तिसें भेजनेके लिये छाना लेख लिखा, उन दोनों शिष्योंनें, उस लेखकुं वाचनासंबंधिकाफीमे डालके वाचना ग्रहणकरणेंके लिये, वह दोनों शिष्य वसतिमें श्रीजिनवल्लभगणिजी वाचनाचार्यके पासमे आये, वह दोनों शिष्य वंदनाकरके, बैठे, जितने वाचनेका पुस्तकखोला उतने नवीन लेख लिखा हुवा देखा, गुणविशिष्टमें मिश्र शब्द है, जिनवल्लभ-गणि मिश्रनें उस लेखकुं ग्रहण किया, और उस लेखकुं खोला वे दोनों शिष्यभी वाचनार्यजीके हाथसें पीछा लेख लेनेकुं नहिं समर्थ हुवे, उतने उस लेखकों वाचनाचार्यश्रीजिनवल्लभगणिजीनें,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वांचा उस लेखमें यह लिखा हुवा था, कि जिनवल्लभगणेः केचिच्छ्रद्धास्ते वशंनीताः सन्ति, क्रमेण सर्वानपि वशीकरिष्यामः इति मनोवृत्तिरस्ति, जिनवल्लभगणिके भक्त कितनेक श्रावकोंको हमने अपणें वशमे करें हैं, और धीरे धीरे क्रमकरके सबहिको हम अपणें वश करेंगें, यह हमारे मनकी धारणावर्ते है, और इहांपर ऊपरोक्त विषयके लिये वृत्तिकार लिखते हैं कि, अयं चार्थो विरुद्धत्वात् यद्यपि शास्त्रोपनिबंधयोग्यो न भवति, तथापि चरितोपरोधादुक्तमिति, यह अर्थ (कार्य) विरुद्ध होणेसें जो कि शास्त्रमे लाणे योग्य नहिं है, और लेखके और शास्त्रके कोइ संबंध नहिं है, तोभी चरितानुवादके उपरोधसें कहा है ऐसा जाणना, बादमें श्रीजिनवल्लभगणिजीने, लेखका दो खंड करके कहा एक श्लोक सो यह है,

आसीज्जनः कृतघ्नः,
क्रियमाणघ्नस्तु सांप्रतं जातः।
इति मे मनसि वितर्कों,
भविता लोकः कथं भविता ॥ १ ॥

व्याख्या—प्रथमहिसें लोक किये हूवे उपगारकुं हणनेवाले थे, और वर्त्तमान कालमेभी किये हूवे कार्यको नहि मानते हैं ऐसा मेरे मनमें विचार भया है लोककी क्या दशा होगी क्या होनेवाला है ॥ १ ॥ ऐसा कहके बोले अहो ऐसै अशुभ अध्यवसायवाले तुम हो वाचनालेने सैसरा वादविमुखहोके स्वस्थान गये उहां न रहे चले गये, कदाचित् श्रीजिनवल्लभगणि बहिर्भूमी जाते थे तब कोइ विचक्षण पांडित्यकी प्रसिद्धी सुनके मार्गमे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मिला कोइराजाका वर्णन आश्रयि समस्यापददिया वह यह है कु-रंगः किंभृगोमरकतमणिः किंकिमशनिः वादजिनवल्लभगणिने उसी-वक्त थोडा विचारके समस्या पूर्ण करी उसके आगे कही यथा—

चिरं चित्रोद्याने चरसि च मुखाब्जं पिबसि च,
क्षणादेणाक्षीणां विरहविषमोहं हरसि च ।
नृप त्वं मानाद्रिं दलयसि च किं कौतुककरः,
कुरंगः किं भृंगो मरकतमणिः किं किमशनिः ॥ १ ॥

अर्थ–कोइकवि कोइराजासै कहता है हेराजन् बहुतकालतक विचित्रउद्यानमे स्वेच्छासै विचरतेहो और मुखकमलका पान करतेहो और मृगाक्षियोंका विरह हि विषमोहकुं दूर करते हो और शत्रुलोकोंका मानरूप पर्वतकों तोडते हो यह आश्चर्यकारि क्या कुरंग हो (मृग) भृंग २ (भ्रमर) हो क्या, मरकतमणि हो क्या ३ अथवा क्या वज्र हो ४ इति ऐसा सुनके अत्यंतप्रमुदित होके समस्या पूच्छनेवाला विचक्षण बोलाअहो लोकोंमें जो प्रसिद्धि होति है वह निर्मूल नहिं होति है यह निश्चय है हेभगवन् आपकों जैसे सुने थे वैसेहि आपहें ऐसी गुणोंकी स्तुतिकरके नमस्कार करके स्वस्थानगया वादगुरु उपाश्रय आये श्रावकोंने पूच्छा हेप्रभो आज बहुतसमयकैसे लगा तब साथमें जो शिष्यगयाथा उसने सब बात कही सुनके सबश्रावकलोक बहुत हर्षित भये नेत्रकम-लसुगुरुमाहात्म्यसूर्यसें विकसित भये उस समय गणदेव नामका एकश्रावक सुवर्णकाअर्थीथा जिनवल्लभगणिके पास स्वर्णसिद्धि है ऐसासुणके चित्रकूटस्थगुरुकेपासमेंआके सेवाकरणा सरू किया

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उसका भाव गणिजीने जाना योग्यजानके भवनिस्तारणी वैराग्य-उत्पन्न करणेवाली संसारसे निर्वेदजननी देशनादिवी जिस्सै गणदेव श्रावक अत्यंतसंविग्न निस्पृही भया तब गणिश्रीने फरमाया हे भद्र क्या स्वर्णसिद्धिकहुं गणदेवने कहा हेभगवन् आपके चरणोंकी सेवा करतां विंशतिद्रव्य (बीश रुपिया) की पूंजीसै व्यापार करतां श्रावकधर्म पालन करुंगा जादाधनउपाधिका मूल है गणदेवमें धर्मवर्धनसामर्थ्यथी इसवास्ते लिखेहुवे द्वादशकुलकग्रंथविशेषदेके सिखाके वागडदेशमें भेजणेका उपदेशकरा बागडमें जाके सब वागडदेशके लोक जिनवल्लभगणिजीके रागी गणदेवश्रावकने किये, श्रीजिनवल्लभगणिजीके व्याख्यानमें सब विचक्षण लोक आते हैं बेठते हैं विशेषतः ब्राह्मण आते हैं अपणा अपणा विद्याविषयि संदेह निवर्त्तनकेवास्ते, अथ कदाचित् यह गाथा व्याख्यानमें आइ यथा

धिज्जाईण गिहीणय, पासत्थाईण वा वि दट्ठूणं ।
जस्स न मुज्झइदिट्ठी अमूढ दिट्ठिं तयं बिंति ॥ १ ॥

अर्थ—ब्राह्मणजातीय और गृहस्थ और पासत्था वगेरेकों देखके जिसकिदृष्टि नहिं मोहप्राप्तहोवे वह अमूढदृष्टिपणा कहाजावे १, ऐसा निःशंकपणे व्याख्यान किया यथावस्थितपदार्थसुनके ब्राह्मणमनमें क्रोधातुरहोके बाहिरनिकलके एकट्ठेमिले तब विरोधिभि निकट भये ब्राह्मणोंने विचार किया श्रीजिनवल्लभगणिजीके साथ विवाद करके निरुत्तर करके प्रभाव नष्ट करेगें वाद यह स्वरूप श्रीजिनवल्लभगणिजीने जाना परंतु मनमें बिलकुल भय नहिंभया, कहाजाताहै अपणाकियाभया सिंहनादसै

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मधरीकृतकाननजिसने और उत्कट मदोद्धत हाथीयोंका कुंभस्थलरूपतट गिरानेमें बहुतकठोरनखमुखहै जिसका ऐसे सिंहकों कोइवक्त पवनसे प्रेरित वृक्षोंके अग्रभागसैगिरेपत्र मात्रके शब्दसे अत्यंतभागते भये भयाहे अंगभंगजिनोंका ऐसै मृगोंसै क्या भयहोताहै अपितु नहिं, व्याख्याकार श्रीसुमति गणि कहतेहैं हमारे गुरु श्रीजिनपतिसूरिजी कि इसी अर्थमें अन्योक्ति है यथा

खरनखशरकोटिस्फोटिताग्रेभकुंभ,
स्थलविगलितमुक्ताराजिविभ्राजिताजिः ।
हरिरधिगरिमा किं तर्जितोऽ तर्जितो वा,
ऽनिलचलदलपातत्वंगदंगैः कुरंगैः ॥ १ ॥

अर्थ—कठोरनखरूपवाणोंकी कोटिके अग्रभागसै विदारण कियाहै कुंभस्थल जिसने उस्सै निकलीमोतियोंकिश्रेणिसै सोभित पृथ्वी करि है जिसने अैसा हरिनाम केसरिसिंघ हे सो परवतके समीपकी भूमीमे वायुसै चलता पत्रोंके पातसै कूदते भये हरिणोंसै क्या तर्जित होता हे ॥ १ ॥ वाद गणिजीने एक श्लोक भोजपत्रमें लिखके कोइ विवेकीकों देके मिले भये ब्राह्मणोंमें मुख्यविप्रके पासभेजा तब उसब्राह्मणने श्लोककाअर्थ विचारके मनमें विचार किया वहवृत्तयह है

मर्यादाभंगभीतेरमृतरसभवा धैर्यगांभिर्ययोगा-
न्न क्षुभ्यंते च तावन्नियमितसलिलाः सर्वदैते समुद्राः ।
आहोक्षोभं व्रजेयुः कचिदपि समये दैवयोगात्तदानीं,
न क्षोणी नाद्रिचक्रं न च रविशशिनौ सर्वमेकार्णवं स्यात् १

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्याख्या–अमृतरसकी (पक्षे चंद्रकी) उत्पत्तिवाले और सदाकाल नियमित जलवाले एसे यह समुद्रों धैर्य और गांभीर्य गुणके योगसें और मर्यादाभंगके भयसें, प्रथम कबिभी क्षोभ नहिं पाये हैं, और हा हा इति खेदे दैवयोगसें कोइ वखतमें कभी क्षोभपावे तो पृथ्वी न रहे पर्वतोंका समूह पण न रहे और तिससमय चंद्रसूर्य भि न रहे, परन्तु यह सर्व एक समुद्ररूप होवे, १ अहो हम लोक एकेक विद्याके धारणेवाले हैं, अर्थात् एकेक शास्त्रके विषयकों जानतें हैं, सामान्यपणें (अस्पष्टपणें) विशेष प्रगटतर स्पष्टतर स्पष्टतम एकेक शास्त्रके विषयको हम लोक नहिं जानतें हैं, और यत् किंचित् सामान्यपणें हम लोक एकेक शास्त्रके विषयके अधिकारी हैं, परन्तु यह श्वेताम्बराचार्यश्रीजिनवल्लभसूरिजी तो सर्वविद्यानिधान हैं, अर्थात् चउद विद्याके पारंगामीहैं, स्वसिद्धान्त परसिद्धान्त षट्शास्त्रादिरहस्यसहित प्रगटतर स्पष्टतम विषयको जानतें हैं, अत यह श्वेताम्बराचार्य श्रीजिनवल्लभसूरिजी संपूर्ण सर्वशास्त्रके अधिकारी हैं, इसलिये कैसे इण श्रीमान् जिनवल्लभसूरिजीकेसाथ विवाद करणेकुं शक्तिमान् होवें, अर्थात् श्वेताम्बराचार्य श्रीमान् जिनवल्लभसूरिजीके साथ शास्त्रार्थ करणेकी शक्ति हमारी नहिंहै, इनके साथ हम शास्त्रार्थ करणेकों समर्थ नहिं हैं, इसतरे वृद्ध ब्राह्मणनें विचारके, सबहि ब्राह्मणोंको कहा, अहो, अहो ब्राह्मणों तुम लोक हृदयचक्षु करके क्या नहिं देखो हो, अर्थात् क्या नहिं जानोहो, तुम लोक सबहि एकेक मलिन (अस्पष्टतर अस्पष्टतम) विद्याके धारणेवाले हो, और वह श्वेताम्बराचार्य

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संपूर्ण सर्व विद्याओंका निधान हैं, अत इस श्वेताम्बराचार्यके साथ तुमारा विवाद केसा, अर्थात् सर्वविद्यापारंगामी श्वेताम्बराचार्य श्रीमज्जिनवल्लभसूरिजी सर्वोत्कृष्ट अद्वितीय कवीश्वरके साथ अहो विद्वानो विवादकरणा तुमको न शोभे, यदि जो आत्मोन्नति यशःख्याति और विशेषगुणप्राप्तिकीचाहना हो तो तुमको विवाद करणा युक्त नहिं, इत्यादि वचनसमूहसें प्रतिबोधके सर्व ब्राह्मणोंकों शांत किये, बाद वे सर्व विद्वान् ब्राह्मण तिस वृद्धब्राह्मणके सुवच-नोंको सुणके, शान्तिभावको प्राप्तहोके, नम्र हुवेथके विनयसहित श्रीगुरुमहाराज श्रीजिनवल्लभ गणिजीके चरणकमलोंमें आकर गिरे, अपणा अपराध क्षमा करवाके विनयपूर्वक श्रीमज्जिनवल्लभसूरिजी-की सेवा करणें लगे, सर्व विद्वान् ब्राह्मणलोक, अन्यदा धारा-नगरीमें श्रीनरवर्मराजाकी राजसभामें देशान्तरसें दोय विदेशी पण्डित आये, और तिनविदेशीपण्डितोंनें श्रीनरवर्मराजाके पण्डितोंके सामनें पूर्णकरणेंकेलिये यहसमस्यापदकहा, जेसे कि, "कंठे कुठारः कमठे ठकार" इति समस्यापदं इस समस्या-पदकुं सुणके, बाद अलग अलग श्रीनरवर्मराजाके पण्डितोंनें अपणी अपणी बुद्धिअनुसार पूरण करी, परन्तु तिन विदेशी पण्डितोंका मन हर्षित न हूवा, मनमाफक समस्या पूरण न होनेसें, यह स्वरूप किसी पुरुषनें जाणके, श्रीनरवर्मराजाके आगे कहा, हे देव इन दोनों विदेशीय पंडितोंको आपके पंडितोंकी पूरणकरी भइ समस्या नहिं रुचे है, श्रीनरवर्म राजानें कहा, अहो पुरुष तुं कहे अब इससमय कोइ समस्या पूर्णेके लिये दूसरा उपाय है, जिस उपाय करके इन दोनों विदेशी पंडितोंका मनरंजितहोवे, तब

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

किसी विवेकी पुरुषनें श्रीनरवर्मराजाके प्रति कहा, हे देव चितोड-मे श्वेताम्बराचार्य श्रीमज्जिनवल्लभगणिजी सर्वविद्यानिधान सुणनेंमें आवे है, यह वृत्तांत सुणके, श्रीनरवर्मराजानें उसीसमय चितोडके प्रति दोय ऊंठ शीघ्रगतिवाले लेखसहित भेजे, और सज्जनसाधा-रण नामक श्रावकके ऊपर लेखलिखा कि हेसज्जनसाधारण श्रावक तुमारे वहां विद्वज्जनचूडामणि सर्व विद्यानिधान श्रीमज्जिनव-ल्लभगणिजी सुणतें हैं, वास्ते यह लेख तुमारेकुं लिखा है, मनोहर तुमारे गुरुमहाराजके पास विद्वानोंके मनको हरण करे इस प्रकारसें पूरण करवाके, "कंठे कुठारः कमठे ठकार" इति, यह समस्या पीछी जलदि आवे वैसा उपाय करणा परन्तु अन्यथा करणा नहिं, इस प्रकारका लेख तिन दोय ऊंठवाले पुरुषोंनें संध्यासमयमे सज्जन साधारण नामक श्रावकके हाथमे दीया, और वह श्रीनरवर्मराजा-संबंधि लेख साधुसाधारण श्रावकने प्रतिक्रमणवेलामें श्रीगुरुमहा-राजके सामनें वाचा, उसलेखका परमार्थ श्रीमान्गणिमिश्रनें जाणा, और जाणनेंके वाद प्रतिक्रमण करणेके अनन्तरहि जलदिसें समस्या पूरण करी, जैसे कि—

"रे रे नृपाः श्रीनरवर्म भूप, प्रसादनाय क्रियतां नतांगैः॥
कंठे कुठारः कमठे ठकारश्चक्रे यदश्वोग्रखुराग्रघातैः" ॥१॥

व्याख्या—हे राजाओ जिस श्रीनरवर्मराजासंबंधि घोडोंके ती-क्ष्ण खुरोंके अग्रभागके प्रहारोंसें, कमठमेठकार है उस प्रमाणे तुमलोकभी अपणें कंठपर (खंधेपर) कुहाडा धारण करो श्रीनरव-र्मराजाको प्रसन्न करणेके लिये नम्र होके शरीरकी रक्षा करणी

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चाहते हो तो ॥ १ ॥ यह समस्यापूरणकरके साधारणश्रावककों पत्र दिया उसने उंठवालोसैदिया राजाकों साधारणश्रावकनें एक पत्र भि लिखके दिया तब लेखवाहक लेख लेके रात्रिहीमे शीघ्र धारानगरी पोहचै दूसरे दिन समस्या विदेशी विद्वानोंकों सुनाई बहुत हर्षितभये मन प्रसन्न भया और बोले इस सभामें ऐसा विद्वान् कोइ नहि है जिसने यह समस्या पूरी होवे अपि तु और किसीने पूरण करि है समस्या पूरण करनेवाला अद्वितीय विद्वान् है ऐसै प्रशंसा करते-भये उन विद्वानोंको वस्त्रादिकसै सत्कार करके राजाने विसर्जन कीये श्रीजिनवल्लभगणिवरभि स्वाध्याय ध्यानमे मग्न घोर ब्रह्मचर्यमे रहनेवाले उद्यत विहारी कितनेक दिनोंके वाद् चित्रकूट (चितोड)सै विहार कर धारानगरी पधारे भव्य कमलोंकों विकसित करते ऐसै तब राजाकों किसीने कहा महाराज ? समस्यापूर्त्ति करणेंवाले श्वेतांवर गणिवर इहां पधारे हैं तब अतिशायि-विद्वत्तता गुणसै आकर्षित हृदय ऐसै, राजा बोले अहो शीघ्र बोलावो तब राजपुरुषोंने सत्कारपूर्वकबुलाये जिनवल्लभगणि राजसभामें आये राजा आदरसहित नमस्कार करके हाथ जोडके आगे बैठा गणिवरभि राजाको धर्मलाभरूप आशीर्वाद देके अभिनंदित किया तब राजा बोले भो विद्वज्जनचूडामणे ? हे महाराज ? मेरे मनमें संतोषहोणेके वास्ते (३) तीन लाखद्रव्य अथवा तीन ग्राम लेवो तब श्रीजिनवल्लभगणिवाचनाचार्यबोले हे महाराज ? व्रतियोंको धनसंग्रहका निषेध हमारे शास्त्रमें विशेषकरके लिखा है ऐसा आगम भि है।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

"दोससयमूलजालं" पुव्वरिसि विवज्जियं जइ वंतं,
अत्थंवहसि अणत्थं, कीनस निरत्थं तंवयंचरसि ॥ १ ॥

द्रव्य सइकडो दोषोंका मूल है पापोपादानमें मुख्य हेतु है दुर्गतिका मुख्यकारण है साधुवोंके सर्वथा त्याग होवे है गृहस्थोंके परिग्रहप्रमाणव्रत होता है आचार्य उपदेश करते हैं पूर्वरिषियोंने मनाकिया धन जो रखे तो व्रतनिरर्थक होवे, महाराज ? हम श्रमण हैं धनकों हाथसेंभि नहिं स्पर्शकरते हैं लेणा रखना कैसे होवे, राजा गणिवरके चरणोंमे मस्तक लगाके नमस्कार करके बोले भो महात्मन्? निर्लोभियोंमें शिरोमणि आप हों तथापि तीन लाख द्रव्य लिये सिवाय मेरे मनमें समाधि न होवे इस वास्ते कृपा करके मेरे मनमें जेसे बने वेसा समाधिउत्पन्नकरणा आप जैसे उत्तम पुरुषोंका अनुग्रह है, तब श्रीगणिवर बोले जब आपका महान् आग्रह हे तब चित्रकूट नगरमें श्रावकोंने दो जिनमंदिर बनवाये हैं उहां पूजाके वास्ते दो लाख द्रव्य आपकी मंडिसे दिरादो, वाद राजा संतोष प्राप्त होके बोला शाश्वत दान रहेगा वाद उसीतरह द्रव्य दोलाख दिया तथा श्रीजिनवल्लभगणि विद्वान् परोपगारी धार्मिक कार्यकरणेमे तत्परहै ऐसी सर्वत्र प्रसिद्धि भई । वाद श्रीनागपुरनगरमें श्रावकोंने नवीनदेवघर और श्रीनेमिनाथस्वामीका नवीन बिंब कराया है ओर उण श्रावकोंका यह अभिप्राय भया कि महाचारित्रिया श्रीजिनवल्लभगणिवरोंकों गुरुकरें ओर गणि श्रीके हाथसे प्रतिष्ठा करावेंगे ऐसा विचारके बडे आदरसै सर्वकी सम्मतिसै महान्बहुमानसै श्रीजिनवल्लभगणिजीकों बीनति

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करी बुलाये तब पूज्योंने विहार किया क्रमसें ग्रामानुग्राम विचरते नागपुर गये संघने प्रवेशोत्सव बहोत ठाठसै किया बाद शुभ लग्नमें जिनमंदिर ओर श्रीनेमिनाथ स्वामीके बिंबकी प्रतिष्ठा किया शासनोन्नति भइ गणिवरकी करिभइ प्रतिष्ठाके प्रभावसे नागपुरके श्रावकलक्षाधिपति भये लोकोंमें श्रीजैनधर्मकी ख्याति बहुत भई श्रीनेमिनाथस्वामीके रत्नोंका मुकुट तिलक कुंडल अंगद श्रीवत्स कंठमें मणिरत्नकी माला हांसवगेरह आभरण करायै पूजा प्रभावना विशेष करते भये तथा राजपुरिके श्रावकोंकाभि वैसा अभिप्राय भया कि हमभि श्रीजिनवल्लभगणिजीकों गुरुपणे अंगीकार करे और जिनमंदिरबनावे प्रतिमाजी नवीन भरावै प्रतिष्ठा करवावें बाद सब कि सम्मतिसैं वैसाहि कीया दोनु नगरोंके जिनमंदिरोंमें रात्रिको वलिवाकुल रखणाऔरदेणा रात्रिमें स्त्रीप्रवेश रात्रिमें प्रतिष्ठाका करणा इत्यादिक अविधिका निषेध करके मुक्तिमारगकी प्रवृत्तिसाधक विधिवाद लिखके प्रवृत्ति कराई, बाद मरोटके श्रावकोंने श्रीगणिवरोंको बीनति करी तब श्रीजिनवल्लभगणिजी विहार करते विक्रमपुरमे होके मरोट पधारे श्रद्धावान श्रावकोंने भक्तिसैं यतनास्थानादियुक्त स्वाध्यायध्यानादिकके भिन्न २ स्थान है जिसमे ऐसा उपाश्रय उतरनेकुं दिया वसतिमें रहे श्रावकोंने कहा भगवन्? आपके मुखकमलसै जिनवाणीमकरंदका पानकरणेकी इच्छा है तब भगवान् बोले श्रावकोंको युक्त है शास्त्रश्रवणकरणा, "सोच्चा जाणइ कल्लाणं, सोच्चा जाणइ पावगं०" इत्यादि दशवेकालिक है सुणके कल्याण जाणते हैं सुणके अकल्याण जानते हैं धर्म अधर्म पुण्य पाप कर्त्तव्य अकर्त्तव्य जिनवचन

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सुणनेसे जाना जाता है इनोंमें जो श्रेय होवे वह अंगीकार करणा। इसलिये उपदेशमाला प्रारंभकरें तब श्रावकोंने बीनति किया प्रभो! पहले सुना है पूज्य बोले और सुणनाउचित है शुभ दिनमें व्याख्यान करणा प्रारंभ किया।

संवच्छर मुसभजिणों छ मासे बद्धमाण जिणचंदो।
इअविहरिया निरसणा जइज्जएओवमाणेणं ॥ १ ॥

अर्थ—रिषभदेवसामी १ वर्ष तप किया और बर्द्धमानस्वामीने ६मासी तपकरा निराहार विचरे इसी तरह मुनियोको तपमेयत्न करणा इस एकगाथाका व्याख्यानमे छमहिना व्यतीतभया तथापि श्रावकोंको बहोतसिद्धांतोंका उदाहरणरूपअमृतरससै तृप्ति नहिं भइ और कहने लगे श्रीभगवान् तीर्थंकरदेवहि ऐसा वचनामृतसैं श्रोताजनोंके श्रवणकुं सुखउत्पन्नकरणेमें समर्थहोतेहैं सत्यहै आप श्रीतीर्थंकरसदृशहैं कहाभि है "तित्थयरसमोसूरि०" इत्यादि अन्यथा ऐसी अमृतवरसावणीवाणी इसतरहकीव्याख्यान लब्धि कहांसै होवै इस प्रकारसै अत्यंत संतुष्टमनश्रावक देशना सुनके होतेभये बहोतअनुमोदन करतेभये अपार हर्षप्राप्त भये अन्यदा चैत्यघरमें व्याख्यान वांचके बहुत श्रावकजिनोंके साथथे ऐसे गणिवर उपाश्रय आतेथे इस प्रस्तावमें मार्गमें एक पुरुष बहोत परिवारसै परिवरा हुवा स्त्रीयों गीत गातिहै घोडेपर सवार है पाणिग्रहणको जारहाहै पूज्यपादने देखा तबसंविग्नशिरोमणि ज्ञानदिवाकर संसारकी असारता विचारते ऐसै श्रीगणिवरने कहा अहो देखो देखोसंसारकी क्षणदृष्टनष्टता कैसीहै जिसकारणसैं येस्त्रियां विकस्वरमानहे मुखारविंदजिनोंका ऐसी गान करति जारहि है येहि

For Private And Personal Use Only

पाणिग्रहणोत्सवम् ॥ २ ॥ लब्ध्वायदीयचरणांबुजतारसारं, स्वाद्-च्छटाधरितदिव्यसुधासमूहं, संसारकाननतटेह्यटतालिनेव पीतो मया प्रवरबोधरसप्रवाहः ॥ ३ ॥ वन्दे मम गुरुं तं च, सूरिकृपा-चंद्राह्वयं, परोपकारिणां धुर्यं, चित्रं चारित्रमाश्रितम् ॥ ४ ॥ कमलदलविपुलनयनाः, कमलमुखीकमलगर्भसमगौरी, कमले-स्थिताः भगवती, ददातु श्रुतदेवता सौख्यम् ॥ ५ ॥ अधुनैत-त्प्रकरणकाराणां श्रीजिनदत्तसूरीणां यथाश्रुति यथास्मृति किंचि-च्चरित्रमुत्कीर्त्यते, व्याख्या–अब क्रम प्राप्त और पूर्वनिर्दिष्टप्रकरणके कर्त्ता अंबाप्रदत्त युगप्रधानपदधारक एकलाख तीसहजार घरकुटुम्ब प्रतिबोधक और तीसरे भवमें सकलकर्म निर्जरी मोक्ष जानेवाले और इस पंचमआरेमे सर्वोत्कृष्टपणें श्रीवीरशासनकी तथा धर्मकी तथा संघकी वृद्धि करणें पूर्वक महाउपकारकरणेंवाले मुख्य आचार्य श्रीजिनदत्तसूरीश्वरकास्तुतिधर्मदेसनादिरहितकेवल मूलमात्रचरित्रलेशस्मृतिकेअनुसार जैसासुणा है उसीतरह कुंच्छ बिन्दुमात्र कहनेमें लिखनेमें आता है, तथाहि–प्रथम श्रीजिने-श्वरसूरिजीके समयमेंश्रीधर्मदेवउपाध्यायभए उन्होंकी गीतार्थी साधवीयोंने सिद्धान्तकीजाननेवालीगीतार्था बहुत साध्वियों हैं उनमें कितनीक साधवीकोंने धवलक नामके नगरमें चतुर्मासक किया था वहां क्षपणक भक्त (आशाम्बर भक्त) हुम्बडगोत्रीय वाछिकश्रावककीस्त्रीवाहडदेवी नामकी पुत्रसहित रहती थी सा-ध्वियोंके पासमें धर्मसुननेको आतीथी साध्वियोंभी विशेष करके उसको धर्मकथादिक कहती थी वाहडदेवीभी पुत्रसहित श्रद्धापूर्वक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सुनती थी और साध्वियों पुरुषका लक्षण शुभाशुभ गुरूके उपदेशसे जानती हैं उसके पुत्रका प्रधान लक्षणदेखके लाभके निमित्त वाहडदेवीको ऐसा उपदेश दिया कि जिससे कहे माफक करनेवालीभई वाद् श्रमणियोंने वाहडदेवीसे कहा हे धर्मशीले यह तेरा पुत्र विशिष्ट युगप्रधानके लक्षण धारनेवाला है इसलिये जो तैं इसको हमारे गुरूको देवे तब तेरेको महाधर्मका लाभ होवे औरसुन यहतेरापुत्रसर्वजगत्‌कामुकुटभूतपूज्यहोगा वाहडदेवीने भी आर्यायोंकावचनअंगीकारकियावाद्‌चतुर्मासिकेअनन्तरश्रीधर्मदेवउपाध्यायको साध्वियोंने कहवाया कि हमको यहां एकरत्नमिलाहै जो आपके ध्यानमें आवे तो ठीक होवे इसलिए आप यहां कृपा करके पधारें वाद् श्रीधर्मदेव उपाध्याय धवलक नाम नगरमेंआए उसबालकको देखा और निश्चयकिया कि यहसामान्यपुरुष नहीं है किंतु प्रशस्त लक्षणयुक्त पुण्यशाली बड़ेपदके योग्य होगा उस पुत्रकी मातासे पूछा इस तेरे पुत्रको दीक्षादेवें यह तेरे सम्मत है तब वाहडदेवी बोली हे भगवन् प्रसन्न होके आप दीक्षा देवें जिससे मेराभी निस्तार होवे तबउपाध्यायने और पूछा इसकी कितने वर्षकी उमर है वाहडदेवी बोली ११३२ का जन्म है जब इसका जन्म हुआ था तब बहुतही प्रशस्तबातें भई थीं जबयहगर्भमें आया था तब प्रशस्त स्वप्नहुआथा ऐसा सुनके धर्मदेव उपाध्यायने ११४१ के सालमें शुभ लग्नमें दीक्षा दिया सोमचन्द्र ऐसा नाम स्थापा उपाध्यायोंने सर्वदेवगणीसे कहा तुम्हारे इसकी रक्षा करनी अर्थात् प्रतिपालना करनी वहिर्भूमिवगेरह लेजाना क्रिया-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कलापका सिखाना इत्यादि, और श्रावककेसूत्रादिपाठ तो उसके पहले घरमें रहे हुएही सीखा है "करेमि भन्ते सामाइयं" इत्यादि पढ़ाना शुरू किया पहिलेहीदिन सोमचन्द्र मुनिको वहिर्भूमि लेगए सर्वदेवगणी ॥ बाद सोमचन्द्रने नहींजाननेसे क्षेत्रमें वनस्पतिके पत्र तोड़े तब शिक्षानिमित्त रजोहरणमुखवस्त्रिका लेके सर्वदेवगणी बोले दीक्षा लेके क्षेत्रमें क्या पत्रतोड़ेजावे हैं इसलिए तैं अपने घरजा तब उत्पन्नभईहैप्रतिभाजिसको ऐसा सोमचन्द्र बोला आपने युक्त किया परन्तु मेरी जो चोटीथी सोआपदीजिए जिससे मैं घरजाऊं ऐसा कहनेसे सर्वदेवगणी को आश्चर्यहुआ और विचारा अहो छोटीउमरका है तथापि कैसा इसने उत्तर दिया इसको क्या कहा जावे बाद उससें कहा हेवत्स ऐसा करनानहीं तब सोमचन्द्र बोला हे भगवन् यह मेरा एकअपराधक्षमा करें बाद गणिवर सोमचन्द्रको उपाश्रयलेआए यहवार्ता धर्मदेवउपाध्यायके आगेभई धर्मदेव उपाध्यायने विचारा योग्यहोगा गुणविशिष्टहोगा इसकी रक्षा अच्छीतरहसे कीजावे गणमें आधारभूत होगा ऐसा विचारके सर्वदेवगणीसेकहा इसकीरक्षा अच्छीतरहसे करनी बादमें विहार-करके पाटन आए लक्षण नाम व्याकरण न्यायपंजकादिशास्त्र पढ़नेशुरूकिए सोमचन्द्रने, एकदा भावड़ाचार्यकी धर्मशा-लामें पंजिका पढ़नेके लिए जाते हुए सोमचन्द्रको किसीउद्ध-तने कहा जैसे अहो यह सितपट कपलिका (पुस्तक विशेष) हाथमें किसवास्ते रखते हैं अर्थात् पुस्तक लेके क्यों फिरते हैं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तब सोमचन्द्रबोले तेरेको निरुत्तर करनेके लिए और अपना मुखमण्डनके अर्थ, निरुत्तर होके चला गया कुछ नहीं बोलसका धर्मशालामें गए वहां अनेक अधिकारियोंकेपुत्रपंजिका पढ़ते हैं कोई वक्त आचार्यने परीक्षाके वास्ते पूछा कि भो सोमचन्द्र न विद्यते वकारो यत्र स नवकारः इति यथार्थनाम? नहीं विद्यमान है वकार जिसमें वह नवकार यथार्थ नाम है तब शीघ्रबुद्धिमान सोमचन्द्र बोला आचार्य ऐसा नहींकहें किंतु नवकरणं नवकारः ऐसी व्युत्पत्ति करनी अर्थात् अंगुलियोंके बारहविश्वोंपर नववेर गुनना वह नवकार कहाजावे पंचपरमेष्ठीके १०८ गुणका स्मरण नवकारमें होता है ऐसा सुनके आचार्यने जाना अत्यन्त यह श्रेष्ठ उत्तर है इसके साथ कोई छात्र नहींबोलसकताहै अन्यदा लोचके दिनमें सोमचन्द्र पढ़नेको नहीं गया और व्याख्यान व्यवस्था तो ऐसी है की जो एकभी विद्यार्थी नहीं आवे और सब विद्यार्थी आजावें तथापि आचार्य पाठ देवेनहीं वाद आचार्य ने पाठ जब नहींदिया तब गर्भसहित अधिकारियोंके पुत्रोंने आचार्यमिश्रसैं कहा हे भगवन् सोमचन्द्रके ठिकाने यह पाषाण रखा है आप व्याख्यान कहिए तब उन्होंके उपरोध (आग्रह) से आचार्यने व्याख्यान किया ॥ दूसरे दिन सोमचन्द्र आया पूछा गतदिनमें व्याख्यान मेरे बिना क्या आपने कहा तब आचार्य बोले तेरे ठिकाने इन छात्रोंने पाषाण रक्खा सोमचन्द्र बोला कौन पाषाण है और कौन नहीं है ऐसा अभी जाना जायगा जितनी पंजिका पढ़ीहै मेरेसेभीपूछैं इन्होंसेभीपूछैं जो यथार्थ व्याख्यान नहीं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करेगा वही पाषाण है आचार्य बोले भो सोमचन्द्र तुमको प्रज्ञादि सौरभ्य गुणाढ्य कस्तूरीके जैसा जानता हूं परन्तु इन मूर्ख लोगोंने व्याख्यान करनेमें मेरी प्रेरणा करी इस कारणसे क्षमाकरना ऐसे पंजिका पढ़ी अशोकचन्द्राचार्यने उपस्थापना किया अर्थात् बड़ी दीक्षा दी हरिसिंहाचार्यने सर्वसिद्धान्त पढ़ाए और मन्त्रकी पुस्तकें पण्डितसोमचन्द्रकोदी जिसपुस्तकपर हरिसिंहाचार्यने सिद्धान्तकी वाचना ग्रहण करी थी वह पुस्तक प्रसन्न होके सोमचन्द्रको दी देवभद्राचार्यनेभी संतुष्टमान होके लिखनेकी सामग्री दी जिससे महावीर चरित पार्श्वनाथ चरितादि चार कथाशास्त्र पट्टीपर लिखे इस प्रकारसे पण्डित सोमचन्द्रगणी ज्ञानी ध्यानी सैद्धांतिक सब लोगोंका मन हरन करनेवाला व्याख्यान करके श्रावकोंके मनमें आल्हाद करते सर्वाचारपालते हुए ग्रामानुग्रामविचरते भए ॥ इधरसे श्रीदेवभद्राचार्यने श्रीजिनवल्लभसूरि देवलोक गए यह सुना विचारकिया अत्यन्तचित्तमेंसंतापभया अहो सुगुरूकापद उद्योतवानहुआथा प्रकाशितकियाथा परन्तु देववशसे थोड़े दिनोंमें जिनवल्लभसूरिकाआयुःपूर्णहोगया अब क्याकिया जावे ऐसे विचारते देवभद्राचार्यने औरभी ऐसा विचारकिया जो श्रीजिनवल्लभसूरिजी युगप्रधानकेपट्टपरयोग्यआचार्यस्थापने कर नहीं आदरकियाजावे तब क्या हमारी भक्ति है इसलिये कोईयोग्यव्यक्तिको आचार्यपददेके श्रीजिनवल्लभसूरिजीके पट्टधर करें तब मनोरथसफलहोवे बादमें विचारकरने लगे पद योग्य कौन है उतने पण्डित सोमचन्द्रगणीका स्मरण हुआ निश्चय

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विचार किया सोमचन्द्रगणीहीयोग्य है श्रावकोंको ज्ञानध्यान क्रियामेंप्रवर्तानेकर आनन्दकारीहै वाद सबकी सम्मतिसे पण्डित सोमचन्द्रको लेख भेजा उसमें लिखा चित्रकूट (चितौड़) नगरमें जल्दीआना जिससे श्रीजिनवल्लभसूरिजीके पट्टपर पद स्थापन होगा ऐसापत्र लिखा उसमें औरभीलिखा नहीं जाना जाय है कौनबैठेगा श्रीजिनवल्लभसूरिजी जब आचार्य भए तब तुम नहीं आए इसवक्त श्रीजिनवल्लभसूरिजीके पट्टपर बैठनेके लिए बहुतसे विशालहैंनेत्र जिन्होंके गौरवर्णवाले बड़े २ कान हैं जिन्होंके ऐसे साक्षात मकरध्वजके जैसे गुर्जरदेशमें उत्पन्न भए साधुः उद्यमवानभएहैं परन्तु योग्यतातो गुरूही जाने है ऐसा पत्रभेजा वादमें देवभद्राचार्य और पण्डित सोमचन्द्र औरभी साधुः चित्रकूट आए सबलोग जानते हैं सामान्य प्रकारसे, श्री-जिनवल्लभसूरिजीके पट्टपर आचार्य होंगे परन्तु नहीं जाना जावे है कौनबैठेगा श्रीजिनवल्लभसूरिप्रतिष्ठित साधारण श्रावकने करवाया श्रीमहावीरस्वामीका चैत्यमें पद स्थापन होगा वाद विचारा हुआ लग्नका दिन उसकेपहलेदिन श्रीदेवभद्राचार्यने एकान्तमें सोमचन्द्रगणीसेकहा अमुकदिन तुम्हारेलिए पदस्थापनका लग्न विचारा है पण्डित सोमचन्द्रने कहा जो आपके ध्यानमें आवे सो युक्त है परन्तु जो इसलग्नमें पदस्थापना करेंगे तब बहुत काल जीना नहीं होगा ६ दिनोंके वाद अर्थात् वैशाखवदिछठ शनिश्चरवारको लग्न अच्छाहै उसलग्नमें पदस्थापना करनेसे अपने चारों दिशामें विहारकरनेसे चार प्रकारका श्रीश्रमणादि

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संघ श्रीजिनवल्लभसूरिकेवचनसे बहुतहोगा चिरकालजीवित होगा तब श्रीदेवभद्राचार्यबोलेयहीहमविचारतेहैं वह लग्नभी दूर नहीं है बाद उसदिन श्रीजिनवल्लभसूरिके पट्टपर विस्तार विधिसे संध्यासमयलग्नमें पदस्थापनाकिया अर्थात् पण्डित सोमचन्द्रगणीको आचार्यपद दिया श्रीयुगप्रवर जिनदत्तसूरि, ऐसा नामकिया तदनंतर वादित्रवाजते उपाश्रयआए प्रतिक्रमणके अनन्तर वन्दनादेके श्रीदेवभद्रसूरिनेकहा देशनादेओ तब सिद्धान्तोक्त उदाहरणको अनुसरण करके अमृतश्रावणी गीर्वाण वाणी प्रबन्धकरके अर्थात् प्राकृत संस्कृत भाषासे श्रीजिनदत्त-सूरिपूज्योंने ऐसीदेशनाकरीकि जिसको सुनके सब प्रजारंजित भई और लोग कहने लगे सिंहोंके स्थानमें सिंहही बैठे हुए शोभे है सोमचन्द्रगणिका शरीर छोटा था और श्यामवरण था उन्होंको देखके जब पदस्थापनाका निर्णय भया तब लोगोंने विचारा यह क्या बैठेगा गौरवरण विशाललोचन ऐसे गच्छमें बहुत साधु हैं इत्यादि लोगोंकेमनमेंविचारथा सो सब दूर होगया लोग कहने लगे अहो धन्य है यह देवभद्राचार्य जिन्होंने ऐसे रत्नकी परीक्षा करी और हमारे जैसे अल्पबुद्धिवाले आप्तलक्षण क्याजानें बादमें विहार करते हुए और भव्योंको प्रतिबोधते असत्मार्गको दूर करते सद्मार्गमें प्रवृत्ति कराते क्रमसे गुर्जरदेशमें पाटणनगर आए संघने महोत्सवके साथ प्रवेशकराया देशना दिया देशना सुनके लोग कहने लगे यह आचार्य क्या आए हैं साक्षात् बृहस्पति आए हैं साक्षात् गणधरके अवतार हैं अन्य दिनमें श्रीदेवभद्राचार्यने

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जिनदत्तसूरिजीसे कहा कितने दिनोंके अनन्तर श्रीपत्तनसे विहार करना श्रीजिनदत्तसूरि बोले इसीतरह करेंगे ॥ अन्यदिनमें जिन-शेखरने साधुविषयमें कुछ कलहादिक अयुक्त किया तब देवभद्राचार्यने निकाल दिया बाद जहां जिनदत्तसूरि बहिर्भूमि जाते थे वहां जाके रहा वहां आए भए पूज्योंके पगोंमें पड़कर दीनवचनसे जिनशेखर बोला हेप्रभो मेरा यह अन्याय एकवक्त आप क्षमा करें दूसरी वक्त ऐसा नहीं करूंगा तब कृपासमुद्र श्रीजिनदत्त-सूरिने जिनशेखरको प्रवेशकराया अर्थात् ले आए उसके बाद देवभद्राचार्यने कहा तुमने युक्त नहीं किया यह दुरात्मा तुमको सुखदेनेवाला नहीं होगा पामायुक्त उष्ट्रके जैसा इसको बाहिर निकालनाही युक्त है तब श्रीजिनदत्तसूरि बोले श्रीजिनवल्लभसूरिके पीछे लगा हुआ यह है अर्थात् साथमें यह रहताथा जबतक यह आज्ञामें वर्तता है तबतक रखते हैं देवभद्राचार्य बोले जैसी इच्छा बाद श्रीदेवभद्राचार्य आदिकने पाटनसे अन्यत्रविहारकिया कितने कालके बाद समाधिसे आयुःपूर्ण करके स्वर्गपधारे, श्री-जिनदत्तसूरिभी पत्तनसे विहारकरनेकीइच्छा करते श्रीदेवगुरू-स्मरणके अर्थ तीन उपवास किए तदनंतर देवलोकसे श्रीहरिसिंहा-चार्य आए और बोले किसवास्ते मेरा स्मरण किया आचार्य बोले कहां विहारकरें तब हरिसिंहाचार्यदेव बोले मरुस्थलादि देशोंमें विहार करना ऐसा कहके अदृश्यहोगए जबतक पूज्य नहीं रहते हैं विहार करनेवाले हैं लब्धोपदेश हैं उतने मरुस्थलमें रहनेवाले मेहर, भाषकर, वासल भर्तादिक श्रावक व्योपारकेवास्ते वहां आए

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वहां श्रीजिनदत्तसूरिगुरूका दर्शन करके और देशना सुनके संतोष पाया बहुत हर्षित भए और श्रीजिनदत्तसूरिजीको गुरूपने अंगीकार किया भरतआचार्यके पासमें अध्ययन करनेको रहा और मेहरभाषकरादि स्वस्थान गए अपने कुटुम्बके आगे गुरूके गुणका वर्णन करे इसवक्तमें शुद्धचारित्र पालनेवाले कलिकालमें सर्वज्ञतुल्य श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराज हैं इत्यादि, वादमें विहारकिया उस देशमें प्रवेशभया और नागपुर (नागौर) में आए वहां श्रावक धनदेवसेठ भक्ति करे आयतन अनायतनादि विचार सुनके धनदेवने कहा हेभगवन् मेराकथनआप करें तो सब श्रावकवर्ग आपके परिवारभूत होजाय तब पूज्योंने नहीं जानते होवें ऐसे होके बोले हे धनदेवसेठ वह क्या हे तब धनदेव बोला हे भगवन् आयतन अनायतन विधि अविधि सर्व विषयमें आप नहीं कहते हैं तो सब लोग आपके भक्त होजावें ऐसा सुनके श्रीपूज्योंने कहा हे धनदेव सुनो

तावकीनं, वचनं कुर्मो, उत नु तीर्थ कृतां।
"यदनायतनं सूत्रे, भणितं तद्ब्रूमहे नियतं" ॥ १ ॥
उत्सूत्र भाषणात्पुनरनन्तसंसारकारणात् बहुशः
किं लोकेन त्वग् रोगिणो, भवेत् प्रचुरमक्षिकासंगः २
"मैवं मंस्था बहुपरिकरो जनो जगति पूज्यतां याति।
येन बहुतनययुक्तापि शूकरीगूथमश्नाति" ॥ ३ ॥

अर्थः—तुम्हारेवचनकरें अथवा तीर्थंकरोंके वचन करें जो सूत्रमें अनायतन कहा है वह हम कहते हैं ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उत्सूत्र भाषणकरनेसे अनन्तसंसारपरिभ्रमणकरना होता है तो ऐसे बहुत लोग इकट्ठे होनेसे क्या होवे है केवल भवभ्रमणही होवे है जैसे लगूरोगी पुरुषको बहुतमक्षियोंका संगहोवे तो क्या होवे अपि तु रोगवृद्धि होवे इसीतरह उत्सूत्रभाषण करनेसे संसारवृद्धि होवे है ॥ २ ॥

ऐसा मत जानो कि बहुतपरिवारवाला मनुष्यलोकमें पूज्यता पावे है किंतु जिस कारणसे बहुत पुत्रयुक्त सूकरी विष्टा खाती है इसवास्ते जिनआज्ञासे विरुद्ध करनेवाला क्या प्रशंसनीय होवे है अपि तु नहीं होवे है ॥ ३ ॥

ऐसा अत्यन्त कर्णकटुक दुःखउत्पादक वचन धनदेवके भया तथापि गुरूको तो युक्तही कहना उहितहे कहाभी है

"रूसाउवा परो मा वा, विसं वा परियत्तउ, भासिअव्वा हियाभासा, सपक्ख गुणकारिआ" ॥ १ ॥

अर्थः—सुननेवाला नाराज होवे या न होवे परन्तु भासा ऐसी कहनी चाहिये जिसका परिणाम विषपरावर्तन होके अमृतका परिणाम होवे स्वपक्षगुणकारिणी बाधारहित होवे अर्थात् सिद्धान्तसे विरुद्ध नहीं होवे ॥ १ ॥

ऐसा सिद्धान्तप्रमाणसे आचार्यने कहा तब कितने विवेकी लोगोंने वचन प्रमाण किए और कितने मध्यस्थ रहे बाद नागपुरसे अजमेर तरफ विहार किया क्रमसे अजमेर आए वहां आशधर साधारण, रासल वगैरहः श्रावक रहते हैं श्रीजिनदत्तसूरि देववन्दनाके अर्थ वाहणदेव श्रावकका बना हुआ जिनमंदिरमें जाते हैं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अन्यदा वहांका आचार्य उसी चैत्यमें आया पर्यायसे छोटा है वह आचार्य चैत्यमें आए हुए जिनदत्तसूरि का व्यवहार नहीं करे तब ठक्कुर आशधर वगेरेह ने कहा यहां जिनमंदिरमें आनेका क्या फल है जो युक्त प्रवृत्ति न होवे वादमें देव वन्दनादि व्यहवार निवृत्त हुआ तब श्रावकों ने अरण राजसे विनती किया हेमहाराज हमारे गुरु श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराज यहां पधारे हैं राजा बोले बहुत श्रेष्ठ है हमारे योग्य कार्य हो सो कहो तब श्रावकों ने कहा हे देव कितनीक जमीन चाहिये है जिसमें जिनमंदिर वगैरह देवस्थान बनाए जावे और अपने कुटुम्बके रहनेके लिए घरभी बनाया जावे, वाद अरणराजने कहा दक्षिणदिग्भागमें जो पर्वत है उसपर जितनीजमीनचाहिये उतनी लेलो देवघरवगैरह वहां निशंक बनाओ. अपने गुरूका मेरेको दर्शनकराना यह स्वरूप आचार्यके आगे श्रावकोंने कहा आचार्य विचारके बोले अहो जो इस प्रकारसे हमारे दर्शनकी उत्कंठावाला है राजा उनको बुलानेसे गुणहीहोगा वाद गुरुका वचनके अनुकूल हुए श्रावकोंने भव्यदिनमें अर्णराजाका आमन्त्रण किया राजा शीघ्र आए श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराजको राजाने नमस्कार किया आचार्यने आशीर्वाद देके अभिनन्दित किया वह आशीर्वाद यह, हैं—

"विश्वविश्वविनिर्म्माणस्थितिप्रलयहेतवः ।
संतु राजेन्द्र भूत्यै ते, ब्रह्मश्रीपतिशंकराः" ॥ १ ॥

तथा—"नीतिश्चित्ते वसति नितरां लब्धविश्रांतिरुच्चैः
श्रीरस्याङ्के भुजयुगलमध्याश्रिता विक्रमश्रीः ।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एषोऽत्यर्थं क्षिपति बहुभिर्लोकवाक्यैः प्रियो मा-
मित्यर्णो राड् भ्रमति भुवनं कीर्तिरस्ताश्रया ते" ॥२॥

अर्थः—हे राजेन्द्र सब जगतकी रचना स्थिति और प्रलयके कारण ऐसे ये ब्रह्मा विष्णु शंकर तुह्मारे सम्पदाके लिए हो' ॥१॥

हे राजन् नीति चित्तमें वसे है अतिशय विश्रांति पाई है प्रयत्नसे जिसने और लक्ष्मी जिसके अंगमें रहती है और पराक्रम श्रीने दोनों भुजका आश्रय किया है बहुतलोगोंके वाक्यसे यह अर्ण राजा अत्यर्थ मेरी प्रेरणा करता है प्रिय ऐसा मानके कीर्ति तुह्मारा आ-श्रय नहींमिला है जिसको ऐसी जगतमें फिरती हैं इसका क्या कारण है ॥ २ ॥

इत्यादि सद्गुरुके मुखकमलसे निकली भई वाणी सुनके राजा संतुष्टमान हुआ और बोला आप कृपा करके निरंतर यहां ही रहें दर्शनका लाभ होगा, गुरु बोले महाराजने ठीक कहा परन्तु हमारी यह स्थिति है कि हम सर्वत्र विहारकरते हैं लोगोंके उपकारके लिए यहां पुनः पुनः आवेगें जैसे आपके समाधान होगा वैसा करेगें वादमें राजा प्रसन्न होके उठे आचार्यको नमस्कार कर के स्वस्थान गए वाद पूज्योंने ठक्कुर आशधरसे कहा यथा

"इदमन्तरमुपकृतये, प्रकृतिचला यावदस्ति संपदियं ।
विपदि नियतोदयायां, पुनरुपकर्तुं कुतोऽवसरः" ॥ १ ॥

यह संपदा स्वभावसे चपल है इससे उपकार होवे तबही इसका फल है इसलिए सुकृतमें इसका नियोग करना अर्थात् लगाना प्राणियोंकी आपदाका उद्धार करना जीवरक्षादि प्रकारमें इसका व्यय करना उचित है ॥ १ ॥

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इस कारणसे स्तम्भनक शत्रुंजय, गिरनार इन तीर्थोंकी कल्पना करके श्रीपार्श्वनाथस्वामीश्रीऋषभदेवस्वामीश्रीनेमिनाथस्वामी इन्होंके बिंबोंकी स्थापनाका विचार करना ऊपर अंबिकादेव कुलिका नीचे गणधरादिस्थानवि चारना ऐसा कहके श्रीपूज्योंने वागड़देशकीतरफ़ विहारकिया अच्छे शकुनभए बागड़के लोगोंको श्रीजिनवल्लभसूरिजीने पहलेही बोध दियाथा उन्होंका समाधान कियाथा श्रद्धालुः कियेथे जिनवल्लभसूरिजीके नाम ग्रहणमें भी नमनशील थे अर्थात् नमस्कारकरतेथे और जिनवल्लभसूरिजीके देवलोकगमनकीवार्ता सुनके उन्होंकाचित्तखिन्न हुआथा वादमें जिनवल्लभसूरिजीके पदपर स्थापित भए श्रीजिनदत्तसूरिनामकेगुरु ज्ञानध्यानगुणसहित श्रीमहावीरस्वामीवदनारविंदसे निकलाहुआ जो अर्थ श्रीसुधर्मास्वामी गणधर ने रचाहुआ सिद्धान्तके जाननेवाले युगप्रधान तीर्थंकरकल्प इस वागड़देशमें विहारकरके पधारते हैं ऐसासुनके वहुत हर्षित भए दर्शनकीउत्कंठा भई आचार्यकेचरणकमलमें वंदनाकरनेके लिए आए वाद श्रीपूज्योंका दर्शनकरके वंदना कर और देशना सुनके अत्यन्तआनन्द प्राप्तभए जो जो वह श्रावक प्रश्न करे उसका उत्तर केवलीके जैसा देताहुआ उन्होंके मनमें समाधान उत्पन्न करें कइयोंने सम्यक्त्वअंगीकारकिया केई देशविरति भए केइक नें सर्वविरतिपना अंगीकारकिया बहुतसंतोषपाए पूज्योंने वहां बहुत साधु बनाए, (५२) बावन साध्वी हुई ऐसा सुना जावे है उसीप्रस्तावमें जिनशेखरको उपाध्यायपददिया कितनेक साधुसाथमें देके रुद्रवल्लीभेजा, वह जिनशेखरउपाध्यायतप करतेहैं, स्वजनवहांरहतेहैं,

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उन्होंके समाधानके लिए जिनशेखर उपाध्यायगए तथा यह स्वरूप अपने स्थान रहे हुए जयदेव आचार्यने सुना कि श्रीजिनवल्लभसूरिके पदपर श्रीजिनदत्तसूरिजी सर्वगुणयुक्त प्रतिष्ठित भएहैं, और विहारकर्ते हुए इस देशमें आए हैं बाद विचार किया यह अच्छाभया है श्रीजिनवल्लभ गणीने चैत्यवासका परिहारकरके श्रीजिनअभयदेवसूरिजीके पासमें वस्तीवास अंगीकार किया सुनके पहलेही हमारा वस्तिवास प्रतिपत्तिका अभिप्राय उत्पन्न भयाथा इस वक्तमें जाके गुरुका दर्शनकरें ऐसा विचारके परिवारसहित जयदेवआचार्य श्रीजिनदत्तसूरिजीकोवन्दनाकरनेकेलिए आए विनयसहित श्रीजिनदत्त सूरिजीको वन्दना करी आचार्यनेभी सिद्धान्तोक्त मधुर वचनोंसे जयदेवआचार्यकेसाथऐसावचनव्यवहारकिया कि जिससे सपरिवार जयदेवआचार्यका ऐसा परिणामभया कि इस भवमें हमारे यही गुरुहोवो उसके अन्तर शुभमुहूर्तमें जयदेवआचार्यने चारित्रका उपसंपद ग्रहण किया ॥

सनत्कुमारचक्रीके जैसा पीछा देखानहीं उस देशमें श्रीजिनप्रभाचार्य केवलिकपरिज्ञान नाम शकुनादिअवधारण परिज्ञानसे सबलोगोंमें प्रसिद्धथे वहजिनप्रभाचार्य तुरककेराज्यमेंगए किसी तुरक नायकने ज्ञानीजानके पूछा मेरे हाथमें क्या है आचार्यने विचारके कहा खडीमट्टीका टुकड़ा वालसहित है वह तुरकनायक खडीखंडजानता है वाल नहींजानता है आश्चर्यपाया हुआ हाथदिखाया तब वालखड़ीपरलगाहुआदेखा तब तुरकनायक खुशीभया चंगा २ ऐसा बोला हाथपकडकर चुंबनकिया बाद आचार्यने-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जाना यह मेरे को साथमें ले जायगा यह सिंधितुरक दुष्ट विचारवाला हैं कोई वक्त मेंरेपर अनर्थभी करदेवेगा म्लेच्छोंका क्या विश्वासकिया जावे ऐसा विचारके रात्रिमें चलके अपने देशमें चले आए जयदेवआचार्यको वस्तीवासमार्गअंगीकार किया श्रीजिनदत्तसूरिजीके पासमें सुनके जिनप्रभाचार्यका अभिप्राय भया मैंभी चैत्यवासकात्याग करूं परन्तु इनका अत्यन्तकठिनमार्ग सुनते हैं जोकोई सुकरतरधर्ममार्ग होवे तो ठीकहोवे बादमें उसने केवलिक परिज्ञानसे विचारा पहले वक्तमें जिनदत्तसूरि ऐसा नाम आया वाद विचारा अंकव्यत्यय न होगयाहोवे दूसरी वक्त और गिनतीकरी तथापि उसीतरहजिनदत्तसूरि ऐसानाम आया और निश्चयकरनेके लिएतीसरीवक्तगिननाप्रारंभ किया तब आकाशसे अग्निपुंजगिरा आकाशमें वाणी भई जो तेरे शुद्ध मार्गसेप्रयोजन है तो बहुतवार क्यागिनता है तो यही जिनदत्तसूरि आचार्य संसारनिस्तारक और शुद्ध मार्गके प्ररूपक सद्गुरु है वाद यहजिनप्रभाचार्यनिःसन्देह भए श्रीजिनदत्तसूरिके पासमें आए तब ज्ञानभानु श्रीजिनदत्ताचार्यने कहा तुह्मारा चूड़ामणि परिज्ञान हमारे समीपमें नहीं फुरेगा जिनप्रभाचार्य बोले मत फुरो, मेरे विधिमार्गसे प्रयोजन है, ऐसा कहनेसे पूज्योंने जिनप्रभाचार्यको चारित्रउपसम्पति दिया वाद जिनप्रभाचार्यने आचार्यकी आज्ञासे विहार किया तथा वहां रहे हुए जिनदत्तसूरि अतिशय ज्ञानियोंके पासमें जयदेवआचार्य जिनप्रभाचार्यने वस्तीवास अंगीकार किया सुनके विमलचन्द्रगणी नामका चैत्यवासीने

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वस्तीवासअंगीकारकिया उसीप्रस्तावमें जिनरक्षित शालिभद्र सेठके पुत्रने मातासहित दीक्षालिया तथाथिरचन्द्र वरदत्त नामके दो भाइयोंने प्रव्रज्या लिया तथा जयदत्त नामका मुनि मंत्रवादी भया जयदत्तके पूर्वज मंत्रशक्तियुक्त थे उन सबोंको दुःसाधित रोषातुर भइ दुष्ट देवताने मारा जयदत्त भागा श्रीजिनदत्तसूरिजीके शरणे आया तब करुणानिधान शक्तिमान् श्रीपूज्योंने दुष्ट देवतासे बचाया तथा गुणचन्द्र यतिने जिनदत्तसूरिके पासमें दीक्षा लिया वह पहले श्रावक था तुर्कोंने हाथ देखके यह अच्छा भंडारी होगा यह जानके भागनेके भयसे बेड़ी डालदिया उसने शुद्ध भावसे लाख-नौकार गुणा उन्होंके प्रभावसे सांकल बेड़ी टूटगइ पहरेवालेने जाना नहीं ऐसा रात्रिके पश्चिमार्धमें निकलके कोई वृद्धाके घरमें प्रवेश किया उसने कृपासे कोठीमें रखदिया तुर्कोंने देखा तोभी नहीं मिला बाद रात्रिमें निकलकर अपने देश गया और वैराग्य होगया श्रीपूज्योंके पासमें दीक्षा ग्रहण किया और रामचन्द्रगणी जीवानन्द पुत्रसहित अन्यगच्छसे भव्यधर्म जानके श्रीजिनदत्तसूरिजीकी आज्ञा अंगीकार करी और ब्रह्मचन्द्र गणीने सुविहित पक्षमें दीक्षा लिया इन्होंमें जिनरक्षित, शीलभद्र थिरचन्द्र वरदत्त प्रमुख साधुओंने और श्रीमती, जिनमती, पूर्णश्री वगेरेहः साध्विओंने वृत्ति पंजिकाटीकादिलक्षणशास्त्रपढ़नेकेवास्ते धारानगरीभेजे इन्होंने वहां जाके भक्तिवान् महर्द्धिक श्रावकके सहायसे वह व्याकरणादिसबपढ़े आप श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराजने रुद्रपल्लीके तरफ विहारकिया मार्गमें चलते हुए एकग्राममें ठहरे वहां एक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रावकको एक व्यन्तर निरंतर बहुत तकलीफ देताथा उसके पुण्य-सेही आचार्य वहांआए उस श्रावकने अपने शरीरका स्वरूप कहा श्रीपूज्योंने विचार किया कि यह मंत्रतंत्रोंसे साध्य नहीं है वाद्-गणधर शप्ततिका बनाके टिप्पनकमें लिखाके व्यन्तर ग्रहीत श्राव-कके हाथमें वह टिप्पन दिया और कहा इस टिप्पनमें दृष्टि रखना उसने वैसाही किया जितने वह व्यन्तर जादापीडा देनेके वास्ते आया परन्तु खट्वाके पासतकरहा शरीरमेंनहींप्रवेश करसका गणधरशप्ततिकाका हृदयमेंनिवेशदर्शनप्रभावसे दूसरे दिन दरव-ज्जेकीसीमातकआया तीसरेदिन आयाहीनहीं श्रावक स्वस्थ हुआ अर्थात् समाधि हुई वादमें विहार करके रुद्रपल्ली पहुंचे परि-वारसहितजिनशेखरउपाध्याय और श्रावकलोगसामने आए विस्तार-विधिसे प्रवेशउत्सव किया वादमें आचार्यने धर्मोपदेशदिया वहां श्रीजिनवल्लभसूरिजीके उपदेशसे उपदेशपाएहुए एकसोवीस (१२०) कुटुम्बके लोग रहतेथे उन्होंने श्रीऋषभदेवस्वामी और पार्श्वनाथ-स्वामीका २ मंदिर बनवाए थे उन्होंकी प्रतिष्ठा करी वहां कितनेक सम्यक्त्वधारी हुए और कइयोंने श्रावककाव्रतग्रहण किया और कितनेक देवपालगणी वगेरहःने सर्वविरति पना स्वीकार किया इस प्रकारसे उन्होंके समाधान उत्पन्न करके जयदेव आचा-र्योंको यहां भेजेंगे ऐसा कहके और पश्चिमदेशतरफ विहार किया वहांसे पश्चिम वागड़देशमें आए व्याघ्रपुर नगरमें आके रहे और श्रीजयदेव आचार्यको रुद्रपल्ली भेजे सब व्यवस्था समझाके, वहां रहे हुवे श्रीजिनवल्लभसूरिप्ररूपित श्रीजिनचैत्यविधिस्वरूप चर्चरीग्रन्थ

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बनाया पुस्तकमें लिखवाके विक्रमपुर नगरमें मेहर वासल वगेरेहः श्रावकोंको बोध होनेके वास्ते भेजा देवधर सम्बन्धी संण्हियापुत्र जनकघरके पासमें पौषधशाला है उसमें बैठके जिनदत्तसूरिके भक्त श्रावकोंने चर्चरी ग्रन्थकापुस्तक खोला उसअवसरमें मदोन्मत्त देवधर आके चर्चरी टिप्पन यह है ऐसा कहके अपने हाथमें ज़बरदस्तीसे लेकर फाडडाला उसका यह कुछ नहींकरसकते हैं उन्मत्त होनेसे श्रावकोंने उसके पिताके आगे वह स्वरूप कहा तव देवधरकापिताबोला यह अत्यन्तदुरदान्त है तोभी मैं मना करूंगा वाद श्रावकोंने श्रीपूज्योंकोविनतीलिखी उसमें चर्चरीका स्वरूप लिखा तब पूज्योंने और चर्चरीग्रन्थ लिखवाके भेजा और पत्रभेजा उसमें यह लिखा देवधरके ऊपर विरूप किसीको मानना नहीं अर्थात् विरुद्ध नहीं करना श्रीदेवगुरुके प्रसादसे यह भव्य होगा वह दूसरा टिप्पन पहुंचनेसे नमस्कार करके श्रावकोंने खोला समाधान हुआ देवधरने विचार किया यद्यपि मैंने टिप्पनक फाड़दिया तथापि आचार्योंने दूसराभेजा है इहां कुछकारण होना चाहिये इस लिए मैं एकान्तमें प्रछन्नपने वांचू और विचार करूं उसमें क्या लिखा है वादमें जब श्रावक टिप्पनक स्थापनाचार्यके आलयमें रखके दरवाजाबन्धकरके गए तब अपनेघरसे ऊपर वाड़ेसे प्रवेश करके बाहरका दरवज्जा बन्धरहते भी चर्चरी पुस्तक लिया और वांचना शुरू किया जैसे २ उसको वांचे वैसा २ भाव उल्लास होवे सो लिखते हैं

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जहिं उस्सुत्तजणक्कमु कुवि किरलोयणेहिं ।
कीरंतउ नवि दीसइ सुविहियलोयणिहिं ॥
निसि न ह्णाण न पठन साहुसाहुणिहिं ।
निसि जुवइहिं न पवेसु न नट्ट विलासिणिहिं ॥ १
वलि अत्थिमियइ दिणयर जहिं नवि जिणपुरओ ।
दीसइ धरिउ न जुत्तइ जहिं जणि तूरउ ॥
जहिं रयणिहिं रहभमणु कयाइ न कारियइ ।
लवु डार सुह जहिं पुरि सुविहित पमुहाइ ॥ २
जहिं सावय तंबोल न भक्खइ हिंलिंति न य ।
जहिं पाणहिय धरति न सावय सुद्धन य ॥
जहिं भोयणु नवि भक्खइ न अणुचिय भणओ ।
सहु पहरणि न पवेसु न पुट्टउं चुल्लणओ ॥ ३
जहिं न हासु नवि हुडु न खिडडु नरूसणओ ।
कित्ति निमित्त न दिज्जइ जहिं धणु अप्पणओ ॥
कि २ जहिं बहु आसायण जहिंति नाम लिहिं ।
मिलिय केलि करिंतिसमणु महि लियेहिं ॥ ४

अर्थ—जहां उत्सव करनेवालेलोगोंका क्रम कुत्सित नेत्रों करके करतेहुए सुविहित विधि मार्गको नहीं देखते हैं सुविहितविधिमार्गमें रात्रिमें स्नान नहीं करना और साधु साध्वियोंका परस्पर रात्रिमें पठन नहीं और रात्रिमें स्त्रियोंका जिनमंदिरमें प्रवेश नहीं और वेश्यायोंका मंदिरमें नाटक नहीं ॥ १ और सूर्य अस्त होनेके बाद तीर्थंकरके आगे वलियाने

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नैवेद्य वगैरहः चढ़ाना युक्त नहीं वादित्र बजाना रथ घुमाना कभीभी नहीं किया जावे और लवण उतारना वगैरह रात्रिमें नहीं करना ।। २ जिनमंदिरमें तंबोल खाना नहीं और परस्पर पंचायतकरना नहीं जिनमंदिरमें श्रावक पानी पीवे नहीं भोजन न करे अनुचितव्यापार न करे पहरावनीवगैरहः न करे परमेश्वरकोपीठदेके बैठे नहीं रसोई करे नहीं ।। ३ जिनमंदिरमें हास्य, कुचेष्टा, परस्पर लड़ाई करना इत्यादि नहीं करे और केवलकीर्तिके निमित्त जिनमंदिरमें दानादिकार्यनहीं करे जिनभक्तिसे दानादिक करे और नाम वगेरेहः नहींलिखे जिनमंदिरकोमलीननहीं करे यह करनेसे आशातनाहोवे हैं और स्त्रियोंकेसाथक्रीडा न करे ४ इत्यादि अर्थ धारण करे वैसा २ देवधरके मनमें प्रमोद उत्पन्न होवे अहो अत्यन्तशोभनजिनभवनका विधि कहा है इसके अनुसारसे स्थालिपुलाक न्याय करके औरभीसर्वविषय इसशास्त्रमें श्रेष्ठ संभव है इस लिए मैंभी यह मार्ग अंगीकार करूं परन्तु बिंब अनायतन १ और स्त्री पूजा न करे यह संदेह दो पूछना है ऐसा विचारके देवधर टिप्पन वैसाही रखके सन्मार्गमें भया है चित्त जिसका ऐसा अपने घर आया ।।

इधरसे वागड़देशमें रहे हुए श्रीपूज्योंनेभी धारानगरीमें जो साधुओंको भेजेथे उन सबोंको पीछे बुलाए सिद्धान्त पढाया वादमें जिनदेवको जो आपने दीक्षा दियाथा उन्होंको आचार्यपद दिया दस १० वाचनाचार्य किए वाचनाचार्य पंडित जिनरक्षित गणि १ वा. शीलभद्रगणि २ वा. थिरचन्द्रगणि ३ ब्रह्मचन्द्रगणि ४ वा. विमलचन्द्रगणि ५ वा. वरदत्तगणि ६ वा. भुवनचन्द्रगणि ७ वा.

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चरणागगणि ८ वा. रामचन्द्रगणि ९ वा. भाणचन्द्रगणि १० तथा ५ महत्तरा करीं श्रीमती महत्तरा १ जिनमती महत्तरा २ पूर्णश्री-महत्तरा ३ जिनश्रीमहत्तरा ४ ज्ञानश्रीमहत्तरा ५ तथा हरिसिंहाचार्योंका शिष्य मुनिचन्द्रनामका उपाध्याय था उसने श्रीजिनदत्तसूरिजीसे प्रार्थना करीथी जो कोई मेरा शिष्य योग्य आपके पासमें आवे उसको आचार्यपद देना श्रीपूज्योंने यह वचन अंगीकार कियाथा वाद मुनिचन्द्रउपाध्यायका शिष्य जैसिंहनामका आचार्यपदमें स्थापा उसकाभी शिष्य जैचन्द्रनामका था उसको पत्तनमें समवसरणमें आचार्यपदमें स्थापा दोनोंके आगे पूज्योंने कहा हमारी कहीहुई रीतिमें अबतुह्मारेप्रवर्तना आत्मकल्याणकरना इस प्रकारसे पद स्थापना करके उन्होंको सिखावन देके सबोंको विहारादिस्थान कहके स्वयं आप अजमेरआए, वहां श्रावकोंने तीन जिनमंदिर और अंबिकाका स्थान पर्वतपर तय्यारकराया है वाद श्रीजिनदत्तसूरिजीने शोभनलग्नमेंमूलमंदिरोंमें वासक्षेपकिया इधरसे श्रीविक्रमपुरमें सह्वियापुत्र श्रीदेवधरने श्रीजिनदत्तसूरिजीने भेजा चर्चरी नामकापुस्तकके वांचनेसेजाना है सद्दर्शनकारी विधिबोध जिसने पनरे अपना कुटुम्ब श्रावक समुदाय करके अपना पिता और आसदेवादिकसे कहा भो श्रावको मेरेको यहां श्रीजिनदत्तसूरिजीको विहार कराना है अर्थात् मैं विनतीकरकेयहां लाउंगा देवधरके आगे कोई कुछभी नहीं बोलसकता है श्रावक समुदायके साथ विक्रम पुरसे देवधर रवाने होके नागौर आया है उस वक्तमें वहां श्रीदेवाचार्य विशेषकरके प्रसिद्धि पात्ररहतेथे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देवधरभी विक्रमपुरसें आया है यह वात प्रसिद्धभईथी वाद जिनमंदिरमें व्याख्यानप्रस्तावमें देवाचार्यबैठे हैं देवधरभी स्नानादिकसे पवित्र होके जिनमंदिरगया देववंदनादिक करके आचार्यको वंदनाकरी आचार्यने कुशल वार्ता पूछी वाद देवधर पहलेही आचार्यसे प्रश्न किया हेभगवन् जिनमंदिरमें रात्रिमें स्त्रीप्रवेश और प्रतिष्ठाबलिविधान नन्दीवगैरहः करनायुक्त है या नही ऐसा प्रश्न सुनके देवाचार्यने विचारा कथंचित् जिनदत्ताचार्यका मंत्र इसके कानमें प्रवेशकिया है इस कारणसे उन्होंसे वासितके जैसा मालूम होता है ऐसा विचारके कहा हे श्रावक रात्रिमें जिनमंदिरमें स्त्रीप्रवेशादिक ठीकनहीं होवे है तब देवधर बोला क्यों नहीं मनाकरते हैं आचार्य बोले लाखों आदमी हैं किस २ कों मना करें तब देवधर बोला हे भगवन् जिस देवघरमें जिन आज्ञा नहीं प्रवर्ते वहां क्या जिनआज्ञा निरपेक्ष इच्छासें लोग प्रवर्ततेहैं उसको जिनघर कहना या जनघर कहना आप आचार्य हैं कहिये, तब आचार्य बोले जहां साक्षात् तीर्थंकरविराजमान दीखते हैं वह कैसे जिनमंदिर नहीं कहा जावे, देवधर बोला हेआचार्य हम मूर्ख हैं परंतु इतनातो हमभी जानते हैं जहां जिसकी आज्ञानहीं प्रवर्ते वह घर उसका नहीं कहाजावे इसकारणसे पाषाणमईजिनबिंब अंदर स्थापनेसे भगवानकी आज्ञाविना स्वेच्छा करके व्यवहार करनेमें वह जिनमंदिर कैसे कहा जावे और ऐसेजानतेभए आप प्रवाहमार्ग नहीं मनाकरते हैं प्रत्युत पोषते हैं वह ये आपको मैं नमस्कर करता हूं आपने मार्ग प्रथम बताया है परन्तु मेरेको जिस

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मार्गमें तीर्थंकरकीआज्ञाप्रवर्तेहै वहमार्गअंगीकारकरनाहै ऐसा कहके देवधरउठाअपनेसाथमें जो श्रावककुटुम्बवगैरहःके लोगआएथे उन्होंका विधिमार्गमें स्थिरपनाहुआ वाद वहांसे चलके श्रावकसमुदायसहित अजमेर पहुंचा श्रेष्ठभावसे श्रीजिन-दत्तसूरिजी महाराजको वन्दना करी आचार्यश्रीने देवधरका अभि-प्राय पहलेही जानाथा श्रीपूज्योंने देशना दिया तब देवधर परि-वारसहित निसंदेहभया वाद श्रीपूज्योंकीप्रार्थनाकरी हे भगवन् कृपा करके आप विक्रमपुरके तरफ विहार करें आचार्य बोले जैसा अवसर वादमें विस्तार विधिसे जिनमंदिर बहुत जिनप्रतिमा और गणधरादि प्रतिमाकी प्रतिष्ठा करके बहुत जिनशासनकी उन्नति करी अढाई दिनकी झुंपडी जो कहि जावे सो उसवक्तकावना हुवा मकान हे उसमे अभि बहुत प्रतिमावगेरे निकले है और अजमेरसे पूर्व दिशि तरफ एक पर्वतमें बावनबीरका निवास था वहां आचार्य गए वहां बावन वीरोंको साधे वीर प्रत्यक्ष भए और बोले हम आ-पकी सेवामें हाजिर हैं आप आज्ञा करें ऐसे कहके वीर अदृश्य हो गए वाद परिवारसहित देवधर है साथमें जिन्होंके ऐसे श्रीआचार्य अजमेरसे बिहारकरके क्रमसे नगरग्रामादिकमें भव्योंको प्रति बो-धते ऐसे विक्रमपुर पधारे प्रवेशोत्सव हुआ वहांके बहुत लोगोंको प्रतिबोधा परंतु जिस वक्त विक्रमपुर पधारे वहां पहलेसेही जनमारीका उपद्रव था आचार्य आयोंके वाद श्रावकोमें शांति भई परंतु और लोगोंने बहुतशांतिककाउपायकिया परंतु उपद्रवशांतभया नहीं तब नगरके लोगोंने श्रीपूज्योंसे विनती करी हे भगवन् हमारे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ऊपर उपकारकरें इस उपद्रवकीशांति करें हम आपकी आज्ञा पालनकरेंगे तब आचार्य बोले जैनधर्मअंगीकार करो या अपना एक पुत्र या पुत्री हमको देदेओ तो हम अभी उपाय कर देवे तब लोगोंने श्रीपूज्योंका वचन अंगीकार किया तब वहां शांति भई तब बहुत लोग श्रावक होगए जिन्होंने जैनधर्म नहिं अंगीकार किया उन्होंने अपना एक पुत्र वा पुत्री आचार्यजीको दिया वहां ५०० पांचसै साधु भए और ७०० साध्वियां भई, वहां भी महावीर स्वामी की प्रतिमा स्थापी वहांसे विहार करके उच्चनगर जाते हुए बीचमें अन्तराय भूत जो विरोधीलोग थे उन्होंको प्रतिबोधे बड़नगर आए वहां प्रवेशोत्सवहुआ बहुतलोगोंकोप्रतिबोधेवहां कितनेकईरषालुब्राह्मणवगैरहःलोगोंनेएकमरनेवाली गायको जिनमंदिरमें रखदी गाय मरगई बाद लोगोंनेकहा यह जैनदेव गोघातक है श्रावक लोगसुनते घभराए और श्रीपूज्योंसे कहने लगे महाराज लोग अपवाद करते हैं बाद श्रीपूज्योंने मांत्रिक प्रयोगसे गायको वहांसे उठाई गाय चली और रुद्रालयमें जाके गिरी तब ईरषालु लोग लज्जित होके आचार्यके पावोंमें गिरे और कहने लगे हमारा अपराधक्षमा करें अबहमऐसाकभी नहीं करेंगे आपकी संततिके जो यहां आवेंगे उन्होंका प्रवेश उत्सव वगैरहः हम लोग करेंगे आचार्यश्रीने वहांसे विहार किया गुर्जरदेशमें होके लाटदेशमें नर्मदाके किनारे भड़ौंच (भरुछ) नगर पधारे वहां मुगलका राज्य था प्रवेश उत्सवमें मुगलका पुत्र आयाथा बहुत लोंगोंकी भीडथी उसमें वह मुगलका पुत्र घबराके अकस्मात मरगया

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रावक लोग घभराए श्रीपूज्योंसे कहा तब श्रीपूज्योंने उसी वक्त व्यन्तरके प्रयोगसे जीताकरदिया और कहा यह मदिरा मांस नहीं खायगा तबतक जीता रहेगा उसने ६ महीनोंतक मदिरा मांस नहीं खाया वाद एक दिन भूलसे मांस खालिया उसी वक्त देवशक्ति नष्ट होगई और मरगया, वहां बहुत लोगोंको प्रतिबोधके विहार किया नर्मदाकिनारे विहार करते त्रिभुवनगिरीमें कुमार-पाल राजाको प्रतिबोधा वहां बहुत यतियोंका विहार कराया वहांसे विचरतेभए मालवदेशमें उज्जैनीनगरीआए वहां ६४ योगिनि-योंको प्रतिबोधी सो लिखते हैं श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराज व्या-ख्यान वांचते थे उस वक्त ६४ योगिनी श्रावकनीका रूप करके आई श्रीपूज्योंने व्याख्यानके पहलेही श्रावकसे कहाथा व्याख्यानमें ६४ छोटे पाटे रखदेना श्रावकने उसीतरहकिया उतनेमें ६४ योगिनी आई पाटोंपर बैठगई श्रीपूज्योंने व्याख्यानवांचते योगिनियोंको कीलदी व्याख्यान उठेके वाद सब लोग चले गए योगिनियों बैठी रही तब दीन होकर योगिनियों बोली हे भगवन् हम तो आपको छलनेको आईथी आपने तो हमको स्वाधीन करलीं आप कृपा करके हमको छोड़ें हम आपकी आज्ञामें रहेंगी तब आचार्यने योगिनियोंको छोड़ी तब योगिनियों आचार्यके विद्याबलसे प्रसन्न होके वरदान दिए उन्होंके नाम लिखते हैं ग्राम २ में खरतरश्रावक दीप्ति-वानहोगा १ प्रायः खरतरश्रावक निर्धन नहीं होगा २ संघमें कुम-रणनहींहोगा ३ अखंडशीलपालनेवाली साध्वी ऋतुवंती नहीं होगी ४ खरतर संघको शाकन्यादि नहीं छलेगी ५ जिनदत्त नाम

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लैनेसे विद्युत पातादिउपद्रव नहीं होगा ६ खरतरश्रावक सिंधु देशमें गया हुआ धनवान होगा ७ और योगिनियां बोली यह सात वचन पालना जिससे हमारादिया हुआवरदान सफल होवे सो कहते हैं सिंधुदेशमेंगए हुए गच्छनायकोंको पंचनदीसाधना १ आचार्योंको निरंतर २००० दोहजार सूरिमंत्रकाजाप करना २ साधुओंको निरंतर २००० दोहजार नौकार गुणना ३ खरतरश्रावकोंको घरमें या उपाश्रयमें उभय काल सप्तस्मरण गुणना ४ श्रावकोंको नित्य तीन खीचडीकी नौकर वाली गुणना वहां एक मनकेपर एक नवकार और १ उवसग्ग स्तोत्र गुननेसे खीचडीकी माला कही जावे है ५ तथा खरतरश्रावकोंके १ महीनेमें २ आंबिल करने ६ खरतर साधुओंको शक्तिरहतेनित्यएकाशनाकरना ७ और जोगनियोंने कहा दिल्ली १ अजमेर २ भडौच ३ उजैन ४ मुलतान ५ उच्चनगर ६ लाहौर ७ ये सात नगरोंमें परिपूर्णशक्तिरहित खरतरगच्छ नायकोंको रात्रिमें नहीं रहना ऐसा कहके योगनियों स्वस्थान गई और उज्जैनमें वज्र खंभमें श्रीमहाकालके मंदिरसे सिद्धसेनदिवाकरकाविद्याम्नायकापुस्तकग्रहणकिया और मायाबीजका ३॥ साढातीन करोड़ जाप किया वहांसे विहार करके चित्रकूट चीतोड नगरआए वहां विरोधियोंने अपशकूनकरनेके लिए कालासर्पबांधके सामने लाए तबगीत वादित्रआदिक बंध हो गए विबाद सहित श्रावकोंने कहा अहो सुंदरनहीं हुआ तब ज्ञानदिवाकर श्रीजिनदत्तसूरिजी महराज बोले अहो क्यों उदास होते हैं जैसे यह कालाभुजंगडोरीसे बंधाहुआ है वैसाहीऔरभीविरोधी दुष्टलोगहै वहबंधनमें पडेगा परिणामसे यह शकुन अतीव सुंदर है बाद आगे चलते दुष्टोंने एक

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नकटी स्त्रीको सामने लाए वह सामने आकेखड़ी भईको पूज्योंने देखी उसको वतलाई (आई भल्ली) तव उस दुष्ट रंडाने उत्तर दिया "भल्लाइ धाणुकइ मुक्की" तव पूज्य थोडे हसके वोले "पक्खा हरा तेण तुह छिन्ना" तव विलखी होके चलीगई वाद आचार्य नगरमें आए श्रीचिंतामणिपार्श्वनाथस्वामीके मंदिरके स्तंभसे अपनीविद्याके प्रभावसे विद्याम्नायका पुस्तक प्रगटकिया वहांसे विहार करते हुए अजमेर आए पाक्षिक प्रतिक्रमण करते हुए श्री-गुरू महाराजने वारंवार चमकती बीजलीको मंत्र बलसे पात्रके नींचे रक्खी प्रतिक्रमणभयोंके अनन्तर पात्रके नींचेसे निकालकर जिन-दत्त नाम ग्रहण करेगा वहां मैं नहीं पडूंगी ऐसा वर लेके छोड़दी बीजली स्वस्थान गई वहांसे आचार्य विहार करते हुए गुर्जरदेशमें पाटननगरआए उससमय एक नागदेवनामकाश्रावक था उसका दूसरा नाम अंबड़ ऐसाथा उसने एकदा गिरनार पर्वतपर ३ उपवास करके अंबिका देवीका आराधन किया अंबा प्रत्यक्ष भई और कहा मेरा क्यों आराधनकिया कार्य कहो तब नागदेवबोला मातर इससमयमें भरतक्षेत्रमें युगप्रधानपदधारक कौन आचार्य है उन्होंको मैं अपना गुरूकरूं ऐसा पूछा तब अंबिकादेवी उसके हाथमें सोनेके अक्षरोंसे यह श्लोक लिखा "दासानुदासा इव सर्वदेवा यदीयपादाब्जतले लुठंति । मरुस्थलीकल्पतरुः स जीयात् युगप्रधानो जिनदत्तसूरिः ॥ १

और वोली जो यह हाथके अक्षरवाचेंगे उन्होंको युगप्रधान जानना ऐसा कहके अंबा अदृश्य होगई वाद वह श्रावक ठिकाने

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२ बहुत आचार्योंको हाथ दिखाता फिरा परंतु कोईभी अक्षर वांचनेको समर्थ नहीं भए बाद एकदा पाटननगरमें त्राबावाडा नामकेमोहल्लेमें श्रीजिनदत्तसूरिजीके पासमें आया अपना हाथ दिखाया तब गुरूने अपनी स्तुतिलिखीभई देखके हाथपर वासक्षेप किया और शिष्यको वांचनेकी आज्ञादी शिष्यने ऊपर लिखा श्लोक बांचा तब नागदेवश्रावक परम भक्तिमान आचार्यका शिष्य भया ऊपर लिखे भए श्लोकका यह अर्थ है दासानुदासके जैसा सर्वदेव जिन्होंके चरण कमलमें लुटते हैं अर्थात् नमस्कार करते हैं मरुस्थलीमें कल्पवृक्षके जैसा युगप्रधान श्रीजिनदत्तसूरि चिरंजीव रहो, ऐसे कलिकाल सर्वज्ञकल्प युगप्रधानपदधारक श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराज एकदा व्याख्यान वांचतेथे तब गुरूने दीर्घ उपयोगसे समुद्रमें डूबता हुआ एक श्रावकका जहाज जानके अपना स्मरण करते हुए लोगोंके उपकारके लिए व्याख्यानका पत्रनींचे रखके योगशक्तिसे पक्षिवत् समुद्रमें जाके जहाजतिराया इस प्रकारसे श्रावकका कष्ट दूरकरके पीछे आके व्याख्यान वांचना शरू किया यह वृत्तान्त सब लोगोंने जाना तब श्रीगुरुका महिमा बहुत फैला बहुत लोग भक्त भए वहांसे विहार करते क्रमसे बिचरते भए मुलताननगर गए प्रवेशोत्सव बहुत विस्तारसै होता देखके एक अन्य गणका अंबडनामकाश्रावक बोला इहां सामेला होता है जो गुर्जरदेशमे पाटणपधारें और प्रवेशोत्सव ठाठसै होवे तब आपको सच्चासमजें तब श्रीपूज्य उपयोग देके बोले हम फरसना साथ पाटण आवेंगे तें तेललूण वेचता सामने मिलेगा बाद श्री जिनदत्त

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सूरिजी महाराज मुलतानमें बहुत लोकोंको प्रतिबोधे जैन शासनकी उन्नति करके विहार करते पंचाल (पंजाब) मरुस्थल गोडादि देशोंमें विचरते प्रतिबोध करते गुर्जरदेशमें पाटण नगर पधारे बहुत विस्तारविधिसै सांमेला होताथा उतने वहही अंबडश्रावक अन्य गच्छीय सांमने आया तैलादिवेचणेकुंग्रामांतरजाताथा आचार्य-श्रीने बोलाया कैसाहे भद्र तब अंबड लज्जितहोके नीचा मुख करके चलागया श्रीपूज्य पाटणमे रहे तब अंबड कपटसे खरतर-गच्छकाश्रावकभया एकदा उपवासकेपारनेमे साकरके पाणिमें ज-हिर दिया आचार्यने आहारकियोंके बाद जहिरकापरिणाम जाणा तबरायभणसालीगोत्रीय श्रीआभूनामकाश्रावकने पालणपुरसै जहि-रउतारणेकिमुद्रामंगाई उस्सेजहिरउतारा बादअंबडकीलोकोंमेंबहुत-निंदाभइ अंबड मरके व्यंतरदेवहुवा तथापिद्वेषनहिंगया एकदा श्रीपूज्यसोतेथे रजोहरण पाटेसैनीचागिरगया तबछलदेखके रजो हरण व्यंतरने लेलीया ओर आचार्य महाराजमें अधिष्ठित भया तब भणशाली श्रावकने धूपादिक करके बोलाया तब अंबड व्यंतर बोला तेरा कुटुंबको मुजे देवै तब श्रीपूज्योंको छोडुं बाद उसी वक्त आभु श्रावकने अपने गोत्रवालेसबकुटुंबका उताराकरा तब आचार्य सावधानभये ओघालेके भणसालीका गोत्रबचाया और व्यंतर उसी समय आचार्यका तेज नहिसहता चलागया तब संघमें बहोत हर्षभया श्रावकोने जिनशासनकी उन्नति गुरु महाराजकी भक्तिके लियै उत्सव सांतिस्नात्र वगैरे श्रीदेवगुरुकी भक्ति विशेष करि ऐसे प्रभावक कलिकालसर्वज्ञकल्प परोपकारकरणतत्पर भूमंडलमें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विचरते श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराज शिष्यादि परिवारसे परिवृत ज्ञानदिवाकर विचरतेभये मेघवत् उपगारि उपगार करतेहैं इत्यादि अनेक आश्चर्यके निधान निरंतर चार प्रकारके देवों करके सर्वदा सेवित चरणकमल जिनोका ऐसे बावन (५२) बीर चोसठ (६४) योगिनी पांचपीर खेत्रपाल मानभद्र वगैरे देवकिंकरवत् सेवाकरतेहैं जिनोकी ऐसे श्रीजिनदत्तसूरीश्वरजी करुणासमुद्र घारापुरि गणपद्रादि स्थानोंमें महावीरस्वामीजी पार्श्वनाथस्वामीजी सांतिनाथस्वामीजी अजितनाथस्वामीजी प्रमुखजिनबिंबोकी और जिनमंदिरोकी प्रतिष्ठाकरणेवाले ऐसे और स्वज्ञानके बलसे देखके निजपट्टोद्धारक रासलश्रावकके पुत्रकों प्रव्रज्या देनेवाले स्वहस्तसे आचार्यपद देके भालस्तलमें मणिधारणेवाले श्रीजिनचंद्रसूरिनाम स्थापित करनेवाले सूर्यवत् प्रतिबोधकियाहै भारतवर्षके भव्य कमलोको जिनोने ऐसे गणधरसार्धशतकादि बहोत शास्त्रोंके करणेवाले युगप्रधान भट्टारक श्रीजिनदत्तसूरिजी महाराजका चरित्र लेशमात्र निरूपण कीया इतिश्रीजिनकीर्तिरत्नसूरिशाखायां तत्परंपरायांच श्रीमज्जिनकृपाचंद्रसूरिशिष्य पं० आनंदमुनि संगृहीत तल्लघुभ्राता उपाध्याय जयसागरगणिना लोकभाषयाऽवतारिते जंगम युगप्रधान भट्टारक श्री जिनदत्तसूरिचरिते श्रीजिनदत्तसूरीश्वराणां जन्मदीक्षायुगप्रधानपदस्थापनाद्यधिकारवर्णनोनामपंचमसर्गः समाप्तः ॥ ५ ॥

इति पूर्वार्द्धं समाप्तम् ।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ अशुद्धिशुद्धिपत्रम् ॥

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
४	१२–१३	में टिपनी है	२ ओली १४से मूल है
४	१४	पृथ्वीकेऊपर१८सो योजन	समभूतलसें ९सें नीचे ९से ऊपर
५	८–९	२१ सो ४३	२६ सो ३५
५–६		टिप्पनीकी लकीर है	०
७	१९	उपत्ति	उत्पत्ति
८	१२	सुदर्शनविजय	सुदर्शन विजय
१६	९	श्रीरिभदेव	श्रीरिषभदेव
२७	५	पृथ्वीपर	रत्न पीठपर
२९	३	कितनेक	असंख्यात
३२	१२	संख्याण	सांख्य
५६	१३–१४	देवलोकएसें	देवलोकसें
५८	१	राजसगण	राक्षसगण
५९	२१	आर्यशिवा	आर्यासिवा
७३	६	कुंथकुमर	कुंथुकुमर
७४	७	प्राप्ति	प्राप्त
७६	६	प्राप्ति	प्राप्त

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
७७	५	कुमरि	कुमारि
७७	८	कुमर	कुमारि
७७	१३	मथुरा	मिथिला
७८	९	प्राप्ति	प्राप्त
८०	७	प्राप्ति	प्राप्त
८४	११	प्राप्ति	प्राप्त
८९	१६	सुदामा	सुभद्रा
९३	३	शुद्धी	रिद्धि
९४	४	शुद्धी	रिद्धि
१०९	१७	पूछेकि	पूछ कि
११२	११	निष्ठितार्थ	निष्ठितार्थे
१४	२	मध्यपापा	मध्यमपापा
११५	१८	प्रत्यक्त	प्रत्यक्ष
१५३	४	वेहू	हुवे
१७२	१९	दरिद्राताका	दरिद्रताका
१८०	२०	धाये	धापे
१८५	१८	रागबुधिका	रागबृद्धिका
१८८	८	नखलु	नखलुनखलु
२२४	२५	होनेमें	होनेसैं
२४९	७	छो	घो
२६०	५	तित्थर	तित्थयर

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
२६२	१	शानशाली	ज्ञानशाली
२६३	५	वनच	वचन
२८०	३	पूल्य	मूल्य
२९४	७	पदे	पट्टे
२९५	१३	प्ररूपणात्	प्रापणात्
२९६	१६	तापल	तापस यातपा
२९७	२१	दिय	दीया
३०६	११	बोलोकि	बोलेकि
३१२	१३	रविणेन	रविणेव
३१२	१६	निरंकियातर	निरंतरकिया
३१५	१३	संघप्रि	संघंमि
३१६	१६	सासो	सीसो
३१८	१७	पूछ	पूछा
३७३	१३	तो	०
३८४	१९	विवाद	विषाद

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private And Personal Use Only